वाराणसी, शुक्रवार 14 फरवरी, 2025

फाल्गुन माह, कृष्ण पक्ष 2, वर्ष 14, अंक 9, पृष्ठ 16, मूल्य : 5.00

हैप्पी वैलेंटाइन डे

परख सच की

जनसंदेश टाइम्स

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

डाक/नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

NARAYANDAS
नरायन दास सर्राफ ज्वेलर्स
(प्रा०लि०)
सोने, चाँदी, हीरे, प्लेटिनम एवं कुंदन के आभूषण
• 916 हॉलमार्क ज्वेलरी •
रथयात्रा : 8303173010
अर्दली बाजार : 9696470424
चौक(ठठेरी बाजार): 8318650589
चितईपुर(अवलेशपुर) :9696544217
SUNDAY OPEN
•पार्किंग की सुविधा उपलब्ध•

ट्रेनों में तोड़फोड़ करने वालों पर केस

अराजकता पर लगाम

महाकुंभ जाने वाली ट्रेनों के शीशे पर फेंके गए थे पत्थर

सीसीटीवी कैमरों से होगी पहचान, आरपीएफ की कार्रवाई

नई दिल्ली। प्रयागराज महाकुंभ में जाने वाली ट्रेनों में तोड़फोड़ की घटनाएं हुई हैं। इनका वीडियो सोशल मीडिया में खूब वायरल हो रहा है। लोग महाकुंभ जाने के लिए ट्रेनों में चढ़ने के लिए मारामारी हो रही है वहीं एसी कोच के शीशे तोड़ रहे हैं तो कहीं पर डंडे से तोड़फोड़ कर ट्रेनों में घुसने की कोशिश की जा रही हैं। भारतीय रेलवे ने गुरुवार को तोड़फोड़ करने वाले लोगों को लेकर बड़ा फैसला किया है। इनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी, इससे पहले आरपीएफ ने अलग अलग स्थानों पर एफआईआर दर्ज की है।

भारतीय रेलवे महाकुंभ जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए देश के कई हिस्सों से सैकड़ों ट्रेनें चला रहा है। महाकुंभ स्पेशल ट्रेनों के साथ लोकल ईएमयू और डेमू ट्रेनें भी चलाई जा रही हैं, जिससे श्रद्धालु महाकुंभ पहुंचकर संगम स्नान कर सकें। रेल मंत्री खुद मंत्रालय में बने वार रूम में बैठकर दिनभर नजर रख रहे हैं और जरूरत पड़ने पर श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए तत्काल निर्देश भी जारी कर रहे हैं। उसके बाद भी लोग महाकुंभ जाने ट्रेनों में चढ़ने के लिए मारपीट कर रहे हैं।

रेलवे बोर्ड के एग्जक्यूटिव डायरेक्टर इनफॉरमेशन एंड पब्लिसिटी ने कहा कि कई स्टेशनों में लोगों ने कोच में घुसने के लिए एसी कोच के शीशे तोड़ दिए हैं। कहीं पर डंडे मारकर शीशे तोड़े गए हैं। लोगों द्वारा की जा रही तोड़फोड से रेलवे की संपत्ति का काफी नुकसान पहुंच रहा है। इसको देखते हुए रेलवे ने तोड़फोड़ करने वालों पर कड़ी कार्रवाई का फैसला किया है। आरपीएफ ने अलग-अलग स्थानों पर एफआईआर भी दर्ज की है। चूंकि इन घटनाओं के वीडियो सोशल मीडिया में चल रहे हैं। आरपीएफ स्टेशनों में लगे सीसीटीवी कैमरों से तोड़फोड़ करने वालों की पहचान कर रही है, फिर उन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। रेलवे मंत्रालय ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। आरपीएफ स्टेशनों के आसपास लोगों से संपर्क कर पहचान कराएगी।

याचिकाकर्ता का आरोप, बोरे में लपेटकर रखे गये शव

महाकुंभ भगदड़ मामला

लापता लोगों के संदर्भ में हाईकोर्ट में दायर याचिका पर 19 को होगी सुनवाई

प्रयागराज। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने महाकुंभ में 29 जनवरी को हुई भगदड़ के दौरान लापता हुए सभी लोगों का विवरण एकत्रित करने के लिए न्यायिक निगरानी समिति के गठन की मांग करने वाली याचिका पर सुनवाई के लिए 19 फरवरी की तिथि बृहस्पतिवार को तय की। सुरेश चंद्र पांडेय की इस याचिका पर मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेंद्र की पीठ ने याचिकाकर्ता को याचिका में लगाये गये आरोपों के समर्थन में सामग्री रिकॉर्ड में दर्ज कराने का निर्देश देते हुए अगली सुनवाई की तिथि 19 फरवरी तय की। इस जनहित याचिका में याचिकाकर्ता ने उन समाचार रिपोर्ट का संदर्भ दिया है जिनमें कहा गया है कि भगदड़ में मारे गए लोगों के शव दयनीय स्थिति में रखे गए हैं। याचिकाकर्ता ने कहा है कि शवों को कथित तौर पर जमीन पर बोरे में लपेटकर रखा गया है और रेफ्रिजरेशन की व्यवस्था नहीं होने से शव सड़ गल रहे हैं। इस जनहित याचिका से एक दिन पूर्व उच्चतम न्यायालय ने तीन फरवरी को उत्तर प्रदेश सरकार के अधिकारियों के खिलाफ जनहित याचिका पर सुनवाई करने से यह कहते हुए इनकार कर दिया था कि याचिकाकर्ता इलाहाबाद उच्च न्यायालय से संपर्क करे। उत्तर प्रदेश सरकार ने 29 जनवरी को हुई भगदड़ की घटना की जांच के लिए इलाहाबाद उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश हर्ष कुमार की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय एक न्यायिक आयोग गठित किया है। आयोग ने इस घटना के संबंध में लोगों से सूचना उपलब्ध कराने को कहा है।

संक्षेप

50 रुपए का नया नोट जारी करेगा आरबीआई

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक ने जल्द ही बाजार में एक नया 50 रुपए का नोट जारी करने का ऐलान किया है। इस नए नोट का डिजाइन महात्मा गांधी (नई) श्रृंखला के 50 रुपए के बैंक नोटों के समान होगा। नोट पर आरबीआई के नवनियुक्त गवर्नर संजय मल्होत्रा के हस्ताक्षर होंगे। मल्होत्रा ने दिसंबर 2024 में शक्तिकान्त दास की जगह गवर्नर का पद संभाला था। आरबीआई ने बताया कि पूर्व में जारी की गई 50 रुपए के सभी नोट अब भी मान्य होंगे। केंद्रीय बैंक के अनुसार देश में अब भी 2000 रुपये के नोटों की भरमार है।

बेटियों को दिया जहर, फिर खुद भी खाया, तीनों की मौत

मुजफ्फरनगर। जिले के चचरौली गांव में एक महिला ने अपनी दो नाबालिग बेटियों को कथित तौर पर जहर देने के बाद खुद भी जहर खाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक चचरौली गांव में रहने वाली 42 साल की महिला अपनी दो नाबालिग बेटियों को जहर दे दिया और बाद में खुद भी जहर खा लिया। महिला की पहचान मिंटू चौधरी की पत्नी विनती के रूप में हुई है।

आरएसएस का भवन 150 करोड़ में बनकर तैयार

नई दिल्ली । भाजपा दफ्तर से भी भव्य केशव कुंज राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का मुख्यालय दिल्ली में बनकर तैयार है। यह करीब 5 लाख वर्ग फुट में फैला हुआ है। इसमें टावर, ऑडिटोरियम, एक पुस्तकालय, एक अस्पताल और एक हनुमान मंदिर शामिल हैं। इस भवन का निर्माण सार्वजनिक दान से 150 करोड़ की लागत से हुआ है।

सिम बेचने वालों के खिलाफ मामले दर्ज

इंफाल। मणिपुर पुलिस ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर सिम कार्ड बेचने के मामले में एफआईआर दर्ज की है। पुलिस ने गुरुवार को सभी मोबाइल और सिम बेचने वालों से आग्रह किया कि वे हर स्तर पर समय-समय पर उचित सत्यापन सुनिश्चित करें, अन्यथा उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

खड़गे बोले, हमारी आपत्तियां डिलीट कीं, शाह ने कहा- जो चाहें जोड़ लें

वक्फ बिल पर जेपीसी रिपोर्ट संसद में पेश, दोनों सदनों में हंगामा

नई दिल्ली। बजट सत्र के पहले चरण के आखिरी दिन संसद में वक्फ संशोधित बिल पर जेपीसी रिपोर्ट पेश करने को लेकर हंगामा हुआ। राज्यसभा में भाजपा सांसद मेधा कुलकर्णी और लोकसभा में जेपीसी चेयरमैन और भाजपा सांसद जगदंबिका पाल ने इस रिपोर्ट को पेश किया। इसे लेकर दोनों सदनों में विपक्ष ने आपत्ति जताई। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, जेपीसी की यह रिपोर्ट फर्जी है। इसमें विपक्ष की असहमतियों को डिलीट कर दिया गया। ये असंवैधानिक है।

आप सांसद संजय सिंह ने कहा, हमने अपना पक्ष रखा। इससे सहमत या असहमत हो सकते हैं, लेकिन कूड़ेदान में कैसे डाल सकते हैं। इस पर गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, विपक्ष के कुछ सदस्यों ने आपत्ति जताई थी कि उनकी राय को इसमें नहीं जोड़ा गया। मैं कहना चाहता हूं कि विपक्ष के सदस्य संसदीय कार्य प्रणाली के तहत जो कुछ भी जोड़ना चाहते हैं, वो जोड़ सकते हैं। उनकी पार्टी को इसमें कोई भी आपत्ति नहीं है। जेपीसी के अध्यक्ष भाजपा सांसद जगदंबिका पाल ने कहा-रिपोर्ट में असहमति शामिल की जाएंगी। अमित शाह ने भी कहा है कि विपक्ष की आपत्तियों को शामिल करने में उनकी पार्टी को कोई समस्या नहीं है। क्या इसके बाद भी वॉकआउट करना सही है? राज्य सभा में वक्फ बिल पर चर्चा के दौरान बीजेपी सांसद दिनेश शर्मा ने इसे ऐतिहासिक क्षण बताया है। जेपीसी के अध्यक्ष और सदस्यों ने जिस तरह से सभी सुझावों को समाहित किया था। उन्होंने इसे लाने से पहले सभी धर्म गुरुओं से पहले भी बात की थी और इस दौरान भी बात की। यह बहुत अच्छा संशोधित बिल है। इसमें अल्पसंख्यकों के हित का भाव छिपा हुआ है।

कांग्रेस नेता गौरव गोगोई ने कहा कि वक्फ बिल की रिपोर्ट पर कई सांसदों ने अपनी असहमति जताई है। मैंने भी अपना डिसेंट नोट दिया है। वर्तमान बिल में जो भी लापरवाही की गई है, मैंने उसका उस नोट में उल्लेख किया है। जब चर्चा होगी तो हम इसका खुलासा करेंगे। लोजपा (आर) सांसद अरुण भारती ने कहा कि अगस्त 2024 में जब यह बिल सदन के पटल पर रखा गया था, उस समय हमारी पार्टी के अध्यक्ष चिराग पासवान ने कहा था कि इस बिल पर व्यापक चर्चा होनी चाहिए। यह सकारात्मक बिल है जो सभी को मंजूर होगा। जेपीसी सदस्य मेधा कुलकर्णी ने कहा कि यह ऐतिहासिक बिल है। सरकार की तरफ से बहुत अच्छे काम किए हैं। यह ऐतिहासिक फैसला होगा। जेपीसी अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने इस पर आपत्तियां जताई। सभी के हित को देखते हुए इस बिल को तैयार किया गया है। यह गरीब मुस्लिमों के हित के लिए बनाया गया बिल है। मैं बहुत भाग्यशाली हूं कि राज्यसभा में इसे मुझे पेश करने का मौका मिला। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने जेपीसी की रिपोर्ट को फर्जी बताते हुए कहा कि वह इस रिपोर्ट को नहीं मानेंगे। उन्होंने इस रिपोर्ट को असंवैधानिक और अलोकतंत्रिक करार दिया। उन्होंने दावा किया कि सांसदों की राय को दबाया गया है और नॉन स्टेक होल्डर को बाहर से बुलाकर उनका स्टेक ले रहे हैं। खड़गे ने मांग की कि इस रिपोर्ट को वापस से जेपीसी में भेजा जाए। टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने भी आरोप लगाया कि जेपीसी की इस रिपोर्ट में हमारी असहमति टिप्पणियों को शामिल नहीं किया गया। वहीं, किरेन रिजिजू ने विपक्ष के तमाम आरोपों को खारिज करते हुए उन्हें गलत बताया। रिजिजू ने कहा कि रिपोर्ट में विपक्षी की असहमति भी दर्ज है। बीजू जनता दल के राज्यसभा सांसद सस्मित पात्रा ने कहा कि यह रिपोर्ट बहुत ही बेकार है।

लोस में वित्त मंत्री ने पेश किया नया आयकर बिल

लोकसभा में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने नया आयकर बिल पेश किया। सरकार का दावा है कि यह मौजूदा इनकम टैक्स एक्ट-1961 को सरल बनाकर आयकर कानून को आम लोगों के समझने योग्य बनाएगा और इससे जुड़ी मुकदमेबाजी घटेगी। नया इनकम टैक्स बिल मौजूदा इनकम टैक्स-1961 से आकार में छोटा है। हालांकि धाराएं और शेड्यूल ज्यादा हैं। 622 पन्नों के नए बिल में 23 चैप्टर में 536 धाराएं हैं और 16 शेड्यूल हैं, जबकि मौजूदा आयकर अधिनियम में 298 धाराएं, 14 शेड्यूल हैं और यह 880 से अधिक पन्नों का है।

रोहिंग्या बच्चों से शिक्षा में न हो कोई भेदभाव

आदेश

सुप्रीम कोर्ट ने एनजीओ की याचिका पर सुनाया फैसला

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने रोहिंग्या बच्चों के शिक्षा के अधिकार पर बड़ा फैसला सुनाया। कोर्ट ने कहा कि रोहिंग्या प्रवासियों के बच्चों के साथ शिक्षा में कोई भेदभाव नहीं होना चाहिए। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटेश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि बच्चों की शिक्षा के मामले में किसी भी तरह का भेदभाव नहीं बरता जाना चाहिए। रोहिंग्या बच्चों को स्कूलों में दाखिला मिलने में काफी दिक्कतें आती हैं। यह मामला एक एनजीओ रोहिंग्या ह्यूमन राइट्स इनिशिएटिव की जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान उठा। याचिका में मांग की गई है कि रोहिंग्या शरणार्थियों को आधार कार्ड और नागरिकता की अनिवार्यता के बिना स्कूलों में दाखिला और सरकारी लाभ दिए जाएं। हमें किसी भी बच्चे की पहचान उजागर नहीं करनी चाहिए। हमें रजिस्ट्रेशन नंबर वगैरह दिखाएं जिससे हम कुछ मदद कर सकें। हम देखेंगे कि क्या किया जा सकता है। याचिकाकर्ता के वकील ने बताया कि रोहिंग्या शरणार्थी बेहद मुश्किल हालात में जीवन यापन कर रहे हैं। उनके बच्चों को स्कूलों में दाखिला नहीं मिल पा रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने राहत देने से पहले रोहिंग्या परिवारों के निवास स्थान का प्रमाण मांगा है। सुप्रीम कोर्ट ने बच्चों के माता-पिता और उनके पते का विवरण मांगा है। पीठ ने कहा कि हमें किसी भी बच्चे की पहचान उजागर नहीं करनी चाहिए। हमें रजिस्ट्रेशन नंबर वगैरह दिखाएं जिससे हम कुछ मदद कर सकें। हम देखेंगे कि क्या किया जा सकता है। याचिकाकर्ता संस्था के वकील ने बताया कि रोहिंग्याओं के पास यूएनएचसीआर से जारी कार्ड हैं जो उनकी शरणार्थी स्थिति को दर्शाता है। यूएनएचसीआर यानी यूनाइटेड नेशंस हाई कमिश्नर फॉर रेफ्यूजीज, शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र का एक संगठन है। यह संगठन दुनियाभर के शरणार्थियों की मदद करता है। कोर्ट ने संकेत दिया कि एक बार रोहिंग्या शरणार्थियों के निवास की पुष्टि हो जाने पर वह राहत के उपायों पर विचार करेगा।

छोटे कपड़े पहनना और गानों पर नाचना दंडनीय नहीं

नई दिल्ली। दिल्ली की कोर्ट ने अश्लील नृत्य करने और लोगों को परेशान करने के आरोप में सात महिलाओं को बरी कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि छोटे कपड़े पहनना कोई अपराध नहीं है और गानों पर नाचना दंडनीय नहीं है, भले ही यह सार्वजनिक रूप से हो। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि अभियोजन पक्ष यह साबित करने में विफल रहा है कि मामले में कोई अपराध किया गया था। मामला दिल्ली पुलिस के एक एसआई की शिकायत पर दर्ज किया गया था, जिसने इलाके में गश्त ड्यूटी पर होने का दावा किया था। महिलाओं पर अश्लील कृत्य और गाने को लेकर मामला दर्ज किया गया था। अभियोजन पक्ष ने आरोप लगाया कि एसआई ने देखा कि कुछ लड़कियां छोटे कपड़े पहनकर अश्लील गानों पर नाच रही थीं।

दलाई लामा और संबित को जेड श्रेणी सुरक्षा

सरकारी आदेश

आईबी की रिपोर्ट के बाद गृह मंत्रालय ने लिया फैसला



नई दिल्ली। बौद्ध धर्मगुरु दलाई लामा को अब जेड श्रेणी की सीआरपीएफ सुरक्षा मिलेगी। गृह मंत्रालय ने खुफिया विभाग (आईबी) की रिपोर्ट के बाद यह फैसला लिया है। लगभग 30 सीआरपीएफ कमांडो की एक टीम दलाई लामा को सुरक्षा प्रदान करेगी। इसके अलावा पुरी से सांसद संबित पात्रा को भी मणिपुर में जेड श्रेणी की सुरक्षा दी गई है। पात्रा मणिपुर में भाजपा के प्रभारी हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की वीआईपी सुरक्षा शाखा को 89 वर्षीय नेता दलाई लामा की सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालने का निर्देश दिया है। दलाई लामा को देश के सभी हिस्सों में सीआरपीएफ कमांडो के जेड-श्रेणी सुरक्षा कवर द्वारा सुरक्षित किया जाएगा। अभी तक दलाई लामा के पास हिमाचल प्रदेश पुलिस का एक छोटा सा सुरक्षा कवर था। जब वह दिल्ली या किसी अन्य स्थान की यात्रा करते थे तो स्थानीय पुलिस द्वारा उन्हें सुरक्षा प्रदान की जाती थी। सरकार ने केंद्रीय खुफिया एजेंसियों की समीक्षा के बाद उन्हें एक समान सुरक्षा कवर प्रदान किया है।

बैंक घोटाले में वाधवान बंधुओं को जमानत

मुंबई। गुरुवार को बॉम्बे हाईकोर्ट ने करोड़ों रुपये के यस बैंक-डीएचएफएल घोटाला मामले में आरोपी डीएचएफएल के पूर्व प्रमोटर कपिल और धीरज वाधवान को जमानत दे दी। न्यायिक हिरासत में चल रहे वाधवान बंधुओं को प्रवर्तन निदेशालय ने 14 मई, 2022 को यस बैंक और डीएचएफएल से संबंधित कथित वित्तीय अनियमितताओं के सिलसिले में गिरफ्तार किया था। हाईकोर्ट ने वाधवान बंधुओं को यह कहते हुए जमानत दी कि वे लंबे समय से जेल में हैं और मुकदमा जल्द शुरू होने की संभावना नहीं है

शराब के पैसे न देने पर बेटे ने मां को मार डाला

रिश्ते का खून

शहर की घटना, हत्यारा फरार

सीतापुर। शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला पूर्णागिरि में गुरुवार को शराब के पैसे न देने पर नशे में धुत बेटे ने मां पर फावड़े से कई प्रहार कर मार डाला। घटना के बाद लोग उसे पकड़ने के लिए दौड़े, लेकिन वह भाग निकला।

उषा देवी घर पर बैठी थीं। बताया जा रहा है कि इसी दौरान उसका छोटा पुत्र कपिल अवस्थी शराब के नशे में धुत होकर घर पहुंचा। मां से वह शराब के लिए और पैसे मांगने लगा। इनकार करने पर उसने घर में रखे फावड़े को उठाकर मां पर ताबड़तोड़ प्रहार करने शुरू कर दिए। चीख पुकार मचने पर मोहल्ले के नागरिक शोर मचाते हुए घटनास्थल की तरफ दौड़ पड़े। भीड़ को अपनी तरफ आते देख आरोपी मौके से फरार हो गया। तब तक उषा देवी गंभीर रूप से घायल हो चुकी थीं। बताया जा रहा है कि उषा देवी का बड़ा पुत्र विपिन भी मोहल्ले में ही रहता है। लोग महिला को अस्पताल ले जाने की तैयारी कर रहे थे। इसी बीच उसने दम तोड़ दिया।

घटना के संबंध में उषा देवी के बड़े पुत्र विपिन ने पुलिस को बताया कि उसके छोटे भाई कपिल ने ही उषा देवी की हत्या की है। घटना के संबंध में एएसपी प्रकाश कुमार ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। फॉरेंसिक टीम सबूत जुटा रही है। अभी तक जानकारी में यह आया है कि उषा देवी के पुत्र कपिल ने ही उसकी हत्या की है।

सीएम के इस्तीफे के 4 दिन बाद मणिपुर में राष्ट्रपति शासन

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने गुरुवार को मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया। इससे पहले 9 फरवरी को मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने अपना इस्तीफा राज्यपाल को सौंप दिया था। गौरतलब है कि जातीय हिंसा के चलते भारी दबाव के बाद बीरेन सिंह ने पद से इस्तीफा दिया था। मणिपुर में 3 मई 2023 से जातीय हिंसा जारी थी, जिससे राज्य में अशांति बनी हुई थी। 21 महीनों से जारी इस हिंसा को लेकर बीरेन सिंह पर इस्तीफे का दबाव था। विपक्षी पार्टियां भी एनडीए सरकार से लगातार इस मुद्दे पर सवाल पूछ रही थीं। इसके चलते 9 फरवरी को बीरेन सिंह ने सीएम पद से इस्तीफा दे दिया था। कांग्रेस सांसद व लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने एन बीरेन सिंह के इस्तीफे के बाद पीएम मोदी पर निशाना साधा था। उन्होंने कहा कि हिंसा और जान-माल के नुकसान के बावजूद पीएम मोदी ने बीरेन सिंह को पद पर बनाए रखा। राहुल गांधी ने अपनी एक्स पोस्ट में लिखा कि अब जरूरी है कि मणिपुर में शांति बहाल की जाए और लोगों के घावों को भरा जाए। उन्होंने मांग की कि पीएम मोदी को तुरंत मणिपुर जाना चाहिए, वहां के लोगों की बात सुननी चाहिए और यह बताना चाहिए कि वे हालात सामान्य करने के लिए क्या योजना बना रहे हैं। राष्ट्रपति शासन लागू होने के बाद अब राज्य की बागडोर केंद्र सरकार के हाथ में होगी। मणिपुर में हालात सामान्य करने के लिए केंद्र सरकार क्या कदम उठाती है, इस पर सबकी नजरें टिकी हैं। कुकी और मैतेई समुदायों के बीच तनाव को दूर करने के लिए क्या कोई नई सुलह प्रक्रिया शुरू होगी?

कुकी समुदाय की मांग : अलग प्रशासन

कुकी समुदाय की संस्था आईटीएलएफ के प्रवक्ता गिन्जा वूलजोंग ने कहा कि बीरेन सिंह ने अविश्वास प्रस्ताव में हार के डर से इस्तीफा दिया। हाल ही में उनका एक ऑडियो टेप लीक हुआ था, जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने संज्ञान लिया। प्रवक्ता ने कहा, मैतेई समुदाय ने हमें अलग कर दिया है, अब हम पीछे नहीं हट सकते। बहुत खून बह चुका है। हमारी मांग अलग प्रशासन की है। कूकी समुदाय ने साफ कर दिया कि वे अपनी अलग प्रशासन की मांग से पीछे नहीं हटेंगे।

अमानतुल्लाह की गिरफ्तारी पर रोक

नई दिल्ली। आप नेता अमानतुल्लाह खान को अदालत से राहत मिली है। अदालत ने तीसरी बार ओखाल से निर्वाचित हुए विधायक को पुलिस के सामने पेश होने का आदेश दिया है। लेकिन विधायक की गिरफ्तारी पर फिलहाल रोक लगा दी गई है। अदालत ने कहा है कि अमानतुल्लाह से पूछताछ सीसीटीवी कैमरे के सामने होगी। दरअसल एक अपराधी को भगाने के आरोप के बाद अमानतुल्लाह पर गिरफ्तारी की तलवार लटकी हुई थी, अग्रिम जमानत के लिए उन्होंने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस तीन दिन से लगातार दबिश दे रही थी।

पाकिस्तानी सेना ने की एलओसी पर गोलीबारी

जम्मू। जम्मू-कश्मीर में एलओसी पर पाकिस्तानी सेना ने सीजफायर का उल्लंघन किया है। सीमा पार से गोलीबारी की लेकिन भारतीय सेना ने भी इसका मुंह तोड़ जवाब दिया। इसमें पाकिस्तान को बड़ा नुकसान हुआ। उसके 6 जवान मारे गए हैं कई घायल भी हुए हैं। सुरक्षा अधिकारियों ने यह जानकारी दी है।अधिकारियों ने बताया कि कृष्णा घाटी सेक्टर में पाकिस्तान की ओर से सीजफायर का उल्लंघन किया गया, जब एक दिन पहले ही जम्मू जिले के अखनूर सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास संदिग्ध आतंकवादियों की ओर से किए गए आईईडी विस्फोट में एक कैप्टन सहित दो भारतीय सैन्यकर्मियों की जान चली गई थी। उन्होंने बताया कि पाकिस्तानी सैनिकों ने नियंत्रण रेखा पर तारकुंडी क्षेत्र में अग्रिम चौकी पर बिना उकसावे के गोलीबारी की, जिसका भारतीय सेना ने जवाब दिया। अधिकारियों ने बताया कि भारतीय सेना का एक जूनियर कमीशंड अधिकारी बुधवार शाम उस समय मामूली रूप से घायल हो गया, जब उसने गलती से एक बारूदी सुरंग पर पैर रख दिया।

कुंवर अनंत नारायण पर उत्पीड़न का आरोप

लगाई गुहार

रेस्टोरेंट संचालक ने उत्पीड़न के खिलाफ सीपी से लगाई गुहार

दुकान के किराएदारी एग्रीमेंट के लिए दस लाख से ज्यादा रुपये दिए

रामनगर। बैंक के सामने एक रेस्टोरेंट संचालक ने कुंवर अनन्त नारायण सिंह समेत दुर्ग के सुरक्षा अधिकारी समेत कई कर्मचारियों पर उत्पीड़न का आरोप लगाया। उन्होंने सीपी से गुहार लगाते हुए न्याय की मांग की है। रेस्टोरेंट संचालक संजय त्रिपाठी ने गुरुवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया कि वे लगभग 22 महीने से रेस्टोरेंट चला रहे हैं। रेस्टोरेंट दुर्ग की दुकान में चलता है। बताया कि बीते एक फरवरी को कुंवर अनंत नारायण सिंह के इशारे पर दुर्ग के सुरक्षा अधिकारी राजेश शर्मा, अरविंद सिंह,अनिल यादव,मनोज सेठ,और अन्य आठ लोग जबर्दस्ती रेस्टोरेंट में घुस गए और बलपूर्वक ताला तोड़ने का प्रयास किया। सीसीटीवी कैमरे तोड़कर अपने साथ ले गए। इस दौरान उनके रेस्टोरेंट स्टाफ के साथ भी गाली गलौज की गई। उसके बाद वही लोग आठ फरवरी को फिर रेस्टोरेंट पर आ धमके। उन्होंने बताया कि दुर्ग के कर्मचारियों को दुकान के किराएदारी एग्रीमेंट के लिए विभिन्न माध्यमों से दस लाख से ज्यादा रुपये दिए लेकिन किरायेदारी विलेख नहीं दिया गया। इस मामले में मामला न्यायालय में भी लंबित है। उन्होंने सी पी से गुहार लगाकर हस्तक्षेप कर न्याय की गुहार लगाई है। आम तौर पर दुर्ग की कोई दुकान लेता है तो उससे पैसा लेकर किराएदारी विलेख तैयार किया जाता है। लेकिन इस मामले में किराएदारी विलेख तैयार ही नहीं हुआ और 22 महीने तक रेस्टोरेंट चलता रहा। रेस्टोरेंट संचालक ने जिनके माध्यम से दुकान लिया था उनको हर महीने पेमेंट करते रहे। कभी कैश तो कभी ऑनलाइन। बदले में आश्वासन मिलता रहा कि कागज मिल जाएगा। मामला बिगड़ा तब जब रेस्टोरेंट संचालक ने तीन महीने किराया रोक लिया। उनका कहना था कि पहले किराएदारी विलेख तब पेमेंट। इसी को लेकर दूर्ग के कर्मचारियों और रेस्टोरेंट संचालक के बिच तनातनी बढ़ गई और एक फरवरी से अब तक दो बार पुलिस के साथ दूर्ग के कर्मचारी रेस्टोरेंट पर धावा बोल चुके है। और तो और एक स्कूल की प्रिंसिपल के जरिये यह भी शिकायत दर्ज कराई गई कि रेस्टोरेंट में लड़कियो के साथ छेड़छाड़ भी होती है। रेस्टोरेंट का पानी बिजली दोनों बन्द कर दिया गया है। जबकि संजय त्रिपाठी का महज इतना कहना है कि हमारा पैसा मुझे वापस दे दिया जाय। मुझे रेस्टोरेंट चलाने में कोई दिलचस्पी नही है। इस मामले को लेकर नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है। और लोगों का कहना है कि यह दुर्ग प्रशासन की तानाशाही है। लोगों का कहना है कि जब जगह दुर्ग की है तो पैसे लेने वाले दूसरे कौन हो सकते हैं।

ज्ञानवापी में लंबित निगरानी अर्जी पर सुनवाई 20 को

वाराणसी। विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम अवधेश कुमार की कोर्ट में गुरुवार को ज्ञानवापी में उर्स करने और मजार पर चादर चढ़ाने के मामले में कुछ हिंदू पक्ष के पक्षकार बनाने के खिलाफ में लंबित निगरानी अर्जी पर सुनवाई टल गई। इस मामले में अब 20 फरवरी की तिथि नियत थी।

बता दे कि निचली कोर्ट ने फरवरी में सिविल जज सीनियर डिवीजन फास्ट ट्रैक कोर्ट की अदालत ने ज्ञानवापी में उर्स करने अदृश्य मजार पर चादर चढ़ाने की अनुमति देने संबंधी मुख्तार अहमद के वाद में तृतीय पक्षकार हिन्दुओ को बनाने का आवेदन स्वीकार कर लिया था। इस आदेश के खिलाफ मुख्तार ने सत्र न्यायालय में निगरानी अर्जी दाखिल की थी। निगरानी अर्जी पर बहस करते हुए नंद लाल पटेल ने कहा कि लोअर कोर्ट ने सरसरी तरीके से इस मामले आदेश दिया है। जिसे पक्षकार बनाने अनुमति दी उनकी इस मामले में कोई कानूनी अधिकार नही बनता है नही कोई इनलोगो के संबंध में कागजात ही दी गई। जबकि निगरानी कर्ता ने कहा कि ज्ञानवापी परिसर स्तिथ तीन दृश्य मजार और अदृश्य मजार चादर चढ़ाने , फातिमा पढ़ने और वार्षिक उर्स का आयोजन पूर्व में करता आ रहा है। जो ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में स्तिथ है।

वाहन एजेंसी में चोरी का प्रयास नाकाम

असफलता

काउंटर में कैश न होने से हाथ खाली रह गया

चोरों ने दुकान की सीढ़ी का भी किया उपयोग

हरहुआ। बड़ागांव थाना क्षेत्र के हरहुआ पुलिस चौकी अंतर्गत वाराणसी / लखनऊ राष्ट्रीय राज मार्ग एन एच 31 पर काजीसरांय के पास स्थित एक शोरूम में बीती रात घुसे चोरों द्वारा चोरी का असफल प्रयास किया । जानकारी के अनुसार बुधवार रात एजेंसी के पीछे वर्कशाप की चारदीवारी से बांस की सीढ़ी लगाकर घुसे चार चोरों ने चोरी का असफल प्रयास किया।

सीसी टीवी फुटेज में वर्क शॉप के अंदर घुसे 4 संदिग्ध चोरों नें वर्कशाप के ऑयल रूम का दरवाजा तोड़कर अंदर घुसे घुसकर कई दरवाजा तोड़कर कैश काउंटर में लगे कुंडी को तोड़कर दराज को खंगाला। लेकिन कांउटर में कैश न होने के कारण उनके हाथ कुछ नहीं लगा। जबकि रात के समय 2 सुरक्षा गार्ड शो रूम गेट पर आगे व दो पीछे वर्क शाप के पास एवं दो बीच में यार्ड में रहते है। 6 सुरक्षा गार्डो के मौजूद होनें बावजूद भी किसी को चोर घुसने की भनक तक नहीं लगी। कई माह पूर्व भी शोरूम में कार्य होनें के दौरान चोर एजेंसी में चोरी की घटना को अंजाम दे चुके हैं उसे समय चोरों के हाथ लाखों रुपए कैश लगे थे। सुबह लगभग 7 बजे एक गार्ड साफ सफाई करने के लिए वर्कशॉप की तरफ गया तो देखा कि वर्कशाप के अंदर के दरवाजे वर्क शाप के कैश काउंटर के दरवाजे टूटे हुए हैं।

गार्ड ने तत्काल घटना की सूचना वर्कशॉप के मैनेजर को दिया। सबसे बड़ी बात यह है कि चोरी में जिस सीढी का इस्तेमाल चोरों ने किया वह सीढ़ी शो रुम की है। चोर सीढी.को आगे से ले जाकर पीछे चोरी के लिए इस्तेमाल किये। गेट पर लगे सिक्योरिटी तक को भी भनक नहीं लगी। घटना की सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी बड़ागांव व हरहुआ चौकी प्रभारी के अलावा फोरेंसिक टीम के लोग भी परिसर में लगे कैमरों व आसपास घूम कर जांच किया। इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज में कुछ लोग कैंपस के अंदर देखे गये हैं। जिनकी पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है।

आने वाले तीर्थयात्रियों को यादगार यात्रा का अनुभव

वाराणसी। महाकुंभ-2025 के अंतर्गत महत्वपूर्ण पर्व दिवसों पर किये जाने वाले स्नानों के तहत माघी पूर्णिमा के स्नान पर्व के अवसर पर देश-विदेश से भारी संख्या में प्रयाग आने वाले तीर्थयात्रियों को सुखद तथा यादगार यात्रा का अनुभव प्रदान करने के लिए पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी मंडल अपने व्यापक प्रबंध एवं समुचित संयोजन व्यवस्था के साथ यात्रियों को अपनी संकल्पित और समर्पित सेवाएं प्रदान करने में पूरे मनोयोग से लगा रहा । मंडल रेल प्रबंधक विनीत कुमार श्रीवास्तव के कुशल दिशा-निर्देशन में माघी पूर्णिमा से एक दिन पूर्व से एक दिन बाद तक प्रयागराज रामबाग तथा झूंसी स्टेशन पर संचालित की जाने वाली कार्यवाहियों का विवरण निम्नानुसार है। यात्रियों की सुगमता और भीड़ प्रबंधन के लिए मंडल रेल प्रबंधक ने राज्य प्रशासन के अधिकारियों के साथ संयुक्त निरीक्षण किया। इस निरीक्षण का उद्देश्य यात्रियों और आम लोगों की आवाजाही का आँकलन करना, बुनियादी ढांचे का मूल्यांकन करना और रेलवे और स्थानीय प्रशासन के बीच निर्बाध समन्वय सुनिश्चित करना था। स्टेशन पर यात्रियों की संख्या में अपेक्षित वृद्धि को ध्यान में रखते हुए पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी मंडल ने राज्य अधिकारियों के साथ मिलकर भीड़ प्रबंधन रणनीतियों, सुरक्षा उपायों और आपातकालीन तैयारियों को मजबूत किया। सुरक्षित और सुखद यात्रा अनुभव प्रदान करने के लिए यात्री सुविधा, यातायात प्रवाह, चिकित्सा सहायता और सुचारू ट्रेन संचालन पर विशेष ध्यान दिया गया ।

सुदामा देवी महिला महाविद्यालय
चन्दौली

में स्ववित्तपोषित योजनांतर्गत स्नातक स्तर पर कला संकाय में अर्थशास्त्र, अंग्रेजी, संस्कृत एवं स्नातकोत्तर स्तर पर विज्ञान संकाय में रसायन विज्ञान, गणित, भौतिक विज्ञान एवं स्नातकोत्तर स्तर पर वाणिज्य संकाय में एम0काम0 पाठ्यक्रम के प्रवक्ताओं की योग्यता एवं वेतन यू0 जी0 सी0 विश्वविद्यालय परिनियमावली के अनुसार इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन 15 दिन के अन्दर 4 पासपोर्ट फोटो प्रमाण पत्र के साथ कालेज के पते पर आवदेन करें।

प्रबन्धक-मो0-9450555577

बसन्त रामनगीना महाविद्यालय
धरॉव, चन्दौली

में स्ववित्तपोषित योजनांतर्गत स्नातक स्तर पर कला संकाय में इतिहास, अंग्रेजी, मनोविज्ञान, राजनीतिशास्त्र, शिक्षाशास्त्र एवं स्नातकोत्तर स्तर पर कला संकाय में हिन्दी एवं भूगोल, विषयों में प्रवक्ताओं की योग्यता एवं वेतनमान यू0 जी0 सी0 विश्वविद्यालय परिनियमावली के अनुसार इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन 15 दिन के अन्दर 4 पासपोर्ट फोटो प्रमाण पत्र के साथ कालेज के पते पर आवेदन करें।

प्रबन्धक-मो0-9450555577

दो की मौत, दो भर्ती, किसी की शिनाख्त फिलहाल नहीं

वाराणसी। अचेतावस्था में सड़क पर मिले दो अज्ञात व्यक्ति की गुरुवार को मौत गयी। जबकि एक युवक समेत दो अज्ञात लोगों को मंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। देर शाम तक उनकी शिनाख्त नहीं हो सकी थी। गिरजाघर चौराहे के पास गुरुवार की सुबह अज्ञात 65 वर्षीय व्यक्ति सड़क पर अचेत पड़ा मिला। पुलिस उसे लेकर मंडलीय अस्पताल पहुंची जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसी तरह लंका के मालवीय चौराहे के पास अज्ञात 35 वर्षीय व्यक्ति अचेत पड़ा मिला। उसे भी लेकर लोग मंडलीय अस्पताल पहुंचे जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके अलावा भिखारीपुर चौराहे के पास अज्ञात 50 वर्षीय व्यक्ति अचेत मिला। सूचना पर पहुंचे एम्बुलेंस कर्मियों ने उसे मंडलीय में भर्ती कराया। इसके अलावा पिपलानी कटरा के पास वाहन के धक्के से अज्ञात 25 वर्षीय युवक घायल हो गया। उसे लोगों ने अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में देर शाम तक मृतकों वह घायलों की शिनाख्त नहीं हो सकी है।

शृंगार गौरी प्रकरण में कोर्ट से स्थानांतरण पर आदेश नहीं आया

वाराणसी। जिला जज संजीव कुमार पांडेय की अदालत में गुरुवार को शृंगार गौरी प्रकरण में ज्ञानवापी के 1991 के मूलवाद को सिविल जज सीनियर डिविजन एफटीसी की कोर्ट से स्थानांतरण पर आदेश नहीं आ पाया है। बता दें कि लक्ष्मी देवी वगैरह, शैलेन्द्र व्यास और अनुष्का तिवारी की ओर से अधिवक्ता सुधीर त्रिपाठी, सुभाष नंदन चतुर्वेदी और हिमांशु तिवारी ने अर्जी दी थी। पूर्व में केस स्थानांतरण का हवाला देते हुए मूलवाद केस को भी जिला जज की कोर्ट में सुनवाई के लिए अर्जी दी है। जबकि वादमित्र विजय शंकर रस्तोगी, अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी इसक विरोध कर रहे हैं। निचली अदालत और सत्र न्यायालय के क्षेत्राधिकार का हवाला देकर इसे खारिज करने की गुहार लगाई है।

गैंगरेप में आरोपित को कोर्ट से मिली राहत

वाराणसी। युवती को मिलने के बहाने गेस्ट हाउस में बुलाकर उसे नशीला पदार्थ खिलाकर उसके साथ गैंगरेप करने के मामले में आरोपित को कोर्ट से बड़ी राहत मिल गई। फास्ट ट्रैक कोर्ट (14 वित्त आयोग) मनोज कुमार की अदालत ने भगवानपुर, लंका निवासी आरोपित राज जान उर्फ राज वाल्मीकि को एक-एक लाख रुपए की दो जमानतें एवं बंधपत्र देने पर रिहा करने का आदेश दिया। अदालत में बचाव पक्ष की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अनुज यादव, रवि तिवारी व शिवेंद्र मणि त्रिपाठी ने पक्ष रखा। अभियोजन पक्ष के अनुसार बलिया की रहने वाली पीड़िता ने लंका थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आरोप था कि वह लंका थाना क्षेत्र में स्थित एक प्राइवेट हास्टल में रहकर नीट की तैयारी करती है। इस दौरान 22 जनवरी 2025 को राज जान नामक युवक जो कि उसके जान-पहचान का लड़का है, उसने उसे फोन कर मिलने के लिए क्षेत्र में स्थित एक गेस्ट हाउस पर मिलने के लिए बुलाया। प्रार्थिनी जब गेस्ट हाउस पर पहुंची तो वहां पर मौजूद आरोपित राज जान ने उसे नशीला पदार्थ पिलाया।

जिसके बाद उसे कुछ समझ मे नहीं आ रहा था। नशा उतरने के बाद उसे ऐसा एहसास कि राज जान द्वारा खुद व अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर उसके साथ दुष्कर्म किया गया। बाद में पता चला कि उसका अश्लील विडियो भी बनाया है। पीड़िता के रोने गिडगिडाने पर आरोपित ने उसे धमकी देते हुए कहा कि यदि उसने दुष्कर्म के बारे मे किसी को भी बताया तो दुष्कर्म का विडियो यूट्यूब व अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वायरल कर देगा। इसके बाद उसका साथी अमन पीड़िता को उसके छात्रावास पर छोड़ कर वहां से चला गया।

जनसंदेश टाइम्स
वर्गीकृत
सूचना

मेरा इंटरमीडिएट वर्ष 2012 अनुक्रमांक 2332504 का अंक पत्र व सह प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। सरिता यादव पुत्री चन्द्रदेव यादव ग्राम+पोस्ट-उचहुँवा, तहसील-मेहनगर, जिला-आजमगढ़।

मेरा पूर्व मध्यमा सन् 2001 अनुक्रमांक 79563 का प्रमाण पत्र खो गया है। भाष्करानंद पुत्र लक्ष्मीदत्त जोशी ग्राम व पोस्ट-पोथींग, जिला-बागेश्वर, उत्तराखण्ड, पिन कोड-263632

मैं लल्लन प्रसाद पुत्र स्व0 राम मूरत सिंह साकिन बस्ती वर्सी निधियाँव, तह0-मधुबन, थाना-रामपुर, जनपद-मऊ का रिटायर्ड कर्मचारी हूं। मेरे एक पुत्र गोल्डेन गुरु मिश्र उम्र लगभग 45 वर्ष है, गोल्डेन गुरु मिश्र के पुत्र शिवम मिश्र गलत संगत में पड़ गया है। इनके कृत्यों से मैं वृद्ध होने के कारण इनसे मैं क्षुब्ध रहता हूं। इसलिए मैं अपने चल-अचल सम्पत्ति से शिवम मिश्र को बेदखल करता हूँ। इनके गलत कृत्यों से कोई वास्ता सरोकार नहीं है। गोल्डेन मिश्र भी यदि कोई लेन-देन करते है तो उनकी खुद की जिम्मेदारी होगी तथा इनसे भी हमारी कोई वास्ता सरोकार नहीं रहेगा।

आवश्यकता

आवश्यकता है- बाबा बनवारी लाल बाल गोपाल महाविद्यालय मलौरा, गाजीपुर सम्बद्ध वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत हिन्दी, भूगोल, प्राचीन इतिहास विषयों हेतु एक-एक प्रवक्ता की आवश्यकता है। योग्यता एवं वेतनमान यू0जी0सी0 एवं विश्वविद्यालय परिनियमावली के अनुसार होगा इच्छुक अभ्यर्थी तीन सप्ताह के अन्दर आवेदनन करें। जो अभ्यर्थी पूर्व में आवेदन पत्र दे चुके है। उनका आवेदन मान्य है।
प्रबंधक
मो0-9807189351, 9161071952

आवश्यकता है

सत्र-2024-25 भगवान आदर्श महाविद्यालय बी0 टी0 सी0 संस्थान चक्रपाणिपुर (कनैला) आजमगढ़ (अल्पसंख्यक संस्था) सम्बद्ध राज्य शैक्षिक अनुसंधान शिक्षा परिषद लखनऊ व शासन द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान में बी0 टी0 सी0 सीटों पर प्रवेश आनलाइन आवेदन हेतु www.babtccollege.org.in पर आवेदन करें एवं पंजीकृत डाक द्वारा दो फोटोग्राफ बायोडाटा, फोन नं0 तथा समस्त अंकपत्र एवं प्रमाणपत्र की छायाप्रति के साथ आवेदन आमंत्रित है। अल्प संख्यक छात्रों से रिक्त सीटों पर अन्य अभ्यर्थियों का प्रवेश मेरिट के आधार पर होगा। योग्यता शासनादेश के अनुसार।
प्रबंधक
मो0-9415443050, 9450500450

REQUIRED
Jannayak Babu Manager Singh Government Polytechnic Bairiya, Ballia (PPP MODE)
Invites application for various positions-1-Principal, Lecturers for Applied Science, Physics, Chemistry, English, Mathematics and EE, ME, CE, Workshop Superintendent, HOD, for Applied Science, EE, ME and CSE and PGDM Beauty and Health, CE, Accountant, Clerck, Peon, Qualification and Salary as per AICTE and BTE norms. Send your CV on Jansewa12312@gmail.com
Contact-8081833149, 8826077231, 6393583165

जनशिकायतों का प्राथमिकता पर करें निस्तारण

ताकीद

कार्यो के प्रति लापरवाही पर होगी प्रतिकूल प्रविष्टि

वाराणसी। वीडीए अधिकारी जनशिकायतों का प्राथमिकता पर जहां निस्तारण करें,वही कार्यो के प्रति शिथिलता नही बरते अन्यथा लापरवाही पर प्रतिकूल प्रविष्टि दर्ज की जाएगी। यह बात वीडीए के अपर सचिव डा. गुडाकेश शर्मा ने गुरूवार को विभाग के सभागार में हुई समीक्षा बैठक में कही।

उन्होंने जोन-1 एवं जोन-2 लम्बित शमन मानचित्रों की शीघ्र निस्तारण किए जाने,सील प्रकरणों की जांच एवं बेसमेण्ट खाली कराते हुए पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित कराने को कहा,वही जन शिकायतों के निस्तारण में हो रही देर पर नाराजगी जाहिर की। अपर सचिव ने विलम्बतम 01 सप्ताह में जनशिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता पर सुनिश्चित किये जाने का निर्देश दिया। शहर की अनियोजित विकास एवं अवैध प्लाटिंग को चिंह्नाकन कराते हुए ध्वस्तीकरण की कार्रवाई कराने के साथ ही सम्बन्धित अधिकारियों और कर्मचारियों को कार्यो के प्रति लापरवाही और शिथिलता बरती जाने की स्थिति में सम्बन्धित के विरूद्ध प्रतिकूल प्रविष्ठि दर्ज किये जाने की चेतावनी दी।

इस दौरान वीडीए अपर सचिव ने लम्बित शमन मानचित्रों की प्रकरणवार समीक्षा की। जिसमें जोन-1 के वार्ड शिवपुर, सिकरौल और विन्यास में एक से 9 फरवरी तक शमन शुल्क के मद में कुल धनराशि रू. 77,69,620.00 जहां जमा कराया गया,वही इस वित्तीय वर्ष-2024-25 में माह अप्रैल से अभी तक कुल शमन धनराशि रू0-9,78,24,669.00 रूपए जमा किए गए। इसी क्रम में जोन-2 के वार्ड सारनाथ,आदमपुर,जैतपुरा एवं विन्यास में एक से 09 फरवरी तक शमन शुल्क के मद में कुल धनराशि रू0 22,58,208.00 जमा कराया गया और इस वित्तीय वर्ष-2024-25 में माह अप्रैल से अभी तक कुल शमन धनराशि रू0-6,63,23,831.00प्राप्त हुआ।

इस अवसर पर जोन-1 के जोनल अधिकारी शिवाजी मिश्रा,अवर अभियन्ता विजय सिंह अवर अभियन्ता प्रिया अग्रहरि, भवन लिपिक किरन सिंह एवं जोन-2 के जोनल अधिकारी, प्रकाश कुमार,अवर अभियन्ता विनोद कुमार,अवर अभियन्ता वर्तिका दुबे आदि लोग उपस्थित रहे।

गंगा में डूबे युवक का नहीं मिला शव

चौबेपुर। क्षेत्र के बर्थरा कलां गांव निवासी आशुतोष उर्फ किशन तिवारी का शव दुसरे दिन भी बरामद नहीं हो सका । माघ पूर्णिमा पर बुधवार की प्रातः 10बजे स्नान करते समय फैर फिसलने से आशुतोष तिवारी 30वर्ष बर्थरा शिवदशां घाट पर डूबा गया था। बृहस्पतिवार को भी पुलिस व एनडीआरएफ की टीम ने परनापुर, मुरीदपुर , गौरा उपरवार, रामपुर, चंद्रावती घाटों पर गंगा में तलाश की लेकिन शव बरामद नहीं हो सका। परिवार के लोग भी परेशान रहे। प्रभारी निरीक्षक जगदीश कुशवाहा ने बताया कि शव कहीं दब गया है?। खोजने का प्रयास जारी है।

पति-पत्नी को मारपीट घायल किया

बड़ागांव। थाना क्षेत्र के तीन घरवां बेदी गांव में घर में घुसकर पति पत्नी को मारपीट कर घायल करने के मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस कमिश्नर वाराणसी ने आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है। जिसके सापेक्ष में बड़ागांव पुलिस मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस कमिश्नर को दिये गये प्रार्थना पत्र में उपरोक्त गांव निवासी झम्मन यादव ने आरोप लगाया है कि बीते 27 दिसंबर 2024 को उनके ही परिवार के सुभाष यादव, राकेश यादव उनके घर की दीवार फांदकर अंदर घुसे और उन्हें मारने पीटने लगे और बीच बचाव करने पहुंची पत्नी को पकड़ लिया। घटना की सूचना बड़ागांव पुलिस को दिया गया लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुआ मुकदमा

रोहनिया। स्थानीय थाना क्षेत्र के भदवर चौकी अंतर्गत देल्हना निवासी विपिन सिंह का आरोप है कि पुश्तैनी भूमि पर काबिज होते हुए खेती किसानी का काम करता चला आ रहा है। जिसमें लगे पेड़ पौधे की सुरक्षा हेतु कंटीले तार से घेराव कर रहा था तो सोमवार को रवि शंकर गौड़ नामक व्यक्ति गाली गलौज करने लगा। जब विपिन चौकी गया तो रवि उसके घर वालों को पीट कर लहूलुहान कर दिया। थाने पर सुनवाई न होता देख पीड़ित ने कोर्ट का रुख अख्तियार किया। जिस पर कोर्ट ने उक्त के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया

बड़ागांव से बालक गायब, अभी तक पता नहीं

बड़ागांव। थानाक्षेत्र के अमावर गांव निवासी एक 11 वर्षीय अंश गुप्ता नामक किशोर बीते 11 फरवरी को घर से गायब हो गया और आज तक वापस नहीं लौटा। काफी खोजबीन के बाद किसी अनहोनी की आशंका जताते हुए उसके पिता धर्मेंद्र गुप्ता ने अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस किशोर की तलाश कर रही है।

घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत

रोहनिया। राजातालाब स्थानीय थाना क्षेत्र के गौरा निवासी गुलाब नामक व्यक्ति उम्र 45 वर्ष की बाइक से टक्कर हो जाने के कारण गंभीर रूप से घायल हो गए थे जिसका उपचार के दौरान अस्पताल में मौत हो गयी। गुलाब की पत्नी गायत्री देवी ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में दुर्घटना करने वालों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है। गायत्री का कहना है कि उनके पति काशीपुर से 4 फरवरी की शाम दवा लेकर आ रहे थे कि दो अज्ञात युवक जो शराब पीकर बाइक चला रहे थे उनके पति को टक्कर मार दिए। टक्कर मारने के बाद वे दोनों लोग मौके पर ही बाइक छोड़कर भाग गए। गुलाब के सिर में गंभीर चोट लगने के कारण घर वालों ने उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कर दिया था। जहां पर उनकी उपचार चल रहा था तथा बुधवार को उनकी मौत हो गई।गायत्री का कहना था कि जिस बाइक से दुर्घटना हुई उसे पुलिस चौकी मातलदेई में पुलिस वाले ले गए हैं लेकिन उनका मुकदमा दर्ज नहीं किया। गायत्री ने कहा कि उनके पति की मौत भी हो गई और इलाज में काफी रुपए खर्च हो गए।गायत्री ने मुख्यमंत्री से राहत राशि की मांग की है। साथ ही दोषियों के खिलाफ कार्यवाही किए जाने की मांग भी की है। पुलिस ने मृतक की शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा।

कार्यालय जिला पंचायत, चन्दौली

पत्रांक-628/जि0पं0चं0/2024-25 दिनांक-13.02.2025

अति अल्पकालिक सामान्य निविदा आमंत्रण सूचना

मा0 अध्यक्ष, जिला पंचायत, चन्दौली की स्वीकृति के क्रम में कार्यदायी संस्था जिला पंचायत, चन्दौली के जिलानिधि मद में अद्यतन उपलब्ध धनराशि के सापेक्ष शासनादेश संख्या उत्तर प्रदेश सरकार पंचायती राज अनुभाग-2 की अधिसूचना संख्या-1425/33-2-2020-80 जी 2020 लखनऊ, 14 जुलाई 2020 के अनुपालन में लोक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग एवं जिला पंचायत में पंजीकृत श्रेणी 'ए', 'बी' एवं 'सी' के पात्र ठेकेदारों से परियोजनाओं सम्बन्धित निर्माण कार्यों की प्रतिशत दर पर सीलबन्द निविदायें दिनांक 21.02.2025 को अपरान्ह 02.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा में भाग लेने वाले समस्त ठेकेदार द्वारा अपना-अपना निविदा सम्बन्धित अभिलेख लिफाफे में सीलबन्द कर जिला पंचायत कार्यालय में रखे निविदा बाक्स में दिनांक 21.02.2025 को अपरान्ह 02.00 बजे तक डाला जायेगा। प्राप्त निविदायें दिनांक 22.02.2025 को अपरान्ह 03.00 बजे से अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत चन्दौली के कार्यालय में निर्माण नियमावली 1984 के अनुसार निविदा समिति द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। उक्त निविदा हेतु निविदा फार्म की बिक्री दिनांक 14.02.2025 से दिनांक 20.02.2025 तक पूर्वान्ह 10.00 बजे से अपरान्ह 05.00 बजे तक जिला पंचायत चन्दौली के कार्यालय में की जायेगी। कोई भी ठेकेदार सभी निविदाओं के लिए अपनी पंजीकृत श्रेणी व हैसियत के अनुसार निविदा दे सकता है। यदि उक्त सामान्य निविदा सम्बन्धी कोई शुद्धि-पत्र होगा तो उसे पृथक से स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्रों में दिनांक 18.02.2025 के पूर्व प्रकाशित करा दिया जायेगा। परियोजनाओं का विवरण निम्नवत है:-

क्र0 सं0	कार्य का नाम	विकास खण्ड का नाम	मद का नाम	अनुमानित लागत (लाख रू0 में जी.एस.टी. सहित)	धरोहर/अर्नेस्टमनी 2 प्रति0 (लाख)	निविदा प्रपत्र का मूल्य+जी.एस.टी. (18 प्रतिशत)
1	2	3	4	5	6	7
1	जनपद के विभिन्न थानों के परिसर में स्ट्रीट लाइट स्थापित कराने का कार्य। भाग-1 (17 अदद)	चन्दौली	जलानिधि	5.95	0.12	600+72+200 =908.00
2	जनपद के विभिन्न थानों के परिसर में स्ट्रीट लाइट स्थापित कराने का कार्य। भाग-2 (18 अदद)	चन्दौली	जलानिधि	6.30	0.13	600+72+200 =908.00
3	ग्राम सभा-बलिया कलां में शंकर जी मन्दिर पर समुचायिक बहुपयोगी टीनशेड, लाईट, बेन्च, पंखा इत्यादि कार्य।	चकिया	जलानिधि	5.00	0.10	500+90+200 =790.00
				17.25	0.35	2606.00

नोट:-क्र0सं0-3 पर अंकित कार्य विगत वर्षों के विवादित परिवर्तित नवचयनित कार्य है।

नियम व शर्तें:-

1. निविदा की धरोहर धनराशि, समस्त प्रमाण पत्र (टी-4, टी-5, टी-6), पंजीकरण प्रमाण पत्र, सामान कार्यों का अनुभव प्रमाण पत्र, वर्तमान चालू कार्यों की सूची, निविद क्वालिफिकेशन से सम्बन्धित समस्त प्रपत्रों इत्यादि की स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
2. निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु उसके मूल्य+स्टेशनरी व्यय+जी.एस.टी. की धनराशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट की मूल प्रति जो अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत चन्दौली के पक्ष में एवं चन्दौली में देय होना चाहिए। निविदा मूल्य जिला पंचायत, चन्दौली कार्यालय में प्रपत्र-5 से नगद/ऑनलाइन डिजिलटल भुगतान माध्यम से भी जमा करके निविदा प्रपत्र क्रय किया जा सकता है।
3. निविदा की धरोहर धनराशि निर्धारित प्रपत्र में मूल रुप में जो कि अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत चन्दौली के पक्ष में बंधक हो एवं चन्दौली में देय होना चाहिए। प्रत्येक निविदा के साथ धरोहर धनराशि जैसा कि उपरोक्त तालिका में दर्शायी गयी है, प्रत्येक कार्य के साथ अलग-अलग नियत धनराशि का सावधि जमा रसीद/एन.एस.सी. ही संलग्न करना अनिवार्य होगा, जो कि राष्ट्रीयकृत बैंक के रुप में अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत चन्दौली के पक्ष में बंधक होना चाहिए तथा जिसकी बैधता निविदा की बैधता से 45 दिन अधिक होना चाहिए या निविदा की धरोहर धनराशि नगद के रुप में प्रपत्र 5 अथवा आर.टी.जी.एस./नेफ्ट/ऑनलाइन डिजिटल भुगतान माध्यमों से जिला पंचायत के जिला निधि खाता संख्या 30380201002001 4, आई.एफ.एस.सी. कोड-UBIN0530387 में जमा किया जा सकता है।
4. निविदादाताओं को समस्त सूचनाएं निर्धारित प्रोफार्मा पर शपथ पत्र के रुप में देनी होगी। निविदा की क्षमता के आंकलन हेतु आवश्यक सूचनाएं संलग्न होनी चाहिए। प्रत्येक निविदादाता को निविदा डालने से पूर्व संतुष्ट होना चाहिए कि उनकी क्षमता उस कार्य को पूर्ण करने की है। जो निविदादाता, निविदा की क्षमता नहीं रखता है, की निविदा किसी भी दशा में स्वीकार नहीं की जायेगी।
5. निविदा स्वीकृति के समय ठेकेदार को अतिरिक्त धरोहर धनराशि अपर मुख्य सचिव, उ0 प्र0 शासन लोक निर्माण अनुभाग-7 लखनऊ के शासनादेश संख्या-8/2017/836/33-7-176 (सा0)/06, दिनांक 08.06.2017 पैरा-19 के अनुसार देय होगी। कार्य स्थल के अनुसार मा0 अध्यक्ष जी की स्वीकृति से आगणन/वि0 ओ0 क्यू में परिवर्तन किया जा सकता है।
6. ठेकेदारों के देयक से 1 प्रतिशत (एक प्रतिशत) लेबर शेष की कटौती की जायेगी।
7. निविदा की बैधता निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि/निविदा स्वीकृति की तिथि होगी।
8. निविदा-प्रपत्र तथा अन्य विवरण जैसे-अर्हता, कार्य की विशिष्टियां, ड्राइंग, विभिन्न कार्यों की बिल आफ क्वांटिटी आदि के सम्बन्ध में विस्तृत विवरण अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत चन्दौली के कार्यालय में दिनांक 14.02.2025 से दिनांक 20.02.2025 तक कार्य अवधि पूर्वान्ह 10.00 बजे से अपरान्ह 5.00 बजे त

वाराणसी मानव

बाबा दरबार तक अंतहीन कतार

प्रयागराज महाकुंभ से बड़ी संख्या में आस्थावान काशी विश्वनाथ का दर्शन-पूजन वाराणसी पहुंचे। गुरुवार को मंदिर के आसपास के क्षेत्रों में जबरदस्त भीड़ रही। बाबा का दर्शन करने में श्रद्धालुओं को छह से आठ घंटे तक का समय लगता रहा लेकिन उनकी आस्था कम नहीं हुई।अनेक परेशानियों के बावजूद किसी के चेहरे पर शिकन तक नहीं, वरन घंटों बाद बाबा का दर्शन प्रसाद मिलने के बाद और भी उल्लास। मानों जनम-जनम की निधि मिल गई हो। भीड़ से बाहर आते ही दोनों हाथ उठाकर हर-हर महादेव का उद्घोष कर बाबा को दर्शन का पुण्य देने के लिए धन्यवाद करना भी नहीं भूल रहे अपने वाहन से आने वाले जिले की बाहरी सीमा पर वाहनों को रोककर वहीं बने आश्रय स्थलों में आराम किया। ट्रेन से आने वाले स्टेशन पर पहुंचकर शहर में प्रवेश किए। होटल, गेस्ट हाउस, पेइंग गेस्ट हाउस, धर्मशाला, घाट जिसे जहां जगह मिली वहीं रात गुजारा।



बाबा धाम में तो जमे हैं तमाम श्रद्धालु

गेट नं. चार से लगी रही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें, भक्तों का आना जारी

अंतहीन सिलसिला

ज्ञानवापी से लेकर गोदौलिया, गिरजाघर तक लोग जमे रहे, सीईओ ने बुजुर्ग महिलाओं को सुगम दर्शन कराया

वाराणसी। महाकुंभ के सिलसिले में काशी आये श्रद्धालुओं की भीड़ अभी भी खत्म नहीं हुई। बाहर से आये श्रद्धालु भक्तों की भीड़ उसी तरह बरकरार है। बाहर से आये श्रद्धालु या तो प्रयागराज में स्नान करके लौट रहे हैं या फिर यहां से स्नान कर प्रयागराज प्रस्थान कर रहे हैं। श्रद्धालुओं का रोज रेला चल रहा है। रेले के चलते जाम की स्थिति बन जा रही है।काशी विश्वनाथ धाम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी है। गेट नं. चार से श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी है। ज्ञानवापी से गिरजाघर-गोदौलिया तक लोग लगे रहे।भोर होते ही भक्तों का रेला काशी विश्वनाथ के दर्शन-पूजन के लिए बढ़ने लगा। शहर की हर सड़क से भक्तों का रेला आगे बढ़ता रहा। इनमें से कई गंगा स्नान की चाहत लेकर घाटों की तरफ गए। भोर से ही दर्शनार्थियों की कतार दर्शन-पूजन के लिए लग गई। इसके लिए पुलिस ने पहले ही व्यवस्था कर लिया। दशाश्वमेध घाट से मंदिर तक स्टील की बैरिकेडिंग की गई थी। दर्शनार्थियों को द्वार संख्या दो और चार से मंदिर परिसर में प्रवेश कराया जा रहा है। दूसरी तरफ मैदागिन तक बैरिकेडिंग थी जिससे भक्त द्वार संख्या चार से दर्शन के लिए जाते रहे। गंगद्वार से मंदिर जाने वालों की संख्या सबसे ज्यादा थी। ललिता घाट से दशाश्वमेध घाट तक कतार लगी रही। जो बिना दर्शन लौटना चाहते थे उन्हें गोदौलिया, गिरजाघर होते आगे बढ़ाया जाता रहा। इसी तरह की वन-वे व्यवस्था गोदौलिया से बांसफाटक मार्ग पर भी की गई थी। इस समय लाखों लोग अधिक लोग शहर में मौजूद हैं, जिससे जाम जैसे हालात बन गए हैं। काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन के लिए 5 किमी लंबी कतार लगी हुई है। काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शनार्थियों की भारी भीड़ जुट रही है। ऐसे में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर प्रशासन की ओर से सभी इंतजाम किए गए हैं। इसी क्रम में सीईओ ने निरीक्षण कर श्रद्धालुओं का हाल जाना। श्री काशी विश्वनाथ धाम में महाकुंभ का पलट प्रवाह जारी है। भक्तों की भारी भीड़ के बीच मंदिर न्यास भक्तों की सुविधा और सुरक्षा को मुकम्मल करने के लिए प्रयत्नशील है। श्रद्धालुओं को श्री काशी विश्वनाथ का दर्शन करने में असुविधा न हो इसके लिए मंदिर प्रशासन के अधिकारी निरंतर धाम में भ्रमण कर व्यवस्था की निगरानी कर रहे हैं। मंदिर के सीईओ विश्वभूषण, डिप्टी कलेक्टर शंभू शरण एवं ओएसडी उमेश सिंह ने धाम में भ्रमण कर लोगों से बातचीत कर धाम में के इंतजामों को लेकर उनके अनुभव को भी जाना। धाम में निरीक्षण के दौरान अधिकारियों से लाइन में लगी दो बुजुर्ग महिलाओं ने पांव में तकलीफ बताते हुए जल्दी दर्शन की व्यवस्था कराने का आग्रह किया। इस पर सीईओ ने मंदिर न्यास के कार्मिक लगाकर दोनों बुजुर्ग महिलाओं को सुगम दर्शन कराया।

बड़ी संख्या में श्रद्धालु अपने वाहनों से वाराणसी आ रहे

महाकुंभ से बड़ी संख्या में श्रद्धालु अपने वाहनों से वाराणसी आ रहे हैं। इन्हें शहर में प्रवेश रोकने के लिए जिले की सीमा पर बैरिकेडिंग की गई है। बाहर से आने वाहनों को मोहनसराय, अमरा अखरी, डाफी के पास नेशनल हाइवे पर रोका जा रहा है।जौनपुर की तरफ से आने वाले वाहन फूलपुर, हरहुआ में तो गाजीपुर रोड से आने वाले वाहन आशापुर के पास रोके जा रहे हैं। शहर में आ चुके बाहरी वाहनों को रोकने के लिए बैरिकेडिंग व पार्किंग की गई है। मुख्य मार्ग छोड़कर वैकल्पिक मार्गों से शहर में घुसने वाले बाहरी वाहनों को मैदागिन, गोदौलिया तक जाने पर पूरी तरह रोक है।

काशी तमिल संगमम से बढ़ेगी दो प्रदेशों की संस्कृति और शिक्षा

जनसंदेश न्यूज

प्रेसवार्ता

तमिलनाडु से 200-200 लोग आएंगे छह ग्रुप में : एस. राजलिंगम

सभी लोगों को महाकुंभ स्नान व रामलला के दर्शन भी कराये जायेंगे

वाराणसी। जिलाधिकारी एस. राजलिंगम ने कहा कि काशी तमिल संगमम के तीसरे आयोजन से दो प्रदेशों की संस्कृति और शिक्षा को जहां बढ़ावा मिलेगा। वहीं, एक से अधिक भाषा, बोली, खानपान, पहनावा, रहन-सहन होने के बावजूद विविधता में एकता को प्रदर्शित करने वाली परंपरा भी आगे बढ़ेगी। कलेक्ट्रेट सभागार में गुरुवार को मीडिया से काशी तमिल संगमम कार्यक्रम के बाबत जानकारी साझा करते हुए जिलाधिकारी एस. राजलिंगम ने बताया कि यहां आने वाली छह टीमों में से प्रत्येक में उद्यमी, छात्र एवं अन्य प्रबुद्ध वर्ग ही सहभागिता होगी। दोनों प्रदेशों के संस्कृति और शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए बीएचयू के ठाकुर ओमकार नाथ प्रेक्षागृह में दो घंटे का एकेडमिक सेशन 15 से 24 फरवरी के बीच रोजाना चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य वही होगा, जो पिछले काशी तमिल संगमम में रहा। महाकुंभ के पलट प्रवाह के समय इस कार्यक्रम को रखने की आवश्यकता के सवाल पर उन्होंने कहा कि टीम में आने वाले लोगों की प्रत्येक सुविधा का ध्यान रखा जाएगा। उन्हें विश्वनाथ धाम भ्रमण कराने के साथ ही प्रयागराज में महाकुंभ स्नान और अयोध्या में रामलला के दर्शन कराने की भी व्यवस्था की जाएगी। दक्षिण भारतीय स्टॉल भी लगाए जाएंगे, जहां उनके पसंद के पहनावा, भोजन, व्यवसाय आदि से संबंधित उत्पाद उपलब्ध होंगे।

काशी तमिल संगमम की सभी तैयारी समय से पूर्ण करें : एस. राजलिंगम

वाराणसी। काशी तमिल संगमम 3.0 को सकुशल संपन्न कराने और अब तक हुई तैयारियों का जायजा लेने जिलाधिकारी एस राजलिंगम गुरुवार की शाम नमो घाट पहुंचे। उन्होंने एडीएम एफआर बंदिता श्रीवास्तव के साथ स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली और मौके पर मौजूद अधिकारियों को समय से सभी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिये। एडीएम एफआर ने मैप के माध्यम से विभिन्न स्थानों पर स्थापित होने वाले सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की जानकारी दी। जिलाधिकारी ने स्टेज के पंडाल का फाइनल सेटअप, बैकड्रॉप, क्रिएटिव सहित अन्य सामग्रियों को शीघ्र फाइनलाइज करने का निर्देश दिया। इसके बाद जल पुलिस के मोटर बोट पर सवार होकर नमो घाट से दशाश्वमेध घाट पहुंचे। इस दौरान छह बजे के बाद नाव चलाने वाले चालकों व संचालकों को कार्यवाही की चेतावनी दी गई। इसके लिए जल पुलिस को निर्देशित किया। दशाश्वमेध से पैदल चलते हुए रेहड़ी-पटरी वालों को दुकान न लगाने की चेतावनी देते हुए तत्काल दुकानों को हटवाया। उन्होंने चेतावनी दी कि दोबारा यहां दुकान लगाया तो कारवाई तय है। इसके लिए उन्होंने नगर निगम को निर्देशित किया। इसके बाद गोदौलिया और गिरजाघर चौराहे का जायजा लिया।

यातायात व्यवस्था संचालन की कमान डीएम ने संभाली

वाराणसी। भीड़ नियंत्रण और श्रद्धालुओं के सुचारू आवागमन के साथ काशी विश्वनाथ मंदिर में सुगम दर्शन कराने के मद्देनजर गुरुवार को जिलाधिकारी एस. राजलिंगम ने यातायात व्यवस्था की कमान खुद संभाली। उन्होंने मैदागिन और आसपास के क्षेत्रों का निरीक्षण किया। मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने थाना कोतवाली पर तैनात एसीपी प्रज्ञा पाठक से बातचीत कर लोगों के आवागमन की व्यवस्था को परखा। उन्होंने लोगों से अपील किया कि कतारबद्ध होकर चलते रहे। अनावश्यक भीड़ न लगाएं। उन्होंने कृपलानी मार्केट के दुकानदारों को अपने सामान को दुकान के अंदर रखने को कहा, ताकि आवागमन बाधित न होने पाए। उन्होंने इस क्षेत्र में सिविल डिफेंस के लोगों को तैनात करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने ज्यादा भीड़ को देखते हुए कृपलानी और मालवीय मार्केट से लाइन में लगे लोगों को गुरुनानक व नेहरू मार्केट वाली गलियों में शिफ्ट कराया। इस दौरान अपर पुलिस आयुक्त डॉ. एस. चिनप्पा मौजूद रहे।

सीरगोवर्धन से रैदासी लेने लगे विदाई

जनसंदेश न्यूज

चले अपने ठिकाने

अपना सामान लेकर रैदासी धीरे-धीरे निकल रहे, अमृतवाणी पाठ का हुआ समापन

वाराणसी। सीरगोवर्धन में रैदासियों के लौटने का क्रम शुरू हो गया है। बाहर से आये रैदासी अपना सामान लेकर लौटना शुरू हो गये है। वैसे अभी पूरी तौर पर सीरगोवर्धन खाली नहीं हुआ है। धीरे-धीरे लोगों के वापस जाने का सिलसिला जारी है। संत निरंजन दास संगत के साथ स्पेशल ट्रेन से बृहस्पतिवार को जालंधर पंजाब के लिए प्रस्थान किये।

अमृतवाणी पाठ का समापन बुधवार को हो गया था। अमृतवाणी पाठ के समापन के साथ ही रैदासियों का वापस लौटने का सिलसिला जारी हो गया। जयंती समारोह में शामिल होने के लिए निजी वाहनों से आए पंजाब मध्य प्रदेश हरियाणा दिल्ली की संगत दर्शन करने के बाद अपने अपने गंतव्य को जाने लगे हैं। स्पेशल ट्रेन से संत निरंजन दास के साथ जाने वाले संगत को रास्ते में खाने के लिए सुखा खाना मंदिर ट्रस्ट की तरफ से दिया गया।

संत रविदास जयंती में शामिल होने के लिए राजकुमार चब्बेवाल होशियारपुर सांसद आप पार्टी, पूर्व राज्यसभा सांसद शमशेर सिंह दुल्लों और चरणजीत सिंह चन्नी पूर्व मुख्यमंत्री पंजाब, नगीना लोकसभा सांसद चंद्रशेखर आजाद यूपी कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय आदि संत रविदास मंदिर पहुंचे।

अजगरा विधायक त्रिभुवन राम के पुत्र का हृदयाघात से निधन

चौबेपुर। अजगरा से भाजपा विधायक त्रिभुवन राम के बड़े पुत्र रोमिल सिंह की हृदयाघात के चलते सिंगापुर में मौत हो गई। विधायक प्रतिनिधि गौरव सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी होते ही विधायक त्रिभुवन राम लखनऊ आवास के लिए रवाना हो गए। विधायक पुत्र के मौत की जानकारी मिलने पर क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी। जानकारी के अनुसार, विधायक पुत्र बुधवार की सुबह जब सो कर उठे, तो अचानक उन्हे हृदयाघात हो गया और मौके पर ही मौत हो गई। भाजपा के मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह, रामजी मौर्य, विंध्यवासिनी उपाध्याय, अजय गुप्ता अकेला, मुक्ति मौर्या, प्रदीप सोनी, राजू सेठ, राणा सिंह चौहान आदि ने इस दुःख की घड़ी में शोक संतप्त परिवार को सहनशक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की।

वाराणसी में जल्द खुलेगा जीएसटी ट्रिब्यूनल

केंद्रीय जीएसटी विभाग की तरफ से आयुक्तालय में हुआ आयोजन

संवाद

अधिकारियों के सामने उद्यमियों व्यापारियों ने गिनाई समस्याएं

वाराणसी। केंद्रीय जीएसटी विभाग की तरफ से आयुक्तालय में आयोजित संवाद कार्यक्रम में बताया गया कि वाराणसी में बहुत जल्द ही जीएसटी ट्रिब्यूनल खुल जाएगा। जीएसटी ट्रिब्यूनल खुलने से उद्यमियों और व्यापारियों को राहत मिलेगी। इस दौरान उद्यमियों और व्यापारियों ने केंद्रीय जीएसटी के अधिकारियों को सामने पाकर तमाम समस्याएं गिनाईं।

इंडियन इंडस्ट्री एसोसिएशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आरके चौधरी ने केंद्रीय जीएसटी विभाग की इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि घोषणा के बावजूद अभी तक वाराणसी में जीएसटी ट्रिब्यूनल न खुलने से उद्यमियों-व्यापारियों में निराशा का भाव है। समस्याओं पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि ऑडिट की प्रक्रिया पूरी होने के बाद भी जीएसटी विभाग की ओर से नोटिस आ जाती है, जिसमें पांच-छह वर्ष पुराने प्रपत्र जांच के नाम पर मांगे जाते हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि एक बार ऑडिट की प्रक्रिया पूरी होने के बाद किसी भी पूछताछ के बाबत विभाग को ही जवाब दे देना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रपत्रों में किन्हीं त्रुटियों के कारण व्यावसायिक वाहनों को रोके जाने की दशा में प्रपत्रों की जांच तथा केस आदि उसी जिले में पंजीकृत किया जाता है। जबकि होना यह चाहिए कि यह सारी प्रक्रिया उसी जिले में की जानी चाहिए, जहां फर्म पंजीकृत हो, ताकि फर्म संचालक को अनावश्यक परेशानी न उठानी पड़े।

आईआईए फूड कमेटी के राष्ट्रीय चेयरमैन दीपक बजाज ने फूड सेक्टर की समस्याओं की ओर आयुक्त का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि आटा, मैदा, सूजी आदि, जो सामान्य नागरिकों के प्रतिदिन की आवश्यकता है, की 25 किलोग्राम तक की पैकिंग पर पांच प्रतिशत जीएसटी लगने के कारण महंगाई का भार आम जनमानस पर पड़ रहा है। इन उत्पादों के उत्पादन की छोटी इकाइयां भी बेवजह जीएसटी की मार झेल रही है, क्योंकि इन इकाइयों का कच्चा माल जीएसटी मुक्त है। डिवीजनल चेयरमैन अनुपम देव ने कहा कि विक्रेता की तरफ से जीएसटी 3बी फाइल न करने के कारण क्रेता को दंड दिया जाना उचित नहीं है। इस बाबत सुझाव यह है कि आईएमएस के पोर्टल पर यदि अगले माह विक्रेता की तरफ से जीएसटी 3बी फाइल न करने पर रिफ्लेक्ट करने लगे तो क्रेता अलर्ट हो जाएगा। इससे समस्या का समाधान हो जाएगा।उद्यमियों व व्यापारियों ने कहा कि बकाया धनराशि पर 18 प्रतिशत की जगह छह प्रतिशत ब्याज होना चाहिए।

विभाग की तरफ से अनावश्यक नोटिस भेजने और नोटिस की आड़ में उत्पीड़न करने का आरोप लगाया। केंद्रीय जीएसटी आयुक्त विनीत चौधरी ने उद्यमियों एवं व्यापारियों को आश्वासन दिया कि आपकी समस्याओं को मुख्यालय भेजी जाएगी। उन्होंने अनुरोध किया कि आप सभी अपनी समस्याएं लिखित रूप से मुझे दे देंगे तो निराकरण का प्रयास करने में सुविधा रहेगी। संवाद के दौरान एडिशनल कमिश्नर कविता सिंह, सीए सीजीडी दुबे, कर अधिवक्ता वसीम जाफर, ओपी शुक्ला के अलावा मनीष कटारिया, यूआर सिंह, कमलाकांत पांडेय, अशोक जायसवाल आदि थे।

पीएचडी की तीन सीटों पर 1103 अभ्यर्थियों ने किया आवेदन

प्रवेश की प्रक्रिया

बीएचयू में पीएचडी में प्रवेश के लिए 17 फरवरी से होगा साक्षात्कार

वाराणसी। बीएचयू में पीएचडी काउंसिलिंग की तैयारियां शुरू हो गई हैं। 17 फरवरी से शुरू हो रहे साक्षात्कार में सीटों के मुकाबले 10 से 20 गुना ज्यादा आवेदक बैठेंगे। वहीं सब लैटर्न स्टडी यानी कि सोशल इन्क्लूजन की सिर्फ तीन ही सीटों पर 1103 अभ्यर्थियों ने फॉर्म भर दिया है। इसके अलावा इतिहास विषय की 43 सीटों पर 11 गुना ज्यादा करीब 500 आवेदक साक्षात्कार देंगे। समाजशास्त्र की 35 सीट, इंग्लिश में 44 सीट, हिंदी में 37 सीटों के मुकाबले भी 10-20 गुना ज्यादा अभ्यर्थी पीएचडी प्रवेश के लिए साक्षात्कार देंगे।

दूसरी ओर एलाइड के बजाय मुख्य विषयों वाले अभ्यर्थियों को इंटरव्यू के लिए कॉल लेटर सबसे पहले जारी किया जा रहा है। यानी कि ऐसे आवेदक जिन्होंने सहयोगी विषयों से कई विषयों में आवेदन कर दिया था, उन्हें बाद में सीटें खाली रहने पर ही इंटरव्यू देने का मौका मिलेगा। बीएचयू के नियम में है कि सबसे पहले मेन डिसीप्लीन, फिर एंग्जप्टेड और अंत में एलाइड का नंबर आता है।

19 फरवरी को है सब लैटर्न स्टडी का साक्षात्कार

बीएचयू के सब लैटर्न स्टडी में आरईटी मोड में एक सीट और नॉन आरईटी में दो सीटें हैं। लेकिन आरईटी मोड में एक भी आवेदक द्वारा फॉर्म नहीं भरा गया है, जबकि आरईटी एग्जंप्टेड में कुल तीन आवेदकों ने फॉर्म भरा है। बीएचयू की ओर से इन्हें 19 फरवरी को साक्षात्कार के लिए बुलाया गया है। इनके पास कॉल लेटर भी पहुंच गया है। वहीं, इसके अलाईड विषयों वाले कुल 1100 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार नहीं होगा। सबसे पहले उन छात्रों का साक्षात्कार होगा, जिन्होंने सिर्फ एक ही विषय के लिए आवेदन किया है या फिर जिसका कोर विषय हो। मुख्य अभ्यर्थियों के प्रवेश के बाद सीटें खाली रहने पर ही एलाइड वालों को कॉल लेटर जारी होगा। सोशल इन्क्लूजन मल्टी डिस्प्लीनेरी सब्जेक्ट है, जिसमें कई विषयों को मिलाकर रिसर्च कराया जाता है। इसमें अर्थशास्त्र, इतिहास, राजनीतिक विज्ञान, मनोविज्ञान और समाजशास्त्र विषयों से मास्टर डिग्री ले चुके सभी छात्रों ने आवेदन कर दिया था।

आरईटी मोड में नहीं मिला कोई आवेदक

सब लैटर्न स्टडी विषय से आरईटी मोड में नेट और पीएचडी के लिए योग्य अभ्यर्थियों का प्रवेश होना था, लेकिन इसमें सिर्फ जून 2024 में पीएचडी एंट्रेंस के लिए अप्लाई करने वालों को ही मौका दिया गया। ऐसे में इस विषय से पीएचडी के लिए एक भी आवेदन नहीं आ सका।

10 विषयों में होगा 465 छात्रों का प्रवेश

पीएचडी में कला, सामाजिक विज्ञान और विज्ञान को मिलाकर 10 ऐसे विषय हैं, जिन पर सबसे ज्यादा सीटें और आवेदकों की संख्या 10 गुना ज्यादा है।

पाठ्यक्रम व सीटें
फिजिक्स - 76 सीट
केमेस्ट्री - 70 सीट
एजुकेशन- 52 सीट
इतिहास - 43 सीट
आर्कियोलॉजी - 43 सीट
मैनेजमेंट स्टडीज - 38 सीट
जियोग्राफी - 38 सीट
हिंदी - 37 सीट
समाजशास्त्र - 35 सीट
एनेस्थियोलॉजी - 33 सीट

देश की 12 टीमें लेंगी हिस्सा

विमला सिंह

हॉकी

अभा. मोहम्मद शाहिद हॉकी 17 से

एम्फी थियेटर के एस्ट्रो टर्फ पर खेली जाएगी स्पर्धा

वाराणसी । अखिल भारतीय पद्मश्री मोहम्मद शाहिद आमंत्रण प्राइज मनी पुरुष हॉकी प्रतियोगिता 17 से 24 फरवरी तक काशी हिंदू विश्वविद्यालय के एस्ट्रो हॉकी मैदान पर खेली जाएगी क्षेत्रीय कीड़ा अधिकारी विमला सिंह ने गुरुवार को बताया कि इस प्रतियोगिता में इंडियन ऑयल नई दिल्ली, पंजाब एंड सिंध बैंक नई दिल्ली, पंजाब नेशनल बैंक नई दिल्ली, उत्तर प्रदेश पुलिस लखनऊ, उत्तर प्रदेश संयुक्त छात्रावास, उत्तर प्रदेश एकादश, यूनियन बैंक मुंबई, साई लखनऊ, खेलो इंडिया सेंटर बिलासपुर, मेघबरन सिंह हॉकी एकेडमी गाजीपुर, एएस अकादमी मैसूर और एनसीआर सोनीपत की टीमें हिस्सा लेंगी। लीग कम नाक आऊट आधार पर प्रतियोगिता के मैच खेले जाएंगे। इस प्रतियोगिता मे पहले स्थान पर रहने वाली टीम को दो लाख रुपये, दूसरा स्थान पाने वाली टीम को एक लाख व तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम को पचास हजार रुपये इनाम स्वरूप दिया जाएगा। उप क्रीड़ा अधिकारी अकरम महमूद के अनुसार पूरी प्रतियोगिता में सौ से अधिक राष्ट्रीय और अंतर राष्ट्रीय खिलाड़ियों का खेल देखने को मिलेगा।

बीआरपी परीक्षा सम्पन्न

चिरईगांव। स्थानीय ब्लाक सभागार में गुरुवार को ब्लॉक रिसोर्स पर्सन (बीआरपी) की परीक्षा आयोजित हुयी। एडीओ आईएसबी दुर्गेश सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजिविका मिशन के तहत गठित समूहों को सही तरीके से संचालित कराने के लिए बीआरपी की परीक्षा आयोजित की गयी। परीक्षा के लिए 53 महिलाओं ने जिले पर आवेदन किया था। परीक्षा में 45 महिलाओं ने भाग लिया। इसमें से 10 महिलाओं का ही चयन किया जाएगा।

संक्षेप

काशी विद्यापीठ व नौकरी कैंपस इंफो एज में 17 को होगा एमओयू

वाराणसी। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ एवं नौकरी कैंपस इंफो एज इंडिया लि. नोएडा के मध्य 17 फरवरी को समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किया जाएगा। विश्वविद्यालय प्लेसमेंट सेल, काशी विद्यापीठ की समन्वयक/निदेशक प्रो. शेफाली वर्मा ठकराल ने बताया कि इस हस्ताक्षर के बाद विश्वविद्यालय में अध्ययनरत स्नातक तथा स्नातकोत्तर वर्ग के विद्यार्थियों के लिए कैरियर गाइडेंस के निमित्त कार्यशाला आयोजन एवं इंटर्नशिप एंड प्लेसमेंट के नए अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे।

मनोविज्ञान विभाग में शोध साक्षात्कार 17 फरवरी को

वाराणसी। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के मनोविज्ञान विभाग में सत्र : 2022-23 की शोध परीक्षा के परिणामस्वरूप उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का शोध साक्षात्कार 17 फरवरी को होगा। विभागाध्यक्ष प्रो. शेफाली वर्मा ठकराल ने बताया कि साक्षात्कार सुबह 11:30 बजे से मनोविज्ञान विभाग में होगा। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थियों को शोध साक्षात्कार के लिए शोध सारांशिका की छह हार्डकॉपी व सॉफ्टकॉपी, सभी शैक्षणिक अभिलेख मनोविज्ञान विभाग कार्यालय में 15 फरवरी तक जमा करना अनिवार्य है। साक्षात्कार के दिन अभ्यर्थियों को अपने शोध विषय पर पॉवर प्वाइंट प्रेजेंटेशन (पीपीटी) की तैयारियों के साथ उपस्थित होना है।

एमए मास कॉम प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा 20 से

वाराणसी। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में एमए मास कॉम प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा 20 फरवरी से प्रारंभ होगी। विभागाध्यक्ष डा. नागेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि परीक्षा सुबह 10 बजे से मानविकी संकाय में होगी।

पांच किमी दौड़ में अंशू और अंजली अव्वल

स्पोर्ट्स

जिला स्तरीय दौड़ में 96 बालक-बालिकाओं ने लिया हिस्सा

वाराणसी। अंशू शर्मा और अंजली प्रजापति ने गुरुवार को बाबू आरएन सिंह की जयंती पर आयोजित जिला स्तरीय पांच किलोमीटर की दौड़ में क्रमश बालक बालिका वर्ग में पहला स्थान हासिल किया। रितेश कुमार वर्मा दूसरे व ऋषित वर्मा तीसरे स्थान पर रहे। बालिका वर्ग में सृष्टि दितीय व सत्या यादव तृतीय रहीं। प्रतियोगिता के समापन के उपरांत आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह की मुख्य अतिथि डाक्टर आशा सिंह (प्रेसिडेंट, यूपी एडवेंचर स्पोर्ट्स क्लब) ने खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार के अलावा टी शर्ट प्रदान कर सम्मानित किया।

पांच किलोमीटर की दौड़ प्रतियोगिता परमानंदपुर मिनी स्टेडियम से शुरू हुई जो लालपुर स्टेडियम होते हुए पुनः मिनी स्टेडियम पर आकर समाप्त हुई। इस में 96 बालक व बालिकाओं ने उत्साह के साथ प्रतिभाग किया था।

रचनाकार में भी होता है एक आलोचकः प्रो.राधावल्लभ

संबोधन

बीएचयू में कमला प्रसाद स्मृति में 'रचना और आलोचना के अंतः संबंध : भारतीय परंपरा का पक्ष' विषय पर व्याख्यान



वाराणसी। साहित्य मनीषी आचार्य राधावल्लभ त्रिपाठी ने कहा कि रचनाकार में भी एक आलोचक होता है। भारतीय परंपरा में महान दार्शनिक महान कवि भी हो सकता है। राजशेखर की बात को उद्धृत करते हुए उन्होंने कहा कि रचना और आलोचना में दांपत्य का संबंध होता है; दोनों एक-दूसरे का अनुशासन स्वीकार करते हैं। आनंदवर्धन ने साहित्य विद्या लक्ष्य ग्रंथों से की है। साहित्य विद्या का आशय साहित्य के शास्त्र से और लक्ष्य ग्रंथों का आशय गौरव ग्रंथ और क्लासिक ग्रंथों से लेते हैं। भरतमुनि ने नाट्यशास्त्र में माना है कि शास्त्र को लोक के पास जाना चाहिए; शास्त्र के बिना लोक नहीं और लोक के बिना शास्त्र नहीं, यही संबंध रचना और आलोचना में भी होता है।

यह बातें उन्होंने गुरुवार को बीएचयू के सामाजिक विज्ञान संकाय के संबोधि सभागार में आयोजित कमला प्रसाद स्मृति व्याख्यान 2025 में 'रचना और आलोचना के अंतः संबंध : भारतीय परंपरा का पक्ष' विषय पर व्याख्यान देते हुए कही। कमला प्रसाद स्मृति सांस्कृतिक संस्थान, भोपाल तथा महिला अध्ययन एवं विकास केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित व्याख्यान का शुभारंभ मंचस्थ अतिथियों द्वारा मालवीय जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया।

कमला प्रसाद स्मृति सांस्कृतिक संस्थान की ओर से स्वागत वक्तव्य देते हुए संजय श्रीवास्तव ने कहा कि कमला प्रसाद जी विश्वविद्यालयी परिसर के आलोचक नहीं थे, वे जनपक्षधरता के लिए जाने जाते थे। इससे पहले के कमला प्रसाद स्मृति व्याख्यान के आयोजनों में केदारनाथ सिंह, अरुण कमल, अवधेश प्रधान, राजेश जोशी, अभय कुमार दुबे, विश्वनाथ त्रिपाठी आदि जुड़े रहे हैं ।

विषय की प्रस्तावना रखते हुए प्रो. मनोज कुमार सिंह ने कहा कि आज की पीढ़ी परंपरा को किस तरह से देख रही है, इस पर बात करने की जरूरत है। हम आधुनिक अर्थों में जिसे आलोचना कहते हैं, जिसकी एक रचना प्रक्रिया होती है उसके बारे में संस्कृत के आचार्यों ने कितनी बात की है, इस पर विचार होना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ आचार्य राजकुमार ने कहा कि हिंदी में आलोचना शब्द अंग्रेजी के क्रिटिसिज्म का अनुवाद है। पश्चिमी आलोचना सिद्धांत निर्माण की तरफ आगे बढ़ती है; रचना की जगह साहित्य के अध्ययन के क्या-क्या सिद्धांत हो सकते हैं इस पर जोर देती है। भारतीय परंपरा में जितने भी संप्रदाय हैं वे 'साहित्य क्या है' की खोज करते हैं। कार्यक्रम का संचालन डा. प्रीति त्रिपाठी ने और धन्यवाद ज्ञापन महिला अध्ययन एवं विकास केंद्र के समन्वयक प्रो. आशीष त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम में प्रो. अवधेश प्रधान, प्रो. बिंदा परांजपे, प्रो. सदाशिव कुमार द्विवेदी, प्रो. कृष्णमोहन पांडेय, प्रो. विनय कुमार सिंह, प्रो. डीके ओझा, प्रो. अर्चना शर्मा, प्रो. अर्पिता चटर्जी, प्रो.प्रभाकर सिंह, प्रो. सत्यपाल शर्मा, प्रो. नीरज खरे, प्रो. समीर कुमार पाठक, डा. प्रभात कुमार मिश्र, डा. महेंद्र प्रसाद कुशवाहा के साथ ही शोधार्थी एवं विद्यार्थी काफी संख्या में उपस्थित रहे।

16 फरवरी से होंगी यूजी की सेमेस्टर परीक्षाएं

तैयारी

काशी विद्यापीठ प्रशासन की ओर से परीक्षा का नया शेड्यूल जारी

बनारस समेत चार जिलों के संबद्ध महाविद्यालयों के दो लाख विद्यार्थी लेंगे भाग

वाराणसी। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के वाराणसी और उससे संबद्ध पांच जिलों के महाविद्यालयों में यूजी के अलग-अलग पाठ्यक्रमों की सेमेस्टर परीक्षाएं अगले सप्ताह 16 फरवरी से कराने का निर्णय लिया गया है। ये परीक्षाएं फरवरी के पहले सप्ताह से ही होनी थीं लेकिन महाकुंभ में होने वाली भीड़ को देखते हुए इसको टाल दिया गया था। परीक्षा की नई तिथि तय करने के साथ ही उसकी संशोधित समय-सारिणी भी वेबसाइट पर जारी कर दी गई है।

दो लाख से अधिक विद्यार्थी होंगे परीक्षा में शामिल : वाराणसी के साथ ही चंदौली, भदोही, सोनभद्र, मिजार्पुर जिले में संबद्ध 228 कॉलेजों में यूजी में करीब दो लाख से अधिक विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। जनवरी महीने के अंतिम सप्ताह से महाकुंभ के पलट प्रवाह को लेकर काशी में श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ गई है। इस तरह की स्थिति विश्वविद्यालय से जुड़े पांच जिलों में भी देखने को मिल रही है।

विश्वविद्यालय की वेबसाइट से ले सकते हैं विस्तृत जानकारी : छात्रों को परीक्षा के दौरान किसी तरह की कोई असुविधा न हो, इसको लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन ने परीक्षा को टाल दिया था। परीक्षा नियंत्रक दीप्ति मिश्रा ने बताया कि अब तिथि तय करने के साथ ही पाठयक्रमवार समय-सारिणी जारी कर दी गई है। संबंधित कॉलेजों में परीक्षा संबंधी तैयारी कराई जा रही है। संबंधित परीक्षार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट से विस्तृत जानकारी ले सकते हैं।

ये है परीक्षा का शेड्यूल

बीए, बीएससी, बीकॉम प्रथम सेमेस्टर-20 फरवरी से 22 मार्च तक-सुबह 10 से 12 बजे तक।
बीए, बीएससी, बीकॉम तृतीय सेमेस्टर-16 से 19 फरवरी-सुबह 10 से 12 बजे तक।
बीए, बीएससी बीकॉम पांचवां सेमेस्टर-17 फरवरी से 11 मार्च तक-दोपहर एक से तीन बजे तक।
बीसीए तृतीय और पांचवां सेमेस्टर-17 फरवरी से 27 फरवरी-सुबह 10 से 12 बजे तक।
बीपीएड तृतीय सेमेस्टर-17 फरवरी से 24 फरवरी-दोपहर एक से चार बजे तक।
बीएड प्रथम और तृतीय सेमेस्टर-18 फरवरी से 28 फरवरी। दोपहर एक से चार बजे तक।
एलएलबी पांचवां सेमेस्टर 17 फरवरी से 28 फरवरी। दोपहर एक से शाम चार बजे तक।

स्वास्थ्य के प्रति किया गया जागरूक

अवेयरनेस

काशी विद्यापीठ के गंगापुर परिसर में स्वास्थ्य जागरूकता शिविर में शिक्षकों व कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण

वाराणसी। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के डा. विभूति नारायण सिंह परिसर, गंगापुर में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तत्वावधान में गुरुवार को स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गंगापुर के प्रभारी डाक्टर सतीश कुमार उपस्थित रहे। इस दौरान स्वामी विवेकानंद सभागार में एक संगोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें छात्रों, शिक्षकों एवं स्वयंसेवकों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं द्वीप प्रज्ज्वलन कर की गई। मुख्य अतिथि डा. सतीश ने डायबीटीज व ब्लडप्रेशर जैसे रोगों के बारे मे विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि सामान्य ब्लड प्रेशर 80/120 होता है, यदि उससे अधिक हो तो उसके शुरूआती लक्षण शरीर मे झंझनाहट और चिड़चिड़ापन के रूप में दिखाई देते हैं। उन्होंने बताया कि एक व्यक्ति को एक दिन में चार से पांच ग्राम तक ही नमक का सेवन करना चाहिए। इसके साथ ही व्यायाम और योगासन के महत्व तथा शरीर में लिपिड प्रोफाइल को व्यवस्थित करने और इन बीमारियों से बचने के उपाय भी बताए।

अध्यक्षता करते हुए परिसर प्रभारी डा. मनीष कुमार सिंह ने आगंतुक अतिथियों का स्वागत किया और धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम अधिकारी डा. रमेश मिश्रा, डा. राजेश कुमार, सुमित घोष और डा. बेबी चौरसिया के नेतृत्व में दिलीप सिंह लैब टेक्नीशियन एवं ज्योति मौर्य, स्टाफ नर्स के साथ मिलकर स्वयंसेवकों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस अवसर पर एनएसएस स्वयंसेवकों को उनके योगदान के लिए प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। मंच संचालन डाक्टर अविनाश कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम के समापन पर जनसंपर्क समन्वयक डा. पीएल विजय ने सभी अतिथियों, शिक्षकों और स्वयंसेवकों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

ग्राम प्रधान की शिकायत पर प्रधानाध्यापक निलंबित

रोहनिया। राजातालाब आराजी लाइन विकासखंड क्षेत्र के दीपापुर प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक संतोष सिंह को बेसिक शिक्षा अधिकारी ने निलंबित कर दिया। ग्राम प्रधान संतोष यादव ने प्रधानाध्यापक द्वारा 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर एक आपराधिक मुकदमा दर्ज व्यक्ति द्वारा विद्यालय परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहरवाने और उनसे हाथ मिलाने की शिकायत बेसिक शिक्षा अधिकारी अरविंद पाठक से की थी। ग्राम प्रधान संतोष यादव का कहना था कि जिस व्यक्ति को बुलाया गया था, वह ग्राम प्रधान पद का चुनाव लड़ा था और चुनाव हार गया था। उस पर आपराधिक मुकदमा दर्ज है। खंड शिक्षा अधिकारी शशिकांत श्रीवास्तव ने बताया कि शिकायत की जांच के बाद यह कार्यवाही बेसिक शिक्षा अधिकारी अरविंद पाठक के द्वारा की गई।

कार्यालय आदर्श नगर पंचायत चकिया, जनपद-चन्दौली

नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गॉधी पार्क के पास भू-तल पर 02 दुकानों एवमे मुसंफ कोर्ट (ब्लाक तिराहा) के पास 01 दुकान तथा प्रथम तल पर निर्मित कुल 08 की नीलामी की कार्यवाही खुली बोली के माध्यम से की जानी है। नीलमी में सम्मिति होने वाले इच्छुक व्यक्ति मु0 1000/-रुपये नकद नगर पंचायत कार्यालय में जमा कर आवेदन पत्र एवं शर्तनामा की प्रति कार्यालय अवधि में दिनांक 15.02.2025 से दिनांक 28.02.2025 तक प्राप्त किया जा सकता है। फार्म जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक 01.03.2025 तक निर्धारित है उक्त अवधि के बाद कोई भी आवेदन पत्र किसी भी दशा में स्वीकार नहीं होगा। नीलामी की कार्यवाही में भाग लेने वाले इच्छुक व्यक्ति मु0 100000/- (एक लाख रुपये) जमानत धनराशि का बैंक ड्राफ्ट/नकद आवेदन पत्र के साथ जमा करना अनिवार्य होगा। बिना जमानत धनराशि जमा किये किसी भी व्यक्ति को नीलामी में भाग लेने का अधिकार नहीं होगा। नीलामी के तहत दुकान पर बोली गई उच्चतम बोली की 50 प्रतिशत धनराशि तत्काल नगर पंचायत चकिया कोष में जमा करना होगा। जमानत की धनराशि अंतिम किश्त में समायोजित की जायेगी। नीलामी की समस्त कार्यावाही नगर पंचायत कार्यालय में सम्पन्न होगी। नीलामी कार्यवाही के उपरान्त प्राप्त उच्चतम बोली को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार अधिशासी अधिकारी/अध्यक्ष नगर पंचायत चकिया में निहित होगा। नीलामी कार्यवाही दिनांक 03.02.2025 को अपरान्ह 03 बजे प्रारम्भ होगी, नीलामी की जाने वाली दुकानों का विवरण निम्नवत है-

क्र0सं0	श्रेणी	दुकान नम्बर	दुकान का प्रिमियम धनराशि लाख में
गॉधी पार्क के पास की दुकानें-			
1	सामान्य वर्ग	भू-तल दुकान नं0 1	11 लाख
2	सामान्य वर्ग	भू-तल दुकान नं0 2	11 लाख
मुसंफ कोर्ट (ब्लाक तिराहा) के पास की दुकानें -			
1	सामान्य वर्ग	भू-तल दुकान नं0 6	12 लाख
2	अनुसूचित जाति	प्रथम तल दुकान नं0 9	9 लाख
		प्रथम तल दुकान नं0 12	12 लाख
3	पिछड़ा वर्ग	प्रथम तल दुकान नं0 10	12 लाख
		प्रथम तल दुकान नं0 13	12 लाख
4	सामन्य वर्ग	प्रथम तल दुकान नं0 11	12 लाख
		प्रथम तल दुकान नं0 14	09 लाख
		प्रथम तल दुकान नं0 15	12 लाख
		प्रथम तल दुकान नं0 16	12 लाख

(संतोष कुमार चौधरी)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत चकिया
जनपद-चन्दौली

(गौरव श्रीवास्तव)
अध्यक्ष
नगर पंचायत चकिया
जनपद-चन्दौली

पत्रांकः-251/अ0अ0/दुकान नीलामी/न0प0च0/2024-25 दिनांकः 13 फरवरी, 2025

डीएमके नेता दयानिधि मारन के संस्कृत विरोधी बयान की निंदा

नाराजगी

संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति ने संस्कृत की महत्ता पर दिया बल सरकार व लोस अध्यक्ष के संरक्षण के प्रयासों को सराहा

वाराणसी। संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बिहारी लाल शर्मा ने संसद में डीएमके नेता दयानिधि मारन द्वारा संस्कृत भाषा के विरुद्ध दिए गए घिनौने और अपमानजनक बयान की कड़ी भर्त्सना की है।

उन्होंने कहा कि संस्कृत भारत की ज्ञान-परंपरा की आत्मा है और इस भाषा का विरोध करना भारतीय संस्कृति, परंपरा एवं सभ्यता पर हमला करने के समान है।

कुलपति प्रो. शर्मा ने कहा कि संस्कृत न केवल भारत की प्राचीनतम भाषा है, बल्कि वैश्विक स्तर पर ज्ञान, विज्ञान, चिकित्सा, गणित, दर्शन, योग और साहित्य की आधारशिला रही है। संस्कृत को यूनेस्को सहित कई अंतरराष्ट्रीय संस्थानों ने सबसे वैज्ञानिक भाषा के रूप में मान्यता दी है। ऐसे में संसद में इस भाषा के विरुद्ध अनर्गल टिप्पणी करना भारतीय अस्मिता और सांस्कृतिक धरोहर का घोर अपमान है।

इस संदर्भ में प्रो. शर्मा ने संस्कृत भाषा के उत्थान और संरक्षण के लिए केंद्र सरकार तथा लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा किए जा रहे प्रयासों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार संस्कृत भाषा को नई शिक्षा नीति (एनइपी 2020) के अंतर्गत पुनर्जीवित करने और इसे मुख्यधारा में लाने के लिए ठोस कदम उठा रही है। लोकसभा अध्यक्ष द्वारा संसद में संस्कृत के प्रयोग को प्रोत्साहित करना, प्रश्न पूछने और उत्तर देने की अनुमति देना और संस्कृत के संवर्धन के लिए सकारात्मक वातावरण तैयार करना अत्यंत सराहनीय है। इससे न केवल भारत के प्राचीन ग्रंथों और शास्त्रों की प्रासंगिकता बनी रहेगी, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को भी संस्कृत अध्ययन के प्रति प्रेरणा मिलेगी।

प्रो. शर्मा ने स्पष्ट रूप से कहा कि संस्कृत विरोधी मानसिकता भारत विरोधी मानसिकता के समान है, क्योंकि यह भाषा भारत की आध्यात्मिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक उन्नति का प्रतीक रही है। उन्होंने कहा कि डीएमके नेता का यह बयान तुच्छ राजनीतिक लाभ के लिए भारतीय संस्कृति को कमजोर करने का प्रयास है, जिसे किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने विद्वानों, शिक्षकों, छात्रों और संस्कृत प्रेमियों से अपील की कि वे इस प्राचीन भाषा के प्रचार-प्रसार और अध्ययन-अध्यापन के लिए संगठित होकर कार्य करें।

ट्रेन के नीचे गिरा बीएसएफ जवान, मौत

काशीनाथ सिंह (फाइल फोटो)

बैरिया। पूरी श्रद्धा के साथ पत्नी एवं बेटे के साथ प्रयागराज में महाकुंभ स्नान करने जा रहे सीमा सुरक्षा बल के जवान क्षेत्र के करमानपुर गांव निवासी काशीनाथ सिंह (52) की ट्रेन से कटकर नागपुर रेलवे स्टेशन पर मौत हो गई। शव इस तरह क्षत-विक्षत हो चुका था कि सीमा सुरक्षा बल के अधिकारियों ने परिजनों की सहमति पर राजकीय सम्मान के साथ नागपुर में ही अंत्येष्टि कर दिया।

हादसा

राजकीय सम्मान के साथ नागपुर में कर दी गई अंत्येष्टि

उल्लेखनीय है कि करमानपुर गांव निवासी काशीनाथ सिंह 152 बटालियन कल्याणी पश्चिम बंगाल में हवलदार पद पर तैनात थे। उनके दोनों पुत्र नवनीत सिंह एवं अभिजीत सिंह इंजीनियर है। उनकी तैनाती कर्नाटक के बेंगलुरु में है। उनकी पत्नी पूर्णिमा सिंह अपने बेटों के साथ बेंगलुरु ही रहती थी। प्रयागराज में महाकुंभ स्नान करने के लिए काशीनाथ सिंह छुट्टी लेकर कल्याणी से बेंगलुरु पहुंचे। वहां से अपनी पत्नी पूर्णिमा सिंह और पुत्र नवनीत सिंह के साथ महाकुंभ स्नान करने के लिए प्रयागराज रवाना हुए। विगत 10 फरवरी को नागपुर में ट्रेन रुकने पर पति-पत्नी कुछ खाने के लिए प्लेटफार्म पर उतरे, तब तक अचानक ट्रेन खुल गई। किसी तरह काशीनाथ सिंह ने अपनी पत्नी को सुरक्षित ट्रेन पर चढ़ा दिया, किंतु अपने ट्रेन पर चढ़ने के प्रयास में फिसल कर गिर गए और प्लेटफार्म के नीचे चले गए। इससे उनकी मौत हो गई। इसकी सूचना उनके साथ सफर कर रहे पुत्र नवनीत सिंह ने बीएसएफ कार्यालय को दिया। बीएसएफ कल्याणी द्वारा नागपुर बीएसएफ कार्यालय से संपर्क कर उनके शव की अंत्येष्टि के लिए गांव भेजवाने का निर्देश दिया। जब बीएसएफ के जवान शव के लिए नागपुर रेलवे स्टेशन पर पहुंचे तो शव के चिथड़े उड़ चुके थे। उन्होंने उनके पुत्र से मशविरा किया। कहा कि शव ले जाने लायक नहीं है। अगर आप लोगों की सहमति हो तो यहीं अंत्येष्टि कर दी जाए। परिजनों की सहमति पर नागपुर में ही राजकीय सम्मान के साथ उनकी अंत्येष्टि करने के बाद उनके पुत्र नवनीत सिंह एवं पत्नी पूर्णिमा सिंह अस्थि कलश लेकर बुधवार की रात करमानपुर पहुंचे। इस घटना से गांव में कोहराम मचा है। वहीं, उनका दूसरा पुत्र अभिजीत सिंह भी बेंगलुरु से करमानपुर आ गया। काशीनाथ सिंह के अस्थि कलश को गंगा में विसर्जित करने के बाद करमानपुर में श्राद्ध संस्कार गुरुवार को शुरू हुआ है।

ट्रैक्टर ट्रॉली की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

बेल्थरारोड। उभांव थाना क्षेत्र के बेल्थरारोड-मधुबन राजमार्ग पर गुरुवार को ग्राम कुशहा भाड़ निवासी परशुराम यादव (65) की अज्ञात ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आने से घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना में मृत परशुराम यादव कुशहा भांड स्थित अपने घर से शिव मंदिर पर जा रहे थे कि घर के पास की पीच सड़क पर पीछे से आ रहे अज्ञात ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आ गये। इससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही घर में कोहराम मच गया।

आग से चार परिवारों का आशियाना जलकर राख

आग से जलकर राख हुआ घर गृहस्थी का सामान

सहतवार। स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम सभा बलेऊर के राजभर बस्ती में बुधवार की देर रात अज्ञात कारणों से लगी आग से चार परिवारों की 12 झोपड़ियां जलकर राख हो गई। वही, झोपड़ियों में रखा गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया।

जानकारी के अनुसार बलेऊर के राजभर बस्ती में प्रतिदिन की भांति बुधवार की रात्रि विजय कुमार राजभर का परिवार खाना खाकर सो गया था, तभी लगभग 12.30 बजे अज्ञात कारणों से उनकी झोपड़ी में आग लग गई। इसमें विजय कुमार राजभर की झोपड़ी में रखा चौकी, साइकिल, बकरी व गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया। अभी गांव के ग्रामीण विजय के घर आग बुझाने का प्रयास कर ही रहे थे कि देखते ही देखते राजकिशोर की चार झोपड़ियां, घूरन की चार झोपड़ियां एवं अजय की तीन झोपड़ियों को आग ने अपनी चपेट में ले लिया। आस-पास के लोगों ने किसी तरह से आग पर काबू पाया, तब तक उनका सारा सामान जल चुका था। वही, इस घटना से चारों परिवार खुले आसमान के नीचे जीवनयापन करने को मजबूर है। सूचना पर पहुंची सहतवार पुलिस एवं राजस्व विभाग की टीम जांच में जुट गई है। इधर, ग्राम प्रधान प्रेमप्रकाश राजभर एवं समाजसेवी सुनील कुमार सिंह ने अग्नि पीड़ितों को आर्थिक मदद दिया।

संक्षेप

भतीजे के साथ फरार हो गई चाची

बैरिया। मानवता को शर्मशार कर देने वाली घटना प्रकाश में आई है। इसे सुनकर लोग हैरान है। भतीजे के साथ चाची फरार हो गयी है। सास ने बैरिया थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। घटना बैरिया थाना क्षेत्र के एक गांव की है, जहां 24 वर्षीय विवाहिता अपने जेठ के बेटे के इश्क में पड़कर गांव से गुरुवार को दिनदहाड़े फरार हो गई। काफी खोजबीन करने के बाद जब विवाहिता के सास को पता चला कि उसकी बहू अपने जेठ के बेटे के साथ कहीं भाग गई है तो सास ने थाने पहुंचकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। उक्त विवाहिता एक बच्चे की मां है। बच्चे को भी विवाहिता अपने साथ लेती गई है। सास ने बताया कि मेरा बेटा दिल्ली में नौकरी करता है। मेरी बहू मेरे साथ गांव पर रहती थी। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

पूर्व प्रबंधक के निधन पर हुई शोक सभा

बैरिया। डॉ. लोहिया उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैरिया की पूर्व प्रबंधक शकुंतला देवी (70) का निधन बुधवार की देर शाम हृदय गति रुकने के कारण हो गया। वह कुछ दिनों से बीमार चल रही थी। उनके निधन की सूचना पर गुरुवार को डॉ. लोहिया उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैरिया में प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौबे की अध्यक्षता में शोक सभा का आयोजन किया गया। इसमें गतात्मा की शांति के लिए दो मिनट मौन रखकर प्रार्थना की गयी। तत्पश्चात विद्यालय को शोक में बंद कर दिया गया। इस अवसर पर दिनेश गुप्त, संत कुमार सिंह, नरेंद्र नाथ कुंवर, धीरज सिंह धाकड़, राममूर्ति सिंह, जगदीश सिंह, जयबहादुर सिंह, अविनाश सिंह, जयप्रकाश तिवारी आदि मौजूद रहे।

कल बलिया आयेंगे दीपंकर भट्टाचार्य

बलिया। भाकपा (माले) के राष्ट्रीय महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य 15 फरवरी, शनिवार को बलिया आ रहे है। वह जनपद के सिकन्दरपुर में 15-16 फरवरी को होने जा रहे भाकपा (माले) के 14वें राज्य सम्मेलन का बतौर मुख्य वक्ता उद्घाटन करेंगे। उनके साथ आरा, बिहार के सांसद सुदामा प्रसाद, विधायक सत्यदेव राम, अमरजीत कुशवाहा और अमरनाथ यादव के अलावा सीपीआई/सीपीएम के राज्य सचिव भी भाग लेंगे। इसकी जानकारी भाकपा (माले) नेता लक्ष्मण यादव ने दी है।

सामाजिक कार्यकर्ताओं ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

बैरिया। रसड़ा के सामाजिक कार्यकर्ता संजीव गिरी की लेखपालों द्वारा की गई पिटाई की द्वाबा के सामाजिक कार्यकर्ताओं ने घोर निंदा किया है। वही, जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन गुरुवार को उप जिलाधिकारी सुनील कुमार को सौंपकर तत्काल संबंधित लेखपालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के साथ ही उन्हें निलंबित करने की मांग की है। दुर्गविजय सिंह झलन, भोला सिंह, बबलू सिंह, अंशुमान सिंह आदि ने आरोप लगाया है कि बलिया जनपद के सभी तहसीलों में भ्रष्टाचार की गंगा बह रही है। रसड़ा तहसील में तो हद ही हो गया। भ्रष्टाचार का विरोध करने पर लेखपालों द्वारा हत्या की नियत से सामाजिक कार्यकर्ता पर हमला बोल दिया गया। चेताया है कि अगर इस मामले में त्वरित कार्यवाही नही हुई तो द्वाबा के सामाजिक कार्यकर्ता आन्दोलन करेंगें। वहीं, उप जिलाधिकारी ने उचित माध्यम से ज्ञापन को जिलाधिकारी तक भेजवाने का भरोसा दिया।

धूमधाम से मनाया गया स्थापना दिवस

बलिया। विश्वकर्मा सेवा संस्थान का आठवां स्थापना दिवस गुरुवार को टाउन हाल में धूमधाम से मनाया गया। इसके मुख्य अतिथि डिप्टी कमिश्नर इंडस्ट्रीज बलिया रविकुमार शर्मा एवं विशिष्ट अतिथि डा. विशाल शर्मा रहे। इस दौरान चंद्रशेखर विश्वकर्मा, दिवाकर शर्मा, आदर्श दीप शर्मा ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस अवसर पर छट्ठूलाल शर्मा, धूपनारायण शर्मा, डा. राजहंस शर्मा, रामकुंवर शर्मा, अखिलेश शर्मा, दीनदयाल शर्मा, डा. संदीप शर्मा, अशोक शर्मा, जनार्दन प्रसाद, ओमप्रकाश, गुप्तेश्वर शर्मा, संतोष शर्मा आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता हीरालाल शर्मा तथा संचालन अर्चना शर्मा ने किया।

प्रमुख की पुत्री की शादी में दिग्गजों का जमावड़ा

बेल्थरारोड। सीयर के ब्लॉक प्रमुख आलोक कुमार सिंह के संयोजन में उनकी पुत्री संयोगिता संग वेदान्त के शुभ विवाह पर लखनऊस्थित दयालबाग में बुधवार की शाम आयोजित मांगलिक कार्यक्रम में राजनैतिक दिग्गजों, फिल्मी दुनिया से जुड़े कलाकारों संग अन्य वीआईपी लोगों का जमावड़ा हुआ। इसमें उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, सपा सांसद रमाशंकर विद्यार्थी, पूर्व एमएलसी यशवंत सिंह, भोजपुरी फिल्म अभिनेता दिनेश लाल यादव निरहुआ, खेसारी लाल यादव, वाराणसी से बाबा कीनाराम आश्रम पीठाधीश्वर बाबा सिद्धार्थ गौतम आदि शामिल हुए। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। गायकों ने एक से बढ़कर एक मनोहरी कार्यक्रमों की प्रस्तुति कर तालियां बंटोरी। ब्लाक प्रमुख आलोक कुमार सिंह ने अपने सगे भ्राता अनूप कुमार सिंह संग आमंत्रित आगंतुकों का स्वागत करते हुए उनका आभार प्रकट किया। इस मौके पर पूर्व प्रधान धर्मजीत सिंह, मंटू सिंह, सुषमा शेखर आदि मौजूद रहे।

तहसील पर जारी रहा आगसा का धरना

बलिया। ऑल गोंडवाना स्टूडेन्ट्स एसोसिएशन (आगसा) के तत्वावधान में बलिया सदर मॉडल तहसील पर गोंड समुदाय का जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने की मांग को लेकर चल रहा अनिश्चितकालीन धरना गुरुवार को 18वें दिन भी जारी रहा। धरनारत लोगों ने कहा कि लेखपालों और तहसीलदारों द्वारा शासनादेश का अनुपालन न करना घोर अराजकता है। आजादी के पूर्व के भू-राजस्व अभिलेखों में गोंड अंकित है। बावजूद इसके गलत आख्या लगाकर गोंड की जाति बदलने की साजिश रची जा रही है। इस अवसर पर श्रीपति गोंड, बच्चा लाल गोंड, संजय गोंड, मनोज शाह, गोपाल जी, ओमप्रकाश गोंड, मनन गोंड, भरत गोंड, रघुनाथ प्रसाद, विक्रम गोंड, रितिक गोंड, सूरज गोंड, रामजी प्रसाद गोंड, शिवशंकर गोंड, अरविन्द गोंड, मुलायम प्रसाद, सूचित गोंड, लल्लन गोंड, मुन्ना गोंड, मैनेजर गोंड, रामनारायण गोंड, मुन्ना शाह आदि मौजूद रहे।

फसलों को बर्बाद कर रही नीलगाय

सहतवार। किसान सभा बलिया के जिलाध्यक्ष लक्ष्मण पांडेय ने देश-प्रदेश की डबल इंजन की सरकार पर हमला करते हुए बताया कि सहतवार क्षेत्र के उदहा, बिनहा, भोपतपुर, नैना, कुशौरी कला, सिंगही, बलेऊर, बघाव, कुशहर, अतरडरिया आदि गांवों में नीलगाय फसलों को बर्बाद कर रहे है। चुनावी वादों में किसानों की आमदनी दोगुनी करने वाली डबल इंजन की भाजपा सरकार में आवारा पशु किसानों की फसल नुकसान कर रहे है। कहा कि अगर नीलगाय इसी तरह किसानों की फसल बर्बाद करते रहे तो किसान भूखमरी के शिकार हो जायेंगे।

माल्देपुर में अंतिम चरण में पहुंचा कटानरोधी कार्य

बलिया। एनएच-31 को गंगा नदी के कटान से बचाने के लिए लगभग 15 करोड़ से कटानरोधी कार्य चल रहा है। इसमें बोल्डर के साथ ही पिचिंग का कार्य होगा। लगभग 15 करोड़ से माल्देपुर के सामने कटान रोकने के लिए 500 मीटर तक अवरोधक बनेगा। बोल्डर से तैयार हो रहे कटर का कार्य अब अंतिम चरण में चल रहा है। बाढ़ विभाग हर हाल में फरवरी माह में तैयार करने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य कर रहा है। एनएच-31 से गंगा नदी के मात्र आठ सौ मीटर पर आने के बाद बाढ़ विभाग ने कार्य योजना तैयार किया था। बोल्डर से तैयार कटरों के बीच में पिचिंग का कार्य शुरू हो गया है। अधिशासी अभियंता बाढ़ संजय कुमार मिश्रा ने बताया कि निर्धारित सीमा के अंदर कार्य को पूर्ण करा लिया जाएगा। कटर तैयार होने से गंगा नदी की धारा बदलने की पूरी उम्मीद है।

दहेजहत्या का आरोपी गिरफ्तार

बलिया। गड़वार पुलिस ने कुकुरहा में दहेज हत्या से संबंधित नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय चालान कर दिया। पुलिस के अनुसार बीते 12 फरवरी को थाना गड़वार अन्तर्गत ग्राम कुकरहा में जयलाल राजभर (पति) द्वारा दहेज को लेकर अपनी पत्नी सुनीता (30) को मारा-पीटा एवं प्रताड़ित किया जाता था। इससे उसकी पत्नी द्वारा जहर खां लेने से उसकी मौत हो गयी। वादिनी मुकदमा सीमा देवी पत्नी स्व. लल्लन राजभर निवासिनी ग्राम भदेसर, थाना मोहम्मदाबाद युसुफपुर, जनपद गाजीपुर की लिखित तहरीर पर मुकदमा दर्ज करते हुए पुलिस जांच पड़ताल में जुट गयी। गुरूवर को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गड़वार क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम चोगड़ा चट्टी नहर पुलिया के पास से अभियुक्त जयलाल राजभर पुत्र अलगू राजभर निवासी ग्राम कुकुरहा, थाना गड़वार को गिरफ्तार कर लिया।

भूमि विवाद को लेकर मारपीट, दो लोग घायल

बैरिया कोतवाली में पकड़े गये अभियुक्त

विवाद

12 लोगों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज

बैरिया। स्थानीय थाना क्षेत्र के चांदपुर गांव में गरूवार को भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर लाठी-डंडा एवं फरसा चला। इसमें दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। इस मामले में पुलिस ने 12 लोगों पर हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार बैरिया थाना क्षेत्र के चांदपुर में भूमि विवाद को लेकर दीपक दुबे एवं संजय कुमार दुबे के साथ सोनू गोड़, लक्ष्मण गोड़, सुरेश गोड़, मंटू गोड़, पन्नालाल गोड़, शिवजी गोड़, सूरज गोड़ सहित 12 लोगों ने उस समय मारपीट किया, जब वह अपने घर से रास्ता पकड़ कर कहीं जा रहे थे। बताया जाता है कि दोनों पक्षों में जमीन को लेकर काफी दिनों से विवाद चल रहा है। इससे खार खाये हमलावर रास्ते में घेरकर दीपक कुमार दुबे (30) पुत्र विजय दुबे एवं संजय दुबे (25) को लाठी-डंडा, हाकी, फरसा से मारकर घायल कर दिया। वहीं, बीच-बचाव करने गई उनकी बहन के साथ भी हमलावरों ने बदसलूकी किया। प्रभारी निरीक्षक बैरिया रामायण सिंह ने बताया कि सोनू गोड़, लक्ष्मण गोड़, सुरेश गोड़ एवं मंटू गोड़ को गिरफ्तार कर न्यायालय के सुपुर्द कर दिया गया है, जबकि शेष तीन नामजद एवं पांच अज्ञात की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। दीपक दुबे की तहरीर पर धारा 109, 118(1), 115(2), 352, 351(3), 33(3) व 74 बीएनएस का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

भाजपा सरकार में लूटा जा रहा पीडीए का हक

पीडीए चौपाल में मंचासीन विधायक मो. जियाउद्दीन रिजवी एवं अन्य

चौपाल में उपस्थित लोग

बोले मो. जियाउद्दीन रिजवी

दूसरे के काम को अपना बताकर वाहवाही लूट रहे पूर्व विधायक

सिकंदरपुर। सपा द्वारा चलाए जा रहे पीडीए जागरूकता जन चौपाल का आयोजन गुरुवार को सिवान कलां के गांधी स्थान पर किया गया। क्षेत्रीय विधायक मो. जियाउद्दीन रिजवी ने कहा कि भाजपा सरकार में पीडीए के हक को लूटा जा रहा है। पीडीए के लोगों को अपने हक को हासिल करने के लिए संघर्ष करना पड़ेगा। अन्यथा भाजपा सरकार बाबा साहब द्वारा बनाये गये संविधान को बदल देगी। अपना हक हासिल करने के लिए भाजपा सरकार को हर हाल में हटाना होगा। क्योंकि भाजपा मनुवाद को लागू करना चाहती है, ताकि वंचितों को फिर से गुलाम बनाया जा सके। इसलिए पीडीए के लोगों को सचेत होकर आगे बढ़ना होगा।

कहा कि सिकंदरपुर के पूर्व विधायक दूसरे द्वारा कराए गए काम को अपना बताकर वाहवाही लूट रहे है, जबकि मेरे प्रयास से पिछले साल घाघरा के कटान को रोकने के लिए जियो ट्यूब के माध्यम एक किलोमीटर का काम कराया गया। उसी समय से मेरे द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा था। मेरे अथक प्रयास से शासन द्वारा कटान रोकने के लिए अब लगभग 16 करोड़ की धनराशि स्वीकृत किया गया है। इसका श्रेय पूर्व विधायक लेना चाहते है। यह उनकी झूठी मानसिकता को दर्शाता है। मैने तो सिकंदरपुर विधानसभा में जननायक चंद्रशेखर स्पोर्ट्स कालेज, खरीद-दरौली घाट पर पीपा पुल, खरीद-दरौली घाट पर पक्का पुल, सिवान कलां में मंडी, अग्निशमन केंद्र, मालदह में पुलिस चौकी, गौरा मदनपुरा, पहराजपुर में बिजली का सब स्टेशन बनवाया।

नगर पंचायत सिकंदरपुर में मोबाइल ट्रांसफार्मर, डिवाइडर, सुलभ शौचालय बनवाया। करमौता एवं सिकंदरपुर के पावर स्टेशन की क्षमता को बढ़ाया। मेरे द्वारा कभी भी दूसरे प्रतिनिधि द्वारा कराए गए काम का श्रेय लेने का प्रयास नहीं किया गया। मेरा प्रयास रहता है कि क्षेत्र का चहुंमुखी विकास हो।

क्षेत्र में हमेशा भाईचारा बना रहे। मेरा प्रयास होता है कि मेरे पास जो भी आए, वह खाली हाथ न जाए। मै औरों की तरह दलाली नहीं लेता। मैं अपने कार्यकर्ताओं की हर प्रकार की मदद करता हूं।

पीडीए चौपाल में इनकी रही मौजूदगी

सिकंदरपुर। इस अवसर पर डा. मदन राय, विवेक सिंह, सत्येंद्र शर्मा, अनंत मिश्रा, शिवजी त्यागी, गुरुजलाल राजभर, शिवनारायण यादव, तारिक अजीज, धनंजय सिंह, बबलू सिंह, संजय यादव, संतोष यादव आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता लल्लन राम तथा संचालन दिग्विजय सिंह ने किया।

बार व बेंच की बैठक में नहीं बन पायी सहमति

तकरार

मुकदमों की पत्रावली वापस आने तक कार्य बहिष्कार जारी रखने का ऐलान

बैरिया। स्थानीय तहसील में बार एवं बेंच का तकरार कायम है। तहसील के विभिन्न न्यायालयों से गायब मुकदमों की पत्रावलियों एवं भ्रष्टाचार के खिलाफ अधिवक्ताओं का कार्य बहिष्कार गुरुवार को भी जारी रहा। पहले की बैठक में यह उम्मीद जताई गई थी कि 14 फरवरी से अधिवक्ता काम पर वापस लौट आएंगे, किंतु गुरुवार को हुई बैठक में सहमति नहीं बन पाई।

अब शनिवार को इस संदर्भ में बार और बेंच की बैठक होगी। उस बैठक के बाद निर्णय लिया जाएगा कि बहिष्कार जारी रहेगा अथवा समाप्त किया जाएगा। अधिवक्ता बसंत पांडेय, उमेश सिंह, विनय कुमार सिंह, अक्षयबर पांडेय आदि ने बैरिया तहसील के तहसीलदार न्यायालय एवं उप जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय के पेशकारों पर गंभीर आरोप लगाया है। साथ ही मुकदमों की पत्रावलियों के वापस लाने तथा भ्रष्टाचार की समस्या का समाधान होने तक कार्य बहिष्कार जारी रखने का निर्णय लिया है। फलस्वरुप अधिकारियों एवं आमजन को अधिवक्ताओं के कार्य बहिष्कार के चलते भारी असुविधा हो रही है। लोग परेशान है। वहीं, उप जिलाधिकारी सुनील कुमार ने बताया है कि शनिवार से न्यायिक कार्य का बहिष्कार समाप्त हो जाएगा। न्यायालय सामान्य ढंग से चलेंगे। इस संदर्भ में कतियय अधिवक्ताओं द्वारा हमें लिखित रूप से आश्वासन दिया गया है। मैं आशान्वित हूं कि शनिवार से न्यायालय का संचालन सामान्य ढंग से होगा।

चार युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

बांसडीह। स्कूल से पढ़कर घर लौट रहे छात्र को मारपीट कर घायल करने के मामले में पुलिस ने घायल छात्र के चाचा की तहरीर पर चार युवकों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। सुल्तानपुर निवासी दीपक पासवान ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनका भतीजा आर्यन अपने सहपाठी आशीष के साथ साइकिल से बांसडीह से स्कूल से पढ़कर घर लौट रहा था, तभी रास्ते में पुराने विवाद को लेकर देवडीह के पास घात लगाकर बैठे गांव के ही अभिषेक पासवान, अजीत साहनी, मुकेश चौहान एवं शैलेश पासवान ने उन्हें रोक लिया और गालियां देते हुए लाठी व राड से मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। शोर मचाने पर वहां जुटे लोगों से किसी तरह उन्हें बचाया। इसके बाद हमलावर भाग निकले। मामले में पुलिस ने सभी आरोपितों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस कार्रवाई में जुटी है।

स्ट्रांग रूम में मोबाइल के साथ प्रवेश वर्जित

बोले डीआईओएस

24 घंटे सीसीटीवी कैमरा चालू रखने का निर्देश

बलिया। परीक्षा केंद्रों पर प्रश्नपत्रों के पहुंचने से तीन दिन पहले प्रधानाचार्य कक्ष से अलग एक सुरक्षित कक्ष को स्ट्रांग रूम बनाने और 24 घंटे सीसीटीवी कैमरा चालू रखने का निर्देश डीआईओएस ने दिया है। बोर्ड परीक्षा की तैयारियों को लेकर बुधवार को जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र कुमार गुप्ता ने टाउन इंटर कालेज में रसड़ा, सिकंदरपुर और बेल्थरारोड तहसील के केंद्र व्यवस्थापकों संग बैठक की।

डीआईओएस ने कहा कि स्ट्रांग रूम की चाबी स्टेटिक मजिस्ट्रेट की देखरेख में रखी जाए। स्टेटिक मजिस्ट्रेट की अनुपस्थिति में स्ट्रांग रूम की चाबी वाह्य केंद्र व्यवस्थापक के पास सुरक्षित रखी जाए। इसका प्रयोग जिला विद्यालय निरीक्षक की अनुमति के बिना न की जाए। साथ ही प्रत्येक बार स्ट्रांग रूम को खोलने तथा सील किए जाने का विवरण लॉग बुक में दर्ज किया जाएगा। किसी भी अधिकारी-कर्मचारी को मोबाइल फोन के साथ स्ट्रांग रूम में प्रवेश वर्जित होगा। डीआईओएस ने केंद्र व्यवस्थापकों को उत्तर पुस्तिका, प्रश्नपत्र एवं प्रवेश पत्र वितरण के संबंध में जानकारी दी। प्रधानाचार्य अतुल कुमार ने कक्ष निरीक्षक उपस्थिति पंजिका, दिव्यांग परीक्षार्थी विवरण पंजिका, कक्ष निरीक्षक ड्यूटी पंजिका, प्रश्नपत्र पैकेट खोलने की पंजिका, प्रश्नपत्र वितरण पंजिका और उत्तर पुस्तिका, वितरण पंजिका के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर प्रफुल्ल कुमार एवं प्रमोद कुमार श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे। परीक्षा की तैयारियों को लेकर दूसरे दिन हुई बैठक में भी दो केंद्र व्यवस्थापक अनुपस्थिति रहे। जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र कुमार गुप्ता ने कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। साथ ही कहा है कि संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर संबंधितों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी। बैठक में सिद्धिकियां इंटर कालेज कोटवारी और रामजन्म उमा विद्यालय देवरिया खारी के केंद्राध्यक्ष अनुपस्थित रहे।

163 केंद्रों पर होगी बोर्ड परीक्षा

बलिया। माध्यमिक शिक्षा परिषद की परीक्षाएं 24 फरवरी से शुरू हो रही हैं। जिला प्रशासन ने यूपी बोर्ड परीक्षा को नकल विहीन कराने के लिए कमर कस ली है। जिले में हाईस्कूल एवं इंटर के परीक्षार्थियों की संख्या 126757 है। 163 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा होगी। चार लाख से अधिक उत्तर पुस्तिकाएं जिले को मिल चुकी हैं। इनका वितरण 14 फरवरी से किया जाएगा। प्रश्नपत्रों का वितरण 20 फरवरी से किया जाएगा। नाइट विजन कैमरे की निगरानी में सभी उत्तर पुस्तिकाओं को रखा गया है।

ट्रेनें फुल, होली पर घर कैसे आयेंगे परदेसी

कठिनाई

200 से ऊपर पहुंचा लंबी दूरी की ट्रेनों में आरक्षण का वेटिंग

बैरिया। हिन्दूओं के लिए होली खास पर्व है। हर कोई अपने घर पहुंच कर परिवार के बीच होली पर्व मनाना चाहता है। लेकिन इस बार होली पर परदेसियों का घर आना मुश्किल होगा। क्योंकि होली के एक महीने पहले ही अधिकांश लंबी दूरी की ट्रेनों में आरक्षण का वेटिंग दो सौ से ऊपर पहुंच गया है। ऐसे में कितने लोग तत्काल टिकट लेकर गांव आ सकेंगे? यह समय बताएगा। क्योंकि तत्काल टिकट लेने में काफी कठिनाई होगी।

बता दे कि इस बार 14 मार्च को होली है। मुंबई से आने वाली पवन एक्सप्रेस में स्लीपर कोच हो या एसी कोच सभी में वेटिंग 200 से ऊपर है।

गुजरात से आने वाली साबरमती एक्सप्रेस में एसी थर्ड में 100 से ऊपर वेटिंग चल रहा है, जबकि स्लीपर में वेटिंग 200 से ऊपर हो गया है। पंजाब से आने वाली सरयू यमुना एक्सप्रेस में भी स्लीपर कोच का आरक्षण फूल है और वेटिंग दौ सौ है। एसी थर्ड एवं सेकंड में भी वेटिंग 100 से ऊपर चल रहा है। सूरत से आने वाली डाउन ताप्ती गंगा एक्सप्रेस में स्लीपर में वेटिंग 125 से ऊपर चल रहा है, जबकि थर्ड एसी में भी वेटिंग 35 से ऊपर चल रहा है। मुंबई से आने वाली कामायनी एक्सप्रेस, दिल्ली से आने वाली स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एक्सप्रेस एवं दिल्ली से आने वाली डाउन भृगु एक्सप्रेस में भी आरक्षण की स्थिति ठीक नहीं है। सभी ट्रेनों में स्लीपर कोच में दौ सौ के ऊपर वेटिंग चल रहा है। अप सियालदह एक्सप्रेस जो सियालदह से चलकर बलिया आती है, उसमें भी स्लीपर में वेटिंग 125 से ऊपर व सेकंड एवं थर्ड में वेटिंग 55 से ऊपर चल रहा है। ऐसे में परदेसी कैसे अपने घर आएंगे?

> दो-चार दिनों में अधिकांश ट्रेनों में वेटिंग नो रूम हो जाने की संभावना है। ऐसे में होली के नजदीक आने के पूर्व ही लोगों को टिकट ले लेना चाहिए। वहीं, होली के अवसर पर रेलवे द्वारा स्पेशल ट्रेनों का भी परिचालन किया जायेगा।
>
> **पंकज कुमार सिंह, वाणिज्य अधीक्षक**

एमए अंसारी के क्रांतिकारी जीवन पर हुई चर्चा

बलिया। नगर स्थित सुभावती देवी इंटर कालेज में माकपा द्वारा मार्क्सवादी नेता एमए अंसारी की तीसरी पुण्यतिथि पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण किया। तत्पश्चात उनके क्रांतिकारी जीवन एवं कृतियों पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा की इस देश में एक ऐसी सरकार शासन कर रही है, जो आरएसएस का एक मुखौटा मात्र है। यह सरकार आपसी भाईचारा तथा बंधुत्व को खंडित करने का काम कर रही है। आये दिन संविधान का अपमान किया जा रहा है। इस अवसर पर राजेंद्र राम, परमात्मानंद राय, रामकृष्ण यादव, प्रेमनाथ राय, सुक्खू चौहान, रामजियावन यादव, पंचमी, रामकुंवर, अनूप,, बैजनाथ गुप्ता, रामबदन प्रजापति, राजेंद्र वर्मा आदि उपस्थित रहे। अध्यक्षता कृष्णदेव सिंह तथा संचालन फुलेश्वर वर्मा ने किया।

महिलाओं की आरती उतारकर की पुष्प वर्षा

महिलाओं का पैर धोते तेजबहादुर रावत

बांसडीह। राष्ट्रीय महिला दिवस पर मजदूर यूनियन महासंघ तथा मजदूर महिला शक्ति के प्रदेश अध्यक्ष तेजबहादुर रावत के नेतृत्व में बांसडीह नगर पंचायत में महिलाओं का सम्मान किया गया। इस दौरान महिलाओं के पैर धोने के साथ ही उनकी आरती उतार कर पुष्प वर्षा किया गया।

भाजपा नेता प्रतुल कुमार ओझा ने कहा कि वर्तमान में महिलाएं पुरुषों से दो कदम आगे है। अंतरिक्ष से लेकर धरती तक महिलाओं ने अपनी कार्यक्षमता का लोहा मनवाया है। मजदूर यूनियन महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष तेजबहादुर रावत ने कहा कि राष्ट्रीय महिला दिवस पर संगठन द्वारा महिलाओं का सम्मान किया गया। इनके पैर पखारने के साथ ही उनकी आरती उतारी गई और उन पर पुष्प वर्षा की गई। श्री रावत ने कहा कि संगठन द्वारा महिलाओं को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के प्रति जागरूक किया जायेगा। इस अवसर पर पार्वती देवी, रूनी देवी, तेतरी देवी, सोना देवी, सुशीला देवी, अजीत चौरसिया, विजयशंकर गुप्ता, आशा देवी, अविनाश रावत आदि उपस्थित रहे।

ग्राम पंचायतों से एकत्रित प्लास्टिक का वैज्ञानिक ढंग से करें निस्तारण : डीएम

बैठक

जिला स्वच्छ भारत मिशन मैनेजमेंट कमेटी की बैठक संपन्न

मऊ। जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र की अध्यक्षता में गुरूवार को जिला स्वच्छ भारत मिशन मैनेजमेंट कमेटी की बैठक कैंप कार्यालय स्थित सभागार में संपन्न हुई। व्यक्तिगत शौचालय निर्माण की समीक्षा के दौरान एडीपीआरओ ने बताया कि जनपद हेतु कुल 14649 व्यक्तिगत शौचालय के निर्माण का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसमें 14536 प्रकरण में प्रथम किस्त का निर्गत किया गया है। शेष में प्रथम किस्त निर्गत की कार्यवाही की जा रही है। इसके अलावा अभी भी प्राप्त आवेदनों में से 15388 आवेदन सत्यापन हेतु अवशेष हैं। जिलाधिकारी ने समस्त खंड विकास अधिकारियों को सत्यापन हेतु अवशेष आवेदनों का शीघ्र सत्यापन कराने के निर्देश दिए। ओडीएफ प्लस ग्रामों में आरआरसी निर्माण की भौतिक प्रगति की समीक्षा के दौरान जिला अधिकारी ने जिन ब्लॉकों में आरआरसी निर्माण हेतु जमीन उपलब्ध नहीं है,उन खंड विकास अधिकारियों को उप जिला अधिकारियों से संपर्क कर शीघ्र जमीन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। गोबर धन परियोजना के तहत पावर जेनरेशन बायोगैस प्लांट का निर्माण ग्राम पंचायत रणवीरपुर में किया गया है। जिलाधिकारी ने इसके हस्तांतरण हेतु टेक्निकल टीम से जांच करा कर शीघ्र ही स्थानांतरण की प्रक्रिया पूर्ण करने के लिए निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने समस्त खंड विकास अधिकारियों को नियमित रूप से गौशालाओं का निरीक्षण करने तथा शासन की मंशा के अनुरूप गौशालाओं में समुचित व्यवस्था करने को कहा। प्लास्टिक संग्रह स्थल की स्थापना एवं उनका संचालन ग्राम पंचायत काझा विकासखंड रानीपुर तथा ग्राम पंचायत सिद्धा अहिलासपुर विकासखंड फतेहपुर मंडाव में किया जा रहा है। इन स्थानों पर विभिन्न विकासखंडों के ग्राम पंचायत से प्लास्टिक संग्रह कर उसके निस्तारण की व्यवस्था की गई है। जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत से एकत्रित प्लास्टिक का वैज्ञानिक ढंग से निस्तारण करने को कहा। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी प्रशांत नागर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर राहुल सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी अजीत सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार उपाध्याय सहित समस्त खंड विकास अधिकारी, एडीओ पंचायत तथा ग्राम पंचायत रणबीरपुर एवं सिद्धा अहिलासपुर के ग्राम प्रधान भी उपस्थित रहे।

राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ जिलाधिकारी ने ईवीएम, वीवीपैट वेयरहाउस का किया वाह्य निरीक्षण

निरीक्षण

निर्वाचन आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

मऊ। मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देश के क्रम में गुरूवार को जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला अधिकारी प्रवीण मिश्र ने ईवीएम/वीवीपैट वेयरहाउस का राजनीतिक दलों की प्रतिनिधियों की उपस्थिति में वाह्य निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने वेयरहाउस के चारों तरफ लगाए गए सीसीटीवी कैमरो की सक्रियता, कंट्रोल रूम, कक्षवार विद्युत आपूर्ति, खिड़कियों एवं रोशनदानों को सुरक्षित रखने के उपायो सहित अन्य बिंदुओं का निरीक्षण किया। उन्होंने वेयरहाउस के बाहर लगाए गए सीसीटीवी कैमरो के माध्यम से वाह्य सुरक्षा व्यवस्था की अनवरत निगरानी करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ईवीएम/वीवीपैट वेयरहाउस की सुरक्षा के दृष्टिगत निर्वाचन आयोग के दिशा निदेर्शों का अनुपालन सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान ही उन्होंने सुरक्षा गाड्र्स की शिफ्ट वार तैनाती सहित वेयरहाउस की अन्य सुरक्षा व्यवस्था का भी निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान अपर जिला अधिकारी सत्यप्रिय सिंह, रामकरन यादव, रामधनी चैहान, राहुल निषाद, उमेश चंद्र, वीरेंद्र कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

संक्षेप

फ्रॉड की गयी कुल धनराशि 50 हजार रुपये कराया वापस

मऊ। साइबर अपराध के माध्यम से आंनलाइन ठगी गयी धरनाशि वापस दिलाने व साइबर अपराध पर प्रभावी कार्यवाही के परिप्रेक्ष्य में थाना सरायलखन्सी जनपद मऊ की साइबर टीम द्वारा सार्थक प्रयास करते हुए यूपीआई के माध्यम से जमीन दिलाने के नाम पर भेजे गये, पीडित ज्ञानचन्द्र कनौजिया पुत्र स्व. जगधारी कनौजिया निवासी सुन्दर नगर कॉलोनी ख्वाजाजहापुर थाना सरायलखन्सी जनपद मऊ के कुल 50 हजार रुपये की धनराशि अथक परिश्रम कर उनके खाते में वापस कराया गया। आवेदक द्वारा उच्चाधिकारियों व थाना सरायलखन्सी के अधिकारी/कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। साइबर अपराध किसी के साथ और किसी भी प्रकार से घटित हो सकता है। बस जागरुक रहकर ही साइबर से बचा जा सकता है। बरामदकर्ता टीम में प्रभारी निरीक्षक शैलेश सिंह, निरीक्षक अपराध हरेन्द्र सिंह, उनि नयन कुमार बर्नवाल, काआ आशीष द्विवेदी, मआ शिखा तिवारी थाना सरायलखंसी जनपद मऊ षामिल रही।

दोहरे हत्याकाण्ड में पुलिस को मिली सफलता, एक और अभियुक्ता गिरफ्तार

सिकंदरपुर। पुलिस अधीक्षक बलिया ओमवीर सिंह के कुशल निर्देशन के क्रम में क्षेत्राधिकारी सिकन्दरपुर गौरव कुमार शर्मा के कुशल नेतृत्व में सिकन्दरपुर पुलिस को एक सफलता मिली है। सिकंदरपुर क्षेत्र के खरीद गांव मे हुए दोहरे हत्याकाण्ड के उपरान्त थाना सिकन्दरपुर जनपद बलिया पर पंजीकृत मु0अ0सं0 36/2025 धारा 103(1), 191(2), 191(3), 190, 109, 115(2), 352, 351(2), 333, 3(5), 61(2) बी0एन0एस0 व 3/25 आर्म्स एक्ट से संबन्धित एक नफर वांछित अभियुक्ता को गिरफ्तार किया गया है। उल्लेखनीय है कि 13 फरवरी 2025 को थाना सिकन्दरपुर प्रभारी निरीक्षक विकास चन्द पाण्डेय मय पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 36/2025 धारा 103(1), 191(2), 191(3), 190, 109, 115(2), 352,351(2), 333, 3(5),61(2) बी0एन0एस0 से सम्बन्धित वांछित अभियुक्ता मीना देवी पत्नी रामजीत यादव निवासिनी ग्राम खरीद थाना सिकन्दरपुर जनपद बलिया उम्र 52 वर्ष निवासी ग्राम खरीद थाना सिकन्दरपुर जनपद बलिया को मुखवीर की सूचना पर ग्राम खरीद थाना सिकन्दरपुर जनपद बलिया को दिनांक 13.02.2025 को समय 08:05 बजे गिरफ्तार किया गया व विधिक कार्यवाही करते हुये अभियुक्ता उपरोक्त को न्यायालय बलिया भेजा गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्र. नि. विकास चन्द पाण्डेय, प्रशिक्षु म0 उ0 नि0 मधु शर्मा, हे0 का0 राकेश यादव, का. अंकित यादव मौजूद रहे।

सड़क दुघर्टना में भाजपा नेता घायल

बेल्थरा रोड। उभांव थाना क्षेत्र के नगरा-चौकिया सड़क मार्ग पर गुरुवार की शाम लगभग साढे 5 बजे अवायां गांव के समीप दो बाइक की टक्कर में भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रमोद सिंह गम्भीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें लोगों द्वारा इलाज के लिए सीएचसी सीयर पहुँचाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पलिया गांव निवासी भाजपा नेता प्रमोद सिंह अपनी बाइक से जा रहे थे। इसी बीच एक और बाइक सवार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दिया, जिससे प्रमोद सिंह बाइक सहित सड़क पर दूर जा गिरे और गम्भीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें लोगों द्वारा आनन-फानन में इलाज के लिए सीएचसी सीयर पहुँचाया गया। जिनके आँख तथा चेहरे पर गम्भीर चोट है।

जनसमस्या से जुड़ी मांगों को लेकर केंद्रीय सड़क व परिवहन मंत्री से मिले घोसी सांसद

मऊ। घोसी सांसद राजीव राय इन दिनों घोसी लोकसभा के विकास कार्यों को लेकर काफी सक्रिय हैं। इसी क्रम में गुरूवार को सांसद राजीव राय ने केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की। सांसद राजीव राय ने सड़क एवं परिवहन मंत्री को संबोधित पत्र में मऊ बलिया मार्ग को फोर लेन करने तथा मऊ से होकर गुजरने वाले पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर चढ़ने उतरने के लिए मऊ में सम्पर्क मार्ग बनाने की मांग की। घोसी सांसद राजीव राय ने सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को संबोधित पत्र में कहा कि हमारे लोकसभा क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 128बी मऊ बलिया रोड पर बक्सर में पुल बनने से व्यावसायिक ट्रैफिक बहुत बढ़ गया है। इसके कारण आए दिन राजमार्ग संख्या 128बी पर एक्सीडेंट काफी बढ़ गए हैं व ज्यादातर जाम बना रहता है। इससे लोगों को भारी समस्या हो रही है, यदि यह राजमार्ग फोर लेन हो जाए तो लोगों को जाम से मुक्ति मिलेगी और एक्सीडेंट भी कम होंगे तथा क्षेत्र के विकास के लिए भी यह अति आवश्यक है। इसके साथ ही घोसी सांसद ने मांग किया कि जनपद मऊ के लोगों को पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर चढ़ने या उतरने के लिए गाजीपुर या आजमगढ़ जनपदों में बने कट पर जाकर उतरना या चढ़ना पड़ता है, क्योंकि जनपद मऊ में चढ़ने उतरने के लिए कोई सम्पर्क मार्ग नहीं है। जिससे जनपद के लोगों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इसलिए जनपद वासियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए घोसी सांसद द्वारा सड़क एवं परिवहन मंत्री से पूर्वांचल एक्सप्रेसवे को जोड़ने के लिए मऊ एक संपर्क मार्ग बनाने की मांग की गई।

संजीव गिरि का आमरण अनशन तीसरे दिन भी रहा जारी

मांग पर अड़े

दो पूर्व विधायक व उप जिलाधिकारी पहुंचे आमरण अनशन स्थल पर

रसड़ा। तहसील मुख्यालय पर विधवा महिला के मदद के लिए सामाजिक कार्यकर्ता सारथी एएनजीओ संस्थापक संजीव गिरि द्वारा गुरुवार के तीसरे दिन भी तहसील मुख्यालय पर आमरण अनशन जारी रहा। मौके पर पहुंचे बैरिया के पूर्व विधायक सुरेंद्र सिंह, पूर्व विधायक राम इकबाल सिंह, उप जिलाधिकारी संजय कुमार कुशवाहा आमरण अनशन पर पहुंचे, लेकिन संजीव गिरि द्वारा लेखपालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर निलंबित किये जाने की मांग पर अड़े रहे। कोतवाली पुलिस द्वारा चार नामजद छह अज्ञात लेखपालों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया, लेकिन लेखपाल मनीष कुमार गौतम की तरफ से सामाजिक कार्यकर्ता संजीव गिरि सहित चार पांच युवकों पर कोतवाली पुलिस ने सरकारी कार्य में बाधा डालने सरकारी अभिलेखों को लेकर फाड़ना एससी, एसटी का मुकदमा दर्ज कर दिया गया। कार्यकताओं ने चार सूत्री मांग लेकर उन्होंने अधिकारियों के समक्ष रखा। पहले दोषी लेखपाल लाल साहब प्रजापति एवं अन्य संलिप्त लेखापालों के खिलाफ अनैतिक कार्यों में लिप्त सभी कर्मियों को तुरंत बर्खास्त किया जाये, विधवा महिला सीमा सिंह जब तक बर्खास्त न किए जाने को लेकर तहसील मुख्यालय पर धरना पर बैठा। बताते चले की नगरा थाना क्षेत्र के ताड़ी बड़ा गांव निवासी सीमा सिंह पत्नी स्व. रविंद्र सिंह कुछ दिन पहले दुर्घटना में मौत हो गई। कृषि दुर्घटना बीमा के लिए पीड़ित महिला को पैसे के लिए लेखपाल लाल साहब प्रजापति बराबर दौड़ते रहे और विगत पांच महीने से दस हजार रुपए की डिमांड कर रहा था। पीड़ित महिला द्वारा न दिए जाने पर काम को लटकाए रखा। एक सामाजिक कार्यकर्ता होने के नाते जब आज मेरे द्वारा जब उससे इस प्रकरण पर उससे पूछा गया तो वो गोलबंदी करके मेरे ऊपर थप्पड़ उठाया। इस प्रकरण में मैं अभी रसड़ा तहसील पर धरने पर बैठने जा रहा हूं और जब तक इस भ्रष्ट लेखपाल पर कार्यवाही और आवेदक का बीमा नहीं मिल जाता मैं बैठा रहूंगा...सभी सामाजिक लोग इस लेखपालों की भ्रष्टाचार की लड़ाई में मेरा साथ दें। संजीव गिरी द्वारा मंगलवार के दिन से गुरुवार तक बिना अन्य जल ग्रहण किया धरने पर बैठे हैं। मौक पर सैंकड़ों सामाजिक कार्यकर्ता एवं अधिवक्ता गण शाम तक मौजूद रहे जैसे ही सूचना मिली अन्य सामाजिक कार्यकर्ता धरना स्थल पर कार्यकर्ता पहुंचने लगे समाचार लिखने तक तहसील मुख्यालय पर धरना पर डटे रहे। मौके पर पहुंचे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टरों ने सामाजिक कार्यकर्ता संजीव गिरि की हालत गंभीर बताया। उनके पेशाब से खून, बीपी लो हो गया, शुगर भी लो था। एसडीएम, पूर्व विधायकों ने संजीव गिरि को काफी समझाया, लेकिन वह अपने मांग पर अड़े रहे। मौके पर मौजूद ग्रामीणों द्वारा यह कहा जा रहा था लाल साहब प्रजापति ऐसे लेखपाल हैं जो इनके पिता की मृत्यु आश्रित पद पर उनकी नियुक्ति की गई थीं लेकिन उनकी नियुक्ति के बाद जिस गांव में लेखपाल रहे हैं सभा छितौनी, मंदा, पड़री, परशुरामपुर, चचया, कोटिया, बैरही, खरहरी, ताड़ी बड़ा गांव, खेमपुर दर्जनों गांव में लेखपाल रहे हैं, लेकिन बराबर विवादों की घेरे में रहे आम जनता ने रसड़ा तहसील मुख्यालय पर विजिलेंस टीम की मांग की है।

सरयू नदी के किनारे मिला बुजुर्ग का शव, नहीं हुई शिनाख्त

दोहरीघाट (मऊ)। थाना क्षेत्र के पतनई बुजुर्ग गांव के सामने सरयू नदी किनारे गुरुवार को 50 साल के अधेड़ का शव मिला। सूचना मिलते ही पुलिस ने छानबीन की, लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। गुरुवार को पतनई बुजुर्ग गांव के ग्रामीण सरयू नदी की तरफ गए तो किनारे पर शव पड़ा हुआ देखा। देखते ही देखते मौके पर भारी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। वहीं शव मिलने की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गए और शव को कब्जे में ले लिया। मौके पर घण्टो शव की शिनाख्त की गई लेकिन पहचान नहीं हो सकी। जिसके बाद शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष प्रमेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि बुजुर्ग की देखने से उम्र करीब 50 वर्ष लग रही है। उसका रंग हल्का सांवला है। आसपास के लोगों से शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया गया लेकिन शिनाख्त नहीं हो पाई, जिसके चलते शव को शिनाख्त के लिए मोर्चरी में रखवा दिया गया है।

कार्यालय नगर पंचायत मधुबन, जनपद-मऊ

पत्रांकः 302/न0पं0मधुबन/2024-25 दिनांकः 13.02.2025

ई-निविदा सूचना

नगर पंचायत मधुबन, जनपद-मऊ के वित्तीय वर्ष 2024-25 में समस्त पंजीकृत एवं शासनादेश सं0-3890/नौ-19-149/2019 लखनऊ दिनांक 20 सितम्बर, 2019 के अनुसार इच्छुक/ठेकेदारों/फर्मों को सूचित किया जाता है कि वन्दन योजना/नगरीय झील/तालाब/पोखरण संरक्षण योजना/सीवरेज एवं जल निकासी योजना/पेयजल हेतु व्यवस्था योजना/पं0 दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से निर्माण/विकास कार्यो हेतु ई- निविदा आमंत्रित की जाती है।

1	वेबसाईट पर ई-निविदा प्रकाशन की तिथि व समय	14.02.2025	01:00 P.M.
2	ई-निविदा डाउनलोड की प्रारम्भ तिथि/समय	14.02.2025	01:00 P.M.
3	ई-निविदा अपलोड की प्रारम्भ तिथि/ समय	14.02.2025	01:00 P.M.
4	ई-निविदा अपलोड की अंतिम तिथि/ समय	07.03.2025	02:00 P.M.
5	ई-निविदा खोली जाने की तिथि/ समय	08.03.2025	12:00 P.M.

ई-निविदाओं के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर ऑनलाइन के माध्यम से की जा सकती है।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत मधुबन
जनपद-मऊ

अध्यक्ष
नगर पंचायत मधुबन
जनपद-मऊ

संक्षेप

जेईई मेंस में पिनैकल टेक्नो स्कूल का शानदार परिणाम

बलिया। पिनैकल टेक्नो स्कूल के छात्रों ने जेईई मेंस-2025 जनवरी अटेंप्ट परीक्षा में अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। भृगुआश्रम स्थित पिनैकल टेक्नो स्कूल के छात्रों ने संयुक्त प्रवेश परीक्षा जेईई मेंस में सफलता अर्जित की है। मंगलवार को संयुक्त प्रवेश परीक्षा जेईई मेंस का परिणाम घोषित होने के बाद स्कूल के छात्र खुशी से झूम उठे। परीक्षा परिणाम में पिनैकल टेक्नो स्कूल के रेहान, शिवम चौबे, हर्षवर्धन ने बाजी मारी है। मेधावी छात्रों को निदेशक प्रवीण पाण्डेय और गीतेश पाण्डेय ने सम्मानित किया। प्रधानाचार्या प्रियंका पाण्डेय ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की। कृष्ण मोहन और आनंद ने बच्चों को मिठाई खिलाकर आगामी एक्जाम के लिए शुभकामनाएं दी। स्कूल में बच्चों के माता-पिता को भी मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया। बातचीत के दौरान बच्चों ने बताया कि आगे बोर्ड का एग्जाम देने के बाद जेईई मेंस अप्रैल अटेम्प्ट के लिए तैयारी करेंगे तथा साथ में जेईई एडवांस की भी तैयारी करेंगे।

16 को होगी दोपहिया वाहनों की नीलामी

रतसर। गड़वार थाना परिसर में आगामी 16 फरवरी को दोपहर 12 बजे से लावारिस दोपहिया वाहनों की नीलामी की जाएगी। प्रभारी निरीक्षक मूलचंद चौरसिया ने बताया कि थाना परिसर में उप जिलाधिकारी सदर, क्षेत्राधिकारी नगर एवं अन्य संबन्धित अधिकारियों की उपस्थिति में लावारिस दोपहिया वाहनों की नीलामी की जाएगी। इस नीलामी में आमजन से कोई भी व्यक्ति प्रतिभाग कर सकता है। उन्होंने लोगों से अधिकाधिक संख्या में नीलामी की प्रक्रिया में प्रतिभाग करने की अपील की है।

दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

बलिया। गड़वार पुलिस ने दुष्कर्म करने वाले एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पाक्सो एक्ट सें सम्बन्धित नामजद अभियुक्त मंजीत पुत्र जवाहिर राजभर निवासी ग्राम सिंहाचवर कला, थाना गड़वार को थाना गड़वार क्षेत्र अन्तर्गत चिलकहर तिराहा के पास से धर दबोचा।

संत रविदास के आदर्शों को जीवन में उतारें: अवलेश सिंह

बलिया। फेफना विधानसभा के विभिन्न जगहों पर महान संत, समाज सुधारक एवं कवि संत शिरोमणि रविदास जयंती पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अवलेश सिंह ने श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि संत रविदास अपने विचारों से समाज में जाति-पाति के भेदभाव को मिटाने और मानवता का संदेश देने का कार्य किये। उनके उपदेश हमें प्रेम, समानता और भाईचारे का मार्ग दिखाते हैं। आइए हम उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारें। उन्होंने कहा कि संत रविदास केवल एक समाज के नही, अपितु सभी समाज के लोगों के लिए प्रेरणास्त्रोत थे।

छपरा की टीम ने जीता उद्घाटन मैच

मझौवां। श्री गांजाहवा बाबा शार्ट बाउंड्री क्रिकेट प्रतियोगिता संस्करण तीन के तहत दया छपरा पुराना बाजार के ग्राउंड में क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। छपरा की टीम ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। छपरा की टीम ने 12 ओवर में 79 रन बनाया। इधर, बलिया टीम के सभी खिलाड़ी 58 रन पर ही आउट हो गये। इस तरह से छपरा की टीम ने 21 रन से उद्घाटन मैच जीत लिया। इसके पूर्व मैच का शुभारंभ मुख्य अतिथि पीजी कालेज दुबे छपरा के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र पांडेय पिंटू एवं समाजसेवी अमर गुप्ता ने फीता काटकर किया। धर्मेन्द्र पासवान एवं अजीत वर्मा ने एम्पायर की भूमिका निभायी। इस अवसर पर अमर पासवान, रमेश पासवान, किशन पासवान, गुड्डू पासवान, राजेश प्रसाद उर्फ गुड्डू, बबलू भारती, मिथिलेश पासवान, अंजू दुबे, राजू टेलर, पंकज रजक, राहुल खरवार, अजय पासवान, आकाश पासवान, रोहित सिंह उर्फ छोटू आदि मौजूद रहे।

कार्यालय आदर्श नगर पंचायत सहतवार (बलिया)

पत्रांक संख्या-2076/न0पं0स0/2024-25 दिनांक 10.02.2025

सार्वजनिक सूचना/आपत्ति आमन्त्रण

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उ0 प्र0 शासन, नगर विकास विभाग अनुभाग-9, संख्या 1148/नौ-9-2024-85ज/05 टी0सी0-1 दिनांक 04 जुलाई 2024 को अधिसूचना उत्तर प्रदेश नगर पालिका (भवन या भूमि या दोनों के वार्षिक मूल्य पर कर) नियमावली 2024 के प्राविधानों को नगर पंचायत सहतवार, जनपद-बलिया में प्रभावी किये जाने हेतु न्यूनतम मासिक किराया वर्गफीट में निर्धारित करते हु कार्यालय के पत्र संख्या-1999/न0प0स0/2024-25 दिनांक 03.12.2024 द्वारा सार्वजनिक सूचना आपत्ति आमंत्रण हेतु प्रकाशित करते हुए 15 कार्य दिवस तक आपत्तियां मांगी गयी। नियत तिथि तक कोई भी आपत्ति प्राप्त न होने के कारण उसे अन्तिम मानते हुए निस्तारित किया जाता है।

अतः नगर पंचायत सहतवार में वर्गवार/श्रेणीवार न्यूनतम मासिक किराया वर्गफीट में (भवन एवं भूमि प्लाट) निम्नानुसार निर्धारित किया जाता है।

वर्गवार/श्रेणीवार निर्धारित न्यूनतम मासिक किराये की दर (प्रति वर्ग फुट)

क्र.सं.	वार्ड का नाम	24 मी0 से अधिक चौड़े मार्ग पर			12 से 24 मी0 तक चौड़े मार्ग पर			9-12 मी0 तक चौड़े मार्ग पर			9 मी0 से कम चौड़े मार्ग पर			भूमि के सम्बन्ध में स्थिति			
		आ.सी.सी. छत सहित प0 भवन	अन्य पक्का भवन	कच्चा भवन	आ.सी.सी. छत सहित प0 भवन	अन्य पक्का भवन	कच्चा भवन	आ.सी.सी. छत सहित प0 भवन	अन्य पक्का भवन	कच्चा भवन	आ.सी.सी. छत सहित प0 भवन	अन्य पक्का भवन	कच्चा भवन	24 मी0 से अधिक चौड़े मार्ग	12-24 मी0 तक चौड़े मार्ग पर	9 से 12 मी0 चौड़े मार्ग	9 मी0 तक चौड़े मार्ग
1	2	3	4	5	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15
1	हरिजन बस्ती दक्षिणी	1.50	1.30	1.20	1.30	1.20	1.00	1.00	0.70	0.60	0.70	0.60	0.50	0.40	0.30	0.20	0.10
2	हरिजन बस्ती उत्तरी	1.50	1.30	1.20	1.30	1.20	1.00	1.00	0.70	0.60	0.70	0.60	0.50	0.40	0.30	0.20	0.10
3	कुँवर टोली	1.50	1.30	1.20	1.30	1.20	1.00	1.00	0.70	0.60	0.70	0.60	0.50	0.40	0.30	0.20	0.10
4	झुम्मक सिंह के बरतर	1.50	1.30	1.20	1.30	1.20	1.00	1.00	0.70	0.60	0.70	0.60	0.50	0.40	0.30	0.20	0.10
5	रेलवे स्टेशन टोला पर	1.50	1.30	1.20	1.30	1.20	1.00	1.00	0.70	0.60	0.70	0.60	0.50	0.40	0.30	0.20	0.10
6	कटहरी मुहल्ला	1.50	1.30	1.20	1.30	1.20	1.00	1.00	0.70	0.60	0.70	0.60	0.50	0.40	0.30	0.20	0.10
7	दक्षिणी भरटोलिया	1.50	1.30	1.20	1.30	1.20	1.00	1.00	0.70	0.60	0.70	0.60	0.50	0.40	0.30	0.20	0.10
8	कुँवर सिंह मुहल्ला	1.50	1.30	1.20	1.30	1.20	1.00	1.00	0.70	0.60	0.70	0.60	0.50	0.40	0.30	0.20	0.10
9	नई बाजार	1.50	1.30	1.20	1.30	1.20	1.00	1.00	0.70	0.60	0.70	0.60	0.50	0.40	0.30	0.20	0.10
10	जूड़ाकान्ही बबुरानी	1.50	1.30	1.20	1.30	1.20	1.00	1.00	0.70	0.60	0.70	0.60	0.50	0.40	0.30	0.20	0.10
11	दक्षिणी टोला	1.50	1.30	1.20	1.30	1.20	1.00	1.00	0.70	0.60	0.70	0.60	0.50	0.40	0.30	0.20	0.10
12	डफाली टोला	1.50	1.30	1.20	1.30	1.20	1.00	1.00	0.70	0.60	0.70	0.60	0.50	0.40	0.30	0.20	0.10
13	गौतम टोली	1.50	1.30	1.20	1.30	1.20	1.00	1.00	0.70	0.60	0.70	0.60	0.50	0.40	0.30	0.20	0.10
14	सतीतर कुम्हैला	1.50	1.30	1.20	1.30	1.20	1.00	1.00	0.70	0.60	0.70	0.60	0.50	0.40	0.30	0.20	0.10

- अधिसूचना के प्रस्तर 5 (2) के अधीन उल्लिखित सूची के अनुसार व्यवसायिक भवन/भूमि उक्त सामान्य दर का दोगुना, एवं सरकारी भवन/भूमि सामान्य दर का तीन होगा।
- अधिसूचना के प्रस्तर-7 के अधीन भवन/भूमि के वार्षिक मूल्य की गणना की जायेगी, वार्षिक मूल्य का 10% सामान्य गृहकर, 7.5% जलकर तथा 2.5% जल निकास कर लागू होगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत सहतवार
बलिया

वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत, दो घायल

जनसंदेश न्यूज

गाजीपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के बवेड़ी के पास बुधवार की रात्रि ग्यारह बजे अनियंत्रित वाहन ने दो बाइक सवारों को जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे दोनों बाइक पर सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजवाया।

चिकित्सकों ने तीनों की स्थिति गंभीर देखते हुए वाराणसी ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। जहां पर इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई जबकि दो लोगों को बेहतर इलाज के लिए वाराणसी रेफर कर दिया गया। जबकि वाहन समेत चालक मौके से फरार हो गया। हादसा होने के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। उधर

हादसा

बवेड़ी के पास देर रात्रि हुआ हादसा, पुलिस ने शव को कब्जे में लिया

मृतक के पिता ने अज्ञात वाहन के खिलाफ कोतवाली में तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार सकरताली निवासी प्लम्बर मिस्त्री, डब्लू पुत्र रामदुलारे राम (41) वर्ष, शेषनाथ यादव पुत्र स्व. पलटू निवासी सकरताली एक मोटरसाइकिल पर तथा कमलेश पाल पुत्र नन्दू पाल निवासी मढौली-थाना मंडुआडीह, जनपद-वाराणसी, जो सकरताली में ही रहकर मजदूरी करता थे।

अलग मोटर साइकिल से विगत बुधवार की रात्रि लगभग 11 बजे,काम करके घर सकरताली वापस आ रहे थे।

तभी भुतहियाटांड रेलवे क्रासिंग के बाद बबेडी के पास अनियंत्रित चार पहिया वाहन ने दोनों मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दिया। जिसके चपेट मे आने से तीनों जख्मी लोगों को जिला चिकित्सालय मेडिकल ले जाया गया।

जहां गम्भीर स्थिति को देखते हुए सभी घायलों को दवा इलाज के बाद ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया।जहा पहुंचते ही डब्लू पुत्र रामदुलारे को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। जबकि शेषनाथ यादव का इलाज ट्रामा सेंटर मे चल रहा है। मृतक डब्लू का शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक की पत्नी गीता देवी, माता-पिता एवं मृतक के तीन अबोध पुत्रों का रो-रो कर बुरा हाल है।

तमंचा व कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

जखनियां। अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत गुरूवार को कोतवाली भुड़कुड़ा पुलिस को सफलता मिली। कोतवाली अंतर्गत आमिर अली पुत्र समजान निवासी ग्राम पड़री कोतवाली भुड़कुड़ा को बेसो नदी के पास से वाहन चेकिंग के दौरान नाजायज तमंचा 315 बोर व एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के खिलाफ भुड़कुड़ा और सादात थाने में कुल आठ आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। जिसको पुलिस काफी दिनों से तलाश कर रही थी जिसे बुधवार की देर शाम गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल हुई। इस बारे में प्रभारी निरीक्षक तारावती यादव ने बताया कि अभियुक्त के विरुद्ध कई संगीन मुकदमे पंजीकृत थे जिसकी गिरफ्तारी के बाद अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक प्रदीप कुमार मिश्रा अपने हमराहियों के साथ वाहन चेकिंग के दौरान अभियुक्त पकड़ा गया।

पांच दिवसीय ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण

जनसंदेश न्यूज

रेवतीपुर। स्थानीय बीआरसी के सभागार में शासन के निर्देश पर समावेशी शिक्षा के अंतर्गत 54 नोडल शिक्षकों (स्पेशल एजूकेटरों) का पांच दिवसीय ब्लाक स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिसका शुभारंभ बीईओ अशोक कुमार गौतम ने किया।

इस दौरान बोलते हुए बीईओ अशोक कुमार गौतम ने कहा कि शारीरिक रूप से निःशक्त बच्चे भी सामान्य बच्चों की तरह शिक्षा हासिल कर समाज की मुख्य धारा से जुडे. इसके लिए शासन के द्वारा समावेशी शिक्षा कार्यक्रम शुरू किया गया है,कहा कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य ऐसे बच्चों को सामान्य की तरह गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना है।उन्होंने कहा कि इसके तहत सभी विद्यालयों के एक-एक शिक्षक को विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है ताकि वे विशेष आवश्यकता वाले ऐसे ऐसे बच्चों को बेहतर तरीके से शिक्षा प्रदान कर सके।

मास्टर ट्रेनर मोहन प्रसाद भारती ने प्रशिक्षण में? बोलते हुए कहा कि समावेशी शिक्षा देने के उद्देश्य से यह प्रशिक्षण चलाया जा रहा है, सभी शिक्षक प्रशिक्षण में बताए गए विधि के अनुसार विद्यालयों में सामान्य बच्चों की भांति दिव्यांग बच्चों को भी समान अवसर देंने के साथ ही उन्हें भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना सुनिश्चित करेगें। आत्मानंद यादव ने प्रशिक्षण में शामिल नोडल शिक्षकों से आह्वान किया कि दिव्यांग, निःशक्त बच्चों को दया नहीं स्नेह चाहिए। इस अवसर पर इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर रामअशीष सिंह, प्रवीण शुक्ला, योगेन्द्र पटेल, संजय खरवार, डेजी शर्मा, जयप्रकाश आदि मौजूद रहे।

प्रधानी उप चुनाव को लेकर 32 लोगों के खिलाफ ऐक्शन

रेवतीपुर। स्थानीय ब्लाक के हसनपुरा गांव में ग्राम प्रधान पद के लिए हो रहे उपचुनाव को लेकर पुलिस प्रशासन ने चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए कमर कस ली है, पुलिस ने उपचुनाव को लेकर निरोधात्मक कार्यवाई शुरू कर दी है, जिसके कारण असमाजिक तत्वों में खलबली मच गई है। पुलिस ने निरोधात्मक कार्यवाई में तीनों उमीद्वारों, उनके परिजनों, समर्थकों समेत 32 लोगों के खिलाफ सख्त एक्शन लेते हुए उन्हें शान्ति भंग में पाबंद करते हुए उन्हें लाल पर्ची (नोटिस) थमाते हुए सभी को चेताया कि अगर किसी ने भी प्रधान पद के हो रहे उपचुनाव को बाधित करने की कोशिश की तो ऐसे लोगों के खिलाफ कठोर दंडनात्मक कार्यवाई की जाएगी।

हसनपुरा गांव में वर्तमान समय में कुल 8 लाइसेंसी असलहें है। जिसमें से अभी तक एक भी असलहा पुलिस ने आयोग के निर्देश के बाद भी लाइसेंसधारियों से जमा नहीं कराया है, जिससे कि गाँव में उप चुनाव के दौरान इसके दुरुपयोग की आशंका ग्रामीण जता रहे है। ग्रामीणों के मुताबिक यह गांव शुरू से ही संवेदनशील रहा है, वर्ष 1991 में हुए लोकसभा चुनाव में मतदान के दिन हुए बवाल में एक युवक की मौत हो गई थी। लोगों ने कहा कि प्रशासन इस उपचुनाव को देखते हुए सुरक्षा के सख्त इंतजामात करें, ताकि चुनाव शान्तिपूरण तरीके से सम्पन्न हो सके। वहीं पुलिस प्रशासन ने लोगों को चेताया कि अगर किसी ने भी चुनाव के दौरान कोई हरकत करने की कोशिश किया तो पुलिस का डंडा पूरी सख्ती से चलेगा, साथ ही चेताया कि पुलिस ग्रामीणों की हर हरकत पर बारिकी से नजर बनाए हुए है। 19 फरवरी को होने वाले उपचुनाव को लेकर एक मतदान केंद्र और तीन मतदेय स्थल बनाए गये है, जहां 13 वार्डों के कुल 1816 मतदाता इस उपचुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग कर नया जनप्रतिनिधि चुनेगें, मतगणना 21 फरवरी को ब्लाक मुख्यालय पर होगी। प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार उपाध्याय ने बताया कि हसनपुरा प्रधान पद के उपचुनाव को लेकर तैयारियां पूरी हो चुकी है, 32 लोगों को शान्ति भंग में पाबंद किया गया, असलहों जमा कराने के निर्देश दिए गये है।

6617 छात्रवृत्ति डाटा संदिग्ध

गाजीपुर। शैक्षिक सत्र 2024-25 में पिछड़ी जाति पूर्वदशम छात्रवृत्ति कक्षा 9-10 के छात्र/छात्राओं द्वारा भरे गये छात्रवृत्ति आवेदन पत्रों के डाटा का स्कूटनी मुख्यालय लखनऊ द्वारा की जा चुकी है एवं स्कूटनी में सस्पेक्ट (संदिग्ध) पाये गये 6617 डाटा को सीधे छात्र/छात्राओं एवं सम्बन्धित विद्यालयों के लॉगिन पर परीक्षण एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु उपलब्ध कराया गया है। इनसे सम्बन्धित अभिलेख विद्यालयों द्वारा प्रमाणित करते हुए कार्यालय पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग को तत्काल उपलब्ध कराया जाना है, ताकि ऐसे डाटा पर विचार करते हुए उनको नियमानुसार छात्रवृत्ति स्वीकृति समिति द्वारा सस्पेक्ट डाटा को वेरीफाई/रिजेक्ट किया जा सकें। उक्त सम्बन्धित जनपद के समस्त कक्षा 9-10 के विद्यालयों को निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्तानुसार सस्पेक्ट डाटा के पिछड़ी जाति छात्रों से सम्बन्धित वांछित अभिलेखों को तत्काल कार्यालय जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, गाजीपुर में जमा करना सुनिश्चत करें अन्यथा सस्पेक्ट छात्रवृत्ति डाटा वाले छात्रों को अपात्र मानते हुए नियमानुसार रिजेक्ट कर दिया जायेगा, जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व संबंधित संस्था का होगा।

पीएनबी अपने ग्राहकों तक खुद रहा पहुंच

बोले महाप्रबंधक

एक्सपो में 150 आवेदन जमा, 32 करोड़ की जेनेरेट लीड

जनसंदेश न्यूज

शहर स्थित एक होटल में एमएसएसई एक्सपो का उद्घाटन करते गवर्नमेंट ओपियम फैक्टरी के महाप्रबंधक दौलत कुमार।

गाजीपुर। पंजाब नैशनल बैंक द्वारा गुरुवार को एमएसएमई एक्सपो का आयोजन शहर के एक होटल में किया गया। मुख्य अतिथि के महाप्रबंधक, गर्वनमेंट ओपियम फैक्टरी आईआरएस दौलत कुमार ने एक्सपो का उद्घाटन किया। विशिष्ट अतिथि आशीष अनिल कर्माकर जीएम, पीएनबी, प्रधान कार्यालय मंडल प्रमुख मऊ अमित कुमार, उप मंडल प्रमुख प्रवीन कुमार सिंह,मुख्य प्रबंधक लक्ष्मी नारायण लाल, महेंद्र यादव, शाखा प्रमुख रौजा सौरभ कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्राहकों की उपस्थिति रही।

मुख्य अतिथि ने एक्सपो का उदघाटन करते हुए अपने संबोधन में कहा कि व्यवसायियों को सरल और सुगम ऋण मुहैया करने हेतु यह एक्सपो काफी उपयोगी है, पीएनबी अपने ग्राहकों तक खुद पहुँच रहा है और आकर्षक ब्याज दरों के साथ पारदर्शी सेवा प्रदान करने से ऋण प्राप्ति में कठिनायों को कम किया जा रहा है, जिससे समाज का जीवन स्तर भी सुधरेगा। लघु एवं मध्यम कारोबारियों को ऋण प्रदान करके रोजगार और आपूर्ति जैसी जरूरतों की लक्ष्य प्राप्ति को भी बल मिलेगा। विशिष्ट अतिथि आशीष अनिल कर्माकर ने कहा कि बैंक पूरे देश में एक साथ इस एक्सपो का आयोजन कर रहा है और अपने ग्राहकों को बेहतर सुविधा देने के लिए तत्पर है।

हमारा लक्ष्य है कि एमएसएमई क्षेत्र के कारोबारियों को वित्तीय सहायता प्रदान करके उन्हें व्यावसायिक उन्नति प्राप्त करने में पीएनबी सदा उनके साथ रहे। एक्सपो में करीब 150 ग्राहकों ने लोन के सम्बंध में अपने आवेदन जमा कराए, जिससे लगभग 32 करोड़ की लीड जेनेरेट हुई। कार्यक्रम में संतोष वर्मा, गुड्डू केसरी, गंगासागर कुशवाहा, पूर्व सांसद जगदीश कुशवाहा, वीरेंद्र नाथ सिंह, सुधीर केसरी, विनोद राय सहित बड़ी संख्या में ग्राहकों की उपस्थिति रही।

कुष्ठ रोगी से भेदभाव न करें, मुख्य धारा में लाकर समाज से जोड़ें

बोले संतोष

विकास भवन से निकाली गई कुष्ठ रोग जागरूकता अभियान रैली

विकास भवन गेट से कुष्ठ रोग जागरूकता रैली को झंडी दिखाते सीडीओ संतोष वैश्य।

गाजीपुर। 30 जनवरी से 13 फरवरी तक चलने वाला स्पर्श कुष्ठ रोग जागरूकता अभियान कार्यक्रम के क्रम में गुरूवार को जागरूकता रैली निकाला गया। जो विकास भवन से निकलकर मुख्य मार्गो से होते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय तक पहुंचा।

इस रैली को मुख्य विकास अधिकारी संतोष वैश्य, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सुनील कुमार पांडेय के साथ ही बेसिक शिक्षा अधिकारी हेमंत राव ने हरी झंडी दिखलाकर रवाना किया। मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य ने कहा कि कुष्ठ रोग छूने एवं स्पर्ष से नही फैलता, कुष्ठ रोगी से भेदभाव न करते हुए उन्हे मुख्य धारा में लागकर समाज से जोड़ना। कुष्ठ रोग के प्रति लोगों में जागरूकता लाने के उद्देश्य ये यह अभियान चलाया गया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सुनील कुमार पांण्डेय ने बताया कि साल 2025 के लिए मिलकर जागरूकता फैलाए, भ्रांतियां को दूर भगाएं, कुष्ठ प्रभावित कोई पीछे छूट न जाए, इसी थीम पर यह कार्यक्रम 30 जनवरी से 13 फरवरी तक चला। जिसमें विभिन्न माध्यमों से शहरी एवं ग्रामीण इलाकों में कुष्ठ रोग के प्रति आमजन को जागरूक करने का काम किया गया।

साथ ही कार्यक्रम के प्रथम दिन भी जिलाधिकारी का संदेश पढ़कर स्वास्थ्य कर्मियों को सुनाया गया था। विकास भवन से निकाली गई रैली से पूर्व मुख्य विकास अधिकारी के द्वारा भी संदेश सुनाकर आमजन को कुष्ठ रोग के प्रति जागरूक करने की शपथ भी ग्रहण कराई गई। जिला कुष्ठ अधिकारी डा. रामकुमार ने बताया कि जनपद में गुरुवार से स्पर्श कुष्ठ रोग अभियान की शुरूआत हुई थी। इसके तहत जनपद में घर-घर जाकर स्वास्थ्य विभाग की टीम कुष्ठ रोगियों की पहचान करने के बारे में बताया गया था। लक्षणों के आधार पर रोगियों की पहचान कर उनकी लाइन लिस्टिंग करने का निर्देश दिया गया था। उन्होंने बताया कि कुष्ठ रोग से डरने की आवश्यकता नहीं है। शरीर का कोई भी दाग धब्बा जिस पर सुन्नपन हो, उसमें खुजली ना हो, पसीना ना आता हो, कुष्ठ रोग हो सकता है।

कान पर गांठे होना, हथेली और तलवों पर सुन्नपन होना कुष्ठ रोग के लक्षण हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि कुष्ठ रोग की दवा सभी सरकारी अस्पतालों में निःशुल्क उपलब्ध है। इस दौरान उन्होंने बताया कि कुष्ठ रोग से दिव्यांग हो चुके व्यक्ति को सर्जरी के लिए रेफर किए जाने पर पीड़ित को विभाग के द्वारा आठ हजार के सहायता राशि भी दी जाती है। कार्यक्रम में एसीएमओ डॉ जे एन सिंह, डॉ मनोज सिंह, जिला मलेरिया अधिकारी मनोज कुमार, बेसिक शिक्षा विभाग के कर्मचारी अध्यापक के साथ ही कुछ विभाग के कर्मचारी और परिषदीय विद्यालय के बड़ी संख्या में छात्र शामिल रहे।

कनिष्ठ वर्ग में शिवांगी प्रथम, मध्यम वर्ग में श्रेया ने मारी बाजी

गाजीपुर। साहित्य चेतना समाज के तत्वावधान में आयोजित निबन्ध प्रतियोगिता के कनिष्ठ वर्ग (कक्षा चार से छह) हेतु 'खेल' विषयक प्रतियोगिता में सेन्ट जॉन्स स्कूल की कु.शिवांगी चतुवेर्दी ने प्रथम, न्यू होराइजन एकेडमी तुलसीसागर के बृजेश यादव ने द्वितीय एवं स्कॉलर्स एकेडमी मीरनापुर के प्रत्यूष यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। न्यू होराइजन एकेडमी की कु.सोनाली पाल, दानिश मेमोरियल पब्लिक स्कूल जंगीपुर की कु.जोहरा जावेद, स्कॉलर्स एकेडमी कु.वंशिका सिंह, आर्यन पब्लिक स्कूल जंगीपुर के अश्वनी सिंह एवं शिवशक्ति पब्लिक स्कूल नेवादा के प्रशान्त शर्मा प्रशंसित स्थान पर रहे। मध्यम वर्ग (कक्षा सात व आठ) हेतु 'शिक्षा' विषयक प्रतियोगिता में प्रेसिडियम इण्टरनेशनल स्कूल अष्टभुजी कॉलोनी की कु.श्रेया पाण्डेय ने प्रथम, स्कॉलर्स एकेडमी के सुधीर कुमार द्वितीय एवं आर्यन पब्लिक स्कूल जंगीपुर की कु.आराध्या सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। न्यू होराइजन एकेडमी की कु.रीत तिवारी, राहुल सांकृत्यायन उ.मा.वि.गौसपुर की कु.मुस्कान यादव, सेन्ट जॉन्स स्कूल की कु.आयत फातिमा, लूर्दस कान्वेंट बा.इ.कॉलेज की कु.वैभवी उपाध्याय एवं मार्टर मेमोरियल स्कूल जंगीपुर की कु.अनन्या यादव प्रशंसित स्थान पर रहीं। ज्येष्ठ वर्ग (कक्षा नौ व दस) हेतु 'विज्ञान' विषयक प्रतियोगिता में सेन्ट जॉन्स स्कूल के आर्यन व पीयूष सिंह कुशवाहा ने क्रमशः प्रथम व द्वितीय एवं सक्सेस एजुकेशन फाउण्डेशन जंगीपुर की कु.शिवांगी यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। श्रीराम पब्लिक स्कूल बवाड़ा के स्वतंत्र उपाध्याय व कु.साक्षी श्रीवास्तवा, शाह फैज पब्लिक स्कूल की कु.भावना सिंह व कु.श्रेया यादव एवं सनबीम स्कूल महाराजगंज की कु.भाव्या राय प्रशंसित स्थान पर रहीं। वरिष्ठ वर्ग (कक्षा ग्यारह व बारह) हेतु 'भारतीय पत्रकारिता' विषयक प्रतियोगिता में लूर्दस कान्वेंट बा.इ.कॉलेज की कु.शिक्षा यादव व कु.स्तुति पाण्डेय ने क्रमशः प्रथम व तृतीय एवं एम.जे.आर.पी.पब्लिक स्कूल की कु.तनु राज गुप्ता ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।सेन्ट जॉन्स स्कूल की कु.यशस्वी तिवारी व कु. अनुष्का भारद्वाज, लूर्दस कान्वेंट बा.इ.कॉलेज की कु.संजना यादव, एस.एस.पी. कान्वेंट स्कूल जंगीपुर की कु.दिव्या यादव एवं राजकीय बा.इ.कॉलेज की की कु.सोनल कुशवाहा प्रशंसित स्थान पर रहीं। मूल्यांकन शिवपूजन इण्टर कॉलेज मलसा के शिक्षक संजय कुमार पाण्डेय ने किया।चयनित प्रतिभागियों को संस्था के आगामी मार्च में आयोजित होने वाले चालीसवें वार्षिक पुरस्कार वितरण एवं गाजीपुर गौरव सम्मान समारोह (चेतना महोत्सव) में सम्मानित किया जाएगा।

महाकुंभ की भीड़ के सामने रेलवे के इंतजाम फेल !

सिटी रेलवे स्टेशन पर ट्रेन के इंतजार में खड़े यात्री।

सिटी रेलवे स्टेशन पर ट्रेन में चढ़ने के लिए जद्दोजहद करते हुए यात्री।

यह है हाल

'बोरे में सामान की तरह बोगियों में ठूंसे जा रहे यात्री', जनरल, स्लीपर और एसी कोच, सब बराबर...

रेलवे स्टेशनों पर भीड़, ट्रेन में चढ़ने में यात्रियों की सांसत

जनसंदेश न्यूज

गाजीपुर। प्रयागराज में महाकुंभ स्नान को लेकर तमाम लोग ट्रेन, बस और निजी वाहनों से जाने को तैयार है। प्रयागराज जाने वाली ट्रेन में भारी भीड़ उमड़ रही है। हालात ऐसे हैं कि ट्रेनों में लोगों को जगह नहीं मिल रही है। ट्रेनों में जनरल, स्लीपर और एसी कोच का एक जैसा हाल हो गया है। जिन लोगों ने पहले रिजर्वेशन करवा भी लिया है उन्हें भी अपनी सीट पर भीड़ का सामना करना पड़ रहा है।

मुंबई के लोकमान्य तिलक टर्मिनल से बलिया आने वाली कामायनी एक्सप्रेस 24 घंटे विलम्ब से पहुंची। वहीं संगम तट पर स्नान के लिए गुरुवार को भी भारी भीड़ उमड़ी, हर व्यक्ति किसी तरह ट्रेन में सवार हो जाना चाहता था और इसके लिए धक्का मुक्की भी हो रही थी। रेलवे स्टेशन की जो तस्वीरें सामने आई हैं वो हैरान करने वाली हैं।

आरक्षित बोगियों में भीड़ है और लोगों को एक-एक सीट के लिए काफी जद्दोजहद करनी पड़ रही है। लोकमान्य तिलक टर्मिनस से बलिया आने वाली कामायनी एक्सप्रेस साढ़े 32 घंटे, नई दिल्ली से जयनगर जाने वाली स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस साढ़े पांच घंटे, छपरा-दुर्ग सारनाथ एक्सप्रेस चार घंटे, प्रयागराज -गाजीपुर आठ घंटे, गोंदिया एक्सप्रेस साढ़े छह घंटे, बलिया-प्रयागराज तीन घंटे सहित अन्य ट्रेनें काफी विलम्ब से पहुंची।

तीर्थ यात्रियों की भीड़ संभालने की चुनौती... हांफ रही व्यवस्था

गाजीपुर। शासन-प्रशासन के अनुमान से कहीं ज्यादा श्रद्धालुओं का जत्था प्रयागराज, वाराणसी और अयोध्या में उमड़ पड़ा। ऐसे में जिले के तमाम मार्गों पर जाम की स्थिति बनी हुई है। माघ पूर्णिमा पर बीते बुधवार को इससे कहीं ज्यादा भीड़ होने का अनुमान था। इसे देखते हुए पुलिस प्रशासन चौकन्ना था। हालांकि, व्यवस्था को सुचारु रूप से संचालित करने में पुलिस प्रशासन के पसीने छूट रहे हैं। फोरलेन पर डायवर्जन के बावजूद शहर में लंबा जाम नजर आया। कुछ छोटे वाहनों को वाराणसी की तरफ जाने की छूट दी जा रही थी, मगर दूसरे मार्गों से होकर भी तमाम वाहन बीच-बीच में पहुंच रहे थे। शहर सहित अन्य क्षेत्रों में भारी भीड़ देखी गई। लगातार चल रहे डायवर्जन और भीड़ से आम जनजीवन प्रभावित हुआ है। जबकि मरदह, मुहम्मदाबाद, सैदपुर क्षेत्र से बड़े वाहनों के आवागमन पर पूर्ण पाबंदी लगाई गई थी। हाईवे पर रोज आने वाले जैसे स्कूली शिक्षकों, अन्य सरकारी और आवश्यक वस्तुओं के वाहनों को ही आवागमन मिल रहा है। बड़े वाहनों को पूर्ण रूप से प्रतिबंधित कर अन्य मार्गों पर डायवर्ट किया गया है।

यह ट्रेनें रही निरस्त

गाजीपुर-जौनपुर डीएमयू, लखनऊ-छपरा एक्सप्रेस, आनन्द विहार टर्मिनल-बलिया एक्सप्रेस,जौनपुर-गाजीपुर डीएमयू, गाजीपुर -दिलदारनगर डीएमयू, बरौनी -अम्बाला हरिहरनाथ एक्सप्रेस निरस्त रही।

संक्षेप

पत्नी-बच्चों पर तेजाब फेंकने वाला पति गिरफ्तार

भांवरकोल। स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव में दो सप्ताह पूर्व अपनी पत्नी तथा बच्चों पर तेजाब फेंकने के आरोपी को गुरुवार की सुबह मिजार्पुर पेट्रोल टंकी के समीप गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। इस संबंध में थानाध्यक्ष विवेक कुमार तिवारी ने बताया कि गुरुवार की सुबह मैं अपने हमराहियों के साथ क्षेत्र में भ्रमणशील था। इसी बीच मनिया मिजार्पुर टंकी के समीप किसी वाहन के इंतजार में एक व्यक्ति को रोक कर पूछताछ की। पूछताछ में उसने अपना नाम रामबचन राम पुत्र बंझारू राम निवासी रसूलपुर बताया। थानाध्यक्ष ने बताया उक्त व्यक्ति दो सप्ताह पूर्व पत्नी बच्चों पर तेजाब फेंककर भाग गया था। पुलिस इसकी तलाश कर रही थी। इस मामले में इसकी पीड़ित पत्नी ने इसके खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया था। गिरफ्तार व्यक्ति को सुसंगत धाराओं में कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया। गिरफ्तारी टीम में थानाध्यक्ष विवेक कुमार तिवारी, गौरव राय, अभय पाण्डेय आदि शामिल रहे।

चाइल्ड हेल्प लाइन से बालिकाओं को किया जागरूक

गाजीपुर। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत जागरूकता अभियान अंतर्गत जिलाधिकारी आर्यका अखौरी के निर्देश पर गुरूवार को मरादह ब्लॉक के ग्राम सभा हरहरी में शंभू नारायण महाविद्यालय एंड पंडित मार्कण्डेय चतुवेर्दी महाविद्यालय में कन्या सुमंगला योजना, चाइल्ड हेल्प लाइन 1098, 181, 1090, 1076, साखी वन स्टॉप सेंटर स्पॉन्सर शिप, बाल विवाह,निराश्रित पेंशन, दंपति पुरुस्कार, विभागीय योजनाओं के बारे में जागरूक किया गया। जिसमें महिला कल्याण विभाग के चाइल्ड हेल्पलाइन कार्मिक अंशु राय और अर्चना सिंह तथा महाविद्यालय के शिक्षक उपस्थित रहे।

ओवरलोड वाहनों पर एसडीएम का चाबुक

जमानियां। तहसील क्षेत्र को गाजीपुर से जोड़ने वाले गंगा सेतु की स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। पुल की ऊपरी सतह क्षतिग्रस्त होने के बावजूद भारी वाहनों की आवाजाही थम नहीं रही है। प्रशासन की सख्ती और लगातार गश्त के बावजूद ओवरलोड ट्रकों पर पूरी तरह रोक नहीं लग पा रही है। बुधवार की रात एसडीएम अभिषेक कुमार ने कार्रवाई करते हुए एक तेज रफ्तार ओवरलोड ट्रक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। यह ट्रक सेतु पार कर करंडा से जमानिया की ओर आ रहा था। इस दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद राजस्व कर्मियों को भी फटकार लगाई और सख्त हिदायत दी कि पुल पर ओवरलोड वाहनों की आवाजाही हर हाल में रोकी जाए। जमानिया-धरम्मरपुर सेतु से प्रतिदिन बालू, गिट्टी और अन्य भारी मालवाहक वाहन गुजर रहे हैं, जिससे पुल की स्थिति और भी कमजोर हो रही है।

पटकनियां-कल्यानपुर पुलिया का होगा कायाकल्प

रेवतीपुर। पटकनियां गाँव के समीप करीब आधा दर्जन गांवों को जोड़ने वाली कल्यानपुर मार्ग पर स्थित और पिछले करीब सात साल पहले क्षतिग्रस्त हो चुकी पुलिया के नवनिर्माण के लिए शासन ने लोनिवि के प्रस्ताव को मंजूरी दे दिया है, साथ ही इसके लिए जरूरी करीब पौने दो करोड़ का बजट भी मंजूर कर दिया है।यही नहीं शासन ने इस महत्वपूर्ण पुलिया के नवनिर्माण के लिए पहली किस्त के तौर पर करीब डेढ करोड़ की धनराशि लोकनिर्माण विभाग को उपलब्ध भी करा दिया है, जिसके बाद अधिकारी इसके टेंडर की प्रक्रिया को तेजी से पूरा करने में जुट गये है, शासन ने इस पुलिया के निर्माण पूरा करने के लिए छह महीनें की समय सीमा निर्धारित की है।मालूम हो कि कई दशक पहले लाखों की लागत से निर्मित यह पुलियां बीते 2016 में आई भीषण बाढ में? पानी के तेज दबाव के कारण क्षतिग्रस्त हो गई थी, जिसके कारण इस पुलिया से एहतियातन भारी वाहनों का आवागमन लोनिवि ने प्रतिबन्धित कर दिया था, ताकि किसी भी तरह के हादसे से बचा जा सकें। मालूम हो कि यह पुलिया कालूपुर से युवराजपुर होते हुए पटकनियां से होकर कल्यानपुर जाने वाले मार्ग पर स्थित है, यह पुलिया इलाके के रेवतीपुर, रामपुर, नरायनापुर, जग्गीकापुरा, पकडी, कल्यानपुर, युवराजपुर आदि गावों से जुडा होने और कृषि बहुल इलाका होने के कारण इससे हर रोज सैकड़ों राहगीर, छोटे, बड़े वाहनों आदि का आना जाना लगा रहत है। अधिशासी अभियंता बीएल गौतम ने बताया कि शासन ने पुलिया के नवनिर्माण की मंजूरी देने के साथ ही बजट भी अवमुक्त कर दिया है, बताया कि विभाग की ओर से टेंडर की प्रक्रिया भी अंतिम दौर में है, इसके पूरा होते ही इस पुलिया का सीसी तकनीकी के जरिए निर्माण तेजी से शुरू करा दिया जाएगा।

युवती पर फेंका कूड़ा, सात पर मुकदमा

जमानियां। थाना क्षेत्र के उमरगंज नई बस्ती में पुरानी रंजिश को लेकर बुधवार की सुबह करीब 7 बजे एक युवती पर कूड़ा फेंकने के मामले में हुए विवाद पर मारपीट कर घायल कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने सात लोगों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। तहरीर के अनुसार, नई बस्ती उमरगंज निवासी जीवनलाल की पुत्री काजल कुमारी घर से कुछ दूर पुरानी डीह की जमीन पर कूड़ा डालने गई थी। इसी दौरान, वहां मौजूद कुछ लोगों ने पुरानी रंजिश को लेकर काजल के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। युवती के विरोध करने पर आरोपियों ने उसे बुरी तरह पीटा, जिससे उसके सिर में गंभीर अंदरूनी चोट आई और उसका मुंह फट गया। शोर सुनकर गांव के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़िता के पिता जीवनलाल ने थाना में लिखित तहरीर दी। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अशेष नाथ सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर अमित कुमार, गिरजा राम, विराधा, कंचन देवी और चांदमुनी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच की जा रही है।

दामाद ने सास-ससुर पर बोला हमला, मुकदमा

जमानियां। थाना क्षेत्र के नसरतपुर उर्फ हरपुर गांव में एक व्यक्ति द्वारा अपने ससुराल में घुसकर हमला करने के मामले में पुलिस ने बुधवार को दामाद के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गई है। तहरीर के अनुसार शशिकांत पांडेय की पुत्री खुशबू की शादी वर्ष 2007 में अतुल उर्फ सिद्धार्थ यादव निवासी हरपुर से प्रेम विवाह हुआ था। वह अपने पति के साथ मुगलसराय में रहती थी और उनके तीन पुत्रियां भी हैं। तहरीर के अनुसार, मंगलवार की देर रात करीब 11:30 बजे अतुल उर्फ सिद्धार्थ यादव ने नसरतपुर स्थित ससुराल में घुसकर सास रंगबाला पांडेय पर हमला कर दिया। जिससे उनका हाथ कट गया और शरीर पर गंभीर चोटें आईं। बीच-बचाव करने आए ससुर शशिकांत पांडेय पर भी आरोपी ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। हमले के दौरान आरोपी ने गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित परिवार ने पुलिस से आरोपी के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज कर उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अशेष नाथ सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी अतुल के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच की जा रही है।

15 केंद्रों पर कल से शुरू होगी सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा

गाजीपुर। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की परीक्षा 15 फरवरी से शुरू होगी। इसे लेकर जिले में तैयारी पूरी कर ली गयी है। 15 केंद्रों पर परीक्षा में कुल 10 हजार 934 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। छात्र-छात्राएं अपने संबंधित विद्यालयों से सीबीएसई एडमिट कार्ड प्राप्त कर चुके हैं। हर विद्यालय में एडमिट कार्ड का वितरण किया जा रहा है। सीबीएसई बोर्ड के तहत दसवीं और बारहवीं की परीक्षा सकुशल संपन्न कराने के लिए पूरी तैयारी डिस्टिक कोऑर्डिनेटर इकरामु

जनसंपादकीय

प्रेम की अस्पृश्यता पर विचार

चित्रा माली

पितृसत्तात्मक समाज में प्रेम करना एक प्रतिरोध है खासकर स्त्री का, और स्त्री के इस प्रतिरोध को ध्वस्त करने के लिए नए नए पैंतरे, नई नई विधियां ईजाद की जाती रही है। खासकर उन लड़कियों के लिए, जिन लड़कियों ने अपने परिवार की अनुमति के बिना अपने प्रेमी के साथ घर से भागकर शादी की थी। वे भागे हुए जोड़े जब दुबारा उसी शहर में वापस आते हैं तो पुलिस उनको घर से भाग जाने के अपराध में पकड़ती है और लड़के और लड़की को थाने में अलग अलग कर दिया जाता है और भागी हुई लड़की के साथ थाने में रेप तक किया जाता है। जबकि पुलिस की जिम्मेदारी उनके संरक्षण की होती है ऐसे कई उदाहरण मौजूद हैं। इसके अतिरिक्त कई मामलों में लड़के और लड़की की हत्या तक कर दी जाती है। क्योंकि यह मामला प्रेमी/पति के चयन और उसकी स्वतंत्रता का है जिसे समाज आसानी से स्वीकार नहीं कर सकता है। हमारे समाज में प्रेम विहीन विवाहों का प्रचलन है क्योंकि प्रेम को लड़की की निजी इच्छा माना जाता है और यह लड़की की निजी इच्छा परिवार को चुनौती देती है। पितृसत्तात्मक समाज में लड़कियों का इस प्रकार से परिवार को चुनौती देना कलंक माना जाता है। लव मैरिज करने वाली लड़कियां अपने पिता के परिवार को कलंकित करने वाली अपराधिनी के अलावा कुछ नहीं रहती है। क्योंकि प्रेम का निषेध है स्त्री के लिए और प्रेम का कोई प्रावधान भी नहीं है स्त्री के लिए, यही उसे बार बार कह कर समझा दिया गया है और यही उसके मन में, कानों में लगातार गूंजता रहता है। कुछ लड़कियां अपने प्रेम के हक को हथियाकर अपने स्वतंत्र अस्तित्व के साथ जी रही हैं लेकिन यह पितृसत्ता को बर्दाश्त नहीं हो रहा है और वे नए नए तरीकों से स्त्रियों को नियंत्रित करने का प्रयास लगातार कर रहे हैं। स्त्री का बलात्कार तो हो सकता है लेकिन उसके प्रेम पर पहरेदारी होगी। उसे ₹वैलेंटाइन डे₹ से बचाया जाएगा। खुले समय के तकनीकी युग में लड़की से सेल फोन छीन लिया जाएगा क्योंकि यह प्रेम को स्पेस मुहैया करवाता है। सभी लड़कियों के लिए प्रेम न करने का फरमान जारी किया जाता है लेकिन ये लड़कियों की भी समझ से परे है कि उन पर ही इस प्रकार के शिकंजे क्यों है? कभी जाति,कभी धर्म की बात की जाती है जबकि प्रेम जाति,वर्ग और धर्म विहीन होता है। भारत की पहली महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी जी और फिरोज गांधी जी की सगाई के विरोध में कई पत्र गांधी जी के पास आए थे। इन पत्रों के जवाब में गांधी जी ने 2 मार्च 1942 को सेवाग्राम से एक लंबा पत्र सभी विरोधियों को संबोधित करते हुए लिखा था जिसका सार यह था ₹जैसे जैसे समय बीतता जाएगा,इस तरह के विवाह बढ़ेंगे और उनसे समाज को फायदा ही होगा। जब सहिष्णुता बढ़कर सर्वधर्म समभाव में बदल जाएगी,तो ऐसे विवाह स्वागत योग्य माने जाएंगे। आने वाले समाज की नवरचना में जो धर्म संकुचित रहेगा और बुद्धि की कसौटी पर खरा नहीं उतरेगा,वह टिक नहीं सकेगा। मेरी कल्पना का हिन्दूधर्म,मात्र एक संकुचित संप्रदाय नहीं है वह तो एक महान और सतत विकास का प्रतीक है और काल की तरह सनातन है। मुझे मिले हुए पत्रों से अज्ञान,असहिष्णुता और अरुचि के भाव टपकते हैं, उनमें एक प्रकार की ऐसी अस्पृश्यता है, जिसे कोई ठीक नाम देना मुश्किल है, लेकिन इसीलिए वह भयावह भी है₹। 1942 से लेकर वर्तमान समय तक समाज में प्रेम और प्रेम विवाह को लेकर कोई बहुत बड़ा परिवर्तन नजर नहीं आता है। जाति और धर्म के मुद्दे को कुछ हद तक वर्ग ने तोड़ दिया है या कहें कि आर्थिक स्थिति के अनुसार थोड़ी लिबर्टी मिली है।लेकिन उसकी कुछ शर्तें और नियम अभी भी बरकरार है। लव मैरिज को लेकर लोगों में कई भ्रांतियां है जबकि हकीकत यह है कि यह भी पितृसत्तात्मक व्यवस्था से ही संचालित और अरेंज मैरिज की तरह ही स्त्री-पुरुष के बीच एक स्पष्ट वर्क डिवीजन है। जिसमें घर,परिवार,बच्चों का लालन पालन स्त्री की जिम्मेदारी है और पुरुष की जिम्मेदारी धन कमाना है। जबकि आज स्त्री-पुरुष दोनों ही परिवार की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने के लिए कार्य करते हैं लेकिन घरेलू कार्यों की जिम्मेदारी का बोझ महिलाओं पर ही अधिक है। लव मैरिज और अरेंज मैरिज में अंतर महज इतना है कि स्त्री अपने चुने प्रेम/पति के अधिकार को संरक्षित रख पाती है जो उसके संपूर्ण जीवन से जुड़ा हुआ है। 14 फरवरी ह्लवेलेंटाइन डेह्व प्रेम के इजहार का दिन है,वह प्रेम जो पितृसत्तात्मक व्यवस्था के विरुद्ध प्रतिरोध करता है इसलिए इस दिन प्रेम का विरोध एक तरह से पितृसत्ता का समर्थन भी है। यह हर दिन की तरह एक प्रेम का दिन अवश्य है,लेकिन इस दिन के मार्फत हम सब प्रेम करना सीखते हैं,जो लगातार होते मायावी समय में हम भूलते जा रहे हैं। कुछ लोग जो इसे पाश्चात्य संस्कृति से संचालित बताते हैं और भारतीय संस्कृति को इससे खतरा है यह बताते हैं तो उन्हें हमारी संस्कृति की सही समझ ही नहीं है,हमारी संस्कृति प्रेम व सहिष्णुता की संस्कृति है जो अपने में सभी को समाहित कर लेती है,चाहे वह किसी भी धर्म,जाति,राष्ट्र,या नस्ल का हो,इसी संस्कृति के समर्थक गांधी थे। ये हमारे अधिक मनुष्य होने का प्रमाण भी है जिसमें हम प्रेम करना सीख रहे होते हैं और प्रेम का लगातार अभ्यास करने का प्रयास भी करते है। जब आप प्रेम कर रहे होते हैं तो पूरी कायनात से प्रेम कर रहे होते हैं यह प्रेम मुक्ति का मार्ग भी है जब आप स्वतंत्र होकर स्त्री-पुरूष के भेद से परे पहुंच जाते हैं। ये महज प्रेयसी का प्रेम न होकर मानवता की ओर ले जाने वाला भी है। प्रेम के सार्वभौमिक नियम के तहत हम समूची मानवता के लिए सोचते हैं या सोचना चाहते हैं। प्रेम मानवता के लक्ष्य की खोज के लिए अत्यंत लाभकारी हैं। वर्तमान समय में प्रेम के इस प्राकृतिक और सार्वभौमिक नियम का लगातार रास होता जा रहा है। जिसे बचाने और बनाएं रखने की अत्यंत आवश्यकता है।

(लेखिका स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)

आने वाले समाज की नवरचना में जो धर्म संकुचित रहेगा और बुद्धि की कसौटी पर खरा नहीं उतरेगा,वह टिक नहीं सकेगा। मेरी कल्पना का हिन्दूधर्म,मात्र एक संकुचित संप्रदाय नहीं है वह तो एक महान और सतत विकास का प्रतीक है और काल की तरह सनातन है।

बिकते संस्कार

आस्थाएं कुम्भ हो गईं /डुबकियां धुंध धो गयीं.
नग्न तन, भस्म मन / दृश्य हो गये/ नदियों के आलिंगन /प्रश्न बो गये/ मेले में गंध भरी/साँसे ही खो गयीं.
संस्कार सरकारी /भाव से बिके/ ढाबे में तंदूरी / रोटी से सिंके/ स्वप्नीली आँखें / मलबे में सो गयीं.
धर्म पर सियासत /के वार चलगये/सत्ता औ संतों के /तार जल गये/आस्थाएं,बेघर हो/धार रो गयीं.

- जीवन शुक्ल

मुझे लगा यह देश ही हथकड़ी में है

समय-संदर्भ

रविभूषण

अमेरिकी सैन्य विमान यूएससी-17 से 5 फरवरी (बुधवार) की दोपहर 1 बजकर 59 मिनट पर जब 104 अवैध भारतीय आप्रवासियों को, जिनके हाथों में हथकड़ियाँ और पाँवों में बेड़ियाँ थीं, अमृतसर एयरपोर्ट पर उतारा गया तब पूरे देश में व्यापक रूप से प्रतिक्रिया हुई। इस घटना के मात्र दो दिन बाद कवि विमल कुमार ने 'हथकड़ी में देश' शीर्षक से एक कविता लिखी - ''वे लोग जब आये हथकड़ी में/मुझे लगा यह देश ही हथकड़ी में है।'' उनके हाथों में हथकड़ियाँ थीं और पाँवों में जंजीरों का बंधा होना सामान्य घटना नहीं है। दूसरी ओर ''लगा रहे थे विश्व गुरु/संगम में दनादन डुबकी/कैमरे उधर ही लगे थे/अखबारनवीस उधर ही लपके थे।'' अमृतसर एयरपोर्ट पर न कोई पत्रकार था, न छायाकार। इनका वहाँ उस समय प्रवेश निषिद्ध था। मीडिया को अमृतसर एयरपोर्ट पर नहीं पहुंचने दिया गया था। भारत सरकार को यह पता था कि उनके नागरिकों के हाथों में हथकड़ियाँ बँधी है और पाँवों में बेड़ियाँ। इनमें से एक आप्रवासी भारतीय अंकित के अनुसार अमृतसर में विमान उतरने के तीस मिनट पहले महिलाओं की हथकड़ियाँ खोली गयी थीं। इन 104 भारतीय नागरिकों में 79 पुरुष और 25 महिलाएँ और बच्चे थे - गुजरात के 33, हरियाणा के 33, पंजाब के 30 और अन्य महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश एवं चंडीगढ़ के। आप्रवासी भारतीयों में पंजाब से अधिक गुजरात और हरियाणा के थे, पर विमान अहमदाबाद और दिल्ली में न उतरकर गुरु राम दास जी एयरपोर्ट, अमृतसर पर उतरा। विमान सामान लादने वाला था, जिसे अमृतसर पहुँचने में 40 घंटे लगे थे। विमान में 11 क्रू मेम्बर और 45 अमेरिकी अधिकारी थे। भारतीय आप्रवासी रोजगार की तलाश में अमेरिका गये थे। ''कहाँ जाए आदमी/रोजी रोटी के लिए/सभ्यता के सामने/ये सवाल बड़े थे।'' सभ्यता के सामने से कहीं अधिक भारत के सामने मुख्य सवाल यह है कि भारतीय नागरिक रोजी-रोटी की तलाश में कहाँ जाए? प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वादा किया था कि वे प्रतिवर्ष 2 करोड़ लोगों को रोजगार देंगे। रोजगार देने की बात तो दूर रही, केन्द्र सरकार के विविध विभागों/महकमों में जो रिक्तियां (वेकेन्सीज) हैं, वे अब तक भरी नहीं गयी हैं।

अवैध भारतीय आप्रवासी के हाथों में हथकड़ी और पाँवों में बेड़ी क्यों डाली गयी? इनके साथ युद्धबंदियों, अपराधियों और आतंकवादियों जैसा व्यवहार क्यों किया गया? क्या दिल्ली में विमान इसलिए नहीं उतारा गया कि सबका ध्यान गुजरातियों पर जाता। विमान के अमृतसर उतरने के बाद सबका ध्यान पंजाबियों की ओर गया है, गुजरातियों की ओर नहीं। गुजरात के 'हृदय-सम्राट' रहे नरेन्द्र मोदी देश के और गुजरातियों के भी अपमान पर कुछ नहीं बोले। भारत के प्रति किये गये ऐसे दुर्व्यवहार का अमेरिका से अब तक न तो कोई जवाब माँगा गया है और न कड़े शब्दों में उसकी निन्दा की गयी है। अमेरिका के माइकल बैक ने अगर अपने ७ हैंडल पर पैरों में बेड़ियाँ और हाथों में हथकड़ियाँ पहने आप्रवासी भारतीयों का वीडियो जारी न किया होता, तो हमें शायद ही इसका पता चलता। यह वीडियो जान बूझ कर जारी किया गया। विदेश मंत्री जयशंकर का कथन है - ''अवैध तरीके से रह रहे भारतीयों को वापस भेजा गया है। यह कोई पहली बार नहीं हुआ है। 2012 से ही डिपोर्टेशन के तहत मिलिट्री प्लेन से लोगों को वापस भेजा जाता रहा है... अवैध आप्रवासियों को हथकड़ी लगा कर भेजना अमेरिका की नीति है और यह सभी देशों पर लागू है।'' क्या भारत ने इसके पहले भी कभी अमेरिका ने अवैध आप्रवासियों को हथकड़ी लगा कर भेजा था? विदेश मंत्री को देश और राष्ट्रीय स्वाभिमान की अगर चिन्ता होती, तो अमेरिका की इस नीति का वे विरोध करते। अमेरिका अपनी नीति सभी देशों पर नहीं थोप सकता।

कोलंबिया दक्षिण अफ्रीकी महादेश में ब्राजील के बाद दूसरा सबसे बड़ा देश है। यह दक्षिण अमेरिकी देश बहुसांस्कृतिक है। दक्षिण अमेरिका का चौथा सबसे बड़ा और दुनिया का सबसे बड़ा 26वाँ देश है। भारत जैसे बड़े देश से इसकी तुलना नहीं की जा सकती। कोलंबिया का क्षेत्रफल 11 लाख 41 हजार 748 किलोमीटर है और भारत का 32 लाख 87 हजार 263 वर्ग किलोमीटर है। कोलंबिया की आबादी 4 करोड़ 46 लाख 60 हजार से अधिक है और भारत की 146 करोड़ 39 लाख के करीब है। कोलंबिया का 'मोटो' (आदर्श वाक्य) है झ 'फ्रीडम एण्ड गुड गवर्नमेंट' और भारत का है 'सत्यमेव जयते'। 7 अगस्त 2022 से कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो हैं। इस देश के हाल के इतिहास में वे पहले वामपंथी राष्ट्रपति हैं। गुस्तावो पेट्रो ने ही ''मेन कोलंबिया' राजनीतिक दल की स्थापना 2011 में की थी, जो पहले 'प्रोग्रेसिव मूवमेंट' के नाम से जाना जाता था। गुस्तावो पेट्रो ने अपने यहाँ अमेरिकी सैन्य विमान को उतरने की और उस विमान से आप्रवासियों को भेजने की अनुमति नहीं दी। उसने अपना विमान भेजा और अपने नागरिकों की गरिमापूर्ण ढंग से वापसी कराई। कोलंबिया के राष्ट्रपति ने अपने नागरिकों की गरिमा और देश की गरिमा को समझा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने न अपने नागरिकों की और न अपने देश की गरिमा की रक्षा की।

मैक्सिको ने भी अपने नागरिकों की गरिमा की जिस तरह रक्षा की है, उसकी प्रशंसा की जानी चाहिए। मैक्सिको संघीय संवैधानिक गणराज्य है। इसका क्षेत्रफल 19 लाख 72 हजार 550 किलोमीटर है और आबादी लगभग 11 करोड़ 15 लाख है। मैक्सिको की 62 वर्षीय राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम पार्डो ने भी आप्रवासियों को वापस भेजने वाले अमेरिकी सैन्य विमान को अपने यहाँ आने नहीं दिया। क्लाउडिया शिनबाम को राष्ट्रपति बने अधिक दिन नहीं हुए हैं। वे 1 अक्टूबर 2024 से ही इस पद पर हैं। इस महिला राष्ट्रपति के साहस और स्वाभिमान से क्या हम अपने देश के प्रधानमंत्री की तुलना कर सकते हैं? नरेन्द्र मोदी ने बार-बार डोनाल्ड ट्रम्प को अपना 'मित्र' कहा है। दो बड़े लोकतांत्रिक देशों के बीच का यह व्यवहार क्या मित्रवत है? एक 'मित्र' की हैसियत से भी नरेन्द्र मोदी ने ट्रम्प के समक्ष अपनी शिकायत दर्ज नहीं की है। क्या इस समय वे अमेरिका की यात्रा में वे ट्रम्प से अपना विरोध प्रकट करेंगे? संभावना कम है। कोलंबिया के राष्ट्रपति ने एयरपोर्ट पर अपने आप्रवासी नागरिकों को 'रिसीव' किया और यह कहा भी - ''अब आप आजाद हैं। अपनी मातृभूमि पर हैं। निराश न हों।'' बिना अनुमति के किसी भी स्वाधीन देश में किसी भी अन्य देश का सैन्य विमान नहीं उतरता। यह किसी भी देश की सम्प्रभुता का सवाल है। भारत की सरकार ने अगर अमेरिकी सैन्य विमान को अमृतसर में उतरने की अनुमति दी, तो इसकी निन्दा की जानी चाहिए और अगर अमेरिका ने बिना अनुमति के यहाँ अपना सैन्य विमान उतारा, तो यह कहीं अधिक आपत्तिजनक है, भर्त्सना योग्य है। इस घटना से भारत की विदेश नीति और अमेरिका से उसके संबंध का भी पता चलता है। विदेश मंत्री के सफाई वक्तव्य में केवल अमेरिकी कानून का उल्लेख था और कहीं से भी अमेरिका के इस आचरण का विरोध नहीं था। भारत-अमेरिका-मैत्री संबध पर इस घटना से कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। इन्दिरा गांधी ने 'सेवेंथ फलीट' को रोक दिया था और नरेंद्र मोदी ने सैन्य विमान को उतरने दिया। इन्दिरा गांधी और नरेन्द्र मोदी में अंतर है।

अमेरिका के पक्ष में बोलना उसकी गुलामी है, राष्ट्र का अपमान है। विदेश मंत्री ने संसद में कई झूठी बातें कही हैं। भारतीय नागरिकों के साथ अमेरिका का यह व्यवहार अपमान जनक है। जिसकी कड़ी निन्दा और भर्त्सना की जानी चाहिए। देश के विविध हिस्सों में इसके खिलाफ अभी तक प्रदर्शन नहीं हुए हैं। ट्रम्प दूसरा हिटलर है। उसके खिलाफ खड़ा होना तानाशाही, फासीवाद और हिटलरशाही के खिलाफ खड़ा होना है। उसके पक्ष में होना, उसके घृणित रवैये पर चुप रहना तानाशाही का समर्थन है। ट्रम्प की चिंता में 'अमेरिका फर्स्ट' है और भारत की चिन्ता में? अमेरिका में ट्रम्प के तानाशाही रवैये के खिलाफ प्रदर्शन आरंभ हो चुके हैं। प्रश्न किसी भी देश के स्वाभिमान और आत्मसम्मान का है। आप्रवासी भारतीयों के हाथों में हथकड़ियों और पाँवों में बेड़ियों को देख कर क्या हमें ऐसा नहीं लगता कि पूरा देश ही हथकड़ी पहने हुए है? वर्तमान सरकार को देश की चिंता से कहीं अधिक चिंता कॉरपोरेटों की है। आप्रवासी भारतीय सामान्य जन है। उसकी चिंता सरकार को नहीं है। बेड़ियाँ बंधन हैं। भारतीय आप्रवासी नागरिकों को देश-विदेश में, कहीं भी सम्मान प्राप्त नहीं है। मान-सम्मान के साथ जीवन जीने के लिए उनका अपना देश भी नहीं है। क्या आमलोग किसी-न-किसी रूप में हथकड़ी में, बंधन में नहीं हैं। अमेरिका ने भारतीय आप्रवासियों के साथ अपराधियों और कैदियों की तरह व्यवहार किया है और हमारे देश के विदेश मंत्री की दृष्टि में यह अमेरिकी नियम है। संसद में विदेश मंत्री ने विपक्ष के सांसदों को जो उत्तर दिया है, उसमें कई झूठ हैं। कोलंबिया अमेरिका के सामने तन कर खड़ा है और भारत नतमस्तक है।

अमेरिका में हर चौथा विदेशी अवैध प्रवासी है। 2022 की जनगणना के अनुसार बिना किसी कानूनी दस्तावेज के वहाँ 1 करोड़ 10 लाख लोग रह रहे हैं। पूर्व राष्ट्रपति बाइडेन ने पिछले वर्ष जो ढाई लाख अवैध आप्रवासी निकाले थे, उनमें 1368 भारतीय थे। अमेरिका में अवैध रूप से रहने वाले भारतीयों की संख्या सवा सात लाख (7.25) है। अमेरिका ने अवैध दस्तावेज वाले 20 हजार 407 भारतीयों को चिन्हित किया है। अमेरिका में पैसा है, इसलिए वहाँ अवैध रूप से जाने वालों की संख्या बढ़ रही है। 1700 ईसवी के अंत में जब अमेरिका ग्रेट ब्रिटेन से आजाद हुआ, उसके बाद ही वहाँ आप्रवासियों के आगमन की शुरूआत हुई। उस समय उन्हें अवैध नहीं माना जाता था। बीसवीं शताब्दी के आरंभ में अमेरिका की सीमा (बोर्डर) खुली रहती थी। 1880 से 1924 के बीच वहाँ बीस लाख से अधिक आप्रवासी मध्य यूरोप से आए, जिनमें अधिकतर कैथोलिक और यहूदी थे। 1921 में वहां कांग्रेस ने 'इमर्जेन्सी कोटा एक्ट' पास किया और 1924 के आप्रवासी एक्ट के बाद एशिया से आने वाले आप्रवासियों पर प्रतिबंध लगा। भारत में सामान्य नौकरी का अभाव है। अधिक दिन नहीं हुए, जब यहाँ के ग्रेजुएटों को पकौड़े बेचने की सलाह दी गयी थी। जीवन-यापन यहाँ किसी तरह संभव हो पाता है। जीवन-स्तर ऊँचा करने और बेहतर बनाने के यहाँ अवसर कम है। अमेरिका में एक लाख डॉलर तक देकर भी आज जो भारतीय जाने को तैयार हैं, वे अपने देश में अपना भविष्य नहीं देखते। अब विदेशों में कार्यरत बहुत कम भारतीय स्वदेश लौटते हैं। वे अपना ठिकाना और आशियाना उन देशों में ही बना लेते हैं, जहाँ वे कार्य कर रहे हैं। दूसरी ओर लाखों भारतीय अवैध तरीके से करोड़ों रुपये यहां कमा कर या यहां से लूटकर विदेश चले गये हैं। उन्होंने भारतीय नागरिकता छोड़ दी है और दूसरे देशों की नागरिकता प्राप्त कर ली है। एक ओर भारतीय धन लूट कर या इक्ट्ठा कर दूसरे देशों में जाने वाले भारतीय हैं और दूसीर ओर जीवन-स्तर ऊँचा करने के लिए, बच्चों की अच्छी शिक्षा-दीक्षा के लिए अवैध ढंग से अमेरिका जाने वाले भारतीय हैं।

अवैध ढंग से किसी भी देश में जाना एक अपराध है। स्वाभाविक है कि कोई भी देश ऐसे आप्रवासियों को उसके अपने देश भेज दे। अपराध अपराध में अंतर है। अमेरिका जाने वाले भारतीय आप्रवासियों की संख्या हाल के वर्षों में अधिक बढ़ी है, विशेषतः नवउदारवादी अर्थ-व्यवस्था और भूमंडलीकरण के पश्चात?। आप्रवासियों को हथकड़ी लगाकर उन्हें उनके देशों में भेजना अमेरिकी नीति हो सकती है, जिसे स्वीकारना किसी भी स्वाभिमानी देश के लिए संभव नहीं है। भारत, कोलंबिया और मेक्सिको की तरह 'स्टैंड' ले सकता था। उसने क्यों नहीं लिया? अमेरिका ने अभी तक भारत पर टैरिफ नहीं बढ़ाया है। पर कोलंबिया पर उसने 50 प्रतिशत टैरिफ बढ़ा दिया है। 'ट्रैवेल बैन' की भी वह बात कर रहा है, पर कोलंबिया झुका नहीं। उसने अमेरिका को, ट्रम्प को मुँहतोड़ जवाब दिया है, उसकी धमकी को महत्व नहीं दिया है और भारत? ऐसी हरकतों के लिए अमेरिकी सरकार और ट्रम्प ही नहीं, हमारे देश की सरकार और प्रधानमंत्री भी कम दोषी नहीं हैं। मोदी ट्रम्प को 'माई फ्रेंड डोनाल्ड ट्रम्प', कहते हैं। भारत की जनता ट्रम्प को 'माई एनेमी डोनाल्ड ट्रम्प' ही कहेगी।

विदेश मंत्री एस जयशंकर के अनुसार 2009 से अब तक भारत में 15 हजार 756 अवैध आप्रवासी भारतीय निर्वासित 'डेपोर्ट' किये गये हैं। अक्टूबर 2022 से सितम्बर 2023 के 11 महीनों में अवैध रूप से अमेरिका में सीमा पार करते हुए 96 हजार 917 भारतीयों को पकड़ा गया था।

2022 में अमेरिका में अनधिकृत आप्रवासियों की संख्या 1 करोड़ 10 लाख थी। अमेरिका प्रत्येक वर्ष सीमा प्रवर्तन पर 3.8 बिलियन डॉलर खर्च करता है। ट्रम्प अवैध आप्रवासी पर सख्त हैं, पर मानवाधिकार की बात करने वाले अमेरिका को यह मालूम है कि हथकड़ियाँ पहनाना और बेड़ियाँ लगाना गलत है। उसकी ऐसी नीति की भर्त्सना की जानी चाहिए। देश का शासक वर्ग जब सामान्य जनता की चिंता न कर पूंजीपतियों और कॉरपोरेटों की अधिक चिन्ता करता है और देशवासियों को हथकड़ियों और बेड़ियों में देख कर किसी प्रकार का विरोध प्रकट नहीं करता, तो स्वाभाविक रूप से किसी भी संवेदनशील नागरिक और कवि को यह महसूस होगा 'यह देश ही हथकड़ी में है।'

(लेखक वरिष्ठ आलोचक एवं सामाजिक, राजनीतिक चिंतक हैं, संपर्क 94311 03960)

मैं साम, तुम ऋचा, मैं आकाश, तुम धरा

वेलेंटाइन डे पर

आकांक्षा यादव

प्यार क्या है ? यह एक बड़ा अजीब सा प्रश्न है। पिछले दिनों इमरोज जी का एक इण्टरव्यू पढ़ रही थी, जिसमें उन्होंने कहा था कि जब वे अमृता प्रीतम के लिए कुछ करते थे तो किसी चीज की आशा नहीं रखते थे। जाहिर है प्यार का यही रूप भी है, जिसमें व्यक्ति चीजें आत्मिक खुशी के लिए करता है न कि किसी अपेक्षा के लिए। पर क्या वाकई यह प्यार अभी जिन्दा है? हम वाकई प्यार में कोई अपेक्षा नहीं रखते। यदि रखते हैं तो हम सिर्फ रिश्ते निभाते हैं, प्यार नहीं? क्या हम अपने पति, बच्चों, माँ-पिता, भाई-बहन, से कोई अपेक्षा नहीं रखते। सवाल बड़ा जटिल है पर प्यार का पैमाना क्या है? यदि किसी दिन पत्नी या प्रेमिका ने बड़े मन से खाना बनाया और पतिदेव या प्रेमी ने तारीफ के दो शब्द तक नहीं कहे, तो पत्नी का असहज हो जाना स्वाभाविक है। अर्थात पत्नी/प्रेमिका अपेक्षा रखती है कि उसके अच्छे कार्यों की सराहना की जाय। यही बात पति या प्रेमी पर भी लागू होती है। वह चाहे मैनर हो या औपचारिकता, मुख से अनायास ही निकल पड़ता है- 'धन्यवाद या इसकी क्या जरूरत थी।' यहाँ तक कि आपसी रिश्तों में भी ये चीजें जीवन का अनिवार्य अंग बन गई हैं। जीवन की इस भागदौड़ में ये छोटे-छोटे शब्द एक आश्वस्ति सी देते हैं। पर सवाल अभी भी वहीं है कि क्या प्यार में अपेक्षायें नहीं होती हैं? सिर्फ दूसरे की खुशी अर्थात स्व का भाव मिटाकर चाहने की प्रवृत्ति ही प्यार कही जायेगी। यहाँ पर मशहूर दार्शनिक खलील जिब्रान के शब्द याद आते हैं- ''जब पहली बार प्रेम ने अपनी जादुई किरणों से मेरी आंखें खोली थीं और अपनी जोशीली अंगुलियों से मेरी रूह को छुआ था, तब दिन सपनों की तरह और रातें विवाह के उत्सव की तरह बीतीं।''

भारतीय संस्कृति में तो इस प्यार के लिए एक पूरा मौसम ही है- वसंत। वसंत तो प्रकृति का यौवन है, उल्लास की ऋतु है। इसके आते ही फिजा में रूमानियत छाने लगती है। निराला जी कहते हैं- सखि वसंत आया /भरा हर्ष वन के मन/नवोत्कर्ष छाया।

वसंत के सौंदर्य में जो उल्लास मिलता है, फिर हर कोई चाहता है कि अपने प्यार के इजहार के लिए उसे अगले वसंत का इंतजार न करना पड़े। भारतीय संस्कृति में ऋतुराज वसंत की अपनी महिमा है। प्यार के बहाने वसंत की महिमा साहित्य और लोक संस्कृति में भी छाई है। तभी तो 'अज्ञेय' ऋतुराज का स्वागत करते नजर आते हैं-अरे ऋतुराज आ गया/ पूछते हैं मेघ, क्या वसंत आ गया?/ हंस रहा समीर, वह छली भुला गया/ किंतु मस्त कोंपलें सलज्ज सोचती/ हमें कौन स्नेह स्पर्श कर जगा गया?/ वही ऋतुराज आ गया।

प्रेम आरम्भ से ही आकर्षण का केंद्र बिंदु रहा है। कबीर ने तो यहाँ तक कह दिया कि-'ढाई आखर प्रेम का, पढ़े सो पंडित होय।' प्रेम को लेकर न जाने कितना कुछ कहा गया, रचा गया। यहाँ तक कि वैदिक ऋचायें भी इससे अछूती नहीं रहीं। वहाँ भी प्रेम की महिमा गाई गई है। अथर्ववेद के एक प्रेम गीत 'प्रिया आ' के हिन्दी में रूपांतरित सुमधुर बोल अनायास ही दिलोदिमाग को झंकृत करने लगते हैं-मत दूर जा/लिपट मेरी देह से/ लता लतरती ज्यों पेड़ से/मेरे तन के तने पर /तू आ टिक जा/अंक लगा मुझे/कभी न दूर जा/पंछी के पंख कतर/जमीं पर उतार लाते ज्यों/छेदन करता मैं तेरे दिल का/प्रिया आ, मत दूर जा।/धरती और अंबर को /सूरज ढक लेता ज्यों/तुझे अपनी बीज भूमि बना/आच्छादित कर लूंगा तुरंत/प्रिया आ, मन में छा/कभी न दूर जा/आ प्रिया!

प्रेम एक बेहद मासूम अभिव्यक्ति है। अथर्ववेद में समाहित ये प्रेम गीत भला किसे न बांध पायेंगे। जो लोग प्रेम को पश्चिमी चश्मे से देखने का प्रयास करते हैं, वे इन प्रेम गीतों को महसूस करें और फिर सोचें कि भारतीय प्रेम और पाश्चात्य प्रेम का फर्क क्या है? प्रेम सिर्फ दैहिक नहीं होता, तात्कालिक नहीं होता, उसमें एक समर्पण होता है। अथर्ववेद के ही एक अन्य गीत 'तेरा अभिषेक करूं मैं' में अतर्निहित भावाभिव्यक्तियों को देखें-पृथ्वी के पयस से/अभिषेक करूँ/औषध के रस से/करूं अभिषेक/धन-संतति से/सुख-सौभाग्य सभी/तुझ पर वार करूं मैं।/यह मैं हूं/वह तुम/मैं साम/तुम ऋचा/मैं आकाश/तुम धरा/हम दोनों मिल/सुख सौभाग्य से/संतति संग/जीवन बिताएं।

वेदों की ऋचाओं से लेकर कबीर-बानी के तत्व को सहेजता यह प्रेम सिर्फ लौकिक नहीं अलौकिक और अप्रतिम भी है। इसकी मादकता में भी आत्म और परमात्म का ज्ञान है। तभी तो आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी कहते हैं- ह्लवसंत का मादक काल उस रहस्यमय दिन की स्मृति लेकर आता है, जब महाकाल के अदृश्य इंगित पर सूर्य और धरती-एक ही महापिंड के दो रूप-उसी प्रकार वियुक्त हुए थे जिस प्रकार किसी दिन शिव और शक्ति अलग हो गए थे। तब से यह लीला चल रही है।ह्व हमारे यहाँ तो प्रेम अध्यात्म से लेकर पोथियों तक पसरा पड़ा है। उसके लिए किसी साकार और निर्विकार का भेद नहीं बल्कि महसूस करने की जरूरत है। राधा-कृष्ण का प्रेम भी अपनी पराकाष्ठा था तो उसी कृष्ण के प्रेम में मीरा का जोगन हो जाना भी पराकाष्ठा को दशार्ता है। आखिर इस प्रेम में देह कहाँ है ? खजुराहो और कोणार्क की भित्त मूर्तियाँ तो देवी-देवताओं को भी अलंकृत करती हैं। फिर कबीर भला क्यों न कहें-'ढाई आखर प्रेम का, पढ़े सो पंडित होय।'

पर दुर्भाग्यवश आज की युवा पीढ़ी प्यार के लिए भी पाश्चात्य संस्कृति की ओर झाँकती है। लैला-मजनू, शीरी-फरहाद, रोमियो-जूलियट के प्यार के किस्से सुनते-सुनते जो पीढ़ियाँ बड़ी हुईं, उनके अंदर प्रेम का अनछुआ अहसास कब घर कर गया पता ही नहीं चला। मन ही मन में किसी को चाहने और यादों में जिन्दगी गुजार देने का फलसफा देखते ही देखते पुराना हो गया। फिल्मों, टीवी सीरियलों, ओटीटी प्लेटफॉर्म पर वेब सीरीज ने प्रेम को अभिव्यक्त करने के ऐसे-ऐसे तरीके बता दिए कि युवा पीढ़ी वाकई 'मोबाइल' हो गई, पत्रों की जगह 'चैट' ने ले ली और अब प्यार का इजहार सोशल मीडिया और व्हाट्सएप पर किया जाने लगा। प्रेम का रस उसे वेलेण्टाइन-दिवस में दिखता है, जो कि कुछ दिनों का खुमार मात्र है । ऋतुराज वसंत और इसकी मादकता की महिमा वह तभी जानता है, जब वह 'वेलेण्टाइन' के पंखों पर सवार होकर अपनी खुमारी फैलाने लगे। दरअसल यही दुर्भाग्य है कि हम जब तक किसी चीज पर पश्चिमी सभ्यता का ओढ़ावा नहीं ओढ़ा लेते, उसे मानने को तैयार ही नहीं होते। 'योग' की महिमा हमने तभी जानी जब वह 'योगा' होकर आयातित हुआ। और यही बात इस प्रेम पर भी लागू हो रही है। काश कि वे बसंती बयार में मदमदाते इस प्यार को अंदर से महसूस करते- शुभ हो वसंत तुम्हें/शुभ्र, परितृप्त, मंद मंद हिलकोरता/ऊपर से बहती है सूखी मंडराती हवा,/भीतर से न्योतता विलास गदराता है/ऊपर से झरते हैं कोटि कोटि सूखे पात/भीतर से नीर कोंपलों को उकसाता है/ऊपर से फटे से हैं सीठे अधजगे होठ/भीतर से रस का कटोरा भरा आता है। (विजयदेव नारायण साही)

फिलहाल वेलेण्टाइन-डे का खुमार युवाओं के दिलोदिमाग पर चढ़कर बोल रहा है। जो प्रेम कभी भीनी खुशबू बिखेरकर चला जाता था, वह जोड़ों को घर से भगाने लगा। कोई इसी दिन पण्डित से कहकर अपना विवाह-मुहूर्त निकलवाता है तो कोई इसे अपने जीवन का यादगार लम्हा बनाने का दूसरा बहाना ढूंढता है। एक तरफ नैतिकता की झंडाबरदार सेनायें वेलेण्टाइन-डे का विरोध करने और इसी बहाने चर्चा में आने का बेसब्री से इंतजार करती हैं-'करेंगे डेटिंग तो करायेंगे वेडिंग।' यही नहीं इस सेना के लोग अपने साथ पण्डितों को ल

अलग-अलग दुर्घटनाओं में एक की मौत, दो दर्जन घायल

हादसा

घायलों का जिला अस्पताल में चल रहा है इलाज

जनसंदेश न्यूज

अनियंत्रित होकर गड्ढे में गिरी रोडवेज बस

स्वास्थ्य केंद्र पर घायलों को लेकर पहुंची एंबुलेंस व जुटे लोग

रानीकीसराय (आजमगढ़)। तीन थाना क्षेत्रो में अलग-अलग दुर्घटनाओं में जहां एक की मौत हो गई वहीं दो दर्जन घायल हो गये। सभी घायलों का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है।

पहली घटना गंभीरपुर थाना क्षेत्र के अमौडा टोल प्लाजा पर बुधवार की शाम हुई जहां एक अनियंत्रित ऑटो पलट गया। ऑटो में सवार रायपुर थाना रानी की सराय निवासी मतई 47 वर्ष पुत्र गणपत, केतई 52 वर्ष पुत्र गणपत, राजकुमारी 60 वर्ष पत्नी अवधू, लालमति 42 वर्ष पत्नी मिंटू घायल हो गए। 108 एंबुलेंस की सहायता से सभी घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदपुर ले जाया गया जहां पर हालत गंभीर देखते हुए डाक्टरों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। ऑटो में सवार होकर रिश्तेदारी में मौत में गए थे जहां से वह शाम को वापस आ रहे थे। जैसे ही उनका ऑटो गंभीरपुर थाना क्षेत्र के अमौड़ा मोहिउद्दीनपुर टोल प्लाजा के पास पहुंचा अनियंत्रित होकर ऑटो पलट गया। मतई व राजकुमारी की हालत गंभीर बताई जा रही है।

दूसरी घटना सिधारी थाना क्षेत्र के ओवरब्रिज स्थित रेलवे क्रासिंग के समीप हुई। फूलपुर कोतवाली निवासी गोलू 30 वर्ष और श्रेयांश 22वर्ष निवासी उतरगावा थाना गंभीरपुर बाइक से बुधवार की रात बरदह थाना क्षेत्र के जिदूपुर स्थित मौसी के घर जा रहे थे। ओवरब्रिज पर अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे गोलू नीचे गिर गया। श्रेयांश भी घायल हो गया। मौके पर जुटे नागरिकों ने दोनो को जिलाअस्पताल भेजवाया जहां गोलू ने दम तोड़ दिया जबकि श्रेयांश का उपचार चल रहा है।रिश्ते में गोलू श्रेयांश का मामा है।

तीसरी घटना रानीकीसराय थाना क्षेत्र के कोटिला के पास हुई जहां आजमगढ से प्रयागराज जा रही बस अनियंत्रित हो कर खड्ड में चली गई। बस में सवार एक दर्जन यात्री घायल हो गये। पुलिस और नागरिकों ने सभी यात्रियों को बाहर निकाला। सभी को स्वास्थ्य केन्द्र पर उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

आजमगढ से प्रयागराज बस यात्रियों को लेकर बुद्धवार की रात नौ बजे जा रही थी।बस ज्यों ही शंकरपुर चेकपोस्ट से आगे बढ़ कर नेशनल हाइवे तक पहुंचने से पहले ही खड्ड में अनियंत्रित होकर चली गयी। इसी दौरान आगे जा रहे बाइक सवार भी चपेट में आ गये। बस खड्ड मे जाते ही यात्रियों में चीख पुकार मच गई। नागरिक पहुंचे और सूचना पुलिस को दी। घायलों में रानीकीसराय कस्बा निवासी पिंटू 30 वर्ष, निशा 26 वर्ष, सुधांशु 7 वर्ष, हिमांशु 15 वर्ष और दिव्यांशु 9वर्ष, थाना जहानागंज रामलाल शेरपुर थाना निजामाबाद, बस चालक जीतालाल निवासी प्रयागराज समेत सभी को जिला अस्पताल भर्ती करायागया।

उमाकांत यादव को ईजा ने किया सम्मानित

आजमगढ़। आइडियल जर्नलिस्ट एसोसिएशन द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में आशुलिपिक पद पर कार्यरत उमाकांत यादव को उनके आवास चक खैरुल्लाह पर सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय महासचिव साहित्यकार संजय कुमार पांडेय ने आशुलिपिक उमाकांत यादव को सम्मान पत्र अंग वस्त्रम एवं बुके देकर सम्मानित किया। तत्पश्चात समाजसेवी विपिन कुमार ने बुके देकर सम्मानित किया। राष्ट्रीय महासचिव साहित्यकार संजय कुमार पांडेय ने कहा कि उमाकांत यादव को कोरोना जैसी महामारी के समय गरीबों मजलूमों की मदद करने एवं शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया है। अपने सम्मान से अभिभूत आशुलिपिक उमाकांत यादव ने कहा कि संगठन ने जो हमारा सम्मान किया है उसके प्रति मैं आभार प्रगट करता हूं। भविष्य में संगठन को जहां हमारी जरूरत पड़ेगी, हम हर संभव मदद करने के लिए तैयार रहेंगे।

उमाकांत यादव को सम्मान पत्र देते संजय कुमार पांडेय

282 परीक्षा केंद्रों पर होगी हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा

तैयारी पूरी

चार सुपर जोनल, आठ जोनल 27 सेक्टरों में किया गया है विभक्त

आजमगढ़। जिला मजिस्ट्रेट नवनीत सिंह चहल ने बताया है कि माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा वर्ष 2025 की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की संस्थागत एवं व्यक्तिगत परीक्षार्थियों की बोर्ड परीक्षाएं 24 फरवरी से प्रारम्भ होकर 12 मार्च को समाप्त हो रही है। जनपद में निर्धारित 282 परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा की शुचिता बनाये रखने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल, परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण करने एवं शांति व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु समस्त परीक्षा केन्द्रों को 4 सुपर जोनल, 8 जोनल, 27 सेक्टरों में विभक्त करते हुए प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर एक स्टैटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गयी है। उक्त के अतिरिक्त सेक्टर, स्टैटिक मजिस्ट्रेट को आरक्षित रखा गया है।

बोर्ड परीक्षा वर्ष-2025 को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु संबंधित सुपर जोनल मजिस्ट्रेट, जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापक एवं वाह्य केन्द्र व्यवस्थापक एवं सभी आरक्षित सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं आरक्षित स्टैटिक मजिस्ट्रेट 17 फरवरी को पूर्वान्हन 11बजे से अपरान्ह एक बजे तक एवं संबंधित सुपर जोनल मजिस्ट्रेट, जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापक एवं वाह्य केन्द्र व्यवस्थापक एवं सभी आरक्षित सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं आरक्षित स्टैटिक मजिस्ट्रेट अपरान्ह दो बजे से चार बजे तक जिला मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में हरिऔध कला केन्द्र में एक बैठक का आयोजन किया गया है, जिसमें सभी सुपर जोनल मजिस्ट्रेट, जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर/स्टैटिक मजिस्ट्रेट तथा सम्बंधित अन्य अधिकारी उपस्थित होंगे। बैठक के बाद स्टैटिक मजिस्ट्रेट/सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने-अपने केन्द्र का भ्रमण करेंगें तद्नुसार जिला विद्यालय निरीक्षक को रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे।

शब-ए-बारात पर कब्रिस्तानों में पढ़ी गयी फातिहा

शब-ए-बारात

पूरी रात मस्जिदों में होती रही इबादत

15 दिन बाद रमजान का होगा आगाज

लालगंज (आजमगढ़)। देवगांव में शब-ए-बारात के अवसर पर देर रात तक लोगों ने कब्रिस्तानों पर जाकर फातिहा पढ़ी तथा क्षेत्र की तमाम मस्जिदों में लोगों ने पूरी रात इबादत की। देर शाम से लोगों का कब्रिस्तान जाने आने का सिलसिला शुरू हुआ जो देर तक चलता रहा। देवगांव के चिरावनदास कब्रिस्तान, सोनपोखरी कब्रिस्तान, गिरधरपुर कब्रिस्तान, महादेव के समीप कब्रिस्तान में जाकर देर रात तक लोग फातिहा पढते रहे।

इस दिन लोग अपने परिवार के मृतकों के नाम घर में फातिहा कराते हैं वहीं उनकी कब्र पर जाकर फातिहा पढ़कर उनके हक में अल्लाह से दुआ मांगी जाती है। शब-ए-बारात की रात को इबादत की रात माना जाता है। इस रात अल्लाह की रहमतें और बरकतें नाजिल होती हैं। हदीस में वर्णित है कि अल्लाह अपने बंदों के गुनाहों को माफ करता है। यह रात गुनाहों से माफी और जहन्नम से निजात की रात बताई जाती है। लोग पूरी रात मस्जिदों में इबादत करके गुजारते हैं। कब्रिस्तान से लौटने के बाद पुरुष मस्जिदों में पूरी रात जहां इबादत करते हैं तो वहीं महिलाएं घरों में पूरी रात इबादत करती है। ऐसा भी माना जाता है कि इस रात अल्लाह सातवें आसमान पर आते हैं और इबादत करने वालों की हर मुरादों को पूरा करने के साथ ही उनके गुनाहों को भी माफ कर देते हैं। शब-ए-बारात के 15 दिनों के बाद माहे रमजान का आगाज होता है। यह महीना इबादत करने, अपने गुनाहों की माफी और अपने मृत परिजनों के हक में अल्लाह से उनके लिए दुआ करने का होता है। देवगांव के तमाम दरगाहों व शहीदों की मजारों पर भी लोगों की भारी भीड़ फातिहा पढ़ने के लिए देखी गई।

बिजली बिल को लेकर उपभोक्ताओं में आक्रोश

विरोध

बड़े बाबू पर लगाया शोषण का आरोप

उच्चाधिकारियों से की कार्रवाई की मांग

उपकेंद्र पर विद्युत बिल ठीक कराने पहुंचे उपभोक्ता

आजमगढ़। शासन द्वारा बिजली विभाग के उपभोक्ताओं को तमाम सुविधाओं की घोषणा के बावजूद जहानागंज विद्युत उपकेंद्र के उपभोक्ता लगातार आ रही अनियमित बिल को लेकर परेशान हैं। गुरूवार को आक्रोशित उपभोक्ताओं ने उपकेंद्र पर आक्रोश प्रदर्शित करते हुए बड़े बाबू पर शोषण का आरोप लगाया।

कारीसाथनिवासी राजेश यादव ने बताया कि गलत बिल आने पर सुधार हेतु बड़े बाबू द्वारा मीटर रीडिंग कराने की बात कही गई। उन्होंने रीडिंग करा कर प्रस्तुत भी कर दिया। इसके बाद लगातार 4 माह से उपकेंद्र की परिक्रमा कर रहे हैं। कभी सर्वर का बहाना तो कभी अधिकारी के न रहने का बहाना बनाकर मामले का अब तक निस्तारण नहीं किया गया। गुरुवार को जब मैने पूछा की आप मीटर रीडिंग के आधार पर बिल क्यों नहीं सही करा रहे हैं तो बाबू ने कहा कि मैं कुछ नहीं कर सकता हूं जहां मन करे वहां जाइए। रामप्यारे यादव ने भी आरोप लगाया कि वह अत्यंत गरीब हैं फिर भी सिफारिश के बाद भी बड़े बाबू द्वारा कोई हमदर्दी नहीं मिली। भटगाँवा की सीता ने बताया कि उक्त बाबू द्वारा मेरी बिल 4885 रुपए बतायी गयी जिसे मैंने जमा कर दिया तो उन्होंने कहा कि आपका बिल अब शून्य हो गया है। परंतु इस माह पुनः अचानक 12000 की बिल आ जाने से उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। इस बात को भी पूछने पर बड़े बाबू ने सीधे फटकार कर भगा दिया। इसके अलावा बरहतिर जगदीशपुर निवासी शर्मी राजभर, लालमन राजभर, ने बताया की मीटर बदलने एवं बिल को सही करने के संबंध में एक माह पूर्व प्रार्थना पत्र देकर लगातार उपकेंद्र की परिक्रमा कर रहे हैं परंतु बड़े बाबू द्वारा इनकी बिल अब तक सही नहीं की गयी जिससे उन्हे छूट का लाभ नहीं मिल रहा है। इस संबंध में एक्सियन ने कहा कि उपभोक्ताओं को सुविधा मुहैया कराना विभाग की जिम्मेदारी है। इसमें किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उपभोक्ताओं ने उच्चाधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए इसकी जांच कर इनके विरुद्ध उचित कार्रवाई की मांग की है।

संक्षेप

ग्रेटर नोएडा और आगरा के निजीकरण का जारी किया जाए श्वेत पत्र

आजमगढ़। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समितिए उत्तर प्रदेश के आह्वान पर गुरूवार को भी बिजली कर्मियों ने प्रदेश के समस्त जनपदों और परियोजना मुख्यालयों पर विरोध प्रदर्शन जारी रखा। गुरूवार को वाराणसी, आगराए मेरठ, कानपुर, गोरखपुर, मिजार्पुर, आजमगढ़, बस्ती, अलीगढ़, मथुरा, एटा, झांसी, बांदा, बरेली, देवीपाटन, अयोध्या, सुल्तानपुर, हरदुआगंज, पारीछा, जवाहरपुर, पनकी, हरदुआगंज, ओबरा, पिपरी और अनपरा में विरोध प्रदर्शन किया गया। संघर्ष समिति ने कहा है कि निजीकरण के लिए आगे बढ़ने के पहले ग्रेटर नोएडा और आगरा के निजीकरण का श्वेत पत्र जारी किया जाए। संघर्ष समिति ने कहा कि निजीकरण पूरे देश में एक विफल प्रयोग है। यदि उत्तर प्रदेश की बात करें तो उत्तर प्रदेश में 1993 में ग्रेटर नोएडा का निजीकरण किया गया था और 2010 में आगरा शहर का निजीकरण किया गया था। इन दोनों शहरों के निजीकरण से पावर कारपोरेशन को कितना घाटा हुआ और आम जनता को कितनी तकलीफ हुई इसका खुलासा श्वेत पत्र द्वारा पावर कारपोरेशन को आम जनता के सामने जारी करना चाहिए। यह नुकसान महंगी दर पर बिजली खरीद कर निजी कंपनी टोरेंट को सस्ती दर पर बचने के कारण हो रहा है। असली घाटा कई हजार करोड़ रुपए का है। यदि निजीकरण न होता तो यह मुनाफा पावर कारपोरेशन को मिलता।

प्रायोगिक परीक्षा : भौतिक व रसायन में 41.41 जबकि जीव विज्ञान में 33 छात्र रहे अनुपस्थित

फूलपुर, आजमगढ़। स्थानीय तहसील क्षेत्र के जनता इंटर कालेज अंबारी में इण्टरमीडिएट की प्रयोगात्मक परीक्षाएं गुरुवार को संपन्न हुईं। इस दौरान दर्जनों छात्रों ने प्रयोगात्मक परीक्षा से दूरी बना ली। गुरुवार को जीव विज्ञान की परीक्षा बाह्य परीक्षक गाजीपुर के जय भीम और आंतरिक परीक्षक संजय कुमार द्वारा संपन्न करायी गयी। बाह्य परीक्षक द्वारा बच्चों से कुछ सामान्य और कुछ कठिन प्रश्न पूछे गए जिसका बच्चों द्वारा बेबाकी से जबाब भी दिया गया। जीव विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षा के लिए कुल 250 बच्चे थे जिनमें से 33 बच्चों ने परीक्षा नहीं दी। इसके पहले भौतिक विज्ञान में 41 और रसायन विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षा में 41 छात्रों ने परीक्षा छोड़ी थी। प्रधानाचार्य हरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि अनुपस्थित छात्रों के लिए बोर्ड द्वारा बाद में परीक्षा करायी जाती है। इस मौके पर प्रधानाचार्य हरेंद्र प्रताप सिंह, वीरेंद्र यादव, रामचन्द्र राव, रामनिवास, संतोष सिंह आदि मौजूद रहे।

ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने दबंगों पर लगाया गंभीर आरोप

महराजगंज (आजमगढ़)। स्थानीय ब्लाक के जुदाखुर्द ग्राम पंचायत में दबंगई का एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां गुरुवार को ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सुशील राय ने गांव के दो दबंग सद्दाम व अबुशाद पर उन्हें गाली-गलौज देने, धमकाने और पंचायत सहायक से सरकारी कागजात छीनकर फाड़ने का आरोप लगाया है। मामले को लेकर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने बताया कि गांव के दोंनो दबंग आए दिन पंचायत कार्यों में हस्तक्षेप कर रहे हैं। आज दोनों ने उन्हें डराने-धमकाने व जान से मारने के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया और जबरन पंचायत सहायक से सरकारी कागजात छीनकर फाड़ दिए। मौके पर मौजूद सफाईकर्मी राजमणि यादव, भोला राम व बद्री प्रसाद व पंचायत सहायक पूनम यादव ने प्रधान प्रतिनिधि के आरोपों को सही बताया। घटना की सूचना ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने तुरंत स्थानीय पुलिस को देते हुए तहरीर दी जिसपर पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेते हुए घटना की जांच के लिए पुलिसकर्मियों को मौके पर भेजा। थाना प्रभारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मौके पर कागजात फटे व बिखरे मिले जिसपर दोंनो युवकों पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और विस्तृत जांच शुरू कर दी गयी है। इस घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बन गया है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जाएगी और दोषियों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

जन्म और मृत्यु प्रमाणपत्र बनवाना टेढ़ी खीर

जनसंदेश न्यूज

परेशानी

तहसील और ब्लॉक का चक्कर लगाते थक जा रहे आवेदक

ग्रामीणों को जागरूक करने की आवश्यकता : विमला चौधरी

फूलपुर (आजमगढ़)। नियमावली भी ऐसी कि जन्म लेने के बाद जन्म प्रमाणपत्र बनवाना नया जन्म लेने जैसा हो गया है, वहीं मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाना भी इससे कम नहीं है। अधिकारियों की मानें तो ग्रामीणों को जागरुक करने की आवश्यकता है। आखिर किसकी जिम्मेदारी है जागरुक करना। कारण कुछ भी हो जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाना टेढ़ी खीर साबित हो रहा है।

इसकी शुरूआत तहसील में वकील से होती है। एसडीएम कार्यालय, ब्लाक में बीडीओ, एडीओ पंचायत, सचिव पुनः इसी तरह सचिव की रिपोर्ट, पंचायत की रिपोर्ट, बीडीओ की रिपोर्ट फिर संदेश वाहक रिपोर्ट उपजिलाधिकारी कार्यालय रिसीव कराता है। वहां से एसडीएम की स्वीकृति के बाद बाबू आनलाईन करके स्वीकृत पत्र ब्लाक में भेजता है। जहाँ सचिव प्रमाण पत्र जारी करता है। बीस दिन के अन्दर सचिव उससे ऊपर एडीओ पंचायत दो माह से ऊपर जिला पंचायत राज अधिकारी एक साल या ऊपर उपजिलाधिकारी की स्वीकृति के बाद जन्म या मृत्यु प्रमाण पत्र ब्लाक से सचिव जारी करता है। एक जन्म या मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए गांव की गरीब भोली भाली जनता का शोषण शारीरिक मानसिक व आर्थिक रूप से होता है। व्यक्ति आवश्यकता आने पर जब ब्लाक या तहसील पर जाता है तब उसे नए शासनादेश का पता चलता है। ग्रामीण चक्कर लगा रहे पर जिम्मेदार खामोशी धारण किये रहते हैं।

ग्रामीण शाबिर, अशोक पाल, मनीष पाल, मो अनवर, इमरान, हसीब, रामदुलार मौर्य आदि का कहना है कि जन्म, मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के नियम को सरल किया जाना चाहिए। इस संबंध में खण्ड विकास अधिकारी फूलपुर बिमला चौधरी का कहना है कि शासन का निर्देश है और नियमावली बनाई गई है। ग्रामीणों को जागरूक करने की आवश्यकता है। समय से सचिव को ग्रामीण सूचित करें तो समस्या का निदान हो जाएगा।

हर्ष सिंह ने जेईई मेंस में हासिल की सफलता

आजमगढ़। वेदांता इंटरनेशनल स्कूल के छात्र हर्ष सिंह ने जेईई मेंस में 98ण्47 प्रतिशत लाकर सफलता हासिल किया। हर्ष सिंह की इस उपलब्धि पर वेदांता इंटरनेशनल स्कूल को हर्ष के पिता अजय सिंह सहायक अध्यापक भीमाकोला कोयलसा ने फोन कर बधाई दी। अच्छे शिक्षण संस्थान की तारीफ करते हुए कहा कि निश्चित रूप से हर्ष की मेहनत के साथ.साथ ही वेदांता इंटरनेशनल स्कूल की शिक्षा पद्धति इस सफलता में सहायक सिद्ध हुई। वेदांता इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंध निदेशक शिव गोविंद सिंह ने अपने स्कूल के होनहार छात्र हर्ष सिंह और उनके परिवारीजन को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

हर्ष सिंह

फांसी के फंदे से लटकर बीटीसी छात्रा ने दी जान

जनसंदेश न्यूज

दुःखद

दरवाजा तोड़कर पुलिस ने उतारा नीचे

मौत की सूचना पर परिवार में मातम

आजमगढ़। महराजगंज थाना क्षेत्र के असरफपुर बसारथ पट्टी उर्फ बनगांव ग्राम में बीटीसी की छात्रा ने संदिग्ध परिस्थिति में फंदे से लटककर अपनी इहलीला समाप्त कर ली। मौके पर पहुंची पुलिस ने कमरे का दरवाजा तोड़कर शव को फंदे से नीचे उतारा और जांच पड़ताल में जुटगयी।

उक्त गांव निवासी संजीव कुमार की 22 वषीर्या पुत्री नेहा कुमारी बीटीसी प्रथम वर्ष की छात्रा थी। वह एक भाई और दो बहनों में सबसे छोटी थी। उसकी भाभी एक माह पूर्व अपने मायके गईं थीं, जिसके बाद भाई भी दो दिन पूर्व अपनी ससुराल चला गया था। नेहा की दादी सिरपत्ति देवी, मां बिंदू देवी, बड़ी बहन पूजा बगल में स्थित दूसरे मकान में बुधवार की रात को सोने के लिए गए थे। परिजनों का कहना है कि भाभी के जाने के बाद नेहा पुराने मकान में ही अपने भाभी के कमरे में रात को सोती थी। बुधवार की रात को गांव में संत रविदास जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया था। नेहा और उसके परिवार के लोग रात में कार्यक्रम देखकर घर वापस लौटे थे। इधर, जब गुरुवार की सुबह सात बजे तक सोकर नहीं उठी तो उसकी मां बिंदू देवी अपनी पुत्री को जगाने के लिए दरवाजा खटखटायी। अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं होने पर मां ने जब खिड़की से झांका तो बेटी का शव दुपट्टा के सहारे लटका देख सन्न रह गई। मां की चीख पुकार सुनकर पास-पड़ोस के लोग भी आ गए। सूचना पाकर महराजगंज थाने की पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

शारीरिक दक्षता में 917 अभ्यर्थी रहे सफल

आजमगढ़। उत्तर प्रदेश आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती-2023 की शारीरिक दक्षता परीक्षण(पेट) जो 10 फरवरी से आगामी 27 फरवरी तक 20वीं वाहिनी पीएसी आजमगढ़ में होना प्रस्तावित है। वाहिनी मुख्यालय 20वीं वाहिनी पीएसी आजमगढ़ में 13 फरवरी गुरूवार को सेनानायक सुशील कुमार शुक्ला 20वीं वाहिनी पीएसी आजमगढ़,एसपी सिटी शैलेंद्र लाल एवं परीक्षा बोर्ड में नामित टीम के सदस्यों की उपस्थिति में चैथे दिन नामित 1050 पुरुष अभ्यर्थी में 991 उपस्थित हुए। उपस्थित अभ्यर्थियों की दौड़ कराई गईं जिसमें 917 पुरुष अभ्यर्थी सफल एवं 74 अभ्यर्थी असफल रहे। चतुर्थ दिवस का आयोजन सकुशल सम्पन हुआ।उपरोक्त कार्यक्रम में वाहिनी शिविरपाल विजय कुमार यादव, सूबेदार मेजर बीजेन्द्र सिंह एवं ड्यूटी में लगाए गए अधिकारी व जवान उपस्थित रहे।

एसपी ने किया शारीरिक दक्षता परीक्षा का निरीक्षण

आजमगढ़। पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना ने ने 20वीं वाहिनी पीएसी, आजमगढ़ में हो रहें उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी भर्ती की शारीरिक दक्षता परीक्षा का निरीक्षण कियाएवं परीक्षा में लगे पुलिस बल को ब्रीफ कर निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित ढ़ंग से सकुशल सम्पन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

फर्जी दस्तावेज प्रस्तुत करने वाला गिरफ्तार

आजमगढ़। उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी भर्ती प्रक्रिया के दौरान फर्जी दस्तावेज पेश करने वालेएक अभ्यर्थी/अभियुक्त को थाना कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा पुलिस आरक्षी की भर्ती प्रक्रिया के दौरान 20वीं वाहनी पीएसी में दौड़ परीक्षा के दौरान रजिस्ट्रेशन नबंर 11243222, रोल नंबर 2608663 अभ्यर्थी आशीष कुमार चैबे पुत्र कन्हैया जी चैबे निवासी छोडहर थाना बांसडीह जनपद बलिया का बायोमैट्रिक के दौरान फार्म में अपनी जन्मतिथि 08.09.1995 व दस्तावेज (मार्कशीट) में जन्मतिथि 08.09.1998 अंकित पाया गया। इस सूचना पर प्रभारी निरीक्षक शशि मौलि पांडेय, कांस्टेबल नीरज कुमार, अखिलेश कुशवाहा, महिला कांस्टेबल अर्चना पाण्डेय थाना कोतवाली द्वारा मौके पर पहुंच कर आशीष कुमार चैबे उपरोक्त से पूछताछ करते हुएबुधवार को हिरासत में लेकर कार्रवाई में जुट गयी।

नगर कोतवाली में गिरफ्तार अभियुक्त

जनसुनवाई में आये 35 प्रकरण 18 का हुआ त्वरित निस्तारण

जनसंदेश न्यूज

आयोजन

राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ. प्रिंयका मौर्या ने की सुनवाई

कन्या जन्मोत्सव अन्तर्गत नवजात बच्चियों को दिया गया बेबी किट

पुलिस लाइन सभागार में सुनवाई करती डा. प्रियंका मौर्य व अन्य

आजमगढ़। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य डा. प्रिंयका मौर्या द्वारा पुलिस लाइन सभागार में जनसुनवाई किया गया। कुल 35 प्रकरण प्राप्त हुए। 18 प्रकरण का त्वरित निस्तारण किया गयाए शेष प्रकरण को सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। नोडल अधिकारी के रूप में जिला प्रोबेशन अधिकारी डीसी त्रिपाठी ने कार्यक्रम का संचालन किया।

डा. मौर्य द्वारा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं योजना के 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पुलिस लाइन सभागार में समस्त अधिकारियों की उपस्थिति में पौधरोपण किया गया। जनसुनवाई में उपस्थित समस्त महिलाओं एवं पुरुषों को महिला कल्याण विभाग योजनान्तर्गत मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, सामान्य, स्पॉन्सरशिप योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के बारे में जानकारी दी गयी तथा 2 लाभार्थी को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, 4 लाभार्थी को स्पॉन्सरशिप योजना तथा 2 लाभार्थी को निराश्रित महिला पेंशन योजना से लाभान्वित करने की जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा त्वरित कार्यवाही की गयी।

राज्य महिला आयोग की सदस्य द्वारा जनसुनवाई में प्राप्त महिलाओं की समस्याओं को गम्भीरता से लेकर निर्धारित समय के अन्दर निस्तारण हेतु समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। उन्होने कहा कि हमारा प्रयास है कि जो भी शिकायतें आ रही हैं, उनका तत्काल निस्तारण कराया जाए। जन सुनवाई के पश्चात संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर प्रकरण की समीक्षा भी की जायेगी।

इसके उपरान्त राजकीय मेडिकल कालेज चक्रपानपुर में कन्या जन्मोत्सव के अन्तर्गत नवजात बच्चियों को बेबी किटए दूध का बॉटल उपहार स्वरूप वितरित किया गया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी सदर, उप जिलाधिकारी, स्वास्थ्य विभाग, जिला समाज कल्याण अधिकारी मोती लाल, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी शशांक सिंह, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी चेतन सिंह, महिला थानाध्यक्ष प्रज्ञा सिंह, श्रम प्रवर्तन अधिकारी, बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड, वन स्टॉप सेन्टर के समस्त कार्मिक उपस्थित रहे।

संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता ने लगाई फांसी

जनसंदेश न्यूज

गैपुरा। जिगना थाना क्षेत्र के बिहसड़ा कला गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में मायके में विवाहिता ने फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर लिया। पुलिस ने शव का पंचनामा कर परिवार वालों को सौंप दिया। गांव निवासी अशोक वर्मा की बेटी अंकिता उर्फ मोनू की शादी बीते दो दिसम्बर 2024 को कोलकाता में हाबड़ा जिले के सलकिया में अजय उर्फ बंटी पुत्र कैलाश वर्मा के संग हुई थी।

मृतका की फाइल फोटो

शादी के पंद्रह दिन बाद ही मायके वाले विदाई कर लिवा आए थे। विवाहिता का पति बिहार के पटना शहर में बेंत की कुर्सी बनाकर रोजगार करता है। परिवार वालों ने बताया कि भोर में उसके कमरे का दरवाजा खोलने पर रौशनदान के सहारे शव लटक रहा था। उसे तत्काल पीएचसी सरौंई में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। बीते नौ फरवरी को अंकिता के बड़े पिता के बेटे की शादी थी। मां नीलम देवी ने बताया कि बेटी की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। वह ससुराल नहीं जाना चाहती थी। एक बहन व एक भाई में वह बड़ी थी। प्रभारी थानाध्यक्ष शैलेश राय ने बताया कि शव का पंचनामा कर परिवार वालों को सौंप दिया गया।

अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत

जमालपुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के जमालपुर रानीबाग सम्पर्क मार्ग स्थित सहिजनी गेट के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से 30 वर्षीय युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। छोटेलाल उर्फ रघू 30 वर्ष पुत्र स्व0 सेचई प्रजापति निवासी सिकन्दरपुर गुरुवार को नारायनपुर बाजार से किसी दुसरे अनजान बाइक पर बैठ कर अपने घर आ रहा था। हर्दी सहिजनी गेट के पास बाइक से निचे गिर गया और पिछे से आ रही चार पहिया वाहन ने रौद दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर जुटे आसपास के लोगों ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जमालपुर ले आए जहां युवक की मौत हो गई। मौत की जानकारी मिलने पर सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण अस्पताल में जुट गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अज्ञात चार पहिया वाहन मौके का फायदा उठाकर भाग गया। मृतक अपने परिजनों का पालन पोषण करनें के लिए जलालपुर चौराहे पर एक मिठाई की दुकान पर हलवाई का कार्य करता था जो चार भाइयों में तीसरे नंबर पर था। मौत की खबर लगते ही माता प्रभावती प्रजापति का हाल बेहाल हो गया। मृतक के बड़े भाई शिवसागर ने अज्ञात वाहन के खिलाफ तहरीर दिया है।

पत्थर से टकराया बाइक सवार, मौत

लालगंज। स्थानीय थाना क्षेत्र के जयकर कलां गांव के भुकभुकवा झरना के पास किसी जानवर को बचाने के चक्कर में बाइक सवार पत्थर से टकरा गया जिससे उसकी मौत हो गई। राहगिरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को सूचित करते हुए शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई में जुट गई। लालगंज थाना क्षेत्र के दुबार कलां चौकी अंतर्गत जयकर कलां गांव के भुकभुवा झरना के पास बाइक सवार गांव निवासी स्वर्गीय कल्लू का 36 वर्षीय पुत्र संजय किसी काम से बुधवार को दुबार बाजार की तरफ गया था। देर रात घर लौटते समय अचानक रोड पर किसी जानवर के आने से वन विभाग द्वारा बनाई गई खखरी में टकरा गया जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक के एक पुत्र शंभू उम्र 17 वर्ष व एक पुत्री सरोजा उम्र 19 वर्ष है। अभी पुत्र व पुत्री की शादी नहीं हुई है। मौत की जानकारी मिलते ही परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। दुबार कलां चौकी की पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर अग्रिम विधिक कार्रवाई करते हुए जांच पड़ताल में जुट गई।

डीपीआरओ ने मेला क्षेत्र का किया निरीक्षण

जनसंदेश न्यूज

मीरजापुर। जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा महाकुम्भ के दृष्टिगत विंध्यांचल मेला क्षेत्र में समस्त सेक्टरों का औचक निरीक्षण किया गया। सफाई अत्यधिक भीड़ की संभावना के दृष्टिगत समस्त सफाई कार्य में लगे कर्मचारियों को अत्यंत शतर्क रहते हुए सफाई किये जाने के निर्देश दिए गए। सफाई हेतु बनाये गए कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया।

रोस्टर के अनुसार कार्य करने हेतु निर्देश दिया गया तथा किसी भी प्रकार की शिकायत प्राप्त होते ही तत्काल अनुपालन के निर्देश दिए गए। ग्राम पंचायत करनी भावा में व्यक्तिगत शौचालय का निरीक्षण किया गया। सामुदायिक शौचालय में पेंटिंग नही था, पानी की उपलब्धता नही थी, रास्ता नही था, विन्ध्य स्वच्छता मार्ट नही बना हुआ है। गाव में कही-कही ग्रे-वाटर की की दिक्कत है। एसएलडब्लूएम कार्य कराते हुए प्रबंधन के निर्देश, सचिवालय में कमियां थी नेट की व्यवस्था नही है, सचिव का रोस्टर अंकित नही है, पंचायत सहायक अनुपस्थित थी, आर0आर0सी पूर्ण नहीं, एक सप्ताह में सभी कार्य ठीक करने हेतु प्रधान एवं सचिव को चेतावनी दिया गया। ग्राम पंचायत मंकाठी में आर0आर0सी0 संचालित था। प्रधान एवं सचिव को अन्य आवश्यक सुझाव दिए गया।

संक्षेप

अनियंत्रित ट्रैक्टर ने ऑटो व हैंडपंप में मारी टक्कर

हलिया। स्थानीय थाना क्षेत्र के हलिया कस्बा स्थित हलिया लालगंज मार्ग सोनकर बस्ती में सड़क के किनारे खड़े दो आटो रिक्शा व हैंडपंप को ईट लादकर मध्य प्रदेश के गढ़वा थाना क्षेत्र के नेवारी जा रहे ट्रैक्टर ने अनियंत्रित होकर जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे हैंडपंप व दो ऑटो रिक्शा क्षतिग्रस्त हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में जुट गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मध्य प्रदेश के गढ़वा थाना क्षेत्र के बगदरा चौकी अंतर्गत नेवारी गांव निवासी अमरेश कुमार पुत्र अवध राज अपना ट्रैक्टर लेकर अपने साथी जयप्रसाद के साथ श्री सद्गुरु ईट भट्ठा भरपट्टी मेवली से गुरुवार की भोर में ट्राली में ईंट लादकर अपने गांव नेवारी जा रहे थे। ट्रैक्टर जैसे ही हलिया कस्बा सोनकर बस्ती में पहुंचा की ट्रैक्टर चालक अमरेश कुमार को नींद आ गई जिस कारण ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे लगे हैंडपंप को तोड़ते हुए सड़क के किनारे खड़े ऑटो रिक्शा को क्षतिग्रस्त करते ऑटो के ऊपर की तरफ खड़ा हो गया। गनीमत रहा की हादसे में ट्रैक्टर चालक अमरेश तथा ट्रैक्टर पर बैठा चालक का साथी जयप्रसाद बाल-बाल बच गया। दुर्घटना होते ही तेज आवाज के कारण मौके पर अगल-बगल के लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रैक्टर को कब्जे में लेते हुए आगे की कार्रवाई करने में जुट गई।

ट्रांसफॉर्मर के शॉर्ट सर्किट से लगी आग, पुआल जल कर राख

हलिया। स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पुरवा अवसान सिंह के बीरपुर गांव में गुरुवार की सुबह बिजली के शार्ट सर्किट से पूर्व प्रधान मदन मौर्या के खलिहान में रखे पुआल में आग लग गई। आग लगता देखकर स्थानीय लोग सोर गुल मचाने लगे। आस-पास के पहुंचे लोगों ने टुल्लू पंप लगाकर पाइप से आग को बुझाने में लग गए। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग बुझाने में जुट गई तब तक सब जलकर खाक हो चुका था। पीड़ित पूर्व प्रधान मदन मौर्या ने बताया कि गुरुवार की सुबह ग्यारह बजे गांव की एक महिला किसी काम से खलिहान की तरफ गई हुई थी। उसने देखा कि पुआल में आग लग गई है और सोर गुल मचाने लगी। आवाज सुनकर आस पास के लोग मौके पर पहुंचे और टुल्लू पंप लगाकर आग बुझाने में जुट गए, लेकिन तब तक आग ने अपना विकराल रूप धारण कर लिया था। ग्रामीण राजा मौर्या ने तत्काल आग लगने की सूचना फायर ब्रिगेड विभाग को दी। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड विभाग की टीम आग बुझाने में जुट गई लेकिन तब तक सब जलकर राख हो चुका था।

दिव्यांग जन सशक्तिकरण शिविर का किया गया आयोजन

हलिया। खंड विकास अधिकारी विजयशंकर त्रिपाठी की उपस्थिति में स्थानीय ब्लॉक सभागार में दिव्यांग जन सशक्तिकरण शिविर का आयोजन गुरुवार को किया गया। जिले से आई टीम ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना में पंजीकरण स्वास्थ्य विभाग, दिव्यांग रजिस्ट्रेशन, समाज कल्याण, उपकरण रजिस्ट्रेशन, पंजियन टीम के साथ कम्प्यूटर का काउंटर लगाकर आन लाइन आवेदन किया गया। वही गूंगे व दिमाग से बिमार दिव्यांगो की जांच मशीन न होने के कारण मुख्यालय में ही दिव्यागता सर्टिफिकेट जिले से ही जांचों परांत निर्गत किया जाएगा। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी में 7 लोगों ने पंजियन कराया। वही 35 लोगों का डाटा सेव किया गया। 66 लोगों का हाफ लाइन आवेदन प्राप्त किया गया। दिव्यांग जनों में 145 लोगों का उपकरण हेतु चिन्हित किया गया। इस दौरान जिले से आए स्वास्थ्य विभाग की टीम में चिकित्सक अमित यादव, मफत अली, महेंद्र, दिरसाद, कमाल, अहमद, अनिल कुमार, राजकुमार, जब्बार आदि उपस्थित रहे।

नरायनपुर बाजार को जोड़ने वाला संपर्क मार्ग बना जानलेवा

अदलहाट। पुलिस चौकी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाला संपर्क मार्ग जो कि नरायनपुर बाजार को पावर हाउस से होकर गुजरता है। पंप कैनाल नहर के किनारे से होते हुए हाइवे से जोड़ता है जो जानलेवा बन चुका है। इस संपर्क मार्क पर लगभग 2 से 3 फीट तक के अनेकों बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं, जिन्हें देखने भर से ही डर लगता है कि गाड़ी कभी भी पलट सकती है। ये गड्ढे इतने बड़े और खतरीला हो चुके हैं कि जो भी इस मार्ग से गुजरता होगा एक बार भगवान को जरूर याद कर लेता होगा। इस संपर्क मार्ग के सारे पिच उजड़ चुके हैं। मार्ग पर केवल खतरनाक गड्ढे और धूल-धूल ही दिखाई पड़ते है। दिनभर में मोटर साइकिल, चार चक्का वाहन और छोटी गाड़िया मिलाकर हजारों वाहन गुजरते हैं। पीडब्ल्यूडी महकमा कुंभकर्णी नींद में सो रहा। सूत्रों की माने तो इस मार्ग को लेकर लोगों में काफी असंतुष्टि और आक्रोश व्याप्त है। कभी भी जनता धरना प्रदर्शन करने हेतु सड़क पर उतर सकता है।

टूटकर झूल रहा बिजली का खम्भा, हादसे को दे रहा है दावत

हलिया। हलिया विकास खंड के नौगवा ग्राम सभा के हलिया बनवां नौगवा संपर्क मार्ग के कहरान बस्ती के त्रिमुहानी पर पिछले दो सप्ताह से बिजली का खंभा टूट कर बीच सड़क पर झुल रहा है जो बड़े हादसे को दावत दे रहा है। जिससे स्थानीय लोगों और राहगीरो को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। संजय रूपम, कल्लू फूलवारी का आरोप है कि उन्होंने कई बार बिजली विभाग के अधिकारियों उपखंड अधिकारी अवर अभियंता को फोन कर स्थिति की जानकारी दी, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। इस उदासीनता की वजह से तार व खम्भे को अब तक उसी स्थिति में लटका हुआ है, जो दुर्घटनाओं को दावत दे रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बिजली विभाग की लापरवाही से किसी भी समय बड़ी घटना घट सकती है।

घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

लालगंज। तहसील क्षेत्र के पिपरहा धोबहा देवघटा निवासी क्षेत्र पंचायत सदस्य भोला पूर्व में विगत दो दिन पहले सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसे परिजन घायल अवस्था में वाराणसी स्थित एक अस्पताल में भर्ती किया गया। इलाज के दौरान गुरुवार को उनकी मौत हो गई। मौत की सूचना लगते ही परिजनों में कोहराम मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील क्षेत्र के पिपरहा देवघटा निवासी क्षेत्र पंचायत सदस्य भोला पुत्र भागीरथी उम्र 30 वर्ष मंगलवार को अपने घर से सोनबरसा के लिए जा रहा था। जैसे ही चिल्हिया पहड़ी पर पहुंचा की विपरीत दिशा से जा रही बस से धक्का लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंचे परिजन ने घायल अवस्था में मंडलीय अस्पताल ले गए। जहां प्राथमिक उपचार किए जाने के बाद स्थिति गंभीर देखते ही वाराणसी हेरिटेज अस्पताल में रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान गुरुवार को उनकी मौत हो गई। मौत की खबर लगते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में जुट गई।

बाइक की चपेट में आने से वृद्ध घायल

अहरौरा। थाना क्षेत्र के अहरौरा-जमुई मार्ग पर स्थित सड़क पार करते समय बाइक के धक्के से वृद्ध घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रोशनहर गांव निवासी बिन्देश्वरी पुत्र रामलाल 70 वर्षीय अपने घर के पास सड़क पार करके कही जा रहा था। उसी दौरान जमूई के तरफ से आ रही तेज गति से बाइक ने टक्कर मार दिया जिससे वृद्ध घायल हो गया। वहीं बाइक सवार युवक ने ही घायल वृद्ध को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर वृद्ध व्यक्ति की हालत में सुधार देखते हुए सुरक्षित घर भेज दिया।

हार्ट अटैक से युवक की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

हलिया। स्थानीय थाना क्षेत्र के कोटार गांव निवासी 43 वर्षीय एक व्यक्ति खाना खाने के बाद बुधवार की रात चारपाई पर सोया था कि अचानक सीने में दर्द होने लगा। जिसे उपचार हेतु परिजन अस्पताल ले जाने की तैयारी कर रहे थे कि उसी समय उसकी मौत हो गयी। थाना क्षेत्र के कोटार गांव निवासी शिव बक्स दूबे का 43 वर्षीय पुत्र मनोज कुमार दूबे रात में खाना खाने के बाद सो रहे थे कि देर रात सीने में दर्द होने लगा। परिजन चीख पुकार सुन कर कमरे में पहुंचे और अस्पताल ले जाने की तैयारी कर रहे थे कि हृदय गति रुकने से घर पर ही आकस्मिक मौत हो गयी जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक को दो लड़के व एक लड़की है। परिजनों ने बताया कि हार्टअटैक होने से मौत हो गई है। मौत के बाद शव का दाहसंस्कार कर दिया गया है।

नसबंदी कैंप का किया गया आयोजन

जमालपुर। गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डा0 राजन सिंह की देखरेख में नसबंदी कैंप का आयोजन किया गया जिसमें तीस महिलाओं ने अपना पंजीकरण कराया। कछवां सीएचसी से आए सर्जन डा0 संतोष ने 27 महिलाओं की नसबंदी किया। बाकी तीन महिलाएं नसबंदी के योग्य नही पाई गई। इस दौरान डा0 शुचि त्रिपाठी, डा0 स्नेहलता गुप्ता, अनुज कुमार वर्मा, सच्चिदानंद, सुधीर सिंह सहित कई सहयोगी मौजूद रहे।

भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का किया गया आयोजन

लालगंज। क्षेत्र के उसरी में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। जैसे ही कथावाचक हरिहर महाराज ने श्रीकृष्ण जन्म की कथा सुनानी शुरू की, पूरा पंडाल भक्ति भाव में डूब गया। कथावाचक ने बताया कि जब धरती पर अत्याचार और अधर्म बढ़ गया, तब भगवान विष्णु ने श्रीकृष्ण के रूप में अवतार लेने का निश्चय किया। देवकी और वसुदेव को कारागार में डालने वाले कंस को इस बात का भय था कि देवकी का आठवां पुत्र ही उसका अंत करेगा। भाद्रपद कृष्ण अष्टमी की रात, जब चारों ओर घना अंधकार था। उसी समय भगवान श्रीकृष्ण ने कारागार में जन्म लिया। उनके जन्म लेते ही कारागार के सभी द्वार स्वतः खुल गए। पहरेदार गहरी नींद में सो गए और वातावरण दिव्य प्रकाश से आलोकित हो उठा। मार्ग में यमुना जी ने भगवान के चरण स्पर्श किए और शांत हो गईं, जिससे वसुदेव जी सुरक्षित गोकुल पहुंच सके। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण को यशोदा माता के सुपुर्द किया और योगमाया को साथ लेकर लौट आए। आयोजन स्थल पर भगवान के जन्म की झांकी प्रस्तुत की गई। श्रद्धालुओं ने बाल कृष्ण के दर्शन किए और जन्मोत्सव का आनंद लिया। महिलाएं मंगलगीत गाने लगीं तो भक्तों ने भजन-कीर्तन कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने कथा का श्रवण किया।

डीएम ने मंदिर परिसर का किया निरीक्षण

मीरजापुर। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने मां विन्ध्यवासिनी देवी के धाम विन्ध्याचल पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी द्वारा मंदिर परिसर का निरीक्षण किया गया। उन्होंने ड्यूटी पर लगे मजिस्ट्रेटों व पुलिस अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी लोग यह सुनिश्चित करें कि मां के दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई समस्या न होने पाए। उन्होंने कहा कि अगर किसी श्रद्धालु द्वारा कोई समस्या बताई जाती है तो उसका तत्काल निदान कराया जाए। इस दौरान जिलाधिकारी ने पुरानी वीआईपी मार्ग के प्रथम द्वार पर दो बुजुर्ग महिलाओं को बेर बेचते हुए देखा तो उनके पास जाकर उनका हाल चाल जानते हुए जिलाधिकारी ने रुपए देकर बेर खरीदा। जिलाधिकारी ने उसी स्थान पर बेर भी खाया। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे देवेन्द्र प्रताप सिंह, उप जिलाधिकारी लालगंज युगांतर त्रिपाठी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका गोवा लाल सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

डॉक्टर आरएस वर्मा को बनाया गया सीएचसी अधीक्षक

मीरजापुर। सीएचसी मड़िहान में मरीज व तीमारदारों की शिकायत पर मुख्य चिकित्साधिकारी ने तत्काल प्रभाव से डाक्टर आनन्द सिंह को स्थान्तरित कर दिया। उनके स्थान पर डाक्टर आरएस वर्मा को अधीक्षक बनाया गया। शिकायत मिल रही थी कि प्रशव पीड़ा में अस्पताल आने वाले मरीज व तीमारदारों को एक स्टाफ नर्स द्वारा घोरावल स्थित एक प्राइवेट नर्सिंग होम भेजकर दोहन किया जाता था। जन्म प्रमाणपत्र में सुविधा शुल्क की मांग को लेकर लोगों में नाराजगी को देखते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी ने डाक्टर आनन्द सिंह के स्थान पर डाक्टर आरएस वर्मा को अधीक्षक बना दिया। एक वर्ष पूर्व डाक्टर महेंद्र सिंह चौधरी को अधीक्षक पद से हटाकर न्यू पीएचसी पचोखरा राजगढ़ भेज दिया गया था। मड़िहान तहसील क्षेत्र की लगभग पांच लाख आबादी की स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए तीस बेड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में महिला चिकित्सक समेत सात डाक्टर की नियुक्ति का पद है। महिला डॉक्टर न होने से महिला मरीजों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

शिक्षा के साथ-साथ बच्चों के लिए खेल जरूरी: मुख्य अतिथि

जनसंदेश न्यूज

लालगंज। विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत पतुलकी गांव में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित शिव मूर्ति दुबे क्लब के द्वारा क्रिकेट टीम का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्रीय टीमों ने प्रतिभाग किया। विजेता एवं उपविजेता टीम को ग्राम प्रधान गणेश शंकर दुबे द्वारा पुरस्कार वितरित किया गया। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित शिव मूर्ति दुबे क्लब में प्रतिभागियों द्वारा क्रिकेट खेला गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व विधायक भगवती प्रसाद चौधरी ने कहा कि खेल से शारीरिक व्यायाम के साथ शरीर को ऊर्जा मिलती है। कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेल भी बच्चों के लिए आवश्यक है। उन्होंने खेल में प्रतिभाग करने वाली टीमों को उनके कला कौशल को देखते हुए आभार व्यक्त किया। बापू उपरौध इंटरमीडिएट लालगंज कॉलेज के पूर्व प्रवक्ता कमलनयन दुबे ने खेल में प्रतिभाग किए गए टीमों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। वहीं मुख्य अतिथि भगवती प्रसाद चौधरी एवं ग्राम प्रधान गणेश दुबे द्वारा विजेता टीम एवं उपविजेता टीम को पुरस्कार वितरित किया गया। इस अवसर पर इंजीनियर कृष्ण गोपाल चौधरी, शशि भूषण दुबे, धनेश्वर गौतम एडवोकेट, शिव शंकर पांडेय, रोमेश रंजन दुबे, सीताराम यादव के साथ क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।

संक्षेप

आरोपी को सुनाई गई अर्थदण्ड की सजा

मीरजापुर। पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 के निर्देश पर चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत अपर पुलिस महानिदेशक वाराणसी जोन, वाराणसी पीयूष मोर्डिया के निर्देशन व पुलिस महानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षेत्र आर0पी0सिंह के नेतृत्व में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा द्वारा जनपद में महिला सम्बन्धित अपराध सहित लूट, हत्या, डकैती, धर्म परिवर्तन, गोवध अधिनियम व अन्य जघन्य अपराधों में प्राथमिकता के आधार पर लगातार गुणवत्तापूर्ण विवेचना तथा अभियोजन की सशक्त एवं प्रभावी पैरवी करायी जा रही है। उक्त अभियान के क्रम में थाना कोतवाली कटरा पर हमला करने एवं जान से मारने की धमकी देने से सम्बन्धित पंजीकृत अभियोग में पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी करते हुए गवाहों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर गवाही कराई गई। अभियोजन अधिकारी एसपीओ नीरज कुमार, विवेचक उपनिरीक्षक अरुण मिश्रा, कोर्ट मुहर्रिर-मुख्य आरक्षी सुबेदार यादव व घनश्याम राय तथा पैरोकार-आरक्षी सिकन्दर द्वारा प्रभावी पैरवी की गई। जिसके परिणाम स्वरूप न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, प्रज्ञा सिंह द्वारा थाना कोतवाली कटरा पर पंजीकृत मुकदमें से सम्बंधित अभियुक्त बब्बू उर्फ अभयनारायण यादव पुत्र शिवनाथ निवासी रोडवेज तिराहा थाना कोतवाली कटरा को 1000 के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया तथा अर्थदण्ड अदा न करने की दशा में 15 दिवस के अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी।

नाबालिग को भगाने के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

मीरजापुर। थाना चुनार पर विगत 12 फरवरी को एक व्यक्ति द्वारा नामजद अभियुक्त के विरूद्ध वादी की नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर भगाने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई। उक्त के सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना चुनार पर मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा द्वारा उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए क्षेत्राधिकारी चुनार के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक चुनार को अभियुक्तों की गिरफ्तारी करने के निर्देश दिए गए। उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना चुनार पर पंजीकृत उपरोक्त अभियोग में अग्रिम विवेचनात्मक कार्यवाही करते हुए गुरूवार को उप-निरीक्षक आशुतोष सिंह मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर सूचना के आधार पर थाना चुनार क्षेत्र से मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त मुकेश पुत्र लक्ष्मण निवासी जमुई थाना चुनार को गिरफ्तार कर नियमानुसार कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

चोरी के आरोपी गिरफ्तार, सामान बरामद

मीरजापुर। थाना सन्तनगर पर विगत 10 फरवरी वादी सुभाष दुबे पुत्र कृष्ण नन्द दुबे निवासी पथरौर थाना सन्तनगर द्वारा वादी के गैर मौजूदगी में वादी के मकान का ताला तोड़कर चोरी होने के सम्बन्ध में तहरीर दी गयी। तहरीर के आधार पर थाना सन्तनगर पुलिस द्वारा पर मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा द्वारा उक्त घटना को गंभीरता पूर्वक लेते हुए क्षेत्राधिकारी लालगंज के नेतृत्व में अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु थाना प्रभारी सन्तनगर को निर्देश दिये गये। उक्त निर्देश के अनुक्रम में गुरूवार को उप निरीक्षक शिव प्रकाश यादव मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर सूचना के आधार पर थाना सन्तनगर क्षेत्र से मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित प्रकाश में आये दो आरोपियों शिवा दूबे पुत्र लक्ष्मीकान्त दूबे निवासी पथरौर थाना सन्तनगर व कुन्नन पुत्र सलीम निवासी पथरौर थाना सन्तनगर को गिरफ्तार किया गया तथा आरोपियों के कब्जे से चोरी गयी एक फ्रीज, 05 साड़ी, 01 वाशिग मशीन, 02 सोफा, 01 पंखा, 02 डल्लप गद्दा आदि सामान बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

यातायात व्यवस्था के दृष्टिगत एसपी ने दिया निर्देश

मीरजापुर। महाकुम्भ प्रयागराज स्नान पर्व व मां विन्ध्यावासनी धाम में श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन, यातायात व्यवस्था के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा द्वारा गुरूवार को शास्त्री पुल व नटवा तिराहा सहित शहर क्षेत्र के विभिन्न प्रमुख तिराहो, चौराहों का भ्रमण कर जायजा लिया गया तथा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

महाकुम्भ से लौटने वाले यात्रियों को कराया गया जलपान

गैपुरा। छानबे क्षेत्र के गैपुरा में वैद्य श्रीकांत पांडेय कन्या इंटरमीडिएट स्कूल में भारतीय जनता पार्टी के गैपुरा मण्डल अध्यक्ष संतोष पाठक के अगुवाई में महाकुम्भ से लौटने वाले यात्रियों को निःशुल्क भोजन जलपान कराया। उनका यह कार्यक्रम प्रतिदिन यात्रियों की निःशुल्क सेवा भाव किया जाता है। वैद्य श्रीकांत पांडेय कन्या इंटरमीडिएट स्कूल में यात्रियों को रात्रि में ठहरने की व्यवस्था ग्राम प्रधान सोना देवी तथा ग्राम विकास अधिकारी राजेश कुमार गौतम द्वारा किया गया है। कार्यक्रम में गैपुरा मण्डल अध्यक्ष संतोष पाठक, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि माधव, पंचायत सहायता कमलेश दुबे, उमेश सिंह, आशीष चौबे, बृजेश यादव, रोहित उपाध्याय आदि उपस्थित रहे।

सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन

मीरजापुर। पाल्क संस्था द्वारा संत रविदास जयंती के अवसर पर रविदास जी के जीवन पर आधारित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन संस्था की शाखा गणेशगंज पर किया गया, जिसमें 35 छात्राओं ने भाग लिया। खुशी गुप्ता को प्रथम स्थान, चाहत अग्रहरी को द्वितीय स्थान, पूर्वी केशरी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि समाजसेवी डॉली अग्रहरी रही। जिन्होंने संत रविदास जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके दोहो की महत्ता को बतायी कि रविदास जी कहते थे कि कोई इंसान किसी भी जाति में जन्म मिला हो पर वह अपनी जाति से नहीं बल्कि अपने किये गए कर्म से जाना जाय। वह मोची परिवार में जन्म लेने के बाद भी अपने विचार से समाज के दबे, कुचले लोगों को राह दिखाने का काम किये। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि द्वारा सभी विजयी प्रतिभागिओं को पुरस्कृत कर उनको आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में संस्था की ओर से शिवांगी उमर, प्रवीण मौर्य, कुंदन सोनकर, आर्य मोदनवाल आदि उपस्थित रहे।

योजनाओं की जानकारी प्रदान कर महिलाओं को किया गया जागरूक

मीरजापुर। महिला सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत गुरूवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा के निर्देशन में जनपद में महिला बीट आरक्षी, एंटी रोमियों पुलिस टीम सहित पुलिस अधिकारीगण के माध्यम से क्षेत्र में भ्रमण कर प्रमुख चौराहों, कस्बों, बाजारों, मन्दिर, शापिंग मॉल, भीड़भाड़ वाले इलाकों, स्कूलों, कॉलेजों, कोचिंग संस्थानों, रेलवे स्टेशन, रोडवेज सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों व गांवों में जाकर बालिकाओं, छात्राओं एवं महिलाओं को शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न लाभकारी योजनाओं जैसे- मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उ0प्र0 राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, प्रधानमंत्री फ्री सिलाई योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, कन्या सुमंगला योजना, महिला ई-हाट योजना तथा बाल विवाह,पाक्सो एक्ट, एवं महिला उत्पीड़न की रोकथाम संबंधी अधिकारों एवं ऑपरेशन मुक्ति के अंतर्गत बाल विवाह एवं बालश्रम तथा महिला उत्पीड़न के संबंध में पुलिस द्वारा की जाने वाली कार्यवाही के बारे में जानकारी देते हुए जागरूक किया जा रहा है तथा छोटे-छोटे बच्चों को गुडटच-बैडटच के बारें में बताया गया और किसी भी समस्या के बारे में अपने अभिभावकों या पुलिस को अवश्य बताने के विषय में बताया गया।

रविदास जयंती पर कुश्ती दंगल का किया गया आयोजन

अहरौरा। क्षेत्र के घासीपुर गांव में स्थित रविदास मंदिर प्रांगण में गुरुवार को रविदास जयंती के अवसर पर कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया। जिसमें महिला पहलवान नेहा ने ललिता को पटखनी दी। पूर्व ग्राम रमेश कुमार पांडेय की देखरेख में आयोजित कुश्ती दंगल में दूर-दूर से आए पहलवानों ने अपने दांव पे

चतरा डीसीपीएम को चेतावनी के निर्देश

कार्य में लापरवाही

जिला स्वास्थ्य समिति शासी निकाय की डीएम ने की समीक्षा

कहा बगैर पंजीकरण के चल रहे पैथॉलाजी व मेडिकल स्टोर संचालकों को जारी करें नोटिस

कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक को संबोधित करते डीएम बीएन सिंह

सोनभद्र। जिलाधिकारी बीएन सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला स्वास्थ्य समिति शासी निकाय की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। इस दौरान जिलाधिकारी ने निर्माण कार्यों का अनुश्रवण और निर्मित कार्यों का वास्तविक उपयोग, विभिन्न स्वास्थ्य इकाईयों में ईडीएल के मानक के अनुसार दवाईयों की उपलब्धता, एनएचएम के तहत संविदा चिकित्सकों की तैनाती की स्थिति, आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, नियमित टीकाकरण, मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रम, बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, एम्बुलेंस सेवाएं आदि की समीक्षा की। कार्य में लापरवाही पर चतरा डीसीपीएम को चेतावनी जारी करने के निर्देश दिये। डीएम ने आयुष्मान कार्ड की समीक्षा की तो प्रगति धीमी पायी गयी। वहीं आयुष्मान कार्ड के नोडल अधिकारी बगैर सूचना के बैठक में अनुपस्थित मिले, जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने वेतन भुगतान रोकने के निर्देश मुख्य चिकित्साधिकारी को दिये। उन्होंने कहा कि जनपद में संचालित चिकित्सालयों का निरीक्षण कर भौतिक सत्यापन कराया जाये, सत्यापन में अवैध रूप से संचालित चिकित्सालय पाया जाता है, तो जांच कराते हुए सम्बन्धित के खिलाफ विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। वहीं तथ्य प्रकाश में आया कि कुछ मेडिकल स्टोर की आड़ में प्रैक्टिस किया जा रहा है और बिना रजिस्ट्रेशन के पैथालाजी का भी संचालन किया जा रहा था। ऐसे पैथालाजी व मेडिकल स्टोर का स्थलीय सत्यापन करते हुए विधिक कार्यवाही करने के साथ ही नोटिस जारी किया जाये। नेत्र इलाज के निर्धारित लक्ष्य कम होने पर जिलाधिकारी ने सीएमएस को निर्देशित किया कि सम्बन्धित नेत्र सर्जन के खिलाफ स्पष्टीकरण जारी करते हुए निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप प्रगति में तेजी लायी जाये। निजी चिकित्सालयों के नोडल अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि प्राइवेट चिकित्सालयों का रोस्टर बनाकर निरीक्षण कर उसकी मासिक रिपोर्ट प्रस्तुत की जाये। जिन अस्पतालों में मौके पर डाक्टर उपलब्ध न हो उनके विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। वहीं फाईलेरिया मुक्ति अभियान प्रगति धीमी पाये जाने पर चतरा के डीसीपीएम को चेतावनी जारी करने के निर्देश दिये। डीएम ने निर्देशित किया कि जिन एनआरसी सेन्टर में चिकित्सक का अभाव है, वहां पर एनएचएम के अधीन नियुक्ति सम्बन्धित से कार्य कराया जाये। ट्रामा सेन्टर के संचालन के लिए सीएमओ, सीएमएस मेडिकल कालेज के प्रिन्सिपल आपसी समन्वय के साथ बैठक कर कार्ययोजना तैयार करें। जिला चिकित्सालय समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्दों पर मरीजों को दवा अस्पताल परिसर से उपलब्ध करायी जाये, बाहर की दवा मरीजों को न लिखी जाये। जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र से सम्बन्धित रिपोर्ट अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, नगर पंचायत व जिला पंचायत राज अधिकारी समय से जारी कराना सुनिश्चित करें। इस मौके पर सीडीओ जागृति अवस्थी, सीएमओ डा. अश्वनी कुमार, डीपीआरओ नमिता शरण, जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीत सिंह समेत अन्य सम्बन्धितगण उपस्थिता रहे।

मृतक आश्रितों को दिया पांच लाख का चेक

सोनभद्र। डीएम ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट में जिला कारागार के विचाराधीन मृतक बंदी छोटू उर्फ इब्राहिम पुत्र हुसैन निवासी बनौरा, पन्नूगंज के आश्रितों को मुआवजा राशि पांच लाख का चेक सौंपा। बता दें कि बीते 11 फरवरी 2021 को जिला संयुक्त चिकित्सालय लोढ़ी में उपचार के दौरान हुई मृत्यु हो गयी थी। मृतक के आश्रितों को मुआवजा की धनराशि पांच लाख रुपए का चेक मृतक बंदी के वारिस साहिबा बानो पत्नी स्व. छोटू, पुत्री सानिया, सावरीन, चांदनी, पुत्र मोहम्मद असफर शाह को दिया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया कि नाबालिग बच्चों को प्राप्त धनराशि का भुगतान बच्चों के बालिक होने के उपरांत ही किया जाये, संबंधित पत्र बैंक को प्रेषित कर दिया जाये। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे राहुल यादव, जेल अधीक्षक सौरभ श्रीवास्तव, प्रोबेशन अधिकारी इन्द्रावती, लेखपाल अल्का विश्वकर्मा, शेषमणि दूबे आदि उपस्थित रहे।

प्रयागराज को हरा चोपन टीम ने जीता वॉलीबॉल प्रतियोगिता का खिताब

विजेता टीम को ट्रॉफी देते अतिथिगण

म्योरपुर। स्थानीय खेल मैदान में आदर्श बॉलीबॉल क्लब के तत्वाधान में आयोजित तीन दिवसीय बॉलीबॉल प्रतियोगिता का बुधवार को समापन हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि एससीएसटी आयोग के प्रदेश उपाध्यक्ष जीत सिंह खरवार व विशिष्ठ अतिथि श्रवण सिंह गोंड़, ब्लॉक प्रमुख मान सिंह गोंड़, जिला पंचायत सदस्य सुषमा सिंह, पूर्व ब्लॉक प्रमुख पन्नालाल जायसवाल ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उत्साहवर्धन किया। कमेटी के अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारियों ने अतिथियों को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत किया। गुरुवार को बॉलीबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला प्रयागराज व चोपन टीम के बीच खेला गया, जिसमें चोपन की टीम ने दो सेट लगातार जीतकर फाइनल मुकाबला अपने नाम कर लिया। अतिथियों ने विजेता व उपविजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान कर खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किया। इस मौके पर प्रधान प्रतिनिधि गणेश जायसवाल, जितेंद्र गुप्ता, अमरकेश सिंह, सुजीत कुमार, दिनेश गुप्ता, रामपूजन यादव, अजय कुमार, ऋतुराज सिंह, मनोज अग्रहरि, रितिक कुमार केशरी, आशीष गुप्ता समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

संक्षेप

आईआईटी मेन्स में एमवीएम स्कूल के होनहारों ने लहराया परचम

अश्वनी पटेल प्रखर चौहान

सोनभद्र। मां वैष्णो मॉडर्न पब्लिक स्कूल रॉबर्ट्सगंज के मेधावी छात्र अश्वनी पटेल और प्रखर चौहान ने आईआईटी मेन्स परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए 95 परसेंटाइल हासिल कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया। इस शानदार उपलब्धि पर विद्यालय में हर्ष का माहौल है। प्रधानाचार्य सत्यदेव कुमार श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा यह सफलता उनकी कड़ी मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का प्रतिफल है। हम आशा करते हैं कि वे भविष्य में और भी ऊंचाइयों को छूएंगे। प्रबंधक रमाशंकर दुबे ने भी दोनों छात्रों की उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा कि इनकी मेहनत और लगन ने यह सिद्ध कर दिया कि सफलता केवल परिश्रम से ही संभव है। यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणादायक होगी। शिक्षकों ने भी दोनों मेधावी छात्रों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए उनके निरंतर सफलता के मार्ग पर आगे बढ़ने की कामना की। विद्यालय परिवार समेत क्षेत्रीय लोग अश्वनी और प्रखर की उपलब्धि पर गर्व महसूस कर रहे हैं।

कार्यदायी संस्था ने गड्ढा खोदकर छोड़ा, दुर्घटना की आशंका

शक्तिनगर। खड़िया बाजार से पहले अशोका मार्केट के पास रेलवे ओवर ब्रिज के बगल में एलएन्डटी द्वारा गड्ढा खोदकर छोड़ देने से बड़ा हादसा होने की संभवना बनी रहती है। पूर्व में कई गाय गिरकर घायल हो चुकी है। रेलवे ओवर ब्रिज के बगल में कार्यदाई संस्था द्वारा कार्य के लिए गड्ढा खोद कर बगैर सुरक्षा उपकरण लगाए छोड़ दिया गया है, जिसमें अभी तक आधा दर्जन से अधिक पशु गिर कर घायल हो चुके हैं। मंगलवार की रात एक गाय गड्ढे में गिर गयी, जिसे आसपास के रहवासियों ने मोबाईल टार्च की रोशनी में काफी मशकत्त के बाद बाहर निकाला। रहवासियों का कहना है कि इस बाबत कम्पनी में कई बार शिकायत की गई, लेकिन कोई कार्यवाई नही हुई। अंधेरा होने के कारण कभी बड़ी घटना हो सकती है। लोगों ने मांग किया है कि कम्पनी द्वारा गड्ढे को सुरक्षा उपकरण से कवर किया जाये।

दहेज प्रताड़ना में पति समेत चार पर केस दर्ज

बीजपुर। स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा जरहा टोला बियाडाड़ के चार लोगों के विरुद्ध दहेज प्रताड़ना और जान से मार देने के आरोप में रीना देवी पत्नी रामेश्वर प्रसाद निवासी नधिरा, बभनी ने थाने में गुरुवार को तहरीर देकर प्राथमिकी दर्ज कराई। मामले की विवेचना सीओ दुद्धी प्रदीप सिंह चंदेल द्वारा की जा रही है। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश मिश्र ने बताया कि मायका पक्ष की रीना देवी ने गुरुवार को तहरीर देकर बताया कि उसकी बेटी गायत्री को बीते सोमवार को ससुराल पक्ष के पति उदय कुमार कहार, सोनू जेठ, जेठानी अज्ञात समस्त निवासी जरहा टोला बियाडाड़ दहेज में दो लाख रुपए की मांग न पूरा करने प्रताड़ित कर मार दिए। तहरीर के आधार पर पुलिस दहेज प्रतिषेध अधिनियम में मुकदमा पंजीकृत कर लिया।

आधा दर्जन गोवंश बरामद, दो गिरफ्तार

सोनभद्र। सदर कोतवाली पुलिस ने दो पशु तस्करों को गिरफ्तार कर पिकप पर लदे छह गोवंश को बरामद कर लिया। एसएचओ ने बताया कि यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों व गौ-तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई है। उन्होंने बताया कि पकड़े गये आरोपियों में उपेन्द्र कुमार और इरफान अहमद हैं, जो दुद्धी के निवासी हैं, जिनके विरूद्ध विधिक कार्यवाही की जा रही है। टीम में एसआई संजय सिंह, महेन्द्र यादव, अवधेश प्रजापति, कृष्णा यादव शामिल रहे।

लड़की भगाने के मामले में मुकदमा दर्ज

दुद्धी। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के एक गांव के नाबालिग लड़की को भगाने के मामले में कोतवाली पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गई है। कोतवाल मनोज कुमार सिंह ने बताया क्षेत्र के एक गांव का एक लड़का ने दूसरे गांव की नाबालिग लड़की को भगा कर ले गया है। परिजनों के तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई है।

कर्मचारी पीएम आवास सर्वे में कर रहे मनमानी

दुद्धी। पीएम ग्रामीण आवास के सर्वे में अधिकारियों के मनमाने रवैये को देखते हुए गुरु वार को दर्जनों प्रधान जिलाधिकारी को पत्र लिखकर समय सुनिश्चित करने की मांग किया। प्रधान संघ अध्यक्ष गुंजा देवी ने कहा कि गांव में वर्तमान समय गरीब व पात्र व्यक्तियों का प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास का सर्वे चल रहा है। लेकिन आवास सर्वे में लगे अधिकारी, कर्मचारी सुविधा अनुसार मनमानी तरीके से सर्वे किया जा रहा है। ग्राम पंचायत में समय से जाने का नहीं समय से आने का कोई समय है। आम जनमानस काफी परेशान है। सर्वे में लगे कर्मचारियों का कोई निश्चित समय निश्चित दिन न होने से ग्राम प्रधानों के ऊपर जनमानस काफी आक्रोशित है। मांग किया कि आवास कार्य में लगे सर्वे अधिकारी व कर्मचारियों का निश्चित समय दिन निर्धारित करें। जिससे लाभार्थी आसानी से अपना समय से कागजात उपलब्ध करा सकें। इस मौके पर सीता जायसवाल, प्रतिमा देवी, ममता देवी, अंजना देवी, शिवकुमार सुरेंद्र आदि मौजूद रहे।

फरियादियों की समस्याओं का प्राथमिकता पर करें निस्तारण

दिये निर्देश

एसपी ने किया कोन थाने का वार्षिक निरीक्षण

जनसंदेश न्यूज

कोन थाने का निरीक्षण करते एसपी

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने गुरुवार को कोन थाने का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान सर्वप्रथम उन्होंने गार्द की सलामी ली। एसपी ने सम्पूर्ण थाना परिसर का भ्रमण कर थाना कार्यालय, हवालात, मालखाना, महिला हेल्प डेस्क, कंप्यूटर कक्ष, मेस, बैरक का निरीक्षण कर थाना परिसर, बैरक, मेस को साफ रखने का निर्देश दिया। इसके अलावा कार्यालय के अभिलेखों को अद्यावधिक कर बेहतर ढंग से व्यवस्थित रखने, थाने के असलहों की नियमित सफाई करने के लिए प्रभारी निरीक्षक को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने, थाने पर आने वाले शिकायतकर्ता की शिकायतों को विनम्रता पूर्वक सुन प्रार्थना-पत्रों को रजिस्टर में क्रमबद्ध तरीके से अंकित कर उसकी शत-प्रतिशत सुनवाई करें। वहीं मिशन शक्ति कक्ष, महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त पुलिसकर्मी को आने वाली फरियादियों की समस्या सुनकर उसका निस्तारण कराने, बैंकों व वित्तिय संस्थानों की सुरक्षा के साथ ही एंटी रोमियो टीम को क्षेत्र में जाकर महिलाओं, बालिकाओं को नारी सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए। इस मौके पर सीओ ओबरा, प्रभारी निरीक्षक गोपाल गुप्ता समेत तमाम पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

जनता दर्शन में सुनी पीड़ितों की शिकायतें

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक ने गुरुवार को जनता दर्शन में आए फरियादियों की शिकायतों को सुना। इस दौरान उन्होंने प्राप्त शिकायतों के शीघ्र और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसपी ने सभी थाना प्रभारियों को सचेत किया कि वे जनसुनवाई और महिला हेल्पडेस्क को और अधिक प्रभावशाली बनाएं, ताकि पीड़ित और शिकायतकर्ता को अनावश्यक रूप से अपने थाने से पुलिस कार्यालय आने की आवश्यकता न हो। जिन समस्याओं का समाधान थाना स्तर से हो सकता है, उनका समाधान थाना स्तर पर ही गुणवत्तापूर्ण तरीके से किया जाए। इसके अलावा समस्त राजपत्रित अधिकारियों और थाना प्रभारियों ने थाने पर जनसुनवाई कर शिकायतों के निस्तारण की कार्रवाई की।

अवादा ग्रुप का सराहनीय कदम श्रद्धालुओं को कराया कुंभ स्नान

जनसंदेश न्यूज

कुंभ स्नान के लिए रवाना होते श्रद्धालु

सोनभद्र। रिन्यूएबल एनर्जी कंपनी अवादा ग्रुप ने जिले के चिचलिक और खंडेला गांव में 105 लोगों सहित अब तक 4500 लोगों को 9 बसों के माध्यम से कुंभ यात्रा का अनुभव कराया। आने वाले दिनों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा गोद लिए हुए गांव जयापुर और नागेपुर सोनभद्र के बसुहारी एवं अडगुण से भी ग्रामीणों को यात्रा करने का अवसर दे रहे हैं। अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप अवादा ग्रुप ने सोनभद्र, महाराष्ट्र, राजस्थान और गुजरात के लगभग 1000 लोगों को प्रयागराज कुंभ यात्रा का इंतजाम कर रहा है।

यह नेक कार्य अवादा समूह की सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। प्रधान राजकुमार ने कहा कि हम सभी 144 साल बाद आने वाले इस कुंभ में स्नान करना चाहते थे, किंतु संसाधन एवं समर्थ के अभाव में हम यात्रा के बारे में सोच भी नहीं रहे थे। अवादा ग्रुप ने न केवल हमारे गांव के लोगों की यह इच्छा पूरी की बल्कि हमें अपने परिवार की तरह आदर सम्मान भी दिया। प्रधान पिंटू सिंह ने ग्रुप के चेयरमैन और समस्त पदाधिकारी को शुभकामनाएं दी। यात्रा 22 जनवरी से शुरू हुई और यात्रा के दौरान रहने, खाने पीने, मेला घूमने और दर्शन की सभी व्यवस्थाएं अवादा ग्रुप द्वारा की जा रही है। ग्रुप के चेयरमैन विनीत मित्तल ने कहा हमारे लिए यह एक विशेष अवसर है कि हम सोनभद्र, महाराष्ट्र, गुजरात और राजस्थान के लोगों को इस पवित्र यात्रा पर ले जा रहे हैं।

नो हेलमेट नो फ्यूल लागू कराने के लिए सड़क पर उतरे अधिकारी

दी हिदायत

62 वाहनों का हुआ चालान, विवाद करने वालों पर होगी कार्रवाई

राबर्ट्सगंज में पेट्रोल पम्प संचालक से वार्ता करते एआरटीओ

सोनभद्र। सड़क सुरक्षा को बढ़ाने और दुर्घटनाओं में हो रही मौतों को कम करने के उद्देश्य से चलाये गए नो हेलमेट नो फ्यूल अभियान के क्रम में गुरुवार को परिवहन विभाग व यातायात पुलिस की संयुक्त टीम ने एक दर्जन पेट्रोल पम्पों का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान बिना हेलमेट पहने पेट्रोल भरा रहे 62 बाइकों का चालान किया गया साथ ही उन्हें सड़क सुरक्षा नियमों के पालन करने की सीख दी गई। जिले में 26 जनवरी से नो हेलमेट नो पेट्रोल का आदेश लागू हुआ है। जिस क्रम में लगातार चेकिंग अभियान जारी है। इसमें दो पहिया चालक और पीछे बैठे व्यक्ति को हेलमेट लगाना जरूरी है, लेकिन देखने में आया कि बिना हेलमेट पहने दोपहिया वाहन चालक धड़ल्ले से पेट्रोल भरा रहे हैं। इस पर एआरटीओ प्रशासन धनवीर यादव व यातायात प्रभारी अविनाश सिंह फोर्स के साथ वाराणसी-शक्तिनगर मार्ग पर चोपन स्थित एक पेट्रोल पम्प पर जांच करने पहुंचे। यहां कई पेट्रोल पम्प पर बगैर हेलमेट के बाइक सवार को पेट्रोल देते देखा। जिस पर प्रशासनिक अधिकारियों ने पेट्रोल पम्प संचालक को बुलाकर नियमों का पालन कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि नो हेलमेट नो फ्यूल के आदेश का क्रियान्वयन कराने के लिए चलाये जा रहे चेकिंग अभियान में राबर्ट्सगंज शहर के बढ़ौली चौक स्थित पेट्रोल पम्प पर भी जांच करने पहुंचे तो कुछ पम्पों की स्थिति ठीक मिली। हालांकि पेट्रोल पम्प संचालकों को सख्त हिदायत दी गई कि वे बिना हेलमेट पहने दोपहिया वाहन चालकों को कतई पेट्रोल न दें।अधिकारियों ने कहा कि अगर कोई वाहन चालक बिना हेलमेट पेट्रोल भराने के लिए विवाद करता है तो पेट्रोल-पंप पर लगे सीसीटीवी का साक्ष्य उपलब्ध कराएं।

26 से अब तक 1768 बाइकों का चालान

सोनभद्र। एआरटीओ धनवीर यादव ने बताया कि 26 जनवरी से अब तक परिवहन विभाग व यातायात पुलिस ने 1768 बाइकों का चालान नो हेलमेट पर किया, यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। इसके अलावा जिला सड़क सुरक्षा समिति की अगली बैठक में बाइक सवार चालकों के चालान पेंडिंग रहने पर उनके पंजीयन के संदर्भ में कार्रवाई का मानक तय किया जायेगा।

अवांछनीय तत्वों पर रहेगी पैनी नजर, शोहदों पर होगी कार्रवाई

शांति समिति की बैठक में शामिल लोग

दुद्धी। महाशिवरात्रि एवं होली समेत आगामी सभी पर्व के मद्देनजर गुरुवार को कस्बा चौकी में कोतवाल मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में बैठक हुई। इस दौरान महाशिवरात्रि के अवसर पर निकलने वाली ऐतिहासिक शिव बारात एवं मेले को लेकर समाज के अगुवाओं ने शिव बारात की रूपरेखा पर जानकारी देते हुए यातायात समेत अन्य बिंदु पर प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया। अध्यक्षता कर रहे कोतवाल ने कहा कि पर्व की गरिमा और आपसी भाईचारे का पूरा ख्याल होना चाहिए, तभी त्यौहार का पूर्ण आनंद मिलेगा। आज के परिवेश में कानून व्यवस्था एक बड़ी चुनौती है।

जो आमजन के सहयोग बिना संभव नही। उन्होंने महापर्व को सदभाव पूर्वक मनाने की अपील की। कहा कि अवांछनीय तत्वों पर पूरी नजर रहेगी, किसी भी दशा में ऐसे लोग बख्शे नहीं जायेंगे। उन्होंने समाज के अगुवा लोगों से बारात व मेले को परम्परागत तरीके से सम्पन्न कराने एवं कानून व्यवस्था के मद्देनजर कोई भी नई परम्परा की शुरूआत न करने की बात कही। उन्होंने बताया कि मनचलों एवं शोहदों को चिन्हित कर कड़ी कार्रवाई के लिए पुलिस सादे वर्दी में जगह-जगह तैनात रहेगी। आगामी होली पर्व, ईद, रोजा की तैयारी सहित अन्य पर्व पर पर चर्चा की गई। इस मौके पर पंकज जायसवाल, दीपक शाह, कन्हैयालाल अग्रहरि, जितेंद्र श्रीवास्तव, डा. लवकुश प्रजापति, बालकृष्ण जायसवाल, राजकुमार अग्रहरि, कमल कानू, ब्रजेश कुशवाहा, निरंजन जायसवाल, रहीम बख़्स खाँ, विदवंत घसिया समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

वार्षिकोत्सव में रंगारंग प्रस्तुतियों ने बांधा समां

ओबरा। प्रकाश जीनियस आयान पब्लिक इंग्लिश स्कूल में आयोजित वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान छात्र छात्राओं ने एक से बढ़कर एक रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों की खूब तालियां बटोरी। मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष चांदनी एवं एसडीएम विवेक कुमार सिंह तथा मुख्य महाप्रबंधक आरके अग्रवाल ने संयुक्त रूप से रविदास के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में प्रमुख नशामुक्ति फैंसी ड्रेस, ओल्ड एज होम ,राधेकृष्ण नृत्य कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों ने चार चांद लगा दिया। वही नन्हें मुन्हें बच्चों ने नृत्य प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। श्वेता, दीपाली, स्मृति, श्रेया, आयशा, प्रज्ञा, कुसुम ने नृत्य, हस्तव्यंग, नाटक प्रस्तुत कर दर्शकों को तालियां बजाने पर विवश कर दिया। इस मौके पर मुख्य प्रबंधक राजेंद्र प्रसाद जैन, शहजादे खान, संतोष पांडेय, सुधीर गुप्ता, राम प्रकाश त्रिपाठी, नीतू समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

देश को ऊर्जा क्षेत्र में एनटीपीसी ने बनाया आत्मनिर्भर

बोले बास्टीयन

एनटीपीसी में धूमधाम से मना 43 वां विद्युत उत्पादन दिवस

जनसंदेश न्यूज

उत्पादन दिवस पर हवन में आहुति डालते एनटीपीसी के अधिकारी

शक्तिनगर। एनटीपीसी सिंगरौली में एनटीपीसी विद्युत उत्पादन दिवस गुरुवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। 13 फरवरी 1982 को एनटीपीसी द्वारा विद्युत उत्पादन की शुरूआत की थी। जिससे देश उर्जा आत्मनिर्भरता की क्षेत्र में अग्रसर हो गया था।

इस उपलब्धि के अवसर पर मदर प्लांट और फ्लैगशिप स्टेशन सिंगरौली प्लांट परिसर में आयोजन की धूम रही। महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण जोसेफ बास्टीयन ने कहा कि एनटीपीसी की चार दशक की उर्जा उपलब्धि उर्जा क्षेत्र, देश-समाज के लिए गर्व एवं सम्मान का विषय है। एनटीपीसी निरंतर अपनी विद्युत उत्पादन क्षमता विस्तार के माध्यम से देश को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बना कर घर-घर को रोशन करने के अपने संकल्प को साकार करती जा रही है। उन्होंने प्लांट में पूजा अर्चना कर सभी कर्मचारियों को पूर्ण निष्ठा, उत्साह, समर्पण के साथ उर्जा उत्पादन कार्य योजना को पूर्ण करने हेतु अपनी बधाई देते हुए कहा कि यह बहुत हर्ष का विषय है कि लगभग चार दशक पूर्ण कर चुके सिंगरौली सुपर पावर स्टेशन ने बिजली उत्पादन में नए रिकॉर्ड्स बनाए हैं। वित्त वर्ष 24-25 में दिसंबर 24 तक 88.59 % के प्लांट लोडिंग फैक्टर के साथ एनटीपीसी ने सभी एनटीपीसी थर्मल प्लांटों के बीच गौरवपूर्ण द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। एनटीपीसी के सफल प्रचालन के 43 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं एवं वित्तीय वर्ष 2024-25 में पीएलएफ 95.26 % अत्यंत सराहनीय रहा है। इस मौके पर यूनियन एवं एसोसिएशन के प्रतिनिधि, एजेंसी के कर्मी एवं वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

विवाद के बाद महिला ने कुएं में कूदकर दी जान

दुःखद

बहन के देवर से झगड़े के बाद उठाया कदम

जनसंदेश न्यूज

विवाहिता की मौत के बाद विलाप करते मृतक परिजन।

बबुरी। थाना क्षेत्र के बौरी बाराडीह गांव के पास गुरुवार की दोपहर एक महिला ने संदिग्ध परिस्थितियों में कुएं में कूदकर आत्महत्या कर ली। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घटना से पहले महिला का अपनी बहन के देवर के साथ विवाद हो रहा था। झगड़े के दौरान उसने अचानक कुएं में छलांग लगा दी, जबकि युवक मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार बौरी गांव निवासी राजकुमार की पुत्री नेहा की शादी करीब चार साल पहले भरछां गांव के पिंटू से हुई थी। उसके डेढ़ वर्ष की एक बेटी भी है। 10 फरवरी को वह मायके आई थी। गुरुवार की दोपहर वह बौरी-पांडेयपुर मार्ग पर अपनी बहन के देवर के साथ पैदल जा रही थी, जबकि युवक बाइक पर था। इसी दौरान दोनों के बीच कहासुनी हो गई। बहस बढ़ते-बढ़ते बाराडीह गांव के पास पहुंच गई, जहां अचानक नेहा ने कुएं में छलांग लगा दी। घटना होते ही मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना नेहा के परिजनों को दी। सूचना मिलते ही स्वजन रोते-बिलखते घटनास्थल पर पहुंचे। इसी बीच किसी ने पुलिस को भी खबर दी। बबुरी थाना प्रभारी मुकेश कुमार तिवारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से शव को कुएं से बाहर निकाला। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया।

धीना में ट्रेन कटकर अधेड़ युवक की मौत

धीना। पूर्व मध्य रेलवे दानापुर मंडल अंतर्गत स्थित धीना रेलवे स्टेशन के पास 40वर्षीय अधेड़ युवक की मृत्यु बुधवार की रात्रि डाउन ट्रैक पर होने की सूचना स्टेशन मास्टर द्वारा धीना पुलिस को दी गयी, जिसपर धीना पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम हेतु जिला चिकित्सालय चंदौली भेज दिया।
सब इंस्पेक्टर खेदूराम भारती ने बताया कि बुधवार की रात्रि नौ बजे धीना स्टेशन मास्टर द्वारा सूचना दी गई कि भैंसउर गाँव के सामने एक ब्यक्ति का शव पड़ा है जिसपर सूचना के बाद मौके पर पहुंचकर पुलिस ने खम्भा नंबर 724/07 के पास क्षत विक्षत पड़े युवक के शव और उसके पास से एक मोबाइल बंद हालत में बरामद किया गया, जिसे थाने लाकर चार्ज कर उसमें मृत ब्यक्ति द्वारा किये गये काल पर मिले मोबाइल नंबर से सम्पर्क किया गया तो मृतक का बड़ा लड़का पवन कुमार मंडल ने बताया कि मेरे पिता बिष्णु कुमार मंडल 40 वर्ष बुधवार को प्रयागराज कुम्भ स्नान करके ट्रेन से घर वापस गाँव मंगलहाटा, थाना राजमहल, जिला साहब गंज, झारखण्ड लौट रहे थे। सूचना पर बरिष्ठ उप निरीक्षक खेदूराम भारती, उपनिरीक्षक तेजबीर सिंह, अंकित वर्मा, अजीत प्रचेता ने शव को कब्जे में लेकर पीएम हाउस भेज दिया।

बाइक सवार को बचाने में पलटी बोलेरो, आधा दर्जन लोग घायल

जनसंदेश न्यूज

जन्सो की मड़ई में दुर्घटनाग्रस्त बोलेरो को देखते ग्रामीण।

नियामताबाद। अलीनगर थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे पर जन्सों की मडई गांव के समीप गुरुवार को बाइक सवार को बचाने के चक्कर में बोलेरो अनियंत्रित होकर पलट गयी। इस दुर्घटना में बोलेरो सवार आधा दर्जन लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां एक की हालत गंभीर होने पर उसे चिकित्सकों ने वाराणसी के ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। बताते हैं कि बिहार के खुमार्बाद, चेनारी, रोहतास निवासी बोलेरो में सवार होकर बीएचयू मरीज को इलाज कराने जा रहे थे।

बोलेरो जैसे ही जन्सो की मडई गांव के समीप पहुंची कि ट्रक से पास लेने का प्रयास किया। इसी दौरान आगे मोटरसाइकिल सवार को बचाने के चक्कर में बोलेरो अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर गयी, जिससे लगभग 10 फीट ऊपर उछल कर सड़क पर पलट गई। स्थानीय लोगों व पुलिस द्वारा सभी दबे लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल कर इलाज के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। बोलेरो में सभी सात लोग सवार थे इसमें बब्बन सिंह 53, अली हुसैन 40, प्रमोद कुमार 20, बलराम सिंह 32, गौरी शंकर सिंह 55, सविता देवी 36 वर्ष आंशिक रूप से घायल हो गए। जबकि बाइक सवार कठौरी गांव निवासी विकास यादव 18 वर्ष को गंभीर रूप से घायल होने पर चिकित्सकों ने ट्रामा सेंटर वाराणसी के लिए रेफर कर दिया। दूसरे बाइक सवार अजीत यादव 19 वर्ष का जिला चिकित्सालय में इलाज चल रहा है। इस संबंध में पूछे जाने पर एसओ विनोद मिश्रा ने बताया कि बोलेरो में 7 लोग सवार थे, जिनको मामूली चोटे आई है। बाइक सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल है जिसे ट्रामा सेंटर में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है।

श्रीराम कथा सुनने के लिए भगवती धाम उमड़े भक्त

नौगढ़। श्रीराम नवान्ह पाठ महायज्ञ एवं संगीतमय श्रीराम कथा का शुभारंभ गुरुवार को माता अमरा भगवती धाम परिसर में हुआ। जिसमें कथावाचक कौशलेंद्र दास शांडिल्य ने प्रभु श्री राम चन्द्र की बाल लीला का वर्णन किया। कहा कि सनातन संस्कृति अनादि काल से चली आ रही है। इसका न आदि है न ही अंत इसी सत्य को सनातन कहा जाता है। जिसके माध्यम से ईश्वर आत्मा और मोक्ष का ज्ञान होता है, जिसका मूल सार पूजा जप तप दान सत्य अहिंसा दया क्षमा और यम नियम है। देवों ऋषियों मुनियों व साधारण मनुष्यों ने सनातन संस्कृति के मार्ग का अनुसरण कर के उत्थान किया है। सनातन में ओम को प्रतीक माना जाता है। इस अवसर पर अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश सिंह, महामंत्री मनोज पांडेय, चन्द्रिका प्रसाद, पं.अनूप पांडेय, शास्त्री शांद्रानंद यादव, अनिल यदुवंशी, लालू यादव, अनिल यादव सहित श्रीराम चरित आदि मौजूद रहे।

संक्षेप

डीडीयू रेलवे स्टेशन से 71 स्पेशल ट्रेनें चलाईं गईं

डीडीयू नगर। माघ पूर्णिमा पर स्नानार्थियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे की ओर से बुधवार की रात 12 बजे से बृहस्पतिवार की शाम साढ़े चार बजे तक 71 स्पेशल ट्रेनें चलाईं गई। प्रयागराज से डीडीयू के लिए 21 स्पेशल ट्रेनें चलाई गई। वहीं स्थानीय रेलवे स्टेशन से प्रयागराज के लिए 28 स्पेशल ट्रेनें चलाई गई। इसके साथ ही डीडीयू नगर से पटना की ओर जाने के लिए 12 स्पेशल ट्रेनें चलाई गई। वहीं स्थानीय रेलवे स्टेशन से गया की ओर से दस स्पेशल ट्रेनें चलाई गई। वहीं डीडीयू से हावड़ा के लिए एक स्पेशल ट्रेन चलाई गई। जिससे यात्रियों को काफी हदतक सहुलियत हुई। वहीं मंडल रेल प्रबंधक राजेश गुप्ता के नेतृत्व में अधिकारियों ने भीड़ की स्थिति को देखा।

यात्रियों में किया गया खिचड़ी वितरण

डीडीयू नगर। वाणिज्य विभाग की ओर से महाकुंभ स्नान कर लौटने वालों के लिए भंडारा का आयोजन किया गया। इसमें सैकड़ों यात्रियों को निःशुल्क भोजन दिया गया। स्टेशन के स्टाल संचालकों के सहयोग से भोजन वितरण शिविर में यात्रियों को बुलाकर तहरी दिया गया। निशुल्क भोजन पाकर यात्रियों के चेहरे खिले नजर आए। इस दौरान सीएसजी एनके मिश्र, दिनेश शर्मा, विजय शंकर, अनलि जायसवाल, गिरीश सिंह, जितेन्द्र सिंह, गणेश पांडेय आदि लोग मौजूद रहे।

चकिया में पारदर्शी तरीके से होगी 34 तालाबों की नीलामी

चकिया। तहसील सभागार में गुरुवार की दोपहर उपजिलाधिकारी दिव्या ओझा ने पत्रकारों के सग प्रेस वार्ता की जिसमें उन्होंने आगामी दिनों में होने वाली तालाबों की नीलामी, बकाएदारों को नोटिस, अतिक्रमणकारियों पर कार्यवाही और होली त्यौहार को देखते हुए खाद्य पदार्थों की जांच सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। उपजिलाधिकारी ने कहा कि आगामी 25 फरवरी को तहसील सभागार में तहसील क्षेत्र के 34 छोटे-बड़े तालाब, पोखरे और बंधी की पारदर्शिता के साथ नीलामी की जाएगी। जिसमें मल्लाह जाति को प्रथम वरियता देने के साथ ही गरीब तबके के लोगों को नीलामी में भागीदारी लेने की बात कही। उन्होंने राजस्व कर्मियों को पूर्व मत्स्य पालन के 34 बकाएदारों को नोटिस भेजने की बात कही। उन्होंने आम जनमानस से अपील की। तहसील क्षेत्र के किसी भी गांव में ग्राम समाज और तालाब की जमीन पर अतिक्रमण करने वाले अतिक्रमणकारियों को चिन्हित करे इसकी सूचना दें आपकी पहचान गोपनीय रखी जाएगी और उक्त जमीन को अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराया जाएगा। इसके अलावा उप जिलाधिकारी ने आगामी होली के त्यौहार को देखते हुए खोवा, छेना, पनीर, घी सहित खाद्य पदार्थों की जांच करने की बात कही। साथ ही उन्होंने चेताया कि नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बिना लाइसेंस के कोई पटाखा ना बेंचे। उपजिलाधिकारी ने कहा कि तहसील क्षेत्र में बिना लाइसेंस के कोई भी ईंट भट्टे का संचालन नहीं होना चाहिए। बिना रजिस्ट्रेशन के किसी भी निजी चिकित्सालय पैथोलॉजी सेंटर का संचालन करते कोई पाया गया तो उसके संचालक के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान तहसीलदार सुरेश चंद्र, संदीप श्रीवास्तव सहित तमाम पत्रकार मौजूद रहे।

महिला आयोग की सदस्य के निरीक्षण में बंद मिला शौचालय

सुनवाई

पीडब्ल्यूडी डाक बंगले पर महिला उत्पीड़न से जुड़े मामलों की सुनवाई की

डाक बंगले पर महिला उत्पीड़न से जुड़े मामलों की सुनवाई करती आयोग की सदस्य।

चंदौली। राज्य महिला आयोग की सदस्य गीता बिंद ने गुरुवार को पीडब्ल्यूडी डाक बंगले पर महिला उत्पीड़न से जुड़े मामलों की सुनवाई की। इस दौरान घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाओं की समस्याओं से अवगत होकर संबंधित अधिकारीगण को आवश्यक निर्देश दिए। जन सुनवाई कार्यक्रम के दौरान कुल 13 प्रकरण प्राप्त हुए जिसके निस्तारण हेतु सम्बन्धित विभाग को आवश्यक कार्यवाही किये जाने हेतु जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देशित किया। साथ ही कुछ महिला ग्राम प्रधानों से वार्ता करते हुये उनके ग्राम पंचायत संबंधित वार्ता किया गया। जनसुनवाई से पूर्व आयोग की सदस्य गीता बिंद विकास खंड नियामताबाद अंतर्गत ग्राम जलीलपुर के आंगनबाड़ी केंद्र व पूर्व माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण किया गया। जलीलपुर के पूर्व माध्यमिक विद्यालय का शौचालय बंद रहने पर कड़ी नाराजगी जताई एवं स्कूल टाइम में शौचालय प्रतिदिन खोलने हेतु सम्बन्धित को कड़े निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने दो बच्चों का अन्नप्राशन एवं दो महिलाओं की गोद भराई कार्यक्रम आयोजित हुआ। तत्पश्चात उन्होंने परिसर में शौचालय की साफ-सफाई एवं विद्यालय की बेहतर सफाई हेतु निर्देश दिए। उन्होंने महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित रेलवे चाइल्ड हेल्प डेस्क पं दीनदयाल उपाध्याय नगर का महिला आयोग की सदस्य द्वारा रेस्क्यू किए गए बच्चियों से निरीक्षण के दौरान वार्ता किया गया। साथ ही रजिस्टर पंजिका का अवलोकन कर संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए गए। उन्होंने राजकीय महिला चिकित्सालय पं दीन दयाल उपाध्याय नगर का भ्रमण कर सभी पटल का निरीक्षण कर जच्चा-बच्चा का स्वास्थ्य से संबंधित हाल चाल जाना एवं संबंधित को सरकार की योजनाओं से लाभान्वित हेतु निर्देश दिए। उन्होंने तत्पश्चात अलीनगर महिला थाना का भी निरीक्षण किया। इस दौरान आरपीएफ निरीक्षक पीके रावत, सदस्य सीडब्लूसी धर्मेंद्र कुमार सिंह ताहिर हुसैन, महिला थाना प्रभारी डॉ कल्पना आदि उपस्थित रहे।

कोरी में धूमधाम से मनी रविदास जयंती

नियामताबाद। बहुजन समाज कल्याण समिति कोरी के तत्वावधान में दो दिवसीय रविदास जयंती के अवसर पर गुरुवार को सांस्कृतिक प्रोग्राम के साथ-साथ रविदास जयंती मनाने का काम किया गया। मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि के रूप में प्रभात यादव ने संत शिरोमणि रविदास के तैल चित्र पर माल्यार्पण करने का काम किया। इस दौरान इन्होंने कहा कि इनके विचार थे कि मन वचन साफ है तो उस व्यक्ति के अंदर घृणा रूपी विचार पनप ही नहीं सकते। इसलिए इन्होंने कहा था कि मन चंगा तो कठौती में गंगा। इसके साथ-साथ तमाम इनके सुविचार समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने का काम कर रही है। इस मौके पर सन्नी यादव, चंदू बीडीसी, अनिल कुमार, जितेंद्र कुमार, बिपिन मिश्रा, जगत कुमार सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

हुदहुदीपुर प्रधान ने कैबिनेट मंत्री से मिलकर किया मांग

सकलडीहा आवास पर कैबिनेट मंत्री को पत्रक सौंपते प्रधान आशुतोष सिंह।

चहनियां। क्षेत्र के सेवड़ी हुदहुदीपुर गांव में स्मृति द्वार और बालिका विद्यालय के नाम से जमीन पर बाउंड्री सहित कई मांगो को लेकर प्रधान आशुतोष कुमार सिंह ने सकलडीहा स्थित आवास पर कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर से मिलकर पत्रक सौंपा। जिस पर जल्द कार्य कराने का मंत्री ने आश्वासन दिया। क्षेत्र के सेवड़ी हुदहुदीपुर में गांव के प्रधान आशुतोष सिंह ने गांव के गौरव रहे कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर के पिता पूर्व विधायक स्व.रामजीत भारद्वाज के नाम पर स्मृति प्रवेश द्वार, राजकीय बालिका विद्यालय के नाम पर आबंटित जमीन अराजी नम्बर 272 में बाउंड्री वाल,हाईमास्ट लाइट आदि की मांग को लेकर कैबिनेट मंत्री को पत्रक सौंपा। जिस पर कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने जल्द बनवाने की मांग किया। इस दौरान प्रधान आशुतोष कुमार सिंह ने कहा कि गांव में विकास की सुंदरता के लिए इन योजनाओं से गांव में विकास कार्यों को गति मिलेगी।

घर से गायब बालिका को पुलिस ने किया बरामद तीन अभियुक्त गये जेल

जनसंदेश न्यूज

कार्रवाई

1 जनवरी को घर से गायब हुई थी बालिका

शहाबगंज। थाना क्षेत्र के एक गांव से गायब नाबालिग बालिका कस्बा से गुरुवार को बरामद कर लिया। पुलिसने बालिका को बहला फुसलाकर भगाने वाली एक महिला के साथ दो अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बताते हैं कि थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी लड़की के मौसा महेन्द्र ने बीते 31 जनवरी को पुलिस को लिखित जानकारी दिया था मेरे साढू की लड़की कुछ लोग बहला फुसलाकर भगा ले गए है।

तहरीर के आधार पर पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई। जहां लड़की को भागने में गांव की ही एक महिला की संलिप्तता नजर आई। महिला पर पुलिस नजर रखने लगी, तभी गुरुवार को कस्बा के बस स्टैंड से दो महिला व एक पुरुष के साथ बालिका बरामद हो गयी। पुलिस ने तीनों आरोपियों के साथ बालिका को थाने ले आई। मुख्य अभियुक्त गांव की महिला रुक्मणी देवी व चकिया के शेरपुर निवासी धर्मेन्द्र उर्फ कल्लू व गिरजा देवी को जेल भेज दिया। पुलिस ने बीएनएस 137, 370 मुकदमा पंजीकृत कर अगली कार्यवाही में जुट गई। थाना प्रभारी मिर्जा रिजवान बेग ने बताया कि लड़की के माता-पिता पहले ही गुजर चुके है। बालिका अपने मौसा के साथ रहती थी। बालिका को बरामद करने के साथ सभी आरोपियों को जेल भेज दिया गया।

14 से होगा शराब की दुकान के लिए आनलाइन आवेदन

चंदौली। 14 फरवरी की शाम से वर्ष 2025-26 हेतु मदिरा की फुटकर दुकानों देशी शराब, कम्पोजिट शाप एवं मॉडल शाप और भांग की फुटकर दुकानों का ई-लाटरी के माध्यम से आनलाइन फार्म भरा जाएगा। जिला आबकारी अधिकारी सुभाष चन्द्र ने बताया कि वर्ष 2025-26 हेतु मदिरा की फुटकर दुकानों (देशी शराब, कम्पोजिट शाप एवं मॉडल शाप) और भांग की फुटकर दुकानों का ई-लाटरी के माध्यम से व्यवस्थापन किया जायेगा। जिसके लिए आवेदकों से ई-लाटरी पोर्टल पर आनलाइन आवेदन फार्म भरा जायेगा। इस हेतु इच्छुक समस्त आवेदकों को ई-लाटरी से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी अथवा समस्या के समाधान हेतु कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी चन्दौली में कन्ट्रोल रूम का गठन किया गया है, जिसमें सम्पर्क कर समस्याओं का निराकरण किया जा सकता है। बताया कि कंट्रोल रूम में शरद कुमार, आबकारी निरीक्षक 9454466173 एवं सहयोगी कार्मिक अनिरूद्ध प्रताप सिंह, प्रधान आबकारी सिपाही मोबाइल नंबर 9794272290, दीपक ओझा, आबकारी निरीक्षक 9582768084, 9454466175 एवं सहयोगी अरूणेश कुमार चौधरी, आबकारी सिपाही 7376878498, रामकृष्ण, आबकारी निरीक्षक 9454466174 एवं सहयोगी अजय कुमार, आबकारी सिपाही 8115079450 की तैनाती की गई है।

डीएम व एसपी ने स्टेशन के सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

जनसंदेश न्यूज

डीडीयू स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते डीएम व एसपी।

डीडीयू नगर। माघ पूर्णिमा पर प्रयागराज में अमृत स्नान के बाद पलट प्रवाह को संभालना प्रशासन के लिए कठिन हो रहा है। गुरुवार को स्नानार्थियों की संख्या कुछ कम हुई। बुधवार की रात और बृहस्पतिवार को दिन भर लगभग एक लाख स्नानार्थी स्थानीय रेलवे स्टेशन पर पहुंचे। भीड़ को संभालने के लिए बुधवार की रात डीएम निखिल टीकाराम फुंडे और एसपी आदित्य लांग्हे दल बल के साथ स्टेशन पर पहुंचे और व्यवस्था का जायजा लिया।

माघ पूर्णिमा पर प्रयागराज संगम में डुबकी लगाने के बाद लोग लौटने लगे हैं। स्नानार्थियों की वापसी को देखते हुए रेल प्रशासन लगातार स्पेशल ट्रेनें चला रहा है। बावजूद इसके स्टेशन पर भीड़ कम नहीं हो रहा है। बुधवार की रात स्थिति यह रहा है कि प्रयागराज से आने वाली ट्रेनों में यात्रियों को संभालने में सभी के पसीने छूट गए। यही हाल गुरुवार की सुबह भी रहा। दोपहर बाद स्थिति कुछ सामान्य हुआ। हालांकि प्रयागराज से आने वाली ट्रेनों में यात्री भर भर कर पहुंचते रहे। इसके पूर्व देर रात डीएम निखिल टीकाराम फुंडे, एसपी आदित्य लांग्हे, वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त जेथिन बी राज, सीओ नगर आशुतोष आदि ने स्टेशन पर पहुंच कर भीड़ की स्थिति को देखा। इस दौरान फुटओवर ब्रिज पर अत्यधिक भीड़ की स्थिति में यात्रियों के आने-जाने के लिए बैरिकेडिंग करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही रेलवे स्टेशन पर आने वाले भारी यात्री वाहनों की पार्किंग व्यवस्था दक्षिणी प्रवेश द्वार की ओर करने को कहा। इसके पूर्व बृहस्पतिवार को भीड़ नियंत्रित करने के लिए स्टेशन अधीक्षक एसके सिंह, आरपीएफ निरीक्षक प्रदीप कुमार रावत, जीआरपी निरीक्षक सुनील कुमार सिंह, सीएसजी एनके मिश्र, एचआई अभिषेक यादव और स्काउट गाइड की टीम लगी रही।

वार्षिकोत्सव में कम्पोजिट विद्यालय के बच्चों ने मचाया जमकर धमाल

बोले कैलाश आचार्य

सांस्कृतिक कार्यक्रमों से बच्चों की प्रतिभा दिखाने का मिलता है मौका

उदयपुरा विद्यालय में आयोजित वार्षिकोत्सव में बच्चों के साथ अतिथिगण।

शहाबगंज। सांस्कृतिक कार्यक्रमों से बच्चों के अंदर छूपी प्रतिभा को निखारने का मौका मिलता है। उक्त बातें गुरुवार को कम्पोजिट विद्यालय उदयपुरा के वार्षिकोत्सव उमंग के दौरान मुख्य अतिथि कैलाश आचार्य ने कही। उन्होंने कहा कि बच्चे कच्चे मिट्टी के घड़े के सामान है उनको जिस रूप में ढालेंगे वैसे ही रुप में परिवर्तित हो जायेंगे। आज परिषदीय विद्यालय के बच्चे भी अपने प्रदर्शन के बल पर आगे बढ़ने का कार्य कर रहे है। खण्ड शिक्षा अधिकारी अजय कुमार ने कहा कि कायाकल्प योजना के तहत परिषदीय विद्यालयों में काफी कार्य हुआ है वही शैक्षणिक वातावरण में भी सुधार हुआ है, जिसका परिणाम बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम के रूप में देखने को मिल रहा है।कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के तैल चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। वही शत-प्रतिशत उपस्थिति वालों बच्चें अर्चना, नवकेतन गुप्ता, आकांक्षा गुप्ता, श्रेया, आंचल, प्रीति, जानवी व खुशी गुप्ता को उत्साह वर्धन के लिए विधायक के द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। बच्चों ने सरस्वती वंदना, बम बम बम बोल रहा है काशी, जय भीम, मिक्स सांग, बागड़ बिल्ला, नशा उन्मूलन सहित दर्जनों कार्यक्रम की प्रस्तुति देकर वाहवाही बटोरी। इस अवसर पर ग्राम प्रधान इन्दू सिंह, प्रताप नारायण सिंह, दीनानाथ भास्कर, प्रधानाध्यापक वरुणेन्द्र पाठक, अमर बहादुर सिंह, संतोष त्रिपाठी, मुहम्मद जावेद खां, मेराज अहमद, विवेकानंद त्रिपाठी, सत्येन्द्र कुमार, अच्युतानंद त्रिपाठी, विमला देवी,रुपम सिंह, उषा मौर्य, बंदना, भुपेंद्र सिंह, संजय कुमार सहित आदि लोग उपस्थित रहे। संचालन विवेकानन्द त्रिपाठी ने किया।

दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारियों के खिलाफ लामबंद हुए लोग

सकलडीहा। कस्बा में दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारियों के खिलाफ गुरूवार को मंदिर पर पूर्व के पदाधिकारी लामबंद होकर विरोध जताया। आरोप लगाया कि वर्तमान के पदाधिकारी के तानाशाही रवैया के कारण मंदिर के विभिन्न कार्यक्रम में अड़चन आ रहा है। वर्तमान पदाधिकारियों से इस्तीफा देने की मांग किया है। वही दुर्गा पूजा सेवा समिति के वर्तमान पदाधिकारियों ने आरोपों को निराधार बताया। सकलडीहा दुर्गा माता मंदिर क्षेत्र का प्राचीन मंदिर है। मंदिर पर नवरात्र में नौ दिन की झांकी, रामलीला और दशहरा का आयोजन होता है। इसके साथ ही विभिन्न आयोजन होता रहता है। यह कार्य सुचारू रूप से चले इसके लिए दुर्गा पूजा सेवा समिति बनाई गई है। बीते दिनों एक संत की प्रतिमा की स्थापना के बाद से समिति के पूर्व और वर्तमान पदाधिकारियों मनभेद हो गया है। दुर्गा पूजा सेवा समिति के पूर्व में रहे पदाधिकारियों ने वर्तमान के पदाधिकारियों पर मनमानी का आरोप लगाकर इस्तीफा की मांग किया। इस मौके दिलीप कुमार गुप्त, प्रमोद कुमार गुप्त, मनीष गुप्ता, राकेश गुप्ता, कृष्णा गुप्त, राजेन्द्र, नागे गुप्ता, प्रह्लाद गुप्ता, प्रेमशंकर, राजेन्द्र प्रसाद आदि रहे।

पंचायत भवन का ताला तोड़कर उड़ाया हजारों का सामान

जनसंदेश न्यूज

पदुमनाथपुर मिनी सचिवालय पर चोरी की घटना पर जुटी ग्रामीणों की भीड़।

सकलडीहा। कोतवाली क्षेत्र के पदुमनाथपुर मिनी सचिवालय की दरवाजे का कुंडी तोड़कर चोर बुधवार की रात कमरे में घुस गये। इसके बाद कम्प्यूटर बैटरी, इन्वर्टर और प्रिंटर सहित हजारों का सामान लेकर रफ्फुचक्कर हो गये। सुबह जब ग्रामीण पहुंचे तो ग्राम प्रधान को सूचना दिए। प्रधान की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच जांच पड़ताल में जुट गई है। सकलडीहा वाया चतुर्भुजपुर रेलवे स्टेशन मार्ग के किनारे पदुमनाथपुर मिनी सचिवालय बनाया गया है। मिनी सचिवालय के माध्यम से ग्रामीणों को ऑनलाइन सुविधा उपलब्ध कराने के लिये कम्प्यूटर, इनवर्टर, बैटरी और प्रिंटर सहित हजारों का सामान लगाया गया था।

सुबह प्रधान को ग्रामीणों ने सूचना दिया कि मिनी सचिवालय का ताला टूटा है। यहां आकर देखा तो कमरे में रखा कम्प्यूटर, बैटरी, इनवर्टर और प्रिंटर गायब है। दरवाजे का कुंडी टूटा हुआ है। उन्होंने इसकी सूचना 112 पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गई है। प्रधान ने बताया कि अभी कुछ दिन पूर्व ही मिनी सचिवालय के पास स्थित मंदिर से दान पेटी से हजारों रुपये चोरी कर लिया था। ग्रामीणों ने जल्द चोरी की घटना का खुलासा करने की मांग किया। इस संबंध में कोतवाल हरिनारायण पटेल ने बताया कि सूचना मिली है जल्द ही चोरी का पदार्फाश किया जाएगा।

मंदिर के पास खड़ी ट्रैक्टर को चोरों ने उड़ाया

सकलडीहा। कोतवाली क्षेत्र के तेनुवट गांव से बीती रात चोरों ने ट्रैक्टर गायब कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गई है। ट्रैक्टर लेकर भागते समय चोर सीसीटीवी में कैद हो गए। ट्रैक्टर चोरी की घटना से खलबली मची हुई है। तेनुअट गांव के अशोक पाण्डेय के पुत्र खेदन पाण्डेय 8 महीने पूर्व एजेंसी से सोनालिका ट्रैक्टर खरीद कर लाए थे। बीती रात ट्रैक्टर तेनुअट गांव के हनुमान मंदिर के पास खड़ा किए थे। रात करीब 12 बजे चोर ट्रैक्टर को लेकर फरार हो गए। रास्ते मे लगे सीसीटीवी में चोर ट्रैक्टर लेकर जाते दिख रहे है।सुबह जब भुक्तभोगी ट्रैक्टर को मौके पर नहीं पाया तो पुलिस को सूचना दी।

स्पोर्ट्स

आरसीबी ने रजत पाटीदार को कप्तान बनाया

कोहली बोले- आप इसके हकदार, 2021 से टीम के साथ, मुश्ताक अली ट्रॉफी में मध्य प्रदेश के कैप्टन रहे

मुम्बई। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 सत्र के लिए रजत पाटीदार को कप्तान बनाया है। है। रजत पाटीदार ने कप्तानी की दौड़ में क्रुणाल पांड्या को पीछे छोड़ा। पाटीदार ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी और विजय हजारे ट्रॉफी में मध्य प्रदेश की कप्तानी की थी। वहीं क्रुणाल बड़ौदा के कप्तान रहे हैं। आरसीबी की ओर से कहा गया कि कप्तान का फैसला करना आसान नहीं था। उसके पास कई योग्य उम्मीदवार थे। हालांकि अंत में विचार विमर्श के पाटीदार को टीम की कमान सौंपी थी।

टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने रजत को बधाई देते हुए कहा, आप को बहुत-बहुत शुभकामनाएं। जिस तरह से आप आगे बढ़े हैं, आपने पूरे देश में प्रशंसकों के दिलों में जगह बनाई है। मैं और टीम के अन्य सदस्य आपके



पीछे खड़े होंगे। यह एक बड़ी जिम्मेदारी है। यह देखना कि कौन फ्रैंचाइजी को आगे ले जाएगा, आपके लिए बहुत बड़ा सम्मान है। मुझे भरोसा है कि आप आगे बढ़ते रहेंगे। रजत विकसित हुआ है, उसके खेल में कई स्तरों पर सुधार हुआ है। उसने राज्य की टीम का नेतृत्व किया है। उसने दिखाया है कि फ्रैंचाइजी का नेतृत्व करने के लिए क्या करना पड़ता है। मैं प्रशंसकों से उसका समर्थन करने का अनुरोध करता हूं, और जानता हूं कि वह टीम के लिए सबसे अच्छा काम करेगा। चाहे कुछ भी हो सबसे महत्वपूर्ण बात टीम और फ्रैंचाइजी है। टीम, फ्रैंचाइजी को मेरी शुभकामनाएं और सभी के साथ काम करने का इंतजार है। वहीं मुख्य कोच एंडी फ्लावर ने कहा, तीन मुख्य बातें साझा करने लायक हैं। पहली बात आईपीएल में शांत और सादगी की जरूरत होती है।

आईसीसी एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में दूसरे नंबर पर पहुंचे गिल

अहमदाबाद। भारतीय क्रिकेट टीम के युवा सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे और अंतिम एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में शतक लगाने के साथ ही एकदिवसीय मैचों में सबसे तेजी से 2,500 रन पूरे किये हैं। शुभमन ने एकदिवसीय प्रारूप में लगातार तीसरी बार 50 रन या उससे अधिक रन बनाये हैं। इस वह ताजा आईसीसी पुरुष एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में दूसरे नंबर पर पहुंच गये हैं। वहीं पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम नंबर एक हैं। इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो एकदिवीसय में 87 और 60 रनों की पारी के कारण शुभमन को एक स्थान का लाभ हुआ है। वहीं रोहित एक स्थान के नुकसान के साथ ही तीसरे नंबर पर फिसल गये हैं। वहीं भारत के ही विराट कोहली दो स्थान ऊपर आकर छठे स्थान पर आ गए हैं। मध्यक्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर 11वें से एक स्थान के लाभ के साथ ही शीर्ष 10 में पहुंच गए हैं। शुभमन ने इस टूनार्मेंट के 3 मैचों में 86 की औसत के साथ अब तक 259 रन बनाये हैं।

संक्षेप

पीटरसन ने बताया अभ्यास की कमी के कारण हारी इंग्लैंड

अहमदाबाद। इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर केविन पीटरसन ने भारत दौरे में टीम के खराब प्रदर्शन के लिए उसी कड़ी आलोचना की है। मेहमान टीम को भारत दौरे में टी20 सीरीज के बाद एकदिवीसीय में भी हार का सामना करना पड़ा है। पीटरसन ने टीम के खराब प्रदर्शन का कारण अभ्यास की कमी बताया है। पीटसरन ने कहा कि टीम के खिलाड़ियों को नेट गेंदबाजों का सामना करना चाहिए था और स्पिन खेलने की अपनी क्षमता पर काम करना चाहिए था पर उन्होंने ऐसा नहीं किया जबकि टीम को पता था कि एशियाई देशों में स्पिनर हावी रहते हैं। इंग्लैंड के लिए भारत का सीमित ओवरों का दौरा बेहद निराशाजनक रहा जिसमें टीम को टी20 सीरीज 1-4 से हारने के बाद एकदिवसीय सीरीज में भी 0-3 से क्लीनस्वीप का सामना करना पड़ा। इंग्लैंड ने कोलकाता में पहले टी20 मैच के साथ दौरे की शुरूआत से पहले दो ट्रेनिंग सत्र आयोजित किए जबकि दूसरे और तीसरे टी20 मैच से पहले उन्होंने चेन्नई और राजकोट में एक-एक ट्रेनिंग सत्र में भाग लिया पर टीम ने पुणे और मुंबई में चौथे और पांचवें टी20 मैच से पहले अभ्यास नहीं किया था। टीम ने कटक और अहमदाबाद में दूसरे और तीसरे एकदिवसीय मैच से पहले भी ट्रेनिंग सत्र आयोजित नहीं किए। इससे निराश पीटरसन ने कहा, ह्यमुझे खेद है पर मैं इस बात से पूरी तरह हैरान हूं कि इंग्लैंड ने पहला एकदिवसीय मैच हारने और टी20 सीरी गंवाने के बाद भी सबक नहीं लिया। इस सीरीज में जो रूट एकमात्र खिलाड़ी थे जिन्होंने नेट अभ्यास किया। इंग्लैंड की स्पिन का सामना करने में असमर्थता पूरी सीरीज में बड़ा मुद्दा रही और इससे पाकिस्तान और यूएई में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी से पहले टीम के लिए गंभीर चिंताएं पैदा हो गयी हैं। पीटरसन ने कहा, ह्यइस दुनिया में एक भी खिलाड़ी ऐसा नहीं है जो ईमानदारी से कह सके कि वे बिना अभ्यास के बेहतर हो सकते हैं जबकि वे हार रहे हैं। इंग्लैंड की टीम में एक भी खिलाड़ी ऐसा नहीं हो सकता जो कहे कि उन्होंने इंग्लैंड को जीतने में मदद करने के लिए हर संभव कोशिश की।

आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में बुमराह की कमी खलेगी : कपिल

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कपिल देव ने कहा है कि आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम को मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की कमी खलेगी। कपिल ने कहा कि बुमराह जैसे बड़े खिलाड़ी के नहीं होने से टीम की मुश्किलें बढ़ सतकी हैं। बुमराह पीठ के निचले हिस्से में दर्द के कारण आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए शामिल नहीं किये गये हैं। कपिल ने कहा कि बुमराह ने पिछले 2 साल में अपने अच्छे प्रदर्शन से भारतीय टीम को काफी लाभ पहुंचाया है। मुझे नहीं लगता कि इस बीच दुनिया के किसी अन्य तेज गेंदबाज ने उनसे बहतर प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि बुमराह, रविचंद्रन अश्विन, अनिल कुंबले, जहीर खान जैसे मैच विजेता खिलाड़ियों का चोटिल हो जाना किसी भी टीम के लिए परेशानी का कारण बन सकत है। मैं उनकी शीघ्र वापसी की उम्मीद करता हूं। वहीं कपिल ने

डीसी मनरेगा के हस्ताक्षर से महिला मेठ को जारी हो पहचान पत्र

मांग

महिला मेठ संघ के पदाधिकारियों ने पहचान पत्र के लिए सौंपा पत्रक

सकलडीहा। उत्तर प्रदेश ग्रामीण योजना संघ (टेज्ड यूनियन) जिला ईकाई चंदौली के पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष साधना सिंह के नेतृत्व में गुरुवार को सीडीओ एसएन श्रीवास्तव को पत्रक सौपा। इस दौरान अपनी विभिन्न मांगों के समर्थन को लेकर महिला पदाधिकारियों ने विस्तार से चर्चा किया।

महिला मेट संघ की जिलाध्यक्ष साधना सिंह ने कहा कि विकास कार्यो को गति देने के लिये सुबह से शाम संघर्ष करती है। लेकिन विभाग की ओर से कोई पहचान पत्र तक नहीं मिला है। विकास खंड में

महिला मेठ संघ की पदाधिकारी सीडीओ एसएन श्रीवास्तव को पत्रक देते हुए।

पहचान पत्र नहीं होने के कारण अधिकार तक नही मिला है। इस संबंध में कई बार बीडीओ से लेकर आईजीआरएस के माध्यम से अधिकारियों को अवगत कराया गया। बावजूद समस्या का समाधान तक नहीं किया गया। महिला मेंटों ने डीसी मनरेगा एनआरएलएम के हस्ताक्षर युक्त पहचान पत्र जारी करने की मांग किया। ग्राम स्तर पर पहचान पत्र जारी करना अनुचित है।

अंत में महिला मेंट ने ग्राम प्रधान और रोजगार सेवकों की ओर से चलायी जा रही आईडी उसे महिला मेटों को देने की मांग किया, जिससे वे स्वंय ही एनएमएमएस कर सके। इस मौके जिलाध्यक्ष साधना सिंह, वकील शेख मंसूरी, सुनीता देवी, रेखा देवी, जानकी देवी, ममता, गीता, उमरावती, अनुराधा पाल, रीता, रामपति देवी, बेबी, सावित्री, अंजू, सरिता, सुषमा, भगवानी, सुरेखा, चन्द्रकला देवी, अनिता, पुष्पा, बसंती, कृष्णावती देवी आदि महिलाएं रही।

बबुरी की बैडमिंटन टीम ने जीता गोल्ड

बबुरी। 46वीं मंडल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में यूपीएस बबुरी की बैडमिंटन टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मेजबान जौनपुर को हराकर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। इस उपलब्धि के साथ ही अब यह प्रतिभाशाली खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में वाराणसी मंडल का प्रतिनिधित्व करेंगे। टीम की इस सफलता पर मुगलसराय विधायक रमेश जायसवाल ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए अपनी ओर से ट्रैकसूट प्रदान कर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। गुरुवार को यूपीएस बबुरी विद्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि नारायण जायसवाल एवं व्यापार मंडल अध्यक्ष शशि प्रकाश गांधी ने खिलाड़ियों को ट्रैकसूट भेंट किए। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक हरिचरण, सत्य प्रकाश मौर्य, रमेश मौर्या, माधुरी सिंह, नीलम,अशोक आदि शिक्षकगण, अभिभावक व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

छेड़खानी के मामले को लेकर प्रधान-पुलिस आमने-सामने

चंदौली। सदर कोतवाली में गुरुवार को उस समय असहज स्थिति उत्पन्न हो गई जब ग्राम प्रधानों व पुलिस कर्मियों में विवाद की स्थिति कायम हो गयी। ग्राम प्रधानों का आरोप कि इंस्पेक्टर ने प्रधानों को जेल भेजने की धमकी दी। इससे क्षुब्ध ग्राम प्रधान कोतवाली में ही धरने पर बैठ गए। शाम को एडिशनल एसपी आपरेशन अनिल यादव के समझाने के बाद प्रधानों ने धरना समाप्त किया। वही प्रधानों ने पत्रक देकर जांच की मांग की। एएसपी ने प्रधानों को आश्वस्त किया कि मांगों पर जांच की जाएगी और दोषी के खिलाफ की जाएगी।

दरअसल सदर कोतवाली के एक गांव में मनबढ़ युवक एक किशोरी से बार-बार छेड़खानी करता आ रहा था। प्रधानों का आरोप कि शिकायत के बाद भी पुलिस आरोपी के खिलाफ कार्यवाई नहीं कर रही थी। मामले को लेकर गुरुवार को लगभग एक दर्जन से अधिक ग्राम प्रधान लामबंद होकर कोतवाली पहुंच गए। प्रधानों ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ा करते हुए जब इंस्पेक्टर से कार्रवाई नहीं करने के बाबत पूछा तो जैसा कि ग्राम प्रधानों का आरोप कि इंस्पेक्टर बदसलूकी पर उतारू हो गए। इससे नाराज प्रधान धरने पर बैठ गए। ग्राम प्रधान इंस्पेक्टर के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने लगे।

कोतवाली पहुंचे एएसपी ने ग्राम प्रधानों को समझाकर धरना समाप्त कराया। इस दौरान सदलपुरा प्रधान विवेक सिंह, बर्थरा दिलीप सिंह टुनटुन, धरहरा अमित सिंह, अनिता, रामअशीष, संतोष, रामसूरत राजभर, अर्जुन, जेपी, गुलाब मौर्या, मनीष, बिमलेश यादव सहित अन्य ग्राम प्रधान शामिल थे। इस संबंध में कोतवाल राजेश कुमार सिंह ने बताया कि छेड़खानी के मामले में आरोपित युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है, ताकि पीड़िता को न्याय मिल सके।

असलांका के शतक से श्रीलंका ने पहले एकदिवसीय में ऑस्ट्रेलिया को हराया

अंतरराष्ट्रीय मैच में 49 रनों से हराकर दो मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बनाई

कोलंबो। श्रीलंका ने ऑस्ट्रेलिया को यहां पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में 49 रनों से हराकर दो मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। इस मैच में श्रीलंकाई टीम की जीत में कप्तान चरित असलांका के 127 रनों की शानदार पारी की अहम भूमिका रही। इस मैच में ऑस्ट्रेलियाई टीम के कप्तान स्टीव स्मिथ ने टॉस जीतकर श्रीलंका को पहले बल्लेबाजी करने के लिए बुलाया।

मेजबान श्रीलंकाई टीम की शुरूआत अच्छी नहीं रही और आधी टीम 55 रनों में ही पेवेलियन लौट गयी पर असलांका के शतक से श्रीलंका ने 46 ओवर में 214 रन बनाए। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलियाई टीम 33.5 ओवर में 165 रन ही बना पायी और उसे हार का सामना करना पड़ा। श्रीलंका की ओर से स्पिनर

महेश तीक्ष्णा ने 40 रन देकर सबसे अधिक 4 विकेट लिए।

मैच में असलांका के अलावा मेजबान टीम के अन्य खिलाड़ियों का प्रदर्शन भी अच्छा नहीं रहा। असलांका ने मैच में एक छोर संभाले रखा और अपना चौथा शतक लगाया। उन्होंने 126 गेंदों की अपनी पारी में 14 चौके और 5 छक्के लगाए। असलांका ने डुनिथ वेलालेज 30 के साथ छठे विकेट के लिए 67 रन बनाये। इसके अलावा ईशान मलिंगा के साथ 9वें विकेट के लिए 79 रनों की साझेदारी की। वहीं ऑस्ट्रेलिया की ओर से सीन एबट ने 61 रन देकर 3 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया की शुरूआत भी अच्छी नहीं रही और उसने शुरूआत में ही चार विकेट खो दिये। इसके बाद एलेक्स कैरी 41 और मार्नस लाबुशेन 15 ने पांचवें विकेट के लिए 52 रन बनाये पर इन दोनो के आउट होने के बाद ऑस्ट्रेलियाई पारी ढ़ह गयी।

इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग में सुमित ढेकाले का शानदार प्रदर्शन

नई दिल्ली। चेन्नई सिंघम्स के कप्तान सुमित ढेकाले ने टेनिस बॉल से खेले जाने वाले 10-10 ओवर के इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग (आईएसपीएल) में शानदार प्रदर्शन किया है। इस टूनार्मेंट में कई उभरते खिलाड़ी उतरते हैं। सुमित के अच्छे प्रदर्शन के बाद भी उनकी टीम को माझी मुंबई ने 24 रनों से हराकर अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया है। मुंबई ने 10 ओवर्स में तीन विकेट पर 122 रन का विशाल स्कोर बनाया पर सिंघम्स 6 विकेट पर 98 रन ही बना सकी। अब क्वालीफायर-1 में मुंबई का सामना फाल्कन राइजर्स हैदराबाद से होगा। सुमित ने 0 मैच में सबसे अधिक 185 रन बनाये हैं। वह सत्र में सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ियों में से एक हैं। 36 साल के सुमित के बारे में खास बात ये है कि उन्होंने पृथ्वी शॉ, यशस्वी जायसवाल, प्रवीण तांबे, स्वप्निल साल्वी, विक्रांत औटी और साईराज पाटिल जैसे खिलाड़ियों के साथ 2019 में मुंबई पैंथर्स के लिए टी-20 मुंबई में भी भाग लिया था।

कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी फूलपुर, आजमगढ़

पत्रांकः 1631/लेखा0/वित्त आयोग/टेण्डर प्रकाशन/2024-25 दिनांकः 13.02.2025

अल्पकालिन निविदा सूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि क्षेत्र पंचायत फूलपुर की बैठक से प्राप्त प्रस्ताव समिति द्वारा लिए गये काय जिनकी वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त है, के क्रम में पंचम राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि के सापेक्ष निम्नलिखित परियोजनाओं पर कार्य कराने हेतु सरकारी विभागों में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्म से निविदा पत्र आमंत्रित की जाती है। पंजीकृत ठेकेदार/फर्म अपनी निविदा दिनांक 13.02.2025 से दिनांक 24.02.2025 तक विकास खण्ड फूलपुर कार्यालय से निर्धारित मूल्य पर निविदा फार्म प्राप्त कर सकते है। सभी पंजीकृत ठेकेदार/फर्म अपनी निविदा सील बन्द लिफाफे में विकास खण्ड कार्यालय फूलपुर में रखे निविदा बाक्स में दिनांक 13.02.2025 से 25.02.2025 दोपहर 2 बजे तक निविदा फार्म डाला जायेगा। प्राप्त निविदा दिनांक 25.02.2025 को सायं 3 बजे अधोहस्ताक्षरी द्वारा गठित समिति के सदस्यों के द्वारा खोला जायेगा। अवकाश की दशा में निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। निविदा स्वीकृत होने पर कार्यादेश के पूर्व 8 प्रतिशत धरोहर की धनराशि भी एफ0डी0आर0 के रुप में जमा करनी होगी, जो खण्ड विकास अधिकारी फूलपुर आजमगढ़ के पक्ष में बन्धक होगी। बिना धरोहर की धनराशि के कार्यादेश निर्गत नहीं किया जायेगा। कार्य के पश्चात भुगतान पी0एफ0एम0एस0 के माध्यम से उपलब्ध धनराशि के अनुसार किया जायेगा। टी0डी0एस0, जी0एस0टी0 एवं लेबर सेस की कटौती नियमानुसार की जायेगी। किसी एक निविदा को अथवा समत निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में सुरक्षित होगा।

क्र0 सं0	परियोजना का नाम	कार्य की लम्बाई (मी. में)	अनुमानित लागत (लाख में) जी.एस.टी. सहित	निविदा मूल्य	कार्यावधि
1	ग्राम सभा नेवादा कम्पोजिट विद्यालय बाउन्डरीवाल निर्माण कार्य।	150 मी0	9.91	500.00	3 माह
2	ग्राम सभा फूलपुर देहात पू0 मा0 विद्यालय बाउन्डरीवाल निर्माण कार्य।	150 मी0	9.91	500.00	3 माह
3	ग्राम सभा मक्खापुर में कम्पोजिट विद्यालय बाउन्डरीवाल निर्माण।	150 मी0	9.91	500.00	3 माह
4	ग्राम सभा सदरुद्दीनपुर में पू0 मा0 विद्यालय बाउन्डरीवाल निर्माण कार्य।	150 मी0	9.91	500.00	3 माह
5	ग्राम बूचीपुर प्राथमिक विद्यालय बाउन्डरीवाल निर्माण कार्य।	150 मी0	9.91	500.00	3 माह
6	ग्राम सभा कमेरी में शंकर के घर से वंशराज के ट्यूबेल तक खड़ंजा।	400 मी0	7.00	500.00	3 माह
7	ग्राम सभा में बिलार मऊ में जियालाल के घर से सुरेन्द्र चौरसिया के खेत तक खड़ंजा कार्य।	300 मी0	5.18	500.00	3 माह
8	ग्राम सभा सुदनीपुर फूलपुर में तहसील में पेयजल आर0 ओ0 का स्थापना कार्य।	1 अदद	4.36	500.00	3 माह
9	ग्राम सभा शेखवलिया में संतोष प्रजापति के घर से रामपलट राजभर के घर तक।	400 मी0	7.00	500.00	3 माह
10	ग्राम सभा सरावा में दिनेश पण्डित के घर से विपत्ती के घर तक इण्टरलाकिंग।	180 मी0	9.99	500.00	3 माह
11	ग्राम सभा सहजेरपुर में मंगरू खुरैशी के घर से राकेश के बाउन्डरी तक इण्टरलाकिंग।	190 मी0	9.91	500.00	3 माह
12	ग्राम सभा भोरमऊ में फूलपुर-सिकरौर मार्ग से भोरमऊ आर0 पी0 मेमोरियल चिल्ड्रेन स्कूल तक इण्टरलाकिंग।	100 मी0	5.76	500.00	3 माह
13	ग्राम सभा मानपुर में सरफुद्दीन के बाग से प्रा0 प0 रानीपुर तक इण्टरलाकिंग।	150 मी0	9.99	500.00	3 माह
14	ग्राम सभा डीहकैथौली में पिच रोड से मेवालाल साव के घर होते हुए हीरावन के घर तक इण्टरलाकिंग।	180 मी0	9.99	500.00	3 माह
15	ग्राम सभा बिलारमऊ में संतोष यादव के घर से गंगा के घर तक इण्टरलाकिंग।	160 मी0	9.63	500.00	3 माह

प्रतिबन्ध एवं शर्तें :-

1- सम्बन्धित निर्माण कार्य के अनुरूप निदेशक, स्थानिय निकाय निदेशालय उ0 प्र0 लखनऊ के शासनादेश सं0-07/निदे0/2019 दिनांक 29 जून 2019 के अनुसार हैसियत प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।

2- तकनीकि बिल के साथ निविदादाता को वर्तमान में प्रभावी हैसियत प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, आयकर, जी0एस0टी0, पैन, आधार कार्ड, प्रमाण पत्र श्रम विभाग, विभागीय रजिस्ट्रेशन एवं शपथ पत्र के स्टैम्प पेपर पर अनिवार्य होगा।

3- प्रत्येक कार्य का अनुरक्षण/रख-रखाव की अवधि 1 वर्ष होगी, यदि कार्यस्थल पर किसी प्रकार की क्षति पायी जाती है तो उसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी ठेकेदार/फर्म की होगी एवं ठेकेदार/फर्म द्वारा जमा धरोहर धनराशि उक्त अवधि समाप्त होने एवं कार्य संतोषजनक के पश्चात की अवमुक्त की जायेगी।

4- कार्य प्रारम्भ से पूर्व कार्य स्थल पर सी0आई0बी0 बोर्ड लगाना अनिवार्य होगा।

5- जिस निविदादाता के पक्ष में निविदा स्वीकृत होगी, उसको निर्माण कार्य प्रारम्भ से पूर्व, मध्य एवं अन्त की फोटोग्राफी अनिवार्य रूप से कार्यालय में उपलब्ध कराना होगा।

6- सशर्त निविदायें स्वीकार नहीं की जायेगी तथा समस्त निविदाओं का न्यायायिक क्षेत्र आजमगढ़ होगा।

7- किसी कर्मचारी/अधिकारी एवं ग्राम प्रधान, बी0डी0सी0 एवं प्रमुख आदि के सगे-सम्बन्धी/रिश्तेदार के फर्म द्वारा टेण्डर नहीं डाला जायेगा।

8- निविदादाता को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

9- कार्य निर्धारित अवधि में पूर्ण कराना होगा, किसी भी प्रकार की कोई समय वृद्धि अनुमन्य नहीं होगी।

10- सम्बन्धित ठेकेदार / फर्म द्वारा कार्य पूर्ण कराने के उपरान्त बिल भुगतान हेतु फोटोग्राफ सहित खण्ड विकास अधिकारी से समक्ष प्रस्तुत करना होगा।

खण्ड विकास अधिकारी
फूलपुर, आजमगढ़

प्रमुख
क्षेत्र पंचायत फूलपुर, आजमगढ़

शब-ए-बारातः मगफिरत की खास रात। फारसी भाषा में 'शब' का अर्थ रात और 'बारात' का अर्थ बरी होना है, इसलिए इसे मगफिरत यानी माफी की रात भी कहा जाता है। शबे बारात के मौके पर पटाखों की खरीदारी करते लोग।

जौनपुर मंडल

काशी से अयोध्या जा रही मिनी बस ट्रेलर से भिड़ी, दो की मौत, दस घायल

जनसंदेश टाइम्स

नौपेड़वा। बक्शा थाना क्षेत्र के वाराणसी-सुल्तानपुर हाइवे पर चकमिर्जापुर गांव के पास बुधवार की रात्रि करीब दो बजे काशी से अयोध्या धाम जा रही मिनी बस सामने से जा रही ट्रेलर के पीछे से जा भिड़ी जिससे मौके पर बस चालक सहित दो लोगों की मौत हो गई जबकि दस श्रद्धालु घायल हो गए। बस में सवार सभी श्रद्धालु फिरोजपुर पंजाब के निवासी है। दुर्घटना होते ही चीख पुकार मच गई। सूचना पर बक्शा थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह हमराही सिपाहियों के साथ मौके पर पहुँच उच्चाधिकारियों को सूचना दी। थोड़ी ही देर में पहुँचे लाइन बाजार इंस्पेक्टर ने भी मौके पर पहुँच बुरी तरह फसें घायलों को बाहर निकाल जिला अस्पताल भेज जेसीबी बुलाकर आवागमन को सुचारू रूप से चालू करवाया।

थानाध्यक्ष प्रदीप ने बताया कि करीब 24 सीटर वाली मिनी बस से श्रद्धालु वाराणसी से अयोध्या धाम दर्शन को जा रहे थे। घटना स्थल के समीप बस का चालक पहुँचा ही था तभी सामने से जा रही ट्रेलर को ओवरटेक करने के प्रयास में पीछे से जा टकराई। टक्कर इतना भीषण था कि करीब 37 वर्षीय चालक तर्कशील सिंह बुरी तरह फंस गया। दुर्घटना में जब तक पुलिस पहुँच

घायलों को बस से नीचे उतारती चालक तर्कशील व बस में सवार 70 वर्षीय हर्दयाल चंद निवासी हरजिलका जनपद फिरोजपुर पंजाब की मौत हो चुकी थी। बस में सवार घायल मधु पत्नी वेदप्रकाश निवासी गोथाल रोड जठिया मोहल्ला थाना फजीलका जनपद फिरोजपुर, कमलेश निवासी बादल कालोनी थाना फाजीलका, सुंतरा देवी व कनिल निवासी जोधपुर कालोनी मुक्तासर, फजीलका पंजाब, राजकुमार डिंडा कालोनी थाना फजीलका, वीरपाल निवासी तिलकनगर गरजी मुक्तासर श्रेधाना, कोमल निवासी बादल कालोनी थाना फजीलका, सुनीता रानी व कमलेश रानी निवासी तिलकनगर जिला मुक्तासर पंजाब एवं राजकुमार निवासी बादल कालोनी थाना फजीलका गम्भीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।

शौच के लिए गई किशोरी से दुष्कर्म का प्रयास

शाहगंज। कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत एक गांव में अपने ननिहाल आई किशोरी के साथ उक्त गांव के एक युवक ने दुष्कर्म करने का प्रयास किया। शोरशराबे की आवाज सुनकर युवक जान से मारने की धमकी देते हुए मौके भाग गया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित युवक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। आजमगढ जनपद के पवई थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी अपने ननिहाल आई थी। बीते शनिवार को किशोरी शौच के लिए घर से बाहर खेत में गई। उसी दौरान उक्त गांव का एक युवक किशोरी से दुष्कर्म करने का प्रयास किया। किशोरी के शोर मचाने पर मौके पर भीड़ इकट्ठा होते देख युवक ने जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया। किशोरी ने घर पहुंचकर घटना की जानकारी अपने रिश्तेदार समेत स्थानीय पुलिस को दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किशोरी की तहरीर पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर फरार आरोपी की तलाश में जुटी है।

संक्षेप

चोरी के सामान के साथ तीन महिलाएं गिरफ्तार

मछलीशहर। स्थानीय कोतवाली पुलिस ने बीती रात चोरी के सामान के साथ तीन महिल आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक त्रिवेणी सिंह ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि मछलीशहर सुजानगंज मार्ग के पराहित मोड़ पर तीन संदिग्ध महिलाएं घूम रहीं है। जिसके बाद उन्होनें उपनिरीक्षक अहमद खान के साथ पुलिस बल ने तीनों महिलाओं को हिरासत में लेकर कोतवाली आई। पूछताछ के दौरान मेहनाज पत्नी स्व. गुड्डू, सकीना पत्नी राजू उर्फ नेता, रेहनाज उर्फ पुट्टी पत्नी निजामुद्दीन ब्राम्हणपुर, थाना केराकत, जौनपुर की निवासी बताया। तीनों चोरी की नियत से वहां गई थी। कोतवाली पुलिस ने तीनों के पास से एक जोड़ी चांदी की पायल, एक सोने का मंगल सूत्र, एक जोड़ी सोने का टप्स (कनफूल) बरामद करने की जानकारी दी। पुलिस के अनुसार पूर्व में चोरी के दर्ज मुकदमे मे तीनों महिला आरोपित शामिल रही हैं। तीनों को कानूनी कागजी कार्यवाही पूरी करते हुए जेल भेज दिया गया। गिरफ्तारी के दौरान हेड कांस्टेबल रमाकान्त यादव, योगेश कुमार, महिला कांस्टेबल प्रियंका सिंह, ट्विंकल आदि मौजूद रही।

बिजली के भरोसे चल रहा डाकघर

खेतासराय। स्थानीय पोस्ट ऑफिस में लगी इंवर्टर की बैट्री खराब हो जाने से ग्राहकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बिजली कटौती के दौरान सभी ऑनलाइन सेवाएं बाधित हो रही हैं। जिससे लोगों को घंटों तक इंतजार करना पड़ता है। नगर के उप डाकघर में दो इंवर्टर की बैट्री लगी है। बैट्री खराब हो जाने से बिजली चली जाने पर पोस्टऑफिस का सिस्टम बंद हो जाता है। जिससे जमा-निकासी, स्पीड पोस्ट, मनी ऑर्डर और अन्य आवश्यक सेवाएं ठप हो जाती है। दिन में घंटों बिजली कटौती के दौरान ग्राहकों को बिजली आने तक इंतजार करना पड़ता है। इस सम्बंध में डाक अधीक्षक एसके सिंह ने बताया कि तीन-चार महीने से बैट्री खराब है। सम्बंधित को पत्र लिखकर अवगत कराया गया है। लाइट कटने के बाद सेवाएं ठप्प हो जाती है। जनरेटर चालू कराया जाता है 20-30 मिनट के बाद जब नेटवर्क आ जाता है तब सेवाएं बहाल होती है।

रोडवेज की दो बसें आपस में टकरायी, बाल-बाल बचे यात्री

खेतासराय। क्षेत्र के गुरैनी बाजार के पास गुरुवार की सुबह दो रोडवेज की बसें ओवरटेक करते समय टकरा गई। इस दौरान यात्रियों में हड़कंप मच गया। हालांकि बस पर नियंत्रण पा लेने से सभी यात्री बाल बाल बच गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने समझा बुझाकर बसों को रवाना कराया। सुबह शाहगंज की ओर दो रोडवेज बसें जौनपुर की तरफ यात्रियों को लेकर जा रही थी। गुरैनी बाजार के पास पीछे से आ रही एक बस दूसरी बस को ओवरटेक करने लगी जिससे दोनों बसें टकरा गई। टक्कर के बाद यात्रियों में हड़कंप मच गया।? यात्रियों का शोर सुनकर आसपास के लोग पहुंच गए। मौके पर तत्काल पुलिस भी पहुंच गई। थानाध्यक्ष रामाश्रय राय ने बताया कि ओवरटेक करने के दौरान मामूली रूप से बसें टकरा गई थी। कोई जान माल की क्षति नहीं हुई है। दोनों बसों को उनके गंतव्य के लिए रवाना किया गया।

मनबढ़ों ने युवक को पीटकर गम्भीर रूप से किया घायल

जफराबाद। स्थानीय कस्बे के पूर्वी चौराहे पर रात में एक युवक को चार लोगों ने लाठी डंडे से पीटकर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। उसे उपचार के लिये जिला चिकित्सालय ले जाया गया। कस्बे के शेखवाड़ा मुहल्ले के निवासी फैजी खान उर्फ कल्लू उक्त चौराहे पर खड़ा होकर कुछ लोगों से बातचीत कर रहा था। अचानक वहां चार की संख्या में युवक आये। उन लोगों ने पहुंचते ही फैजी पर लाठी डंडे से हमला कर दिया। हमले में फैजी का सिर फूट गया तथा शरीर में भी काफी चोट आयी। पीड़ित की तहरीर पर कस्बे के सैय्यदहास मुहल्ले के दो ज्ञात तथा दो अज्ञात युवक पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। यह मारपीट की घटना पुरानी रंजिश को लेकर हुई है। पुलिस आरोपियों को पकड़ने के लिये दबिश दे रही है।

पुलिस ने वारंटी को दबोचा

सुइथाकला। मारपीट और गाली-गलौच के मामले में न्यायालय प्रकिया के दौरान वारण्टी रहा एक आरोपी गुरुवार को पुलिस द्वारा धर लिया गया। मामले में पुलिस द्वारा चिकित्सकीय परीक्षण कराते हुए विधिक कार्रवाई शुरू की जारी है। बतौर पुलिस मुकदमा अपराध संख्या 187/2013 धारा 323 व 504 भादवि से संबंधित क्षेत्र का बसौली गांव निवासी बाइस वर्षीय विपिन पुत्र रमाकांत नामक आरोपी न्यायालयी कार्रवाई में वारण्टी रहा। क्षेत्र भ्रमण के दौरान गुरुवार को वह पुलिस द्वारा धर लिया गया। धराए जाने के बाद पुलिस द्वारा उसका चिकित्सकीय परीक्षण कराते हुए मामले में विधिक कार्रवाई शुरू की जा रही है। टीम में उपनिरीक्षक प्रेम शंकर सिंह व हेड कांस्टेबल धनंजय यादव व कान्स्टेबल रविन्द्र कुमार शामिल रहे।

सड़क दुर्घटना में पति-पत्नी समेत तीन घायल

शाहगंज। कोतवाली क्षेत्र में दो अलग अलग स्थानों पर हुए सड़क दुर्घटना में पति-पत्नी समेत तीन घायल हो गए। खुटहन थाना क्षेत्र के रामनगर निवासी 20 वर्षीय हेमंत कुमार पुत्र भुवाल बुधवार की रात बाइक से नगर से घर जा रहे थे। दादर बाइपास स्थित एक हास्पिटल के सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक की टक्कर लगने से गंभीर रूप से घायल हो गये। दूसरी घटना नगर के अयोध्या मार्ग स्थित दादर पुल समीप बृहस्पतिवार की शाम दवा लेकर घर जा रहे बाइक सवार पति-पत्नी आजमगढ़ जनपद के सिरजहांपुर गांव निवासी 22 वर्षीय सुरेन्दर पुत्र चुलबुली व 20 वर्षीय संगीता बाइक की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उपचार हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया।

दो बाइकों की टक्कर में वृद्ध की मौत, दो घायल

जनसंदेश न्यूज

रामपुर। थाना क्षेत्र स्थित बंशीलाल इंटर कालेज ब्रमबाबा के पास आमने-सामने दो बाइकों में जोरदार भिड़ंत हो गयी जिसपर सवार 66 वर्षीय वृद्ध की मौके पर मौत हो गयी और दूसरे बाइक पर सवार दोनों को गंभीर चोटे आयी है। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने तत्काल तीनों लोगों को इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ केंद्र ले आयी जहां डाक्टर ने 66 वर्षीय वृद्ध को मृत धोषित कर दिया। वहीं उन दोनों की हालत नाजुक देख प्राथमिक उपचार कर जिला स्पताल रेफर कर दिया।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र के जगदीशपुर ग्राम पंचायत बीकापुर गांव निवासी 66 वर्षीय नागेंद्र प्रसाद तिवारी पुत्र पारसनाथ तिवारी बाइक से बाजार से घर जा रहा था। उसी दौरान बंशीलाल इंटर कालेज स्थित ब्रमबाबा के समीप सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक से भिड़ंत हो गयी। भिड़ंत इतनी तेज थी की मोटरसाइकिलों के परखचे उड़ गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आनन फानन में तीनो घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से उपचार हेतु सीएचसी में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने नागेंद्र तिवारी को मृत घोषित कर दिया व अन्य दोनों घायलों की हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज हेतु जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। घायलों के परिजनों ने दोनों घायलों को उपचार हेतु भदोही ले गये जहाँ उन लोगो का उपचार हो रहा है। मृतक नागेंद्र तिवारी के घर वाले का रोरोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया।

बालक की मौत पर चिकित्सक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

पवांरा। स्थानीय थाना क्षेत्र अन्तर्गत पवांरा बाजार निवासी मनोज जायसवाल पुत्र स्व. सोहनलाल जायसवाल ने थाने पर लिखित तहरीर दिया कि उसका बेटा ऋतिक जायसवाल (8) जिसकी तबियत दो फरवरी को बुखार होने पर खराब हो गयी। उसने बाजार में ही स्थित एक चिकित्सक के यहां इलाज कराने के लिए अपने बेटे को ले गया। चिकित्सक ने कुछ दवा अपने दवाखाने से दिया। दवा खिलाने पर आराम न होने पर दूसरे दिन फिर उसी चिकित्सक के यहां ले गया। उन्होंने गर्म पानी व ग्लूकोज चढ़ाया और सात फरवरी की शाम तक रोके रखा। आराम न होने पर उसने मछलीशहर में एक चिकित्सक को दिखाया। उन्होंने जांच करवाया और रिपोर्ट देखा तो उसने भी जवाब दे दिया। फिर वाराणसी स्थित एक अस्पताल में ले गये वहां भी जांच हुआ। वहां चिकित्सक ने बताया कि प्राथमिक उपचार करने वाले चिकित्सक ने गलत उपचार किया है, जिससे इसकी ऐसी हालत हुई है। थोड़ी देर बाद ही मेरे बेटे की मृत्यु हो गयी। पुलिस तहरीर के आधार पर पवांरा स्थित अस्पताल के चिकित्सक के खिलाफ संबंधित धारा में मुकदमा दर्जकर लिया। इस प्रकरण में थानाध्यक्ष प्रियंका सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्जकर लिया गया है और आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

मनबढ़ों ने लोहे के रॉड और लाठी डंडे से किया हमला, महिला सहित तीन घायल

गौराबादशाहपुर। थाना क्षेत्र के सराय ज्ञानचंद गांव में खंभे से टूटे हुए केबल को जोड़ने गए परिवार पर मनबढ़ो ने हमला कर दिया जिसमें महिला सहित तीन लोग घायल हो गए। थाना क्षेत्र के सराय ज्ञानचंद गांव में बुधवार की रात में छेदीलाल सरोज का बिजली का केबल खंभे से टूट गया। जिस पर छेदीलाल अपने परिवार के दो सदस्यों के साथ टूटे हुए केबल को जोड़ने गया। उसी समय गांव के विनोद कुमार अपने परिवार के सदस्य संदीप और विपिन के साथ आ गए, उन्होंने छेदी लाल को केबल जोड़ने से रोक दिया। जब छेदीलाल ने विरोध जताया तो विनोद कुमार, संदीप और विपिन ने लोहे की रॉड व लाठी डंडे से छेदी लाल के परिवार पर हमला कर दिया। हमले से मीरा देवी छेदी लाल और संगीता घायल हो गई। छेदी लाल का सिर फट गया। मारने पीटने के बाद सभी हमलावर मौके से फरार हो गए। सूचना पर पुलिस ने तीनों घायलों को एम्बुलेंस से सीएचसी चोरसंड भेजवाया।

स्नानार्थियों से भरी पिकअप पेड़ से टकराई

जनसंदेश टाइम्स

हादसा

पंद्रह घायल, 13 जिला अस्पताल रेफर

बिहार से प्रयागराज स्नान कर लौटते समय हुआ हादसा

मछलीशहर। कोतवाली क्षेत्र के छाछो गांव के निकट गुरुवार भोर में स्नानर्थियों से भरी पिकअप पेड़ से टकराकर पलट गई। पिकअप में सवार 15 लोग घायल हो गए जिसमे से 13 का ईलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। बिहार राज्य जिला गोपालगंज, थाना कटिया, गांव गिरधर पुईया गांव के लगभग बीस ग्रामीण तीन दिन पूर्व त्रिवेणी संगम प्रयागराज स्नान करने के लिए एक पिकअप किराये पर लेकर गए थे।

बुधवार रात पूर्णिमा स्नान के बाद सभी प्रयागराज से वापस घर लौट रहे थे। अभी उनका वाहन कुंवरपुर टोल प्लाजा के निकट पहुंचा था कि चालक ने नींद आने की बात कही। किंतु पिकअप में सवार कुछ यात्रियों ने धीरे धीरे चलाकर यात्रा चालू रखने की बात कही। जिसके बाद चालक लगभग दस किलोमीटर आया था कि जौनपुर रॉयबरेली हाइवे के छाछो गांव के निकट भोर में तीन बजे चालक के झपकी आने के कारण हाइवे के बगल शीशम के पेड़ से टकराकर खाई में पलट गई। वाहन पलटने से उसमे सवार विश्वनाथ 60, अर्जुन 30, विकर्मा महतो 69, नीतू कुमारी 15, चिंता 50, राम जतन 60, महेश 50, बुलेला, 53, प्रदीप 38, जगरनाथ 55, सरस्वती 40, सनिचरी देवी 56, गुलाबो देवी 65, सूरज 14, चंपा 60 गंभीर रुप से घायल हो गए। पिकअप पलटने के बाद चीख पुकार सुनकर अगल बगल के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। उन्होनें घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने एंबुलेंस की सहायता से सभी को सीएचसी भेजवाया जहां चिकित्सक ने सूरज और चंपा को छोड़कर सभी घायल 13 लोगों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया जहां सभी का ईलाज चल रहा है।

पिकअप ने बाइक में मारी टक्कर, महिला की मौत

दुःखद

तीन मोटरसाइकिलें भी हुई क्षतिग्रस्त, दो अन्य घायल

करंजाकला। सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के भकुरा मोड़ के समीप शाहगंज की ओर से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने बृहस्पतिवार को चार मोटरसाइकिलों को टक्कर मार दी। इस दौरान चार मोटरसाइकिलें क्षतिग्रस्त हो गई। इस हादसे में एक महिला की मौत हो गई जबकि उसका पति गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल में जुट गई है। खुटहन थाना क्षेत्र के मखदुमपुर पटेल गांव के निवासी 39 वर्षीय दिलीप कुमार रजक अपनी 34 वर्षीया पत्नी साधना को लेकर मोटरसाइकिल से जौनपुर शहर जा रहा था। जैसे ही वह जौनपुर शाहगंज मार्ग पर स्थित सरायख्वाजा के भकुरा मोड़ के समीप पहुंचा तभी शाहगंज की तरफ से आ रही एक पिकअप ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, टक्कर लगते ही दंपति सड़क किनारे नहर में जा गिरे। इसी बीच गठाना गांव निवासी नरेंद्र यादव भी भकुरा मोड़ के समीप मोटरसाइकिल खड़ा कर जलपान के लिए गया था। वाहनों के टकराने की आवाज पर जाकर देखा कि पिकअप ने सड़क किनारे खड़ी तीन मोटरसाइकिल को टक्कर मारते हुए जौनपुर शहर की ओर भागने लगी। आगे थोड़ी दूर पर ही भटेवरा गांव निवासी 25 वर्षीय कृष्णा यादव और मोटरसाइकिल पर पीछे बैठा 22 वर्षीय सचिन को टक्कर मार दी और दोनो घायल हो गए। इस दौरान मनवल गांव के विकास कुमार की भी मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त हो गयी। टक्कर लगते ही बाजार में अफरातफरी मच गयी। वहां मौजूद कुछ लोगों ने पिकअप का पीछा कर लिया और पूर्वांचल चौकी के समीप वाहन चालक को पुलिस की मदद दबोच लिया। उधर सड़क हादसे में घायल 34 वर्षीया साधना की इलाज के दौरान मौत हो गयी। थाना प्रभारी विनय प्रकाश सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में ले लिया गया है।

डीएम ने विकास खंड मुफ्तीगंज का किया आकस्मिक निरीक्षण

जायजा

कहा, कार्य की प्रगति को बढ़ाते हुए ससमय कार्य पूर्ण करायें

जनसंदेश टाइम्स

जौनपुर। जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र ने कार्यालय खंड विकास अधिकारी मुफ्तीगंज का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यालय में भ्रमण पंजिका तथा उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया।

इसके साथ ही उन्होंने खंड विकास अधिकारी से फैमिली आईडी के सन्दर्भ में जानकारी ली, साथ ही आवास सर्वे, प्रधानमंत्री आवास योजना तथा फार्मर रजिस्ट्री की प्रगति के संदर्भ में जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देशित किया कि कार्य की प्रगति को बढ़ाते हुए ससमय कार्य पूर्ण कराया जाए। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने विकास खण्ड परिसर में क्षेत्र पंचायत मद से निमार्णाधीन मीटिंग हॉल की

प्रगति देखी और निर्देश दिया गया कि निमार्णाधीन कक्ष को जल्द से जल्द पूर्ण कराये एवं अवर अभियन्ता (लघु सिंचाई) को निर्देशित किया गया कि क्षेत्र पंचायत से कराये जा रहे मीटिंग हॉल की पत्रावली उपलब्ध कराये। उन्होंने निर्देशित किया कि शासन की प्राथमिकता वालों कार्यों को प्राथमिता के आधार पर पूर्ण कराये। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न पटलों की विस्तृत समीक्षा की। मनरेगा के अन्तर्गत ग्राम पंचायतों में किये जा रहे कार्यो की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि कार्यों को मानक के अनुरुप कराये जाये और कार्य गुणवत्तापूर्ण होने चाहिए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि वित्तीय भुगतानों में नियमानुसार कार्य करते हुए कार्य सम्पादित कराये। जिलाधिकारी ने व्यक्तिगत शौचालय हेतु सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) को निर्देशित किया गया कि जो भी व्यक्तिगत शौचालय के निर्माण कराये जा रहे है, उक्त शौचालयों पर शौचालय का लोगो बनवाते हुए लाभार्थी के साथ निर्मित शौचालय का फोटोग्राफ जियोटैग अवश्य करायें। खण्ड विकास अधिकारी द्वारा बताया गया कि स्थापन पटल सहायक व आईजीआरएस पटल सहायक द्वारा सभी कर्मचारियों की सर्विस बुक व जीपीएफ पासबुक पूर्ण की गयी है व रख रखाव सही स्थिती में है। आईजीआरएस से प्राप्त शिकायती पत्रों का निस्तारण गुणवत्तपूर्ण ढंग से किया जा रहा है और आईजीआरएस प्रभारी द्वारा प्राप्त शिकायती पत्र पर भी शिकायतकर्ता से फीडबैक लिया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान खण्ड विकास अधिकारी अस्मिता सेन, सहायक विकास अधिकारी (पंचायत), अवर अभियन्ता (लघु सिचाई), अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी (मनरेगा) व कार्यालय स्टाफ उपस्थित रहे।

वृद्धों के इलाज के लिए ग्राम प्रधान ने दी आर्थिक सहायता

सरकी। केराकत समाज सेवा और जनकल्याण की मिसाल पेश करते हुए ग्राम बसगीत के ग्राम प्रधान एवं धर्मा इंजीनियरिंग ग्रुप के चेयरमैन राम प्रसाद यादव उर्फ गुड्डू ने गुरुवार को एक सादे समारोह में गांव के 65 वर्ष से अधिक आयु वाले बुजुर्गों को दवा और इलाज के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की।

ग्राम प्रधान द्वारा गांव के 30 वृद्धों को 5-5 हजार रुपये की आर्थिक मदद दी गई, जिससे वे अपने इलाज और दवा का प्रबंध कर सकें। इस अवसर पर कोतवाली प्रभारी अवनीश कुमार राय ने जरूरतमंद बुजुर्गों को सहायता राशि वितरित की। इस दौरान ग्राम प्रधान राम प्रसाद यादव उर्फ.गुड्डू ने कहा बुजुर्ग हमारे समाज की धरोहर हैं। उनका सम्मान और देखभाल करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। जब तक संभव होगा, मैं अपने गांव के लोगों की हरसंभव मदद करता रहूंगा। गांव के लोगों ने इस सराहनीय प्रयास के लिए प्रधान का आभार व्यक्त किया और इसे सामाजिक सेवा का अनुकरणीय उदाहरण बताया। इस पहल से गांव में सहयोग, सद्भावना और आपसी भाईचारे का संदेश फैला है। इस अवसर पर जयप्रकाश यादव, मुन्ना यादव, डब्बू सिंह, विजय बहादुर यादव, झुल्लन सरोज, संजय यादव, बेचन सरोज, रामधनी सरोज, रामबलि सरोज सहित कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

प्राचीन शिवलिंग पुनर्स्थापना व प्राण प्रतिष्ठा का हुआ आयोजन

पुनर्स्थापना

श्रृंगार उत्सव व भंडारे में देवी भक्ति गीत सुन भाव विभोर हुए श्रोतागण

जनसंदेश टाइम्स

सरकी। स्थानीय क्षेत्र के अंतर्गत अकबरपुर गांव में स्थापित प्राचीन शिवलिंग पुनर्स्थापना व प्राण प्रतिष्ठा एवं विशाल भंडारे का आयोजन मंगलवार की देर शाम को धूमधाम से सम्पन्न हो गया। प्राण प्रतिष्ठा के दिन मंदिर परीसर में मूर्ति शिवशंकर जी, नंदी, राधा-कृष्ण, दुर्गा जी की नई प्रतिमा लगाई गई।

इस दौरान मंदिर परिसर की आकर्षक सजावट के साथ कार्यक्रम में आये गायकों मनीष दुबे मंजुल, चंद्रकांत त्रिपाठी तरंग, गोविंदा मिश्रा के साथ अन्य कलाकारों द्वारा देवी

भक्ति गीत व भजन प्रस्तुत किया गया। वही गायकों कलाकारों द्वारा मंच पर प्रस्तुत की किए गए देवी गीत व भक्ति भजन को सुन सभी श्रद्धालु मस्ती के साथ झूमते हुए भाव विभोर गए। मौजूद लोगों ने बताया कि प्राचीन शिवलिंग पुनर्स्थापना, प्राण प्रतिष्ठा एवं श्रृंगार उत्सव विशाल भंडारा बहुत ही अच्छा कार्यक्रम रहा। जो हमारे सभी ग्राम वासियों के सहयोग हो रहा है, जो एक बहुत ही अच्छा है हम सभी लोग अपना-अपना योगदान किये हैं। यह आयोजन छह दिवसीय के रूप में रामायण पाठ प्रारंभ किया गया और अंतिम दिन विशाल काय भव्य भंडारे के रूप में आयोजन किया गया। श्रृंगार व भंडारे मे हजारों लोगों से अधिक श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। महोत्सव को सफल बनाने में समस्त क्षेत्रवासियों का सहयोग रहता है। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर प्रभारी निरीक्षक अपने मातहतों के साथ मौजूद रहे। वही समूचे मंदिर परिसर से लेकर बाहर तक की देखरेख क्षेत्र समेत तमाम ग्रामवासियों के द्वारा की जा रही थी। कार्यक्रम में सक्रिय कार्यकर्ता रामजतन सिंह, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि जयप्रकाश मिश्रा, समाजसेवी संजय सिंह (पप्पू), समाजसेवी संतोष सिंह, राजेंद्र बहादुर सिंह ,डब्बू सिंह, शांतनु सिंह, पीयूष सिंह, विक्रम सिंह, जैकी सिंह, पब्बर विश्वकर्मा, सुधीर विश्वकर्मा, उत्कर्ष सिंह, राहुल सरोज के साथ तमाम लोग मौजूद रहे।

विवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान

जनसंदेश टाइम्स

केस दर्ज

पिता की तहरीर पर सास, ससुर सहित पति के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

मछलीशहर। स्थानीय कोतवाली के भिखारीपुर कला गांव में एक विवाहिता फांसी के फंदे पर झूल गई जिससे उसकी मौत हो गई। मृतका के पिता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने दहेज उत्पीड़न सहित अन्य धाराओं में तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर छानबीन में जुट गई है।

सिकरारा थाना क्षैत्र के भभौरी गांव निवासी मनोज कुमार ने पिछले वर्ष दिसंबर में अपनी पुत्री कोमल का विवाह कोतवाली क्षेत्र के भिखारीपुर कला गांव निवासी सुभाष से की थी। बुधवार देर सांय कोमल ने अपने घर के अंदर साड़ी का फंदा बनाकर चुल्ले से झूल गई। कोमल के फांसी लगाने की सूचना पर पहुंचे पिता ने पति सुभाष, ससुर सुरेश और सास चंपा देवी पर विवाह के बाद दहेज के बकाए बीस हजार रूपए के साथ अन्य घरेलू सामान के लिए मांग किए जाने का आरोप लगाया। मृतका के पिता के अनुसार ससुराल वाले विवाह के बाद अक्सर मेरी पुत्री को प्रताड़ित करते थे। जिसकी सूचना मेरी पुत्री ने दी थी। मैं कई बार उसके घर जाकर पति और पुत्री को समझाया भी था। किंतु ये लोग लगातार उसे दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे जिसकी वजह से उसने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। वही फांसी लगाने की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। क्षेत्राधिकारी परमानंद कुशवाहा ने बताया कि विवाहिता के पिता कि तहरीर पर तीन लोगो के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद अन्य कार्यवाही की जाएगी।

संक्षेप

नाबालिग ने फांसी लगाकर दी जान

भदोही। औराई कोतवाली क्षेत्र के जेठूपुर गांव में बुधवार की रात सत्रह वर्षीय नाबालिग किशोरी ने दुपट्टे से फंदा बनाकर फांसी लगाकर जान दे दी।सूचना मिलने पर मौके पर पहुँची स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।घटना के सम्बंध में बताया जाता हैं कि मृतका संजना के पिता जितेंद्र कुमार मजदूरी करके परिवार का भरण-पोषण करते हैं। जानकारी देते हुए परिजनों ने बताया कि संजना अपनी बड़ी बहन और भाई को पड़ोस में आयोजित एक बर्थडे पार्टी में न ले जाने से नाराज थी। रात में खाना बनाने और परिवार को खिलाने के बाद वह अपने कमरे में सोने चली गई। सुबह जब बड़ी बहन चाय देने के लिए कमरे में गई, तो खिड़की से देखा कि संजना ने दुपट्टे से पंखे में फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली थी। रोने की आवाज सुनकर परिवार के अन्य सदस्य भी मौके पर पहुंच गए। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कृषि विभाग द्वारा संचालित एग्री जंक्शन कार्यक्रम की सीडीओ ने की समीक्षा

भदोही। मुख्य विकास अधिकारी डॉ. शिवाकांत द्विवेदी ने बृहस्पतिवार को विकास भवन में कृषि विभाग द्वारा संचालित एग्री जंक्शन कार्यक्रम की बैठक की। बैठक में उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी, अग्रणी जिला प्रबंधक यूनियन बैंक एवं योजना अंतर्गत चयनित लाभार्थी गण उपस्थित रहे। उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी ने अवगत कराया गया कि चयनित पांच लाभार्थी के सापेक्ष तीन लाभार्थियों का बैंक से लोन हो गया है। दो लाभार्थियों को लोन दिया जाना लंबित है। सीडीओ ने यूनियन बैंक के अग्रणी जिला प्रबंधक को निर्देशित किया कि वह एक सप्ताह के अंदर चयनित लाभार्थी को संबंधित बैंक के माध्यम से नियमानुसार लोन दिलाए जाने की कार्रवाई सुनिश्चित कराएं।

धूमधाम से मनाई गई संत रविदास जयंती

भदोही। स्थानीय क्षेत्र के सुंदरवन कटैबना में सत्य प्रकाश के दरवाजे पर संत गुरु रविदास की जयंती बड़े ही धूम धाम से मनाई गई।कांग्रेस जिला महासचिव मनोज गौतम ने कहा कि गुरु रविदास जी से हम सभी देश वासियों को प्रेरणा लेनी चाहिए। गुरू रविदास जी ने अपनी भक्ति से यह साबित कर दिया कि कठोर तपस्या करके किसी भी दिशा में प्रकाश लाया जा सकता है।श्री गौतम ने कहा कि गुरू रविदास जी की भक्ति विश्व में एक मिशाल है।जयंती के कार्यक्रम की अध्यक्षता विकास गौतम ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से रमेश गौतम, डा. राकेश, प्रज्ञा गौतम, सुरेश गौतम, शेष मणि, सूबेदार गौतम, राजन गौतम, मालती देवी कु. अंजु रमेश, सूरज आजाद गौतम, रामू गौतम, जितेंद्र गौतम, रामजीत, अमित गौतम, धीरज, इत्यादि महिला पुरुष उपस्थित रहे।

अनुशासन और समूह में काम करने की प्रवृत्ति दिलाती है सफलताः डॉ सुधा पांडेय

भदोही। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय महाविद्यालय भदोही में गुरुवार को क्रीडा परिषद और आंतरिक आश्वासन गुणवत्ता प्रकोष्ठ के द्वारा आयोजित दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा समारोह का उद्घाटन हर्षोल्लास के साथ किया गया। उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ सुधा पांडेय प्राचार्य, पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय सेवापुरी वाराणसी और प्राचार्य प्रोफेसर शाहिद परवेज के संयुक्त कर कमलों से हुआ। मुख्य अतिथि ने खेल भावना की शपथ दिलाते हुए अनुशासन, समूह में काम करने की प्रवृत्ति, शारीरिक और मानसिक क्षमता और स्वास्थ्य में खेलों के महत्व को इंगित किया। उन्होंने इंडोर खेलों की बजाय मैदान में खेले जाने वाले खेल में प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किया। क्रीडा परिषद के सचिव बृजेश कुमार ने बताया कि प्रथम दिन आयोजित हुई प्रतियोगिताओं में छात्र और छात्रा वर्ग में चक्र प्रक्षेपण, 100 और 200 मी दौड़ हीटस, भाला प्रक्षेप, गोला प्रक्षेप लम्बी कूद (छात्र वर्ग) शामिल है। गोला फेंक महिला वर्ग में प्रथम पुरस्कार आंचल यादव, 200 मी दौड़ छात्र वर्ग में प्रथम स्थान विवेक कुमार राजभर, भाला प्रक्षेप छात्रा वर्ग कुमारी प्रिया यादव प्रथम स्थान रही। प्रतियोगिताओं के निर्णायक मंडल की भूमिका में डॉ. अनुराग सिंह, डॉ माया, डॉ राजकुमार सिंह यादव, डॉ अनीश कुमार मिश्र, डॉ सुजीत कुमार सिंह, डॉ विनोद भारती, आशीष जायसवाल, डॉ भावना सिंह आदि रहे।

आरोपी सहित तीन के खिलाफ पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

ज्ञानपुर। गोपीगंज कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत कोइलरा गांव निवासिनी ने चचेरे देवर पर मदद करने के नाम पर नशीली मिठाई खिलाकर दुष्कर्म करने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। उसकी तहरीर पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी देवर उसके भाई व जीजा के खिलाफ संबंधित धारा में मुकदमा कायम कर लिया है।

विवाहिता ने थाने में तहरीर देकर अवगत कराया कि उसकी शादी लगभग 8 वर्ष पूर्व हुई थी। जिससे उसे एक पुत्री उम्र 5 वर्ष है। शादी के बाद पति के गलत संगत में पड़ जाने के कारण उनके उपर अपराधिक मुकदमा कायम हो गया था। जिसके चलते लगभग 2 वर्ष पूर्व पति जेल में बन्द हो गये। चचेरे देवर पति के मुकदमे की पैरवी करते थे और मेरे पास आने-जाने लगे और मुझसे कहा कि तुम्हारे पति अब निकट भविष्य में छुटने वाले नहीं है। घर में अन्य कोई दूसरा कमाने वाला व्यक्ति नहीं है। मेरे पति को छुडाने के लिये कई बार मुझे पैसा दिया और कहा कि, यह मैं पैसा वापस नहीं लूंगा जब तुम्हारे पति वापस आ जायेगें तो उनसे पैसा ले लूंगा, किन्तु मेरे पति के जेल जाने के लगभग तीन माह पश्चात एक दिन रात में कमरे में आया और उससे पति के संदर्भ में बात करते हुए कहा कि हम आपके खाने के लिये कुछ मिठाई लाया हू और एक मिठाई मुझे खाने को दिया मिठाई खाने के बाद मैं अचैतावस्था में हो गयी, जब मुझे होश आया तो मुझे महसूह हुआ कि मेरा बलात्कार कर लिया है। मैंने कहा कि तुमने मेरे साथ ऐसा क्यों किया तो उसने धमकी देते हुए कहा कि मैंने तुम्हारा वीडियो क्लीप बना लिया है अगर तुमने किसी को बताया तो मैं तुमको सबके सामने वीडियो वायरल करके नंगा कर दूंगा और अगर नहीं बताओगी तो तुमसे शादी कर लूंगा और मन्दिर में जाकर मुझसे कसम खाते हुए यह विश्वास दिलाकर शादी कर लिया, कुछ समय बाद समाज के सामने भी शादी कर लूंगा तथा मेरे साथ कई बार शारीरिक शोषण करता रहा। इस बात की सूचना मैंने अपने घर व परिवार वालों को तथा पति को जानकारी होने के बाद मेरे पति ने मुझको छोड़ दिया। इस बीच 8 फरवरी को सूचना मिली की अपनी शादी दूसरी जगह करने की फिराक में है, 9 फरवरी को कुछ लोग छेकाई करने के लिये उसके घर आ गये। समाज के सभी उपस्थित लोगों के सामने अपनी आपबीती बतायी। लडकी वाले बिना छेकाई के वापस चले गये। इसी बात पर नाराज होकर उसके जीजा व उसके भाई ने उसको जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि तुम्हारा नंगा वीडियो मेरे पास है मैं तुमको बदनाम कर दूंगा। महिला की तहरीर पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने बुधवार को आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

महिलाओं को स्वस्थ सामाजिक माहौल देना सरकार की प्राथमिकताः प्रतिभा कुशवाहा

भदोही। राज्य महिला आयोग की सदस्या प्रतिभा कुशवाहा द्वारा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना एवं महिलाओं से संबंधित योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाए जाने तथा महिला उत्पीड़न की रोकथाम व महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने के उद्देश्य से जनपद भदोही के राजकीय गेस्ट हाउस ज्ञानपुर के सभागार में जागरूकता चौपाल, महिला जनसुनवाई एंव तहसील ज्ञानपुर सभागार में समीक्षा बैठक किया गया।

जागरूकता चौपाल व महिला जनसुनवाई में सदस्या प्रतिभा कुशवाहा ने पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक, जिला विकास अधिकारी ज्ञान प्रकाश, उप जिलाधिकारी ज्ञानपुर अरुण गिरी व अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि युवा, देश का भविष्य है। वर्तमान में हम सभी को मिलकर महिलाओं और बालिकाओं के सर्वांगीण विकास हेतु प्रयास करना है। उन्होंने राज्य एवं केंद्र सरकार की योजनाओं को धरातल स्तर पर पहुंचाने एवं विकास की धारा से पिछड़े हुए लोगों को उंगली पकड़कर विकास पथ पर लाने हेतु समस्त विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक द्वारा पुलिस विभाग में संचालित महिला बीटों, महिला हेल्प डेस्क व हेल्प लाइन नंबरों, महिला हलकों इत्यादि के विषय मे विस्तार से बताया गया।

अंडरग्राउंड नाली व इंटरलॉकिंग सड़क मरम्मत कार्य का चेयरमैन प्रतिनिधि ने किया लोकार्पण

भदोही। नगर पालिका परिषद भदोही में 12.13 लाख की लागत से कराये गए वार्ड नम्बर 19 कटरा बाजार मोहल्ला दारोपुर यादव बस्ती में सत्यनारायण यादव के मकान से घनश्याम यादव के मकान तक अंडरग्राउंड नाली व इंटरलॉकिंग सड़क के मरम्मत कार्य का चेयरमैन प्रतिनिधि अतहर अंसारी ने गुरुवार फीता काटकर लोकार्पण किया।

इस दौरान चेयरमैन प्रतिनिधि ने कहा कि शहर के सभी वार्डो का विकास किया जा रहा है। जहां भी जो भी कमियां है उसे दूर किया जा रहा है। पालिका की जिम्मेदारी है कि साफ सफाई के साथ ही नागरिकों को स्वच्छ जल व बेहतरीन सड़क और प्रकाश व्यवस्था मिले, इसी पर पालिका का पूरा ध्यान है। त्योहारों को देखते हुए साफ सफाई की विशेष व्यवस्था की गई है। त्योहारों पर अतिरिक्त सजावट और प्रकाश की विशेष प्रबंध किए जाते हैं। इस दौरान वार्ड सभासद गिरधारी जायसवाल के साथ ही वार्डवासियों ने चेयरमैन प्रतिनिधि अतहर अंसारी का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस मौके पर सभासद गिरधारी जायसवाल के अलावा नेहरू यादव, बेचूलाल गुप्ता, संजय चौरसिया, दिलीप जायसवाल, दीपक जायसवाल, सुरेश कल्लू, भोला यादव, ओमप्रकाश, अमन श्रीवाताव, राजेन्द्र यादव आदि लोग मौजूद रहे।

संक्षेप

सात घंटे बाधित रहेगी मर्यादपट्टी व पूर्वी फीडर की विद्युत आपूर्ति

भदोही। विद्युत विभाग के सब स्टेशन फत्तूपुर 33/11 केवी एस/एस फत्तूपुर से पोषित 11 केवी मर्यादपट्टी फीडर का आईटीआई सेक्शन व पूर्वी फीडर में आरडीएसएस योजना के अंतर्गत जर्जर तार व पोल का कार्य शुक्रवार 14 फरवरी व रविवार 16 फरवरी को प्रातः दस बजे से सांय पांच बजे तक किया जाना है। अवर अभियंता प्रमोद चौहान ने बताया कि शुक्रवार को व रविवार को मर्यादपट्टी फीडर व पूर्वी फीडर में जर्जर तार व पोल का कार्य होना है जिस कारण प्रातः दस बजे से सायं पांच बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। अवर अभियंता प्रमोद चौहान ने सब स्टेशन फत्तूपुर 33/11 केवी एस/एस फत्तूपुर से पोषित 11 केवी मर्यादपट्टी व पूर्वी फीडर के उपभोगताओं से आह्वाहन करते हुए कहा कि उक्त दोनों दिन प्रातः दस बजे से पहले ही विद्युत से सम्बंधित कार्य पूरा कर लें।

अकीदत और एहतराम के साथ मनाया गया शब ए बारात

गोपीगंज। शबान माह मे शब ए बरात का पर्व गुरुवार को नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में अकीदत और एहतराम पूर्वक मनाया गया। जागने वाली इस रात लोग गुनाहो से तौबा कर अल्लाह की इबादत मे मसरुफ रहे। इस दौरान सजी महफिल में पर्व की अहमियत और फजीलतो के बारे मे बताया गया। पूरी रात गुलजार रहे इबादतगाह मे विशेष नमाज अदा की गई और कुरआन पाक का तिलावत किया गया। इबादातगाह और घरों इबादत कर रहे लोग आस पास दरगाह शरीफ पर पहुच कर जियारत और अपने परिवार के मरहूम की कब्र पर उनकी मगफिरत के लिए दुआ ख्वानी की। पर्व पर घरो मे विभिन्न पकवान बनाकर अपने घर परिवार के मरहूम लोगों की मगफिरत के लिए फातिहा ख्वानी कराया गया। पूरी रात जागकर अपने घर और इबादतगाहो मे अल्लाह की इबादत करते हुए विशेष नमाज अता की गई और तिलावत किया गया। इस दौरान अहमियत और फजीलतो के बारे मे बताते हुए कहा कि फालतू बातो से दूर रह कर सिर्फ अल्लाह की इबादत करे। कहा गया कि ऐसा कोई काम न करे जिससे किसी दूसरे को तकलीफ पहुचे। पर्व के मद्देनजर इबादतगाह के साथ कब्रिस्तान व दरगाह शरीफ को रोशन किया गया था।

सफाई कर्मी का निधन, शोक में बंद रहा पालिका कार्यालय

गोपीगंज। नगर पालिका परिषद के नियमित सफाई कर्मी एकलाख अहमद 55 वर्ष का आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की सूचना पर कर्मियों मे जहां शोक व्याप्त हो गया वहीं श्रद्धांजलि के उपरांत पालिका कार्यालय बंद कर दिया गया। सफाई कर्मी के निधन पर पालिका कार्यालय मे शोक सभा का आयोजन किया गया, जिसमें शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति और परिजनो को सहन शक्ति प्रदान करने के लिए प्रार्थना की गई। शोक सभा में पालिका अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता सहित सभी सभासद व पालिका कर्मचारी मौजूद रहे।

71 छात्र-छात्राओं में वितरित किया गया मोबाइल

गौराबादशाहपुर। क्षेत्र के पिलखीनी स्थित सुधाकर सिंह फाउंडेशन महाविद्यालय में बीए तथा बीकॉम तृतीय वर्ष के 71 छात्र-छात्राओं को उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित योजना के अंतर्गत मोबाइल वितरित किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान पर पिलखिनी मंजू सिंह ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए टेक्नोलॉजी के सही उपयोग के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम के अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. रूबी राय तथा संचालन आनंद यादव ने किया। इस दौरान अनीता त्रिपाठी, डॉ. सदानंद सिंह, डॉ. संतोष सिंह, डॉ. ज्योति सिंह, डॉ. निधि सिंह, अलका श्रीवास्तव, मनीष सिंह, अंकित सिंह तथा नोडल अधिकारी डॉक्टर संतोष कुमार सिंह मौजूद रहे।

स्टेट बैंक में केवाईसी न होने से उपभोक्ता परेशान

खुटहन। लग्न विवाह का सीजन चल रहा हो और किसी के घर में शादी पड़ी हो और वह बैंक से अपना पैसा निकालने बैंक गया हो खाते पर रोक लगी हो और पैसा न मिले तो उस पर क्या गुजरेगी। उक्त वाकया स्टेट बैंक खुटहन का है। गुरुवार को दर्जनो लोगों को केवाईसी फार्म न मिलने से वापस लौटना पड़ा और कई लोगों को तो तीन घंटे लाईन में खड़े होने के बाद भी केवाईसी नहीं किया गया। कहा गया कल आइये। लोगों का कहना है कि फार्म के लिए बार बार दौड़ाया जाता है। इस सम्बन्ध में शाखा प्रबन्धक रोहित रंजन ने बताया कि केवाईसी फार्म कल मिलेगा आज लम्बी लाईन लगी है।

शिक्षा के साथ संस्कार का होना जरूरी : दिनेश चौधरी

पराऊगंज। कुटीर पीजी कॉलेज चक्के में उत्तर प्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत अर्ह छात्र एवं छात्राओं को 25 टैबलेट व 419 स्मार्टफोन का वितरण गुरुवार को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक की उपस्थिति में वितरित हुआ। इस अवसर पर पूर्व विधायक दिनेश चौधरी ने कहा कि यह संस्थान राष्ट्र के भद्र पुरुष एवं महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित अभयजीत दूबे का है। कर्म को रेखांकित करते हुए कहा कि एक लक्ष्य लेकर चलिए शिक्षा के साथ संस्कार का होना जरूरी है। आज सभी डाक्यूमेंट आदि ऑनलाइन हो गए हैं। मोबाइल, टैबलेट आदि के चलाने ज्ञान होना आवश्यक है। अध्यक्षता कर रहे कुटीर संस्थान के प्रबन्धक डॉ. अजयेन्द्र कुमार दुबे ने कहा कि लोक कल्याण हित में सरकार द्वारा महत्वाकांक्षी योजनाओ के अंतर्गत जिन लवांवित छात्रों को टेबलेट स्मार्टफोन मिला है वह अपने श्रम का हिस्सा संकलित कर-के अच्छे कार्यों में लगा दें। वर्तमान युग तकनीकी और विज्ञान का युग है। अतः आज के सभी छात्रों को इसका ज्ञान होना जरूरी है। प्राचार्य प्रोफेसर राघवेन्द्र कुमार पाण्डेय ने आए हुए अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किए। इस अवसर पर नोडल अधिकारी डॉ. प्रेमचंद भारती, डॉ. विनय कुमार पाठक, वाचस्पति त्रिपाठी, लालमणि भारती, कृष्ण प्रताप दुबे मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अनुज कुमार शुक्ल ने किया।

पूर्व एमएलसी रामलली मिश्रा के खिलाफ मुकदमा दर्ज

गोपीगंज। असलहे का लाइसेंस निरस्त होने के बाद भी उन्होंने राइफल और लाइसेंस बुक जमा नहीं कराने पर सोनभद्र की पूर्व एमएलसी ज्ञानपुर के पूर्व बाहुबली विधायक शासन स्तर पर चिन्हित माफिया विजय मिश्र की पत्नी रामलली मिश्रा के खिलाफ गोपीगंज पुलिस ने आयुध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया हैं। पूर्व एमएलसी के नाम स्वीकृत डीबीबीएल शस्त्र लाइसेंस जिला मजिस्ट्रेट भदोही द्वारा निरस्त कर दिया गया था। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि निरस्त करने के आदेश का अनुपालन कराने के लिए स्थानीय पुलिस द्वारा नोटिस तमीला के बाद भी शस्त्रधारक द्वारा शस्त्र लाइसेंस व लाइसेंस बुक जमा नही किया गया था। आदेश का अनुपालन न करने पर आरोपी शास्त्रधारक रामलली मिश्रा के विरुद्ध आयुध अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत करते हुए विधिक कार्यवाही की गयी।

सबको जोड़कर चलेंगे तभी श्रेष्ठ बनेंगे : कलराज मिश्र

संगोष्ठी

पीयू में नव भारत के निर्माण में पं. दीनदयाल उपाध्याय के विचार विषयक संगोष्ठी का आयोजन

जनसंदेश टाइम्स

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में नव भारत के निर्माण में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचार विषयक संगोष्ठी का आयोजन गुरुवार को रज्जू भईया संस्थान के आर्यभट्ट सभागार में किया गया।

संगोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि राजस्थान के पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा कि सबको जोड़कर चलेंगे तभी श्रेष्ठ बनेंगे। इसी विचारधारा से आज हमारा देश निरंतर आगे बढ़ रहा है। पंडित जी के एकात्म मानववाद और अंत्योदय में यह धारणा समाहित रहीं। पंडित दीन दयाल अध्ययन के दौरान ही अपनी कक्षा के कमजोर विद्यार्थियों को पढ़ाते थे। कमजोरों के प्रति उनकी संवेदनशीलता बचपन से ही रही। उन्होंने कहा कि पारिवारिक स्थिति ठीक न होने के बाद भी देश के प्रति समर्पण का भाव रहा और नौकरी न करने का निर्णय लेकर उन्होंने अपना पूरा जीवन समाज को समर्पित कर दिया। प्रारंभ से ही सामूहिकता की भावना के साथ विपन्न लोगों में आत्मविश्वास पैदा करने का निरंतर कार्य किया। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति आधुनिक विज्ञान के साथ प्राचीन ज्ञान को जोड़कर नए भारत के निर्माण में बड़ी भूमिका अदा कर रही है। आधुनिक और प्राचीन ज्ञान के समन्वय के साथ अगर काम किया जाए तो हम दुनिया में सबसे आगे रहेंगे और यही पंडित जी का विचार रहा है। उन्होंने कहा कि आज देश का मेधा स्टार्टअप के माध्यम से देश की तस्वीर को बदल रहा है। पहले नौकरियां और अवसर न उपलब्ध होने के कारण लोग विदेश की तरफ रुख करते थे लेकिन अब विदेशों से आकर भारत में नए स्टार्टअप के माध्यम से देश की नई तस्वीर प्रस्तुत कर रहे हैं। उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को आत्मसात करने और उनके सिद्धांतों के माध्यम से नवभारत के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। अध्यक्षीय संबोधन में कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन संघर्ष से आज के युवा प्रेरणा ले और भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में अपनी भूमिका अदा करें। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री के विकसित भारत की मुहिम पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को धरातल पर उतार रही है। संगोष्ठी के बीच वक्ता दीनदयाल उपाध्याय सेवा प्रतिष्ठान के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण मिश्रा ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने देश की आर्थिक नीति कर व्यवस्था किसने की खेती की स्थिति कैसी हो सामाजिक संरचना कैसी हो नीचे के लोगों को ऊपर कैसे लाया जाए इन सब पर दूर दृष्टि के साथ कार्य किया। अपने संबोधन में श्री मिश्र ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय का चिंतन केवल राजनीतिक नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति, समाज और अर्थव्यवस्था के उत्थान का मार्गदर्शक है। संगोष्ठी के संयोजक एवं शोधपीठ अध्यक्ष प्रो. मानस पाण्डेय ने अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय का चिंतन भारतीय संस्कृति समाज और राजनीति को नई दिशा देने वाला है। दीनदयाल उपाध्याय सेवा प्रतिष्ठान के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शशि मिश्र मंचासीन रहे। कार्यक्रम का संचालन आयोजन सचिव डॉ. अनुराग मिश्र ने किया। इस अवसर पर प्रो. अजय द्विवेदी, प्रो. प्रदीप कुमार, प्रो. प्रमोद यादव, डॉ. विजय सिंह, डॉ. शैलेन्द्र सिंह, डॉ. विजय प्रताप तिवारी, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. जान्हवी श्रीवास्तव, डॉ. नितेश जायसवाल, डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ. पुनीत सिंह, डॉ. राहुल राय, डॉ. अंकित सिंह, डॉ. प्रियंका सिंह, डॉ. राजन तिवारी, कर्मचारी संघ के अध्यक्ष नन्द किशोर सिंह, महामंत्री रमेश यादव, डॉ. प्रमोद कुमार कौशिक, विश्वविद्यालय के शोधार्थी एवं छात्र-छात्राओं की गरिमामयी उपस्थिति रही।

गड्ढा युक्त रोड से त्रस्त क्षेत्रीय लोगों ने किया प्रदर्शन

केराकत। क्षेत्र में जिला पंचायत की कई सड़कें इन दिनों जीर्णशीर्ण अवस्था में हैं जिसमे गिट्टी व डाम्बर अलग अलग स्वतः दिखाई पड़ती है। नरहन रामलीला स्टेज से सरायबीरू रोड को बनवाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया गया। लोगों ने बताया की यह सड़क लगभग चार से पाँच वर्ष से जर्जर पड़ी हुई हैं जिसके चलते आने जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पद रहा है। बता दें की यही हाल स्टेशन मार्ग पर सड़क का है जो कि काफी जर्जर हो चुका है। काफी शिकायतों के बाद भी इस पर कोई कार्यवाही नहीं होना काफी शर्मनाक है। जबकी स्टेशन रोड पर ही खंड विकास कार्यालय, स्टेट बैक व सबसे अहम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्थित है। प्रदर्शन करने वालों में वेदप्रिय साहू, विशाल साहू, बाबा सोनकर, राजबली यादव, मुन्नीलाल, रामसूरत यादव, शिवम गुप्ता, छांगुर आदि लोग उपस्थित रहे।

बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए कटिबद्ध है सरकार : रमेश चंद्र

कार्यक्रम

हमारे आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का हुआ आयोजन

महराजगंज। स्थानीय ब्लॉक में वृहस्पतिवार को आयोजित हमारा आंगन, हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम के शुभारंभ के दौरान बतौर मुख्य अतिथि बदलापुर विधायक रमेश चंद्र मिश्रा ने किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि तीन से छह वर्ष के अधिक से अधिक विद्यार्थियों को पूर्व प्राथमिक शिक्षा से जोड़ने के लिए सभी जिम्मेदारों को अपनी सक्रिय भूमिका निभानी होगी। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सरकार कटिबद्ध है।

इस दौरान कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। इंग्लिश मीडियम पूर्व माध्यमिक विद्यालय के अध्यापक ओमप्रकाश यादव व कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की वार्डन पूनम अग्रहरि द्वारा साज सज्जा में तैयार किया। उन छात्राओं ने स्वागत गीत सरस्वती वंदना व सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। खण्ड शिक्षा अधिकारी रमेश चंद्र पटेल ने सभी अतिथियों को पुष्प गुच्छ व माल्यार्पण कर स्वागत किया। अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत परिषदीय स्कूलों में बेसिक शिक्षा विभाग और बाल विकास विभाग की ओर से नौनिहालों को शिक्षा से जोड़ने की पहल की जाएगी। अभिभावकों को पूर्व प्राथमिक एवं बुनियादी शिक्षा में उनकी एवं घर की भूमिका से अवगत कराया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष उमानाथ यादव ने किया। विशिष्ट अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष सिद्धार्थ सिंह, यादवेंद्र प्रताप लवकुश, एडीओ पंचायत केके पांडेय, उत्कृष्ट प्रधानध्यापक केशव सिंह ने बच्चों को सम्बोधित किया। इस दौरान चंद्रप्रकाश मिश्रा, राजेश उपाध्याय, रामपाल पाल, राजेंद्र यादव, उमेन्द्र प्रताप सिंह, प्रतिमा सिंह, वार्डन पूनम अग्रहरि, एआरपी सत्यनारायण, संदीप, राजेश वर्मा रहे।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने बच्चों को खिलाई एल्बेंडाजोल की गोली

जनसंदेश टाइम्स

जौनपुर। जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र ने कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय देवराई का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चों से कठिन शब्द लिखवाया। उन्होंने 16 बच्चों को एलबेंडाजोल की गोली खिलाई। जनपद स्तर पर आयोजित श्रुतलेख प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा कुमारी साक्षी गौतम को शाल, बुके और 501 रुपये पुरस्कार स्वरूप प्रदान कर सम्मानित किया।

जिलाधिकारी ने एमडीएम के तहत दिए जा रहे भोजन के संबंध में जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देशित किया कि बच्चों को नियमित रुप से पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाए। जिलाधिकारी ने सभी अध्यापकों को निर्देशित किया कि विद्यालय में समय से उपस्थित होकर बच्चों को संस्कार युक्त शिक्षा प्रदान करें। इस दौरान जिलाधिकारी ने बच्चों से संवाद करते हुए उनमें बिस्कुट भी वितरित किया। उन्होंने विद्यालय परिसर में पौधरोपण कराये जाने के निर्देश दिये। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी केराकत सुनील कुमार, तहसीलदार, प्रधानाध्यापक विकास सिंह, सहायक अध्यापक कमलेश कुमार पटेल, सहायक अध्यापिका मनोरमा शैलेंद्र पटेल, प्रशस्ति सिंह, सुनीता, चंदा, अनुदेशक ध्रुव कुमार, सतीश कुमार, पुष्पा, शिक्षामित्र विनय, राम जी, दिनेश पटेल सहित अन्य उपस्थित रहे।

विश्व यूनानी दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

जौनपुर। जौनपुर यूनानी डॉक्टर्स के तत्वावधान में हकीम अजमल खान के जन्मदिन के उपलक्ष्य में विश्व यूनानी दिवस पर जौनपुर मीट यूनानी डॉक्टर्स कार्यक्रम का आयोजन मोहल्ला विशेषरपुर में स्थित अरफी टेक्नोलॉजी कॉन्फ्रेंस हाल में डॉ. कमर अब्बास की अध्यक्षता में किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. फैयाज अहमद अलीग पूर्व प्रोफेसर आई.एस.टी.सी आजमगढ़ एवं विशिष्ट अतिथि के तौर पर डॉ. सरफराज खान चेयरमैन प्रतिनिधि नगर पंचायत जफराबाद उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत हाफिज एहतेशाम ने तिलावत ए कुरआन से किया। उसके बाद तमाम मेहमानों का माल्यापर्ण करके और मोमेंटो पेश करके स्वागत व अभिनंदन किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुऐ डॉ. सरफराज खान ने कहा कि डॉक्टर होना समाज सेवा का एक बेहतरीन माध्यम है। उन्होंने सभी को भरोसा दिलाते हुए कहा कि यूनानी चिकित्सा को बढ़ावा देने में मुझसे जो हो सकेगा प्रयास करूंगा। मुख्य अतिथि डॉ. फैयाज अहमद अलीग ने कहा कि सिर्फ इस तरह से कार्यक्रम करने से यूनानी चिकित्सा को बढ़ावा नहीं मिलने वाला है हमें उसको इस्तेमाल में लाने की आवश्यकता है। अध्यक्षता कर रहे डॉ. कमर अब्बास ने कहा कि आज जरूरत इस बात की है कि यूनानी चिकित्सा पद्धति को बेदारी मुहिम के जरिए आम किया जाए और लोगों को इससे जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि भविष्य में इससे बड़े कार्यक्रम का आयोजन विश्व यूनानी दिवस पर आयोजन किया जायेगा। आयोजक डॉ. मोहम्मद दानिश ने सभी उपस्थित डॉक्टरों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। संचालन डॉ. अर्शी नवाज ने किया।

इस अवसर पर डॉ. सईद अख़्तर, डॉ. तारिक शेख, हकीम शाहरुख, डॉ. मोहम्मद अंजर खान, डॉ. असद अहमद, डॉ. अकदस, डॉ. शहाबुद्दीन, डॉ. हैदर अब्बास, डॉ. इरफान समेत अन्य लोग उपस्थित रहे। अंत में आयोजक डॉ. मोहम्मद दानिश ने समस्त लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं म

पाकिस्तान से काशी लाईं गईं 400 सनातनियों की अस्थियां

कराची के श्रीपंचमुखी हनुमान मंदिर के गद्दीपति महंत रामनाथ मिश्र हरिद्वार गंगा में करेंगे अस्थियों का विसर्जन

संबोधन

अपने बेटे का प्रयाग में कराया मुंडन-जनेऊ संस्कार, कहा-सभी को भगवा ध्वज के तले होना चाहिए एकजुट

मनीष चौरसिया

वाराणसी। महाकुंभ एक आकाशीय आयोजन का पृथ्वी पर परिलक्षण है। यह धरा पर मनुष्यों का सबसे बड़ा समागम है। इस समागम में हर कोई पहुंचाने की ख्वाहिश लिये तमाम झंझावत झेलने को विवश है। उसके बावजूद उनके चेहरे पर कोई सिकन और गिला-शिकवा नहीं है। यहीं चाहत लिये पाकिस्तान से हिन्दुओं का जत्था भी महाकुंभ के लिए भारत आया और प्रयाग संगम में आस्था की डुबकी लगायी। यह जत्था अपने साथ चार सौ अस्थियां भी लेकर आया है। इनमें 50 सिक्ख और 350 अस्थियां सनातनियों हैं। इन अस्थियों को पाकिस्तान के कराची स्थित श्रीपंचमुखी हनुमान मंदिर के गद्दीपति महंत रामनाथ मिश्रा महाराज लाएं हैं। यह अस्थियां 21 और 22 फरवरी को हरिद्वार के निगम व सती घाट पर सविधि कर्मकांड के साथ गंगा में विसर्जन किया जायेगा। इससे पूर्व वहां पूजन-अर्चन किया जाएगा। तत्पश्चात 100 किलो दुग्धधारा के बीच अस्थियां गंगा की निर्मल धारा में प्रवाहित की जायेगी।

सपरिवार गुरुवार को प्रयाग से काशी पहुंचे महंत रामनाथ मिश्रा ने कहा कि इन अस्थियों को गंगा में विसर्जन करने का संकल्प वर्षों से रहा है। कभी सुरक्षा कारणों से तो कभी सख्त वीजा नियमों, और तो और कभी कोविड के कारण भारत आना में बाधा उत्पन्न होती रही। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनकी कृपा के चलते ही प्रयाग महाकुंभ के लिए वीजा की स्वीकृति प्राप्त हुई। महंत रामनाथ मिश्रा ने महाकुंभ की व्यवस्था को काफी सराहा। कहा कि स्वच्छता व्यापक है। सुविधा में कोई कसर नहीं है। सुरक्षा के इंतजाम बेहतर हैं। उन्होंने कहा कि यहां आकर हर जगह अपनेपन का अहसास हुआ। ऐसा लगा कि मानो अपने घर आया हूं। महाकुंभ में ही अपने बच्चे का जनेऊ-मुंडन संस्कार भी किया। शंकराचार्य सहित समस्त धमार्चार्यों के दर्शन-पूजन का अवसर पाया। मेरे पुत्र देवेन्द्र नाथ मिश्रा को संतों का आशीर्वाद मिला। इसके साथ ही उन्होंने अपील की कि भारत सरकार वीजा नियमों का सरलीकरण करें ताकि पाकिस्तान में रह रहे सनातनी भारत आकर चार धाम की यात्रा कर सके।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के हिन्दू भी सोचते हैं कि भारत के सनातनी हमारा साथ दें।

वीजा मिलने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति जताया आभार

महाकुंभ की व्यवस्थाओं को सराहते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा की

हमें अकेला न छोड़े। वर्तमान में हिन्दू पाकिस्तान में अच्छे तरीके से रह रहे हैं। सब कुछ कर रहे हैं, लेकिन बड़े भाई का साथ होना अलग मायने रखता है। उन्होंने कहा कि वहां की सरकार और सुप्रीम कोर्ट की मदद से पंचमुखी हनुमान मंदिर कब्जामुक्त हो सका। शमशान घाट को भी कब्जा मुक्त कराया। गौशाला बनाया जा रहा। कहा कि हमें अगर भारत के सनातनी सपोर्ट करते हैं तो हम वहां भी मंदिरों को सुरक्षित कर सकते हैं। सभी को भगवा ध्वज के साये तले एकजुट होकर रहना होगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के हालात तो अब अच्छे हुए हैं। वर्तमान हुकूमत सही तरीके से देश चला रही है। हिन्दू वहां सुरक्षित हैं, लेकिन ऐसा एक होकर रहने तक ही है। अलग हुए तो असुरक्षित हो जायेंगे। उन्होंने जोर देकर कहा कि जात-पात में बंटोगे तो कटोगे ही। सबका एक जहन होगा तो कोई हमें अलग नहीं कर सकता है।

मंत्री दयालु ने राजनीति और सिनेमा से जुड़े लोगों को दिया काशी आने का न्योता

वाराणसी। महाकुंभ में आस्था की डुबकी लगाने वालों का तांता लगा हुआ है। देश-विदेश से श्रद्धालु प्रयागराज आ रहे हैं। इसी बीच बुधवार को देश के कई गणमान्य हस्तियां भी संगम की त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाने प्रयागराज पहुंचीं। योगी सरकार में आयुष मंत्री दयाशंकर मिश्र ह्यदयालुह्न ने सभी को बाबा काशी विश्वनाथ के दर्शन व गंगा स्नान का न्योता दिया। बुधवार को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा, छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, छत्तीसगढ़ के राज्यपाल महामहिम रामेन डेका, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, असम के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री अशोक सिंघल और प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता विवेक ओबेरॉय ने संगम में स्नान कर महाकुंभ की आध्यात्मिकता का अनुभव किया। इन विशिष्ट अतिथियों की अगवानी प्रयागराज हवाई अड्डे पर उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से प्रदेश के आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने की। हवाई अड्डे पर गुलदस्ते भेंट कर डॉ. दयालु ने सभी गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया। उन्होंने इस अवसर पर सभी को काशी आने और बाबा विश्वनाथ के दर्शन का न्योता भी दिया। संगम तट पर स्नान के दौरान आस्था और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। जहां एक ओर देश की राजनीति और प्रशासनिक जगत की प्रमुख हस्तियां गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के त्रिवेणी संगम में स्नान कर स्वयं को धन्य कर रही थीं, वहीं दूसरी ओर आम श्रद्धालुओं के साथ सेल्फी और बातचीत का दृश्य भी देखने को मिला। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने स्नान के बाद कहा, ह्लमहाकुंभ केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और आस्था का महासागर है। यहां आकर मन को अद्भुत शांति और ऊर्जा मिलती है।ह्व वहीं, अभिनेता विवेक ओबेरॉय ने कहा, ह्लसंगम में स्नान करना आत्मिक अनुभव है। महाकुंभ की भव्यता और यहां की सकारात्मक ऊर्जा अद्वितीय है।ह्व छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि संगम तट पर आकर वह अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ाव महसूस कर रहे हैं। त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने महाकुंभ के अद्भुत आयोजन पर शासन और प्रयागराज प्रशासन की सराहना की। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और राज्यपाल रामेन डेका ने भी संगम में डुबकी लगाकर अपने भाव प्रकट किए। असम के स्वास्थ्य मंत्री अशोक सिंघल ने कहा, ह्लमहाकुंभ भारतीय संस्कृति की जीवंत धरोहर है। यहां आकर आत्मिक शांति मिलती है।ह्व स्नान के बाद सभी विशिष्ट अतिथि संगम तट पर बने शिविरों में कुछ समय के लिए रुके और वहां मौजूद साधु-संतों का आशीर्वाद लिया। डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने सभी को काशी आने का न्योता देते हुए कहा, ह्लबाबा विश्वनाथ की नगरी काशी में सभी का स्वागत है। महाकुंभ के इस पावन अवसर पर काशी दर्शन से आस्था की पूर्णता होगी।



अधिवक्ता प्रोटेक्शन ऐक्ट लागू करने की मांग

दिया ज्ञापन

कहा-अगर लागू नहीं हुआ तो अधिवक्ता आंदोलित होंगे

वाराणसी। अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट अप्रैल तक लागू करे मांग करते हुए सेंट्रल बार के अध्यक्ष और महामंत्री ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा है। ये भी कहा गया कि अगर लागू नहीं हुआ तो अधिवक्ता आंदोलित होने की मजबूर होंगे। अधिवक्ताओं के साथ आए दिन हो रहे अत्याचार को लेकर पूरे प्रदेश के अधिवक्ताओं में काफी रोष व्याप्त है। जिसे लेकर समय समय पर बार एसोसिएशन ने प्रदेश सरकार से एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग की है जबकि 2 जुलाई 2021 में इस बात को लेकर बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने मॉडल विधेयक सरकार के सामने पेश किया था जिसका उद्देश्य अधिवक्ताओं के खिलाफ हो रहे अत्याचार को समाप्त करना था साथ ही अधिवक्ताओं के खिलाफ अपराधों पर पांच से लेकर दस साल की सजा का प्रावधान है। दस लाख तक जुमार्ना भी किया जा सकता है । बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश ने इस बिल को संशोधित कर राज्य विधि आयोग को भेजा जा चुका है फिर भी प्रदेश सरकार की मंशा उपरोक्त विधेयक को लागू की नहीं नहीं है जिसे लेकर अधिवक्ताओं में काफी आक्रोश व्याप्त है. इस मामले मे सेंट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मंगलेश दुबे वरिष्ठ उपाध्यक्ष शाहनवाज खान और महामंत्री राजेश कुमार गुप्ता ने एक विज्ञप्ति जारी कर बताया कि इस मामले मे पूरे प्रदेश मे सभी जिलों के बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों को एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने के लिए जन जागरण अभियान चलाया जाएगा और सभी जिलों के पदाधिकारी अपने अपने जिले के जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को पत्रक पेश करना सुनिश्चित करेंगे।

दो ट्रक की टक्कर में एक ड्राइवर की मौत

लोहता। थाना क्षेत्र के खेवसीपुर गांव के सामने रिंग रोड फेज टू पर गुरुवार की भोर में पांच बजे कोयला का चूर्ण लादकर एक ट्रक जा रहा था। उसके आगे सरिया लाद कर एक ट्रक जा रही थी। इस बीच कोयला वाली ट्रक पीछे सरिया लदी ट्रक में जोर से टक्कर मार कर पलट गयी। टक्कर से आगे वाली ट्रक भी पलट गयी। कोयला वाला गाड़ी का चालक गोविन्द यादव 52वर्ष, ग्राम छोटी अटारी, पोस्ट बरकछा कला, थाना देहात कोतवाली, जिला मिर्जापुर ट्रक के केबिन अधिक चोट लगने से तड़प रहा था। इस घटना की सूचना पर कोटवां पुलिस चौकी प्रभारी विशाल सिंह मौके पर पहुंच कर जेसीबी मशीन की मदद से ट्रक को खड़ा कराया। लेकिन तब तक ट्रक ड्राइवर गोविन्द यादव की मौत हो गई थी। इस टक्कर में ट्रक के परखच्चे उड गए । पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मृतक गोविन्द यादव के परिजनों को फोन से सूचना देने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वही सरिया लदा ट्रक ड्राइवर को भी हल्की चोट लगी है। मृतक की पत्नी का नाम रेनू यादव है। दो बेटे अंशु, सत्यम और दो बेटी पुष्पा और रिशु है।

मोहब्बत की खुशबू से महका बाजार

दुकानों में आकर्षक डिस्काउंट ऑफर्स और गिफ्ट पैकेज उपलब्ध

जितेंद्र श्रीवास्तव

वाराणसी। वैलेंटाइन डे शुक्रवार को हैं। प्यार और रोमांस के इस खास मौके के लिए सजे बाजार में मोहब्बत की खूशबू बिखरने लगी हैं। दुकानों में आकर्षक डिस्काउंट ऑफर्स और गिफ्ट पैकेज उपलब्ध हैं। रेड थीम डेकोरेशन, रेड रोज, दिल के आकार के बैलून और विशेष फूड मेन्यू खरीदारों को आकर्षित कर रहे हैं। मॉल्स में लाइव म्यूजिक परफॉर्मेंस, कैंडल लाइट डिनर और कपल एक्टिविटीज भी आयोजित की जा रही हैं। ग्राहकों को अनोखा अनुभव देने के लिए फोटोबूथ और सेल्फी स्पॉट्स भी लगाए गए हैं। वैलेंटाइन डे पर रोमांटिक सेलिब्रेशन के लिए मॉल्स पर युवा ग्राहकों की खास भीड़ देखी जा रही है। वैसे भी वैलेंटाइन डे के दिन लाल गुलाब की अहम भूमिका होती है। लिहाजा, फूल बाजार में लाल गुलाब आंखे तरेरने लगा है। एक हफ्ते के रांमांचक व सुहाने सफर के बाद चिरप्रतीक्षित वैलेंटाइन डे आ गया है। जवां दिलों की धड़कनें अचानक बढ़ गयी है। बेकरार मन एकदम से कुचालें भरने लगा है। मानों न कुछ दिखाई दे रहा है और ना कुछ सुनाई दे रहा है। अगर सुनाई देती है तो यादों के साये से निकलता धक..धक..करती दिल की धड़कन। अपने आप को आकर्षक लुक देकर और बेहतर ढंग से उसे इम्प्रेस करने की तैयारी युवाओं ने कर ली है। हाइटेक युग में आधुनिक प्रेमियों के लिए प्रतीक बनते जा रहे वैलेंटाइन डे मनाने को युवा मन बेताब हैं। वेलेंटाइन डे के रिटेल मार्केट में गुरुवार को बूम ही बूम था। हर आशिक-माशुक मनपसंद आइटम खरीदने में मगशूल दिखा। हरेक की ख्वाहिश थी कि अपने प्रियतम या प्रियतमा को ऐसा उपहार दे, जो यादगार बन जाए। प्यार में कीमत मायने नहीं रखते बल्कि महत्व उस भाव का है, जो देने और लेने वालों के दिलों में हिचकोले लेता है। 14 फरवरी यानी प्रेमियों के महोत्सव को लेकर बाजार गर्म रहा। कारोबारियों की माने तो इस पर्व पर 25-30 करोड़ से अधिक के आइटम बिक जाते हैं। कई ब्रांडेड कंपनियां तो छूट ऑफर दे ग्राहकों को लुभाते दिखी। कारोबारियों की माने तो इस साल युवाओं में म्यूजिकल गेम, कपल गिफ्ट, लॉफिंग बुद्धा और छोटे डेकोरेटिव आइटम्स की ज्यादा मांग है। खास बात यह है कि भगवान राम की प्रतिमाएं भी गिफ्ट के तौर पर खूब खरीदी जा रही हैं। वैलेंटाइन डे के दिन लाल गुलाब की अहम भूमिका होती है, जिसे देखते हुए गुलाब के व्यापार में जबरदस्त उछाल की उम्मीद है। दुकानों पर धड़कने वाला 'दिल' भी है। इसे ऑन किया तो बोलेगा-'आई लव यू'। इसके अलावा कैंडिल विथ लव, लव कोटेशन वाले मग, दिल कैद करने वाला बाक्स, लव लेटर इन कैप्सूल, ग्लास में घूमते कपल्स, म्यूजिकल कार्ड, सर्टिफिकेट्स ऑफ लव, म्यूजिक सरप्राइज गिफ्ट्स, वॉटर बॉल्स आदि भी धूम मचाए हुए हैं।

रेड थीम डेकोरेशन, लाल गुलाब खरीदारों को कर रहे खास आकर्षित

रोमांटिक सेलिब्रेशन के लिए मॉल्स में दिखी युवा ग्राहकों की खास भीड़

लव कैप्सूल ने रिझाया

शॉपिंग स्थलों पर खुले गिफ्ट की दुकानों पर युवाओं की खूब भीड़ दिखी। इन दुकानों पर लव कैप्सूल की जबर्दस्त डिमांड दिखी। 'लव लेटर इन कैप्सूल' नाम का यह गिफ्ट कुछ इस तरह का है कि एक शीशी में सात कैप्सूल है। हर कैप्सूल के अंदर छोटा सा सादा लव लेटर है, जिसमें युवा अपने दिल की सारी बातें बयां कर सकते हैं। इसके अलावा खास काम्बो पैक भी है, जिसमें कार्ड, साफ्ट ट्वायज, फोटो फ्रेम, चाकलेट आदि है।

ज्वेलरी दिल में बसे 'हीरे'

ब्रांडेड कंपनियों ने दिल के आकार के डायमंड ज्वेलरी बाजार में उतारी है। इसमें रिंग, ब्रासलेट, नोज पिन, लॉकेट, इयर रिंग भी है। ज्वेलरी शॉपों पर दिल के आकार का लॉकेट चार हजार रुपये से लेकर एक लाख रुपये तक के हैं तो रिंग छह हजार से 20 हजार रुपये तक के हैं।

'रेड रोज' की आंखें 'लाल'

रेड रोज की आंखें लाल हो गयी है तो विक्रेताओं के चेहरे खिले-खिले दिखे। देसी रेड रोज 10 रुपये की जगह 20 रुपये पीस बिका। विदेशी डच रेड रोज 45 से 50 रुपये पीस। बाजार में वेलेंटाइन डे स्पेशल फ्लावर कारनेशन व जरबेरा के अलावा 'वेलेंटाइन डे स्पेशल फ्लावर', 'कारनेशन', 'जरबेरा', 'वेलेंटाइन डे स्पेशल बास्केट' आदि भी खूब बिके।

इन आइटमों की भी रही पूछ

बाजार में शोपीस, लाइटिंग कैंडिल, फ्लावर सेट, कलाई घड़ी, मोबाइल सेट, परफ्यूम, डियो, लॉकेट, ब्रेसलेट, रिंग, मोती सेट, एफएम रेडियो, डेकोरेटिव कैंडिल, टेराकोटा पॉट, इम्पोर्टेड ड्राई फ्लावर, फेंगशुई से संबंधित गिफ्ट आइटमों की तरफ युवाओं का रूझान रहा।

रोहनिया में ट्रैवल्स संचालकों में हुआ विवाद

रोहनिया। यात्रियों के हंगामा के बीच पहुंचे रोहनिया एसीपी संजीव कुमार शर्मा मामले को कराया। प्राप्त जानकारी के अनुसार आभा ट्रेवल्स के लोगों द्वारा भैया लाल ट्रेवल्स के बस को रोक कर उसके चालक परिचालक के साथ मारपीट कर बस का शीशा फोड़ना व परिचालक से पैसे छीन कर भाग गये। इसके बाद भैया लाल ट्रैवल्स के लोगों द्वारा आभा ट्रेवल्स के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया। जिस पर रोहनिया पुलिस ने मोहन सराय स्थित पेट्रोल पंप के समीप आभा ट्रेवल्स के तीन बसों को रोक दिया इसके बाद सभी यात्री घबरा गए। तथा अपने गंतव्य को जाने के लिए परेशान रहे यात्रियों ने बताया कि हम सभी साढ़े पांच बजे से खड़े हैं। दूसरी बस का ढाई घंटे से इंतजार कर रहे हैं। इसके बाद पुलिस ने सभी यात्रियों को समझा बूझाकर मामले को शांत कराया। चौकी प्रभारी मोहन सराय सुफियान खान ने बताया कि बस मालिकों का मार्ग पर चलने को लेकर आपसी विवाद था। जिसके कारण भदवर में भैया लाल ट्रैवल्स की एक बस को रोक कर बस का शीशा फोड़ दिए हैं व चालक परिचालक के साथ मारपीट कर भाग रहे थे। जिसे मोहन सराय रोक दिया गया था। तीनों बसों में सवार 125 यात्रियों के हंगामे के कारण बस पर सीज की कार्यवाही नहीं की गई।

दुर्घटना में दो महिलाएं घायलः वाराणसी। अंधरापुल के पास गुरुवार को वाहन से दुर्घटना में गाजीपुर जिले के झंगरखाही गांव निवासिनी हिरामनी देवी 53 वर्ष व गंगाजली 45 वर्ष घायल हो गयी। पुलिस ने उन्हें मंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया।

मासूम से दुष्कर्म के दोषी चिकित्सक पिता व भाई को उम्रकैद

वाराणसी। विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट तृतीय) विनोद कुमार की अदालत ने लंका थाने के सात वर्षीय मासूम पुत्री से दुष्कर्म के मामले में आरोपी चिकित्सक पिता व उसके भाई को दोषी पाते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है। साथ ही कोर्ट ने आरोपी पर एक लाख रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। वादिनी/ पीड़िता पक्ष की ओर से अदालत ने अपना फैसला सुनाते हुए कहा कि दोषसिद्ध अभियुक्तगण पीड़िता के पिता तथा उनके बड़े भाई है। मुताबिक वादिनी ने लंका थाने में दर्ज प्राथमिकी में कहा था कि वह अपनी सात वर्ष की बेटी के साथ अपने पिता के घर वाराणसी में रह रही थी ।

23 मार्च 2018 को उसकी बेटी पीड़िता को स्कूल की छुट्टियों में उसके पापा जो हल्द्वानी में कार्डियोलाजिस्ट है. घुमाने फिराने के लिए उसको घर से बहला-फुसलाकर ले गए। पीड़िता को उसके पापा घर से अपने नर्सिंग होम ले गए। अपने पापा के साथ रहने के दौरान जब भी उसकी बात बेटी से होती थी तो वह काफी डरी-डरी सी रहती और रो-रोकर उसको वापस बनारस घर आने को कहती थी। वह कमरे में बैठकर कुछ पीते रहते थे. उसमें बहुत बदबू आती थी।

बहुत मारते थे। मेरे साथ गंदा -गंदा काम करते थे। अदालत ने समाज और खून के रिश्ते को को कलंकित कर देने वाले इस जघन्य अपराध में पीड़िता उसकी माँ समेत 12 गवाहो के बयान के बाद अभियुक्त पिता व उसके भाई को दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुना दी।

इंजन पर चढ़ा व्यक्ति झुलसा

वाराणसी। कैंट स्टेशन पर गुरुवार को ट्रेन के इंजन पर चढ़े बिहार के बरहा, बांका निवासी गुड्डू शाह 45 वर्ष करेंट की चपेट में आने से गंभीर रूप से झुलस गया। आरपीएफ पुलिस ने उसे मंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया।

शिवपुर व कैंट में हुई चोरी का खुलासा

पर्दाफाश

शातिर चोर गिरफ्तार,दस लाख नगद, जेवरात बरामद

वाराणसी। कमिश्नरेट पुलिस को चोरी की बढ़ती घटनाओं पर काबू पाने में बड़ी सफलता मिली है। थाना शिवपुर और कैंट क्षेत्र में हुई चोरी की वारदातों का खुलासा करते हुए पुलिस ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 10,44,970 रुपये नकद, बड़ी मात्रा में सोने-चांदी के आभूषण और दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं। इस मामले का खुलासा डीसीपी वरुणा जोन चंद्रकांत मीणा ने गुरुवार को किया।पुलिस ने गुरुवार को फैटेसी वाटर पार्क रोड के पास से मो. इस्लाम नामक शातिर को गिरफ्तार किया। आरोपी वाराणसी के जैतपुरा इलाके का रहने वाला है और लंबे समय से चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहा था। पूछताछ में उसने कई वारदातों में शामिल होने की बात कबूल की है। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने उसके पास से लाखों रुपये नकद, सोने की अंगूठियां, चेन, मंगलसूत्र, कान के टॉप्स, पायल, चांदी के सिक्के समेत कई बेशकीमती गहने बरामद किए। इसके अलावा दो मोबाइल फोन भी जब्त किए गए हैं, जिनमें से एक चोरी किया गया था और दूसरा उसने चोरी के पैसों से खरीदा था।पूछताछ में मो. इस्लाम ने बताया कि वह रात में उन घरों की रेकी करता था, जो बंद होते थे। मौका देखकर वह दरवाजे या खिड़की का कुंडा तोड़कर अंदर घुसता था और आलमारी व तिजोरी में रखे नकदी और आभूषणों पर हाथ साफ करता था। 9 फरवरी को उसने खुशहाल नगर कॉलोनी के एक बंद मकान को निशाना बनाया। वहां ताला बंद देखकर उसने दरवाजे का कुंडा तोड़कर घर में प्रवेश किया और लाखों रुपये नकद व गहनों की चोरी कर ली। 26 जनवरी की रात उसने वैष्णो नगर कॉलोनी में चोरी की थी। मकान मालिक कुंभ स्नान के लिए परिवार सहित प्रयागराज गए थे। जब वे लौटे तो पाया कि घर का ताला टूटा हुआ है और कीमती सामान गायब है। इस चोरी में भी मो. इस्लाम शामिल था और उसने वहां से बड़ी मात्रा में नकदी और गहने उड़ा लिए थे। इसके अलावा, जनवरी के पहले सप्ताह में उसने कैंट क्षेत्र की अनौला कॉलोनी में भी चोरी की थी। वहां से भी उसने नकदी और आभूषण चुराकर उन्हें बेच दिया था। पूछताछ में उसने बताया कि चोरी से मिले पैसों का एक बड़ा हिस्सा उसने अपने कर्ज चुकाने में खर्च कर दिया, जबकि बाकी रकम पुलिस ने बरामद कर ली।

शहर छोड़ने की फिराक में था आरोपी

मो. इस्लाम ने पुलिस को बताया कि कुंभ स्नान के दौरान वाराणसी में सुरक्षा व्यवस्था काफी कड़ी हो गई है। हर जगह पुलिस की तैनाती होने के कारण वह शहर के भीतर ज्यादा घूमने में असमर्थ था। इसलिए, उसने चोरी के माल को बेचने के लिए शहर से बाहर जाने की योजना बनाई, लेकिन पुलिस ने उसे पकड़ लिया।

गिरफ्तार आरोपी का आपराधिक इतिहास

गिरफ्तार आरोपी मो. इस्लाम (30 वर्ष) पुत्र मो. जाकिर वाराणसी के जैतपुरा थाना क्षेत्र के ढेलवरिया इलाके का रहने वाला है। उसके खिलाफ पहले से ही कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। वह चोरी और नकबजनी के मामलों में वांछित था। उसके खिलाफ थाना शिवपुर और कैंट में मुकदमे दर्ज हैं।

इन्फिनिटी केयर हॉस्पिटल ने रचा इतिहास

वाराणसी। जनपद में सरस्वती ट्रस्ट द्वारा संचालित इन्फिनिटी केयर हॉस्पिटल के विशेषज्ञ डाक्टर्स की टीम ने एमआइसीएस (मिनिमम इनवेसिव कार्डियक सर्जरी) विधि यानि छोटे से कट द्वारा डबल वाल्ब रिप्लेसमेंट की सर्जरी कर पूर्वांचल के चिकित्सा क्षेत्र में एक नया मुकाम हासिल किया है। अस्पताल में गुरुवार को आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान संस्था के प्रबंध निदेशक डा. अभिषेक विक्रम सिंह ने बताया कि इसके पूर्व इन्फिनिटी केयर हॉस्पिटल सफलता पूर्वक सैकड़ों ओपन हार्ट सर्जरी व एमआइसीएस विधि द्वारा सिंगल वाल्ब रिप्लेसमेंट की सर्जरी कर चुका है, परंतु एमआइसीएस विधि द्वारा डबल वाल्ब रिप्लेसमेंट की सर्जरी जिसके लिए लोगों को दिल्ली और मुंबई के कारपोरेट हॉस्पिटल में जाना पड़ता है और नौ से दस लाख रुपये खर्च करने पड़ते हैं। उसे इस हॉस्पिटल में बहुत कम खर्चे में सफलतापूर्वक करके चिकित्सा के क्षेत्र में नई ऊंचाई हासिल की है। डा. सिंह ने कहा कि इन्फिनिटी केयर हॉस्पिटल को देश की सर्वोच्च संस्था क्यूसीआइ, एफयूएलएल एनएबीएच के साथ-साथ नर्सिंग एक्सीलेंस का भी अवार्ड प्राप्त हुआ है। शायद पूर्वांचल में आयुष्मान कार्ड द्वारा ओपन हार्ट सर्जरी करने वाली पहली संस्था है, जिसने सैकड़ों आयुष्मान कार्ड धारकों का बिना एक रुपया अतिरिक्त खर्च किए सफलता पूर्वक आपरेशन किया है। इस सफलता के लिए ट्रस्ट के सभी ट्रस्टी सदस्यों ने डाक्टरों की टीम जिसमें डा. अमरनाथ शां, डा. पीयूष रॉय, डा. सचिन, डा. प्रीतेश सहित तमाम टेक्नीशियन, नर्सिंग स्टाफ सहित सभी कर्मचारियों को बधाई दी है।